रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सी०ई०एन ०८/२०२४ – 7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु
CEN 08/2024 · Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

RRB Group D 2024

Level-1 · CEN 08/2024 · General Science · Question Paper Compilation

Hindi

All 101 Shifts (Sets) · General Science Section · Official Answer Key

About this Compilation

This booklet compiles all **101 shift papers** of the **RRB Group D (Level-1) 2024** examination (CEN 08/2024) in **Hindi** (**General Science** section only), with the correct option marked as per the official answer key.

✓ Correct option (highlighted green)

How to use

- Use the **Index** page to jump directly to any set (clickable).
- Questions are grouped by subtopic within each section, so similar questions sit together.
- Diagram and wide-table questions appear at the end of their section at full width.
- The correct answer is highlighted in green with a tick.

More from QMaths

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at **rank.qmaths.in**. Master English vocabulary with the **Blackbook** app.

Toppers' Choice, Blackbook of English Vocabulary, Now available in App format : DOWNLOAD NOW

Index — All Sets (click to open)

- Set 1 — 27 Nov 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 2 — 27 Nov 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 3 — 27 Nov 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 4 — 28 Nov 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 5 — 28 Nov 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 6 — 28 Nov 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 7 — 01 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 8 — 01 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 9 — 01 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 10 — 02 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 11 — 02 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 12 — 02 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 13 — 03 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 14 — 03 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 15 — 03 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 16 — 04 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 17 — 04 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 18 — 04 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 19 — 05 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 20 — 05 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 21 — 05 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 22 — 08 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 23 — 08 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 24 — 08 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 25 — 09 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 26 — 09 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 27 — 09 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 28 — 10 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 29 — 10 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 30 — 10 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 31 — 11 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 32 — 11 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 33 — 11 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
- Set 34 — 12 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM

Set 35	12 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 53	21 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
Set 36	12 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 54	21 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
Set 37	14 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM	Set 55	22 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
Set 38	14 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 56	22 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
Set 39	14 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 57	22 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
Set 40	15 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM	Set 58	23 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
Set 41	15 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 59	23 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
Set 42	15 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 60	23 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
Set 43	16 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM	Set 61	24 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
Set 44	16 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 62	24 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
Set 45	16 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 63	24 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
Set 46	17 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM	Set 64	26 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
Set 47	17 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 65	26 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
Set 48	17 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 66	26 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
Set 49	19 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM	Set 67	27 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM
Set 50	19 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 68	27 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM
Set 51	19 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 69	27 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM
Set 52	21 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM	Set 70	29 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM

Set 71	29 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 87	03 Feb 2026 4:30 PM - 6:00 PM
Set 72	29 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 88	04 Feb 2026 9:00 AM - 10:30 AM
Set 73	30 Dec 2025 9:00 AM - 10:30 AM	Set 89	04 Feb 2026 12:45 PM - 2:15 PM
Set 74	30 Dec 2025 12:45 PM - 2:15 PM	Set 90	04 Feb 2026 4:30 PM - 6:00 PM
Set 75	30 Dec 2025 4:30 PM - 6:00 PM	Set 91	05 Feb 2026 9:00 AM - 10:30 AM
Set 76	08 Jan 2026 9:00 AM - 10:30 AM	Set 92	05 Feb 2026 12:45 PM - 2:15 PM
Set 77	08 Jan 2026 12:45 PM - 2:15 PM	Set 93	05 Feb 2026 4:30 PM - 6:00 PM
Set 78	08 Jan 2026 4:30 PM - 6:00 PM	Set 94	06 Feb 2026 9:00 AM - 10:30 AM
Set 79	09 Jan 2026 9:00 AM - 10:30 AM	Set 95	06 Feb 2026 12:45 PM - 2:15 PM
Set 80	09 Jan 2026 12:45 PM - 2:15 PM	Set 96	09 Feb 2026 9:00 AM - 10:30 AM
Set 81	09 Jan 2026 4:30 PM - 6:00 PM	Set 97	09 Feb 2026 12:45 PM - 2:15 PM
Set 82	02 Feb 2026 9:00 AM - 10:30 AM	Set 98	09 Feb 2026 4:30 PM - 6:00 PM
Set 83	02 Feb 2026 12:45 PM - 2:15 PM	Set 99	10 Feb 2026 9:00 AM - 10:30 AM
Set 84	02 Feb 2026 4:30 PM - 6:00 PM	Set 100	10 Feb 2026 12:45 PM - 2:15 PM
Set 85	03 Feb 2026 9:00 AM - 10:30 AM	Set 101	10 Feb 2026 4:30 PM - 6:00 PM
Set 86	03 Feb 2026 12:45 PM - 2:15 PM		

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

साबुन की मार्जन क्रिया में मिसेल (micelles) की मुख्य भूमिका क्या है?

- A. कपड़ों से तेल और गंदगी को ट्रैप करना और हटाना ✓
- B. जल की कठोरता कम करना
- C. जल से फेन उत्पन्न करना
- D. जल के पृष्ठ तनाव में वृद्धि करना

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पादप ऊतक प्रकाश संश्लेषण करता है?

- A. जाइलम (Xylem)
- B. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
- C. पोषवाह (Phloem)
- D. हरित ऊतक (Chlorenchyma) ✓

Q3 General Science

जब जल और पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं, तो शैवाल _____ प्रक्रिया द्वारा तेजी से वृद्धि करते हैं और गुणित होते हैं।

- A. मुकुलन (budding)
- B. खंडीभवन (fragmentation) ✓
- C. परागण (pollination)
- D. बीजाणु निर्माण (spore formation)

Q4 General Science

अस्थमा मुख्यत: श्वसन तंत्र के किस भाग को प्रभावित करता है?

- A. श्वासनली (Trachea)
- B. डायाफ्राम (Diaphragm)
- C. ब्रोंकी और ब्रॉन्किओल्स (Bronchi and bronchioles) ✓
- D. एल्वियोली (Alveoli)

Q5 General Science

वह प्रकार्यात्मक समूह जिसमें ऑक्सीजन विषम परमाणु (oxygen hetero atom) **नहीं** होता है, _____ है।

- A. कीटोन (ketone)
- B. ऐल्कोहॉल (alcohol)
- C. कार्बोक्सिलिक अम्ल (carboxylic acid)
- D. हेलो ऐल्केन (halo alkane) ✓

Q6 General Science

क्या होता है जब जिंक की छड़ को जलीय कॉपर सल्फेट विलयन में रखा जाता है?

- A. कॉपर सल्फेट विलयन का नीला रंग फीका पड़ जाता है। ✓
- B. विलयन का तापमान गिर जाता है।
- C. कोई रासायनिक परिवर्तन नहीं देखा गया।
- D. अभिक्रिया प्रारंभ करने के लिए ऊष्मा की आवश्यकता होती है।

Q7 General Science

निम्नलिखित में से किसका उपयोग विलयन की सांद्रता को व्यक्त करने के लिए **नहीं** किया जाता है?

- A. विलयन का आयतन-द्रव्यमान प्रतिशत ✓
- B. विलयन का द्रव्यमान-आयतन प्रतिशत
- C. विलयन का आयतन-आयतन प्रतिशत
- D. किसी विलयन का द्रव्यमान-द्रव्यमान प्रतिशत

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वृत्तीय गति का एक उदाहरण प्रस्तुत करता है?

- A. अपने मार्ग पर त्वरित होती एक कार
- B. ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंकी गई गेंद
- C. अपनी पटरी पर गतिमान एक ट्रेन
- D. नियत चाल से घूर्णन करती पंखे की ब्लेड ✓

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, मछली संवर्धन (Culture Fishery) शब्द का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

- A. कृत्रिम संसाधनों से मछलियां पकड़ना
- B. समुद्री जल से मछलियां पकड़ना
- C. प्राकृतिक संसाधनों से मछलियां पकड़ना
- D. मछलियों का पालन ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 General Science

कोशिका विभाजन की किस विधि द्वारा द्विगुणित गुणसूत्रों को अगुणित युग्मकों में विभाजित किया जाता है?

A. द्वि-खंडन (Binary Fission)

B. असूत्रीविभाजन (Amitosis)

C. सूत्रीविभाजन (Mitosis)

D. अर्धसूत्री विभाजन (Meiosis) ✓

Q11 General Science

पृथ्वी की परिक्रमा एक वृत्तीय पथ पर नियत गति से करने वाले उपग्रह की गति एकसमान वृत्तीय गति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस गति का कौन-सा गुण इसके त्वरण को शून्य होने से रोकता है?

A. कक्षीय गतिकी के कारण वस्तु का द्रव्यमान निरंतर बदलता रहता है।

B. गुरुत्वाकर्षण बल के लिए गति इतनी अधिक है कि वह स्थिर वेग बनाए नहीं रख सकता।

C. गति की दिशा प्रत्येक बिंदु पर निरंतर बदलती रहती है, अर्थात वेग परिवर्तित हो रहा है। ✓

D. कुल यांत्रिक ऊर्जा संरक्षित रहती है, जिससे त्वरण आवश्यक हो जाता है।

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी जीवन प्रक्रिया, प्रजातियों में विविधता लाने के लिए महत्वपूर्ण है?

A. विषमपोषी पोषण (Heterotrophic nutrition)

B. लैंगिक जनन (Sexual reproduction) ✓

C. स्वपोषी पोषण (Autotrophic nutrition)

D. परिवहन (Transportation)

Q13 General Science

एक पिंड को ऊँचाई से गिराया जाता है। यदि यह 3.0 s तक गिरता है और $g = 10\ m/s^2$ है, तो इसका अंतिम वेग (v) कितना होगा?

A. 10 m/s

B. 40 m/s

C. 20 m/s

D. 30 m/s ✓

Q14 General Science

लेंस की शक्ति को ..... के रूप में परिभाषित किया जाता है।

A. इसकी फोकस दूरी और अपवर्तनांक के गुणनफल

B. मीटर में इसकी फोकस दूरी के व्युत्क्रम ✓

C. छवि दूरी और वस्तु दूरी के अनुपात

D. इसकी फोकस दूरी के वर्ग

Q15 General Science

क्या होता है जब एक नैफ्थलीन बॉल को खुली जगह में धातु की प्लेट में जला दिया जाता है?

A. यह नीली ज्वाला के साथ जलता है।

B. यह धातु की प्लेट पर काले कज्जली निक्षेप के साथ नीली ज्वाला के साथ जलता है।

C. यह धातु की प्लेट पर काले कज्जली निक्षेप के साथ पीली ज्वाला के साथ जलता है। ✓

D. यह धातु की प्लेट पर बिना किसी निक्षेप के पीली ज्वाला के साथ जलता है।

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, सक्रियता श्रेणी के मध्य में निष्कर्षित की जाती है?

A. पोटैशियम

B. सोडियम

C. सोना

D. लोहा ✓

Q17 General Science

जब मुद्रित सामग्री पर एक मोटी कांच की पट्टी रखी जाती है, तो अक्षर उभरे हुए दिखाई देते हैं। ऐसा _____ के कारण होता है।

A. प्रकाश के अपवर्तन ✓

B. प्रकाश के प्रकीर्णन

C. पूर्ण आंतरिक परावर्तन

D. प्रकाश के ध्रुवीकरण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
कथन 1: विभवांतर को वोल्ट में मापा जाता है।
कथन 2: एक वोल्ट एक न्यूटन प्रति कूलॉम के बराबर है।

A. केवल कथन 2 सही है।
B. कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।
C. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
D. केवल कथन 1 सही है। ✓

Q19 General Science

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. किया गया कार्य बल की दिशा के आधार पर धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है। ✓
B. किया गया कार्य बल या विस्थापन पर निर्भर नहीं करता है।
C. किया गया कार्य केवल ऋणात्मक ही हो सकता है।
D. किया गया कार्य केवल धनात्मक ही हो सकता है।

Q20 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्थिर अनुपात के नियम का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

A. किसी रासायनिक यौगिक में समान तत्व सदैव द्रव्यमान के समान अनुपात में होते हैं। ✓
B. किसी यौगिक में तत्व सदैव यादृच्छिक अनुपात में पाए जाते हैं।
C. किसी अभिक्रिया के दौरान परमाणुओं को लघु कणों में विभाजित किया जा सकता है।
D. रासायनिक अभिक्रिया में द्रव्यमान का न तो निर्माण हो सकता है और न ही विनाश।

Q21 General Science

वह कौन-से पोल्ट्रि पक्षी हैं जिन्हे अंडे उत्पादन के लिए पाला जाता है?

A. कॉमन कार्प (Common carp)
B. मिल्च (Milch)
C. ब्रॉयलर (broilers)
D. लेयर (Layers) ✓

Q22 General Science

एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 50 Hz है। एक तरंग पूरी होने में इसे कितना समय लगेगा?

A. 0.02 s ✓
B. 5 s
C. 50 s
D. 0.2 s

Q23 General Science

प्रजनन के दौरान, DNA प्रतिकृति बनाना क्यों महत्वपूर्ण है?

A. श्वसन के लिए
B. रूधिर परिसंचरण के लिए
C. पाचन के लिए
D. लक्षणों की वंशागति के लिए ✓

Q24 General Science

क्लोरीन का आंशिक परमाणु द्रव्यमान (fractional atomic mass) निम्नलिखित में से किसके कारण होता है?

A. इसकी यौगिक प्रकृति
B. आयनों की उपस्थिति
C. प्रायोगिक त्रुटि
D. समस्थानिकों की उपस्थिति ✓

Q25 General Science

एक कुंडली का प्रतिरोध 44 Ω है। यदि इसे 220 V की आपूर्ति से जोड़ा जाए, तो कुंडली द्वारा खपत की गई शक्ति कितनी है?

A. 110 W
B. 0.2 W
C. 5 W
D. 1100 W ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

मटर का पौधा अन्य पौधों पर चढ़ने के लिए किस संरचना का उपयोग करता है?

A. चूसक (Sucker)

B. प्रतान (Tendrils) ✓

C. प्रवाहक (Runner)

D. प्ररोह (Shoot)

Q2 General Science

उत्तल लेंस को अभिसारी लेंस भी कहा जाता है, क्योंकि_____।

A. यह सदैव आभासी प्रतिबिम्ब बनाता है

B. यह प्रकाश किरणों को बिल्कुल भी बंकित नहीं करता है

C. यह प्रकाश किरणों को एक दूसरे से दूर अपसारित करता है

D. यह समानांतर किरणों को एक बिंदु पर केंद्रित करता है ✓

Q3 General Science

एककोशिकीय जीव का समान आनुवंशिक सामग्री वाले दो बराबर संतति कोशिकाओं में विभाजन को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

A. बाइनरी विखंडन ✓

B. संयुग्मन

C. मुकुलन

D. बीजाणु निर्माण

Q4 General Science

किसी जीव में कोशिका भित्ति का स्थान क्या होता है?

A. किसी पादप कोशिका में प्लाज्मा झिल्ली के ठीक अंदर

B. किसी जंतु कोशिका में प्लाज्मा झिल्ली के ठीक बाहर

C. किसी पादप कोशिका में प्लाज्मा झिल्ली के ठीक बाहर ✓

D. किसी जंतु कोशिका में प्लाज्मा झिल्ली के ठीक अंदर

Q5 General Science

एक वस्तु को 78.4 m की ऊंचाई से गिराया जाता है। भूतल तक पहुँचने में उसके द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिए। ($g = 9.8\ m/s^2$ का उपयोग कीजिए)

A. 6 s

B. 2 s

C. 4 s ✓

D. 5 s

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, वंशागति के संबंध में मेन्डल के निष्कर्ष को सही रूप से दर्शाता है?

A. प्रत्येक विशेषक तीन जीनों द्वारा नियंत्रित होते है।

B. प्रत्येक विशेषक एक गुणसूत्र द्वारा नियंत्रित होते है।

C. प्रत्येक विशेषक एक कारक द्वारा नियंत्रित होते है।

D. प्रत्येक विशेषक दो कारकों द्वारा नियंत्रित होते है। ✓

Q7 General Science

एक पौधे को उखाड़कर धूप में छोड़ दिया गया। कुछ घंटों बाद, पौधा मुरझाया हुआ और कमज़ोर दिख रहा था। इसका सबसे संभावित कारण क्या हो सकता है?

A. जाइलम के माध्यम से जल चालन प्रारंभ हो गया

B. जाइलम के माध्यम से जल चालन अवरुद्ध हो गया ✓

C. जाइलम के माध्यम से भोजन स्थानांतरण अवरुद्ध हो गया

D. फ्लोएम के माध्यम से भोजन स्थानांतरण प्रारंभ हो गया

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन सी विधि फसलों के लिए जल उपलब्धता में वृद्धि हेतु सिंचाई की नई पहल का हिस्सा है?

A. वर्षा जल संचयन और जलग्रहण प्रबंधन ✓

B. खाद और रासायनिक छिड़काव

C. स्प्रिंकलर सिंचाई और जुताई

D. ड्रिप सिंचाई और फसल चक्रण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, गैस पर दाब बढ़ाने का परिणाम है?

- A. अंतःकण स्थान में कमी ✓
- B. गतिज ऊर्जा में वृद्धि
- C. अंतःकण स्थान में वृद्धि
- D. गैस का वाष्पन

Q10 General Science

जीवों में लैंगिक जनन के संबंध में सही विशेषता का चयन कीजिए।

- A. यह केवल एक जनक का ही DNA संतति में पारित करता है।
- B. यह बड़ी संख्या में संतति उत्पन्न करता है।
- C. यह संतति में दो माता-पिता के DNA को संयुक्त करता है। ✓
- D. यह जनक के बिल्कुल समान संतति उत्पन्न करता है।

Q11 General Science

जंतुओं के संयोजी ऊतकों में, वसा कोशिकाएं लोब्यूल्स में व्यवस्थित होती हैं, जो _____के विभाजन द्वारा पृथक होती हैं।

- A. पीत तंतु और लसीका (yellow fibres and lymph)
- B. रेटिकुलर तंतु और प्लाज्मा (reticular fibres and plasma)
- C. कंकाल तंतु और कंडरा (skeletal fibres and tendons)
- D. कोलैजन और इलास्टिन तंतु (collagen and elastin fibres) ✓

Q12 General Science

यदि किसी तार की लंबाई दोगुनी कर दी जाए और उसका अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल आधा कर दिया जाए, तो उसका प्रतिरोध _____ हो जाएगा।

- A. मूल का चार गुना ✓
- B. मूल का एक-चौथाई
- C. मूल का दोगुना
- D. मूल का आधा

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पदार्थ के मापनीय गुण और उसकी SI इकाई के संदर्भ में सुमेलित है?

- A. घनत्व-किलोग्राम प्रति घन मीटर ✓
- B. दाब-न्यूटन
- C. आयतन-घन सेंटीमीटर
- D. तापमान-कैलोरी

Q14 General Science

एक भारी लकड़ी के गुटके को किसी खुरदरे फर्श पर धकेला जाता है। लगाया गया बल धीरे-धीरे बढ़ाया जाता है।
1. पहले तो ब्लॉक हिलता नहीं है।
2. फिर, एक निश्चित बल पर, ब्लॉक फिसलना शुरू कर देता है।
3.अंततः, जब ब्लॉक फिसल रहा होता है, तो वह स्थिर वेग से चलता है।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन इन तीन चरणों में बल की स्थिति का सही वर्णन करता है?

- A. चरण 1-असंतुलित, चरण 2-संतुलित, चरण 3-संतुलित
- B. चरण 1-संतुलित, चरण 2-संतुलित, चरण 3-असंतुलित
- C. चरण 1-असंतुलित, चरण 2-असंतुलित, चरण 3-संतुलित
- D. चरण 1-संतुलित, चरण 2-असंतुलित, चरण 3-संतुलित ✓

Q15 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, रासायनिक ऊर्जा के ऊष्मा ऊर्जा में रूपांतरण का सर्वोत्तम उदाहरण है?

- A. सौर कुकर से भोजन गर्म करना
- B. बैटरी द्वारा बल्ब जलाना
- C. लकड़ी का जलना ✓
- D. विद्युत से चलने वाली मोटर

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अल्ट्रासाउंड का अनुप्रयोग नहीं है?

- A. वस्तुओं की सफाई
- B. मेडिकल इमेजिंग
- C. धातु ब्लॉकों में दरारों का पता लगाना
- D. नियमित श्रवण परीक्षण ✓

Q17 General Science

धातुओं का संक्षारण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें _____।

- A. धातुएं पर्यावरणीय कारकों के साथ अभिक्रिया करके ऑक्साइड, सल्फाइड या कार्बोनेट में रूपांतरित हो जाती हैं ✓
- B. धातुएं अपना रंग स्थायी रूप से बदल देती हैं
- C. धातुएं निम्न तापमान पर पिघल जाती हैं
- D. अम्लों के साथ अभिक्रिया के कारण धातुओं का भार बढ़ जाता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल को निर्जलीकरण कारक माना जा सकता है क्योंकि यह निम्नलिखित में से ..... से जल को हटाता है।

A. प्रोपेन
B. सोडियम हाइड्रॉक्साइड
C. अमोनिया गैस
D. ग्लूकोज ✓

Q19 General Science

अयस्क से अपअयस्क (gangue) को हटाने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं, अपअयस्क और अयस्क के किन गुणों के बीच अंतर पर आधारित हैं?

A. केवल रासायनिक
B. केवल भौतिक
C. अपवर्तनांक (Refrative index)
D. रासायनिक या भौतिक ✓

Q20 General Science

कार्बन का वह विशिष्ट लक्षण क्या है, जो इसके अधिक संख्या में कार्बनिक यौगिकों के निर्माण का कारण बनता है?

A. विलेयता
B. चतुःसंयोजकता (tetravalency) और श्रृंखलन दोनों ✓
C. केवल श्रृंखलन
D. केवल चतुःसंयोजकता

Q21 General Science

निम्नलिखित में से किस कारक में वृद्धि से चालक का प्रतिरोध बढ़ेगा?

(i) चालक का तापमान
(ii) चालक की लंबाई
(iii) चालक के अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल

A. (ii) और (iii) दोनों
B. केवल (i)
C. केवल (iii)
D. (i) और (ii) दोनों ✓

Q22 General Science

क्रिकेट खिलाड़ी तेज गति से आती गेंद को पकड़ते समय अपने हाथों को पीछे की ओर क्यों खींच लेता है?

A. गेंद का संवेग कम करने के लिए
B. संघट्ट का समय बढ़ाने के लिए ताकि हाथों पर लगने वाला बल कम हो जाए ✓
C. गेंद पर कार्यरत बल को बढ़ाने के लिए
D. गेंद का त्वरण बढ़ाने के लिए

Q23 General Science

न्यू कार्टेशियन साइन कन्वेंशन (New Cartesian Sign Convention) के अनुसार, यदि प्रकाश की किरण वस्तु से लेंस तक जाती है, तो वस्तु हमेशा इस प्रकार रखी जाती है कि .....।

A. वस्तु की दूरी (u) सदैव धनात्मक हो
B. प्रकाश लेंस पर दाईं ओर से पड़े
C. वस्तु लेंस के बाईं ओर हो ✓
D. वस्तु हमेशा मुख्य अक्ष के ऊपर हो

Q24 General Science

हाइड्रोक्लोरिक एसिड के साथ धातु सोडियम कार्बोनेट और सोडियम बाइकार्बोनेट की अभिक्रिया के बीच क्या समानता है?

A. सोडियम क्लोराइड बनता है। ✓
B. हाइड्रोजन कार्बोनेट बनता है।
C. कार्बन मोनोऑक्साइड मुक्त होता है
D. हाइड्रोजन गैस मुक्त होती है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

$^{40}_{18}Ar$ और $^{40}_{20}Ca$ _____ का एक युग्म हैं।

A. समभारिकों (isobars) ✓

B. समइलेक्ट्रॉनी (isoelectronic)

C. समस्थानिकों (isotopes)

D. समन्यूट्रॉनी (isotones)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

किसी मेज पर मंद आघात करने पर उत्पन्न ध्वनि के मृदु होने का क्या कारण है?

A. ध्वनि की चाल कम हो जाती है

B. तरंगदैर्ध्य लघु हो जाती है

C. कंपन का आयाम छोटा होता है ✓

D. कंपन की आवृत्ति निम्न होती है

Q2 General Science

निम्नलिखित में से किस कोशिका अंगक में ATP-जनरेटिंग रासायनिक अभिक्रियाओं हेतु पर्याप्त पृष्ठीय क्षेत्रफल होता है?

A. रसधानी (Vacuoles)

B. कोशिका भित्ति (Cell wall)

C. सूत्रकणिका (Mitochondria) ✓

D. लयनकाय (Lysosomes)

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा मानव रोग, यौन क्रिया (sexual act) के दौरान संचारित हो सकता है?

A. कैंसर

B. मधुमेह

C. उपार्जित प्रतिरक्षा न्यूनता संलक्षण ✓

D. प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा गैसों का एक अभिलक्षण है?

A. संपीड्य, लेकिन द्रव नहीं

B. निश्चित आकार और आयतन

C. कोई निश्चित आकार और कोई निश्चित आयतन नहीं ✓

D. कोई निश्चित आकार नहीं, लेकिन आयतन निश्चित

Q5 General Science

'm' kg द्रव्यमान का एक पिंड पृथ्वी की सतह से 'h' m की ऊंचाई पर रखा गया है। इस पिंड की स्थितिज ऊर्जा क्या होगी?

A. m2gh

B. hg/m

C. mh/g

D. mgh ✓

Q6 General Science

चन्द्रमा पर किसी पिंड का भार पृथ्वी की अपेक्षा कम होता है, क्योंकि_____।

A. चंद्रमा का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान के बराबर है

B. चंद्रमा पर गुरूत्वीय त्वरण कम होता है ✓

C. चंद्रमा पर पिंड का द्रव्यमान घटता है

D. चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं है

Q7 General Science

एकल फसल खेती की तुलना में अंतरासस्यन (intercropping) किस प्रकार लाभदायक है?

A. पोषक तत्वों का कुशलतापूर्वक उपयोग करता है और रोगों के प्रसार को रोकता है ✓

B. श्रम लागत कम करता है

C. कम भूमि की आवश्यकता होती है

D. सिंचाई की आवश्यकताओं में वृद्धि करता है

Q8 General Science

जब बंदूक चलाई जाती है तो गोली आगे की ओर बढ़ती है क्योंकि .....।

A. वायु प्रतिरोध आगे की ओर कार्य करता है

B. बैरल कोई बल नहीं लगाता

C. बंदूक की प्रतिक्षेप प्रतिक्रिया के रूप में पीछे की ओर कार्य करती है ✓

D. गुरुत्वाकर्षण इसे आगे की ओर धकेलता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

एक कार विरामावस्था से चलना शुरू करती है और 5 सेकंड तक समान रूप से 2 m/s² पर त्वरित होती है। कार का अंतिम वेग क्या है?

A. 20 m/s
B. 15 m/s
C. 5 m/s
D. 10 m/s ✓

Q10 General Science

सामान्यतः किस पोषी स्तर पर जीवों की संख्या सबसे कम होती है?

A. प्राथमिक उपभोक्ता
B. उत्पादक
C. तृतीयक उपभोक्ता ✓
D. द्वितीयक उपभोक्ता

Q11 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, सबसे तेजी से विसरण दर्शाएगा?

A. द्रव में ठोस
B. गैस में द्रव
C. ठोस में ठोस
D. गैस में गैस ✓

Q12 General Science

HIV संचरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. HIV ऐरोसोल के माध्यम से संचारित हो सकता है।
B. HIV यौन क्रियाओं से संचारित हो सकता है। ✓
C. HIV आकस्मिक संपर्क से संचारित हो सकता है।
D. HIV मच्छर के काटने से संचारित हो सकता है।

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पादप, पर्ण के कोरों पर मुकुलन द्वारा अलैंगिक रूप से पुनरुत्पादन करता है?

A. आम (Mango)
B. स्पाइरोगाइरा (Spirogyra)
C. ब्रायोफिलम (Bryophyllum) ✓
D. हाइड्रा (Hydra)

Q14 General Science

निम्नलिखित में से किसमें सबसे अधिक अम्लीयता होती है?

A. सिरका
B. जल
C. दूध
D. नींबू का रस ✓

Q15 General Science

एक उत्तल दर्पण के ध्रुव और वक्रता केंद्र के बीच की दूरी + 40 cm है। इस दर्पण के ध्रुव और फोकस के बीच दूरी कितनी होगी?

A. −20 cm
B. + 40 cm
C. −40 cm
D. + 20 cm ✓

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण सर्वोत्तम रूप से इसकी व्याख्या करता है कि द्रवों का आयतन निश्चित होता है लेकिन उनकी आकृति निश्चित नहीं होती?

A. जल, अपने पात्र की आकृति को ग्रहण कर लेता है, लेकिन इसका आयतन वही बना रहता है ✓
B. वायु पूरे पात्र में प्रसारित हो जाती है
C. एक स्पंज को निष्पीडित करने पर उसकी आकृति बदल जाती है
D. एक ठोस लोहे का टुकड़ा किसी भी पात्र में अपनी आकृति बनाए रखता है

Q17 General Science

लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन, वस्तु-दूरी (u) और प्रतिबिंब-दूरी (v) से किस सूत्र द्वारा संबंधित है?

A. m = v − u
B. m = v / u ✓
C. m = u + v
D. m = u / v

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

निम्नलिखित में से किस विधि में जंग लगने से बचाने के लिए इस्पात और लोहे पर जिंक की परत का विलेपन शामिल है?

A. निश्चेष्टन
B. गैल्वेनीकरण ✓
C. कैथोडी रक्षण
D. विद्युत-लेपन

Q19 General Science

निम्नलिखित कार्बनिक यौगिकों में से कौन-सा संतृप्त है?

A. ब्रोमोप्रोपेन (Bromopropane) ✓
B. 2-ब्रोमोप्रोपीन (2-Bromopropene)
C. प्रोपाइन(Propyne)
D. प्रोपीन (Propene)

Q20 General Science

माइटोकॉन्ड्रिया इसलिए विशेष हैं क्योंकि उनमें स्वयं का DNA और राइबोसोम पाए जाते हैं। इस आधार पर उसके क्या कार्य हैं?

A. अपने स्वयं के कुछ प्रोटीन बनाना ✓
B. पौधों के समान सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके भोजन बनाना
C. कोशिका में स्वयं विचरण करना
D. लाइसोसोम की तरह सामग्रियों का पाचन करना

Q21 General Science

जब कार्बन डाइऑक्साइड को चूने के पानी से होकर प्रवाहित किया जाता है, तो _____ अवक्षेपित होता है।

A. CaCO3 ✓
B. CaSO4
C. Ca(HCO3)2
D. Ca(OH)2

Q22 General Science

निम्नलिखित में से किसमें ऋजु-श्रृंखला वाले हाइड्रोकार्बन होते हैं?

A. 3-मेथिलपेंटेन
B. 2-मेथिलप्रोपेन
C. ब्यूटेन ✓
D. आइसोब्यूटेन

Q23 General Science

विद्युत ऊर्जा, शक्ति और समय के बीच क्या संबंध होता है?

A. ऊर्जा = शक्ति × समय ✓
B. ऊर्जा = शक्ति + समय
C. ऊर्जा = समय – शक्ति
D. ऊर्जा = शक्ति/समय

Q24 General Science

ऑक्सीजन जैसे सूक्ष्म अणु, कोशिका झिल्ली से आसानी से क्यों गुजर सकते हैं, लेकिन स्टार्च या प्रोटीन जैसे बड़े अणु नहीं गुजर सकते?

A. कोशिका झिल्ली, चयनात्मक पदार्थों के लिए पारगम्य होती है। ✓
B. प्रवेश के लिए बड़े अणुओं को टूटना पड़ता है।
C. कोशिका झिल्ली पूरी तरह से ठोस होती है।
D. छोटे अणुओं में आगे बढ़ने के लिए विशेष ऊर्जा होती है।

Q25 General Science

5C आवेश (Q) को 15 V विभवान्तर वाले दो बिन्दुओं पर ले जाने में कितना कार्य (W) किया जाता है?

A. 3 J
B. 1/3 J
C. 75 J ✓
D. 15 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

असंतृप्त कार्बन यौगिक का सुस्पष्ट अभिलक्षण क्या है?

A. सभी कार्बन परमाणु केवल एकल अबंधों द्वारा जुड़े होते हैं।

B. इसमें कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक द्वि या त्रि-आबंध होता है। ✓

C. ये केवल चक्रीय संरचनाओं का निर्माण करते हैं।

D. इसमें सदैव ऑक्सीजन के साथ एक प्रकार्यात्मक समूह होता है।

Q2 General Science

एक हाउसिंग सोसाइटी ने अपशिष्ट को दो डिब्बों में पृथक करना शुरू किया है - हरा रसोई अपशिष्ट के लिए और नीला प्लास्टिक, धातु और कांच के लिए। इस प्रक्रिया का मुख्य लाभ क्या है?

A. इससे अपशिष्ट संग्रहण शीघ्रता से होता है।

B. इससे कचरे की दुर्गंध कम होती है।

C. इससे अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट को जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट से पृथक करने में सहायता प्राप्त होती है। ✓

D. इससे उत्पादित अपशिष्ट की मात्रा बढ़ जाती है।

Q3 General Science

पौधों की कोशिकाओं में सूजन या सिकुड़न की प्रक्रिया, जिसके कारण आकार और गति में परिवर्तन होता है, सीधे तौर पर किस कारक के कारण होती है?

A. उनकी कोशिका भित्ति का कठोर होना।

B. उनके आंतरिक जलांश में परिवर्तन। ✓

C. सेलूलोज का तेजी से टूटना।

D. नई प्रोटीन संरचनाओं का निर्माण।

Q4 General Science

निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

कथन 1: एक सीधे धारावाही चालक के चारों ओर उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं तार के अनुदिश केंद्रित संकेंद्री वृत्त बनाती हैं।
कथन 2: इन चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम का उपयोग करके निर्धारित की जा सकती है।

A. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं। ✓

B. कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।

C. कथन 1 सही है, परन्तु कथन 2 गलत है।

D. कथन 1 गलत है, परन्तु कथन 2 सही है।

Q5 General Science

एक छात्र परागण से पहले पुष्प की वर्तिका काट देता है। सबसे अधिक संभावित परिणाम क्या होगा?

A. बीजाण्ड बीज में बदल जाएगा।

B. निषेचन नहीं होगा। ✓

C. पराग नलिका अधिक तेजी से बढ़ेगी।

D. परागण तेजी से होगा।

Q6 General Science

सक्रियता श्रृंखला में सबसे नीचे पाई जाने वाली धातुएं (जैसे, सोना, चांदी, प्लैटिनम) आमतौर पर प्रकृति में किस अवस्था में पाई जाती हैं?

A. सल्फाइड के रूप में जिन्हें निस्तापन की आवश्यकता होती है

B. कार्बोनेट के रूप में जिन्हें भर्जन की आवश्यकता होती है

C. अपनी मुक्त अवस्था में ✓

D. अत्यधिक अभिक्रियाशील ऑक्साइड के रूप में

Q7 General Science

तरंग का आयाम बढ़ने पर निम्नलिखित में से किसमें वृद्धि होती है?

A. आवृत्ति

B. तरंग की ऊर्जा ✓

C. चाल

D. तरंगदैर्ध्य

Q8 General Science

द्वि-खंडन के दौरान कितनी संतति कोशिकाएं बनती हैं?

A. दो ✓

B. एक

C. एक भी नहीं

D. चार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

जड़त्व और द्रव्यमान के बीच संबंध को दर्शाने के लिए, एक छात्र फुटबॉल को किक मारने की कठिनाई की तुलना समान आकार के पत्थर को किक मारने से करता है। कौन सा मूलभूत सिद्धांत पत्थर को किक मारने से जुड़ी अधिक कठिनाई और संभावित चोट को उचित ठहराता है?

A. पत्थर पर लगाया गया बल उसके परमाणुओं को एक साथ बांधे रखने वाले अभिकेन्द्रीय बल से पार पाने के लिए अपर्याप्त है।

B. पत्थर गति के प्रथम नियम के अधीन है, जबकि फुटबॉल द्वितीय नियम द्वारा शासित है।

C. पत्थर का द्रव्यमान अधिक होता है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक जड़त्व होता है, अर्थात यह अपनी विरामावस्था को बदलने में अधिक प्रतिरोध करता है। ✓

D. पत्थर की सतह पर घर्षण कम होता है, जिसके कारण सारा बल संचारित हो जाता है।

Q10 General Science

पृथ्वी के गुरुत्वीय बल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. यह वस्तु के द्रव्यमान पर निर्भर करता है। ✓

B. यह पृथ्वी के केन्द्र से दूरी पर निर्भर नहीं करता है।

C. यह एक अकेन्द्रीय बल होता है।

D. यह पृथ्वी के केन्द्र से दूर कार्य करता है।

Q11 General Science

न्यूटन के गति के प्रथम नियम को निम्न में से ..... का नियम भी कहा जाता है।

A. त्वरण

B. क्रिया और प्रतिक्रिया

C. जड़त्व ✓

D. बल

Q12 General Science

एक धात्विक चालक का प्रतिरोध, _____ के साथ बढ़ता है।

A. अनुप्रस्थ-परिच्छेद क्षेत्रफल में वृद्धि

B. तापमान में कमी

C. लंबाई में कमी

D. तापमान में वृद्धि ✓

Q13 General Science

एक प्रबल अम्ल और एक प्रबल क्षार से बने लवण विलयन का pH मान लगभग कितना होता है?

A. 7 से अधिक

B. तापमान के आधार पर 7 से कम या अधिक हो सकता है

C. 7 से कम

D. 7 के बराबर ✓

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण, वास्तविक जीवन में लाइसोसोम की भूमिका को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

A. हानिकारक जीवाणुओं को निगलने तथा विघटित करने वाली एक श्वेत रूधिर कोशिका ✓

B. प्रकाश संश्लेषण द्वारा भोजन बनाने वाली एक हरी पत्ती

C. पेशियों तक ऑक्सीजन पहुँचाने वाली एक लाल रूधिर कोशिका

D. दर्द महसूस करने में सहायता करने हेतु संकेत भेजने वाली एक तंत्रिका कोशिका

Q15 General Science

सुकेंद्रकी कोशिका (eukaryotic cell) में केंद्रक का मुख्य कार्य क्या है?

A. भोजन के भंडारण इकाई के रूप में कार्य करना

B. ऊर्जा उत्पादन

C. अपशिष्ट का पाचन

D. कोशिका की जीवन प्रक्रियाओं को निर्देशित करना ✓

Q16 General Science

रदरफोर्ड के α-कण प्रकीर्णन प्रयोग से निम्नलिखित में से किसकी खोज हुई?

A. नाभिक ✓

B. न्यूट्रॉन

C. प्रोटॉन

D. इलेक्ट्रॉन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

जब श्वेत प्रकाश कांच के प्रिज्म पर आपतित होता है, तो उसके सभी घटक रंगों में से बैंगनी रंग सबसे अधिक बंकन करता है। यह किस कारण होता है?

A. बैंगनी रंग की तरंगदैर्घ्य अधिकतम होती है और इसलिए इसका अपवर्तनांक अधिकतम होता है

B. बैंगनी रंग की तरंगदैर्घ्य अधिकतम होती है और इसलिए इसका अपवर्तनांक न्यूनतम होता है

C. बैंगनी रंग की तरंगदैर्घ्य न्यूनतम होती है और इसलिए इसका अपवर्तनांक अधिकतम होता है ✓

D. बैंगनी रंग की तरंगदैर्घ्य न्यूनतम होती है और इसलिए इसका अपवर्तनांक न्यूनतम होता है

Q18 General Science

निम्नलिखित अंगों में से कौन-सा अंग वृद्धि हॉर्मोन मोचन कारक को विमोचित करता है, जो वृद्धि हॉर्मोन विमोचित करने के लिए पीयूष ग्रंथि को उद्दीपित करता है?

A. अधिवृक्क ग्रंथियां

B. अधश्चेतक (हाइपोथेलेमस) ✓

C. अग्न्याशय

D. थाइमस

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, स्थितिज ऊर्जा का एक उदाहरण है?

A. एक चलती ट्रेन

B. एक बहती नदी

C. एक लुढ़कती गेंद

D. एक मेज पर रखी किताब ✓

Q20 General Science

किसी पदार्थ की अवस्था, चाहे वह ठोस हो, द्रव हो या गैस हो, किसके द्वारा निर्धारित होती है:

a. तापमान
b. दाब
c. आयतन

A. केवल b और c

B. केवल a और c

C. केवल a और b ✓

D. a, b और c

Q21 General Science

अवतल लेंस द्वारा निर्मित प्रतिबिंब के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?
(i) अवतल लेंस द्वारा निर्मित प्रतिबिंब को पर्दे पर प्राप्त नहीं किया जा सकता।
(ii) अवतल लेंस द्वारा निर्मित प्रतिबिम्ब को पर्दे पर प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निर्मित प्रतिबिम्ब सदैव बिंब के आकार की तुलना में छोटा होता है।
(iv) निर्मित प्रतिबिम्ब सदैव बिंब के आकार की तुलना में बड़ा होता है।

A. (i) और (iii) दोनों

B. (ii) और (iii) दोनों

C. (ii) और (iv) दोनों ✓

D. (i) और (iv) दोनों

Q22 General Science

जब बेरियम क्लोराइड, सोडियम सल्फेट के साथ अभिक्रिया करता है तो किस प्रकार की अभिक्रिया होती है?

A. संयोजन

B. अपघटन

C. ऑक्सीकरण

D. दोहरा विस्थापन ✓

Q23 General Science

निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रिया का अवलोकन कीजिए:

$H_2S + I_2 \rightarrow 2HI + S$

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस रेडॉक्स अभिक्रिया का सही वर्णन करता है?

कथन:
I: हाइड्रोजन सल्फाइड ऑक्सीकरण से सल्फर का निर्माण करता है।
II: आयोडीन का अपचयन होता है, जिससे हाइड्रोजन आयोडाइड बनता है।

A. केवल कथन II सही है

B. कथन I और II दोनों गलत हैं

C. केवल कथन I सही है

D. कथन I और II दोनों सही हैं ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 General Science

हाइड्रा की मुकुलन प्रक्रिया में चरणों का अनुक्रम क्या है?

A. मुकुल परिपक्वता (Bud maturation) → मुकुल आरंभ (Bud initiation) → मुकुल वियोजन (Bud detachment) → नई व्यष्टि (New individual)

B. नई व्यष्टि → मुकुल परिपक्वता → मुकुल वियोजन → मुकुल आरंभ

C. मुकुल आरंभ → मुकुल परिपक्वता → मुकुल वियोजन → नई व्यष्टि ✓

D. मुकुल आरंभ → मुकुल वियोजन → मुकुल परिपक्वता → नई व्यष्टि

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप, द्रव्य के कणों के बीच रिक्त स्थान की उपस्थिति को प्रदर्शित करता है?

A. द्रव को जमाना

B. ठोस को गर्म करना

C. चीनी को जल में घोलना ✓

D. गैस को संपीडित करना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा गति समीकरण, कण के अंतिम वेग से स्वतंत्र है?

A. v = u + at
B. v = ut + a
C. s = ut + 1/2 at2 ✓
D. v2 - u2 = 2as

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ठीक प्रकार से वर्णन करता है कि ठोसों और द्रवों की तुलना में गैसों को आसानी से संपीडित किया जा सकता है?

A. गैसों की गतिज ऊर्जा निम्न होती है।
B. गैसों का द्रव्यमान और घनत्व उच्च होता है।
C. गैसों के कण शिथिल रूप से संकुलित होते हैं और उनमें अंतराण्विक अंतराल अधिक होते हैं। ✓
D. गैसें स्थान नहीं घेरतीं है।

Q3 General Science

एक मुर्गीपालक ऐसे पक्षी चाहता है जो कम चारा खाएँ, ज़्यादा गर्मी सहन कर सकें और अच्छी गुणवत्ता वाले चूज़े पैदा करें। उसे कौन सी रणनीति अपनानी चाहिए?

A. मछली पालन की ओर रुख
B. पक्षियों को दिन में दो बार खाना खिलाएँ
C. विदेशी और स्थानीय मुर्गीपालन का संकरण ✓
D. केवल देशी पक्षियों का उपयोग करें

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, यौन संचारित रोग जीवाणु (bacterium) के कारण होता है?

A. HIV-एड्स (HIV-AIDS)
B. आंत्र ज्वर (Typhoid)
C. सुजाक (Gonorrhoea) ✓
D. मस्सा (Warts)

Q5 General Science

हवा से तिरछी दिशा में चलकर काँच के एक स्लैब पर पड़ने वाली प्रकाश की किरण पर विचार करें। निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?
(i) आपतन कोण अपवर्तन कोण से छोटा होता है।
(ii) आपतन कोण, निर्गमन कोण से बड़ा होता है।
(iii) जैसे ही प्रकाश की किरण वायु से कांच में प्रवेश करती है, प्रकाश की चाल कम हो जाती है।
(iv) आपतित किरण और निर्गत किरण एक दूसरे के समान्तर होती हैं।

A. (ii) और (iii) दोनों
B. (i) और (iv) दोनों
C. (i) और (ii) दोनों
D. (iii) और (iv) दोनों ✓

Q6 General Science

कार्बन यौगिकों के संदर्भ में, 'शाखित श्रृंखला' संरचना की क्या विशेषता है?

A. कार्बन परमाणु मुख्य कार्बन श्रृंखला से जुड़े होते हैं और पार्श्व समूह बनाते हैं। ✓
B. कार्बन परमाणु एक सतत, सीधी रेखा में व्यवस्थित होते हैं।
C. कार्बन परमाणु चार अलग-अलग परमाणुओं से बंधे होते हैं।
D. कार्बन परमाणु एक बंद वलय संरचना बनाते हैं।

Q7 General Science

क्या होता है जब एक पेंडुलम बॉब अपनी औसत स्थिति से चरम स्थिति तक झूलता है?

A. गतिज और स्थितिज ऊर्जा दोनों बढ़ती हैं
B. स्थितिज ऊर्जा घटती है, गतिज ऊर्जा बढ़ती है
C. स्थितिज ऊर्जा बढ़ती है, गतिज ऊर्जा घटती है ✓
D. कुल ऊर्जा घटती है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q8 General Science

अभिकथन और कारण नामक निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन: ध्वनि तरंगें, अयांत्रिक तरंगें हैं।
कारण: ध्वनि तरंगों को संचरण के लिए एक भौतिक माध्यम की आवश्यकता होती है।

A. अभिकथन और कारण दोनों ही असत्य हैं।
B. अभिकथन असत्य है लेकिन कारण सत्य है। ✓
C. अभिकथन और कारण दोनों ही सत्य हैं और कारण,अभिकथन की सही व्याख्या है।
D. अभिकथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।

Q9 General Science

प्रजनन स्वास्थ्य में, गर्भनिरोध का क्या उद्देश्य है?

A. अनियोजित गर्भधारण को रोकना ✓
B. बच्चों को स्वस्थ बनाना
C. अधिक बच्चे पैदा करना
D. जुड़वां बच्चे पैदा करना

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु आसवन द्वारा शुद्ध की जाती है?

A. लोहा
B. चाँदी
C. जस्ता ✓
D. ताँबा

Q11 General Science

उस तत्व की पहचान कीजिए, जो प्रकृति में अणु के रूप में विद्यमान **नहीं** होता है?

A. क्लोरीन
B. हाइड्रोजन
C. आयोडीन
D. हीलियम ✓

Q12 General Science

पादप कोशिका भित्ति मुख्य रूप से _____ से बनी होती है।

A. सबेरिन
B. सैलुलोज़ ✓
C. N-ऐसीटिल ग्लूकोसैमीन (N-Acetyl glucosamine)
D. काईटिन

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

a. घ्राण सूचकों का उपयोग किसी यौगिक की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति की जांच के लिए किया जाता है।
b. लौंग का तेल एक घ्राण सूचक है।
c. लौंग के तेल का उपयोग किसी भी यौगिक की शुद्धता की जांच के लिए किया जाता है।

A. केवल a और b ✓
B. केवल a
C. केवल a और c
D. a, b और c

Q14 General Science

कम द्रव्यमान और उच्च वेग वाली गोली, समान चाल से फेंके गए भारी पत्थर की तुलना में लक्ष्य को अधिक गहराई तक भेद सकती है, क्योंकि_____।

A. इसका द्रव्यमान अधिक होता है
B. यह अधिक तीक्ष्ण होती है
C. इसका जड़त्व कम होता है ✓
D. यह आकार में छोटी होती है

Q15 General Science

जब एथीन, ब्रोमीन के साथ अभिक्रिया करता है, तो किस उत्पाद का निर्माण होता है?

A. एथेन
B. ब्रोमोएथेन
C. 1,2-डाइब्रोमोएथेन ✓
D. एथेनॉल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q16 General Science

15 Ω और 5 Ω के दो प्रतिरोधक 12 V की बैटरी के साथ श्रेणीक्रम में जुड़े हैं। परिपथ में कितनी धारा प्रवाहित होगी?

A. 0.65 A

B. 0.6 A ✓

C. 0.45 A

D. 0.5 A

Q17 General Science

एथेनॉल (Ethanol) को सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल की अधिकता में 443 K पर गर्म करने पर एथीन (ethene) प्राप्त होता है। होने वाला रासायनिक परिवर्तन _____ होगा।

A. हैलोजनन

B. अपचयन

C. निर्जलीकरण ✓

D. ऑक्सीकरण

Q18 General Science

निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया में पोषणनाल से अवशोषित पदार्थों का विभिन्न अंगों तक परिवहन होता है जहां उनका उपयोग जटिल पदार्थ के निर्माण हेतु किया जाता है?

A. स्वांगीकरण ✓

B. प्रकाश संश्लेषण

C. पाचन

D. वाष्पोत्सर्जन

Q19 General Science

थॉमसन के परमाणु मॉडल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. इलेक्ट्रॉन धनात्मक आवेशित गोले में यादृच्छिक रूप से प्रसारित होते हैं। ✓

B. इलेक्ट्रॉन नाभिक में संकेंद्रित होते हैं।

C. इलेक्ट्रॉन, न्यूट्रॉनों से संलग्न होते हैं।

D. इलेक्ट्रॉन कक्षाओं में स्थिर होते हैं।

Q20 General Science

एक गोलीय लेंस की वृत्ताकार बाह्य रेखा (circular outline) के प्रभावी व्यास को क्या कहते हैं?

A. प्रकाशिक केंद्र (Optical centre)

B. वक्रता त्रिज्या (Radius of curvature)

C. फोकस दूरी (Focal length)

D. द्वारक (Aperture) ✓

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छे ढंग से बताता है कि हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों के दुष्प्रभाव क्यों हो सकते हैं?

A. वे अंडाशय के अंदर अंडे को नष्ट कर देती हैं।

B. वे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में हस्तक्षेप करती हैं।

C. वे प्राकृतिक हार्मोनल संतुलन को बाधित करती हैं, अन्य शारीरिक कार्यों को प्रभावित करती हैं। ✓

D. वे शुक्राणु को यंत्रवत् अंडे तक पहुंचने से रोकती हैं।

Q22 General Science

पौधों में वृद्धि केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही क्यों होती है?

A. पौधे के केवल कुछ भागों को ही सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है।

B. मेरिस्टेमेटिक ऊतक केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही स्थित होता है। ✓

C. जल केवल पौधे के ऊपरी भाग तक ही पहुंचता है।

D. गुरुत्वाकर्षण कुछ क्षेत्रों में वृद्धि को रोकता है।

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से, बड़े बांधों का परिणाम नहीं है/हैं?

A. सामाजिक समस्याएं

B. आर्थिक समस्याएं

C. निर्वनीकरण

D. वनरोपण ✓

Q24 General Science

आर्किमिडीज का सिद्धांत कहता है कि जब कोई पिंड किसी तरल पदार्थ में डूबा होता है, तो उसे _____ का अनुभव होता है।

A. पिंड द्वारा विस्थापित द्रव के भार के बराबर नीचे की ओर बल

B. पिंड द्वारा विस्थापित द्रव के भार के बराबर ऊपर की ओर बल ✓

C. इसके भार में कोई परिवर्तन नहीं

D. पिंड के भार के बराबर ऊपर की ओर बल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा किसी पदार्थ का अभिलाक्षणिक गुणधर्म (characteristic property) है?

A. प्रतिरोधकता ✓

B. प्रतिरोध

C. धारा

D. वोल्टता

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

कोलॉइडी कण _____ द्वारा पृथक होते हैं।

A. पुनः क्रिस्टलन
B. क्वथन
C. निस्यंदन
D. अपकेंद्रण ✓

Q2 General Science

एक आयताकार कांच की पट्टी के दो समानांतर विपरीत फलकों से प्रकाश गुजरने के बाद आपतित किरण और निर्गत किरण के बीच क्या संबंध होता है?

A. निर्गत किरण आपतित किरण के पथ पर वापस परावर्तित हो जाती है
B. निर्गत किरण मुख्य अक्ष पर एक बिंदु पर अभिसरित होती है
C. निर्गत किरण आपतित किरण की दिशा के समानांतर होती है, लेकिन थोड़ी सी साइड की ओर स्थानांतरित हो जाती है ✓
D. निर्गत किरण आपतित किरण के लंबवत होती है

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-से कथन गोलीय दर्पण के मुख्य अक्ष के संबंध में सत्य **नहीं** हैं?

(i) यह गोलीय दर्पण के ध्रुव और वक्रता केंद्र से होकर गुजरने वाली एक काल्पनिक सीधी रेखा है।
(ii) मुख्य अक्ष दर्पण के ध्रुव पर अभिलंबवत होता है।
(iii) मुख्य अक्ष के समान्तर एक किरण दर्पण से परावर्तन के पश्चात् दर्पण के वक्रता केन्द्र से होकर गुजरती है।
(iv) गोलीय दर्पण का फोकस उसके मुख्य अक्ष पर नहीं होता है।

A. (i) और (ii) दोनों
B. (i) और (iv) दोनों
C. (iii) और (iv) दोनों ✓
D. (ii) और (iii) दोनों

Q4 General Science

आणविक द्रव्यमान की गणना कैसे की जाती है?

A. घटक तत्वों की परमाणु त्रिज्याओं को गुणा करके
B. सभी तत्वों के परमाणु क्रमांकों का वर्ग करके
C. उपस्थित परमाणुओं के सभी परमाणु आयतनों को जोड़कर
D. अणु में परमाणुओं के सभी परमाणु द्रव्यमानों को जोड़कर ✓

Q5 General Science

निम्नलिखित में से किस धात्विक ऑक्साइड को केवल गर्म करके धातु में अपचयित किया जा सकता है?

A. मर्क्यूरिक ऑक्साइड ✓
B. मैंगनीज ऑक्साइड
C. आयरन (III) ऑक्साइड
D. जिंक ऑक्साइड

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विभज्योतक, प्ररोहों और मूलों के सिरों (ends) पर लंबाई में वृद्धि के लिए उत्तरदायी है?

A. शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical meristem) ✓
B. पार्श्विक विभज्योतक (Lateral meristem)
C. स्थायी विभज्योतक (Permanent meristem)
D. अंतर्वेशी विभज्योतक (Intercalary meristem)

Q7 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, जल के साथ अत्यधिक तीव्रता से अभिक्रिया करती है?

A. ज़िंक
B. सोडियम ✓
C. सीसा
D. लौह

Q8 General Science

एक बर्तन में भरा तरल पदार्थ समान ऊंचाई पर _____ दाब डालता है।

A. केवल ऊपर की ओर
B. केवल नीचे की ओर
C. पात्र की सभी दिशाओं में समान रूप से ✓
D. केवल किनारों पर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

विद्युत परिपथ में प्लग कुंजी (plug key) का क्या उद्देश्य है?

A. यह परिपथ में विभवांतर प्रदान करता है।

B. यह किसी परिपथ में प्रवाहित धारा को मापता है।

C. यह परिपथ को जोड़ने और वियोजित करने में मदद करता है। ✓

D. यह परिपथ में विभवांतर को मापता है।

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी, गर्भनिरोधक विधि **नहीं** है?

A. गर्भ का गर्भपात ✓

B. कंडोम का उपयोग करके शुक्राणुओं को अंडे तक पहुँचने से रोकना

C. गर्भाशय में कॉपर-T डालना

D. अंडाशय से अंडों के निकलने को रोकने के लिए हार्मोनल संतुलन में परिवर्तन करना

Q11 General Science

एक व्यक्ति एक विशाल, स्थिर वस्तु (जैसे एक खड़ी ट्रक) को बल F से धक्का देता है। वस्तु –F बल से प्रतिकर्षण करती है। यदि प्रतिक्रिया बल समान और विपरीत हो, जैसा कि तृतीय नियम द्वारा सुझाया गया है, तो वस्तु त्वरित क्यों नहीं होती?

A. बल F का परिमाण वस्तु की अंतर्निहित स्थितिज ऊर्जा से पार पाने के लिए अपर्याप्त है।

B. वस्तु पर लगने वाला शुद्ध बल शून्य है क्योंकि क्रिया और प्रतिक्रिया बल रद्द हो जाते हैं।

C. क्रिया और प्रतिक्रिया बल अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं, लेकिन स्थिर वस्तु पर स्थैतिक घर्षण लागू अपकर्ष बल F को संतुलित करता है। ✓

D. ये बल तत्क्षण कार्य करते हैं और संवेग परिवर्तन को रोकते हैं।

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ढंग से वर्णन करता है कि दो बिंदुओं के बीच विभवांतर की गणना कैसे की जाती है?

A. विभवांतर = आवेश × किया गया कार्य

B. विभवांतर = किया गया कार्य × स्थितिज ऊर्जा

C. विभवांतर = किया गया कार्य ÷ आवेश ✓

D. विभवांतर = आवेश ÷ किया गया कार्य

Q13 General Science

लोहे के संक्षारण को रोकने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

A. धातु को नियमित रूप से जल से ठंडा करना

B. धातु का बार-बार तापन करना

C. धातु पर पेंट या तेल का विलेपन करना ✓

D. धातु को अम्ल में घोलना

Q14 General Science

जब ठोस लेड (II) नाइट्रेट को गर्म किया जाता है, तो एक पीला अवशिष्ट (PbO) रह जाता है और दो गैसें निकलती हैं - एक लाल-भूरे रंग की होती है तथा दूसरी दहन में सहायक होती है। कौन-सी गैसें निकलती हैं?

A. नाइट्रिक ऑक्साइड और ऑक्सीजन

B. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन ✓

C. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन

D. नाइट्रोजन गैस और कार्बन डाइऑक्साइड

Q15 General Science

वायुमंडल के उच्च स्तर पर, निम्नलिखित में से कौन पृथ्वी की सतह को पराबैंगनी विकिरण से परिरक्षित करता है?

A. हाइड्रोजन (Hydrogen)

B. कार्बन (Carbon)

C. ओजोन (Ozone) ✓

D. नाइट्रोजन (Nitrogen)

Q16 General Science

मधुमक्खी के सामान्य नाम को उसके वैज्ञानिक नाम से सुमेलित कीजिए।

स्तंभ I (सामान्य नाम)	स्तंभ II (वैज्ञानिक नाम)
1. भारतीय मधुमक्खी (Indian bee)	A. एपिस मेलिफेरा (Apis mellifera)
2. शैल मधुमक्खी (Rock bee)	B. एपिस सेराना इंडिका (Apis cerana indica)
3. लिटिल मधुमक्खी (Little bee)	C. एपिस डोरसेटा (Apis dorsata)
4. इटालियन मधुमक्खी (Italian bee)	D. एपिस फ्लोरी (Apis florae)

A. 1-D, 2-A, 3-C, 4-B

B. 1-A, 2-B, 3-C, 4-D

C. 1-B, 2-C, 3-D, 4-A ✓

D. 1-C, 2-D, 3-B, 4-A

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

जिस प्रकार न्यूटन का संबंध भार से है, उसी प्रकार किसका संबंध दाब से है?

A. किलोग्राम

B. पास्कल ✓

C. केल्विन

D. किलोग्राम प्रति घन मीटर

Q18 General Science

पुष्पीय पौधों में कायिक प्रवर्धन का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ है?

A. ये बीज द्वारा उत्पादित पौधों की तुलना में बाद में फूल और फल दे सकते हैं।

B. ये बीज द्वारा उत्पन्न पौधों की तुलना में पूरी तरह से नए गुण प्रदर्शित कर सकते हैं।

C. ये बीज द्वारा उत्पादित पौधों की तुलना में पहले फूल और फल दे सकते हैं। ✓

D. ये अपने मूल पौधों से बिल्कुल भिन्न होते हैं।

Q19 General Science

किसी वस्तु की प्रारंभिक और अंतिम स्थिति के बीच की सबसे छोटी दूरी को _____ कहा जाता है।

A. चाल

B. दूरी

C. त्वरण

D. विस्थापन ✓

Q20 General Science

मरीज के दिल की धड़कन की आवाज छाती से स्टेथोस्कोप के माध्यम से डॉक्टर के कान तक कैसे पहुंचती है?

A. ध्वनि तरंगों के अपवर्तन द्वारा

B. ध्वनि के बहु-परावर्तन द्वारा ✓

C. बिना परावर्तन के प्रत्यक्ष संचरण द्वारा

D. विद्युत संकेतों में परिवर्तित करके

Q21 General Science

किसी बल द्वारा किया गया कार्य धनात्मक तब कहा जाता है, जब _____।

A. बल और विस्थापन के बीच का कोण 90° होता है

B. पिंड का विस्थापन शून्य होता है

C. बल पिंड की गति का विरोध करता है

D. बल का एक अवयव विस्थापन की दिशा में होता है ✓

Q22 General Science

किस कोशिकांग को, कोशिका की 'आत्मघाती थैली' कहा जाता है?

A. लाइसोसोम ✓

B. माइटोकॉन्ड्रिया

C. गोल्जी पिंड

D. राइबोसोम

Q23 General Science

कोशिका आकार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. कोशिका का आकार केन्द्रकों की संख्या पर निर्भर करता है।

B. सभी जीवों में सभी कोशिकाएँ एक ही आकार की होती हैं।

C. बहुकोशिकीय जीवों में कोशिका का आकार हमेशा बड़ा होता है।

D. कोशिका का आकार उसके कार्य से संबंधित होता है, जीव के आकार से संबंधित नहीं होता है। ✓

Q24 General Science

मेंडल के प्रयोग में, जब उन्होंने एक लंबे (TT) और एक बौने मटर (tt) पौधे का संकरण किया तो F1 पीढ़ी में उन्होंने क्या देखा?

A. आधे लंबे थे, आधे बौने थे

B. सभी बौने थे

C. सभी लंबे थे ✓

D. सभी मध्यम लंबाई के थे

Q25 General Science

लवण-जल से सोडियम हाइड्रॉक्साइड तैयार करने के लिए किस प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है?

A. सॉल्वे प्रक्रम (Solvay process)

B. NaCl का ऊष्मीय अपघटन (Thermal decomposition of NaCl)

C. लवण-जल का विद्युत अपघटन (Electrolysis of brine) ✓

D. हाबर प्रक्रम (Haber process)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

एक वस्तु को सीधे ऊपर की ओर फेंका जाता है और वह अधिकतम 20 m की ऊँचाई तक पहुँचती है। यदि हम g = 10 m/sec^2 लें, तो उस वस्तु को फेंके जाने के समय उसकी प्रारंभिक चाल कितनी थी?

A. 10 m/sec
B. 20 m/sec ✓
C. 40 m/sec
D. 30 m/sec

Q2 General Science

नर जनन तंत्र में शुक्रवाहिका का मुख्य कार्य क्या है?

A. शुक्राणु को अधिवृषण से मूत्रमार्ग तक पहुँचाना ✓
B. शरीर के तापमान को नियंत्रित करना
C. शुक्र स्राव
D. शुक्राणु उत्पादन

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-से प्लास्टिड वाले वर्णक, पौधों को पीला, नारंगी या लाल रंग प्रदान करते हैं?

A. एमाइलोप्लास्ट (Amyloplasts)
B. क्रोमोप्लास्ट (Chromoplasts) ✓
C. क्लोरोप्लास्ट (Chloroplasts)
D. ल्यूकोप्लास्ट (Leucoplasts)

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, तरंग के आयाम को सटीक रूप से परिभाषित करता है?

A. प्रति सेकंड कंपनों की संख्या
B. दो क्रमागत शिखरों के बीच की दूरी
C. कण का अपनी माध्य स्थिति से अधिकतम विस्थापन ✓
D. वह चाल जिससे तरंग गमन करती है

Q5 General Science

एक परमाणु में 11 प्रोटॉन, 11 इलेक्ट्रॉन और 12 न्यूट्रॉन हैं। उस परमाणु की द्रव्यमान संख्या कितनी है?

A. 11
B. 24
C. 12
D. 23 ✓

Q6 General Science

एक बिंब को 15 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 30 cm की दूरी पर रखा जाता है। प्रतिबिंब दूरी v कितनी होगी?

A. −15 cm
B. +15 cm
C. −30 cm ✓
D. +30 cm

Q7 General Science

एक मशीन 't' सेकंड में 'W' जूल कार्य करती है। मशीन की शक्ति 'P' वाट निम्नलिखित में से किस संबंध द्वारा सही रूप से दी गई है?

A. P = W/t ✓
B. P = W2/t
C. P = W × t
D. P = W2t

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण इस बात की पुष्टि करता है कि कोई विलयन अम्लीय है?

A. मेथिल ऑरेंज: पीला, फीनॉलफ्थेलिन: गुलाबी, लिटमस: नीला
B. मेथिल ऑरेंज: लाल, फीनॉलफ्थेलिन: गुलाबी, लिटमस: लाल
C. मेथिल ऑरेंज: पीला, फीनॉलफ्थेलिन: रंगहीन, लिटमस: नीला
D. मेथिल ऑरेंज: लाल, फीनॉलफ्थेलिन: रंगहीन, लिटमस: लाल ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

ग्रीनहाउस प्रभाव के लिए मुख्यतः कौन-सी गैस उत्तरदायी है और जीवाश्म ईंधनों के दहन पर उत्पन्न होती है?

A. हाइड्रोजन

B. नाइट्रोजन

C. कार्बन डाइऑक्साइड ✓

D. ऑक्सीजन

Q10 General Science

यदि लंबा (T), छोटे (t) पर प्रभावी है, और गोल बीज (R), झुर्रीदार (r) पर प्रभावी हैं, तो उस पौधे के जीनोटाइप की पहचान कीजिए जो छोटी ऊंचाई और गोल बीज दर्शाता है।

A. TtRr

B. ttRR ✓

C. TtRR

D. Ttrr

Q11 General Science

कोशिका में लाइसोसोम (lysosomes) की क्या भूमिका होती है?

A. ATP का उत्पादन करना

B. विजातीय पदार्थों का पाचन करना ✓

C. प्रोटीन को संग्रहित करना

D. उत्पादों का परिवहन करना

Q12 General Science

निम्नलिखित में से किसे, कार्बनिक यौगिक **नहीं** माना जाता है?

A. सोडियम कार्बोनेट (Na2CO3) ✓

B. मेथेन (CH4)

C. ऐसीटिक अम्ल (CH3COOH)

D. एथेनॉल (C2H5OH)

Q13 General Science

20 N का एक नेट क्षैतिज बल 4 kg के एक ब्लॉक पर जो प्रारम्भ में 5 s तक विरामावस्था में है, कार्यरत है। ब्लॉक की अंतिम चाल ज्ञात कीजिए।

A. 20 m/s

B. 50 m/s

C. 30 m/s

D. 25 m/s ✓

Q14 General Science

लैंगिक जनन करने वाले जंतुओं में आनुवंशिक विविधता निम्नलिखित में से किसके द्वारा सुनिश्चित की जाती है?

A. युग्मक (Gametes), सूत्रीविभाजन (mitosis) द्वारा बनते हैं

B. संतानें दोनों जनकों से जीन प्राप्त करती है ✓

C. निषेचन शरीर के अंदर होता है।

D. केवल एक जनक शामिल होता है

Q15 General Science

कार्य के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन मनुष्यों में पाए जाने वाले सभी प्रकार के जंतु ऊतकों को निरूपित करता है?

A. उपकला ऊतक, संयोजी ऊतक और कंकाल ऊतक

B. उपकला ऊतक, संयोजी ऊतक, पेशी ऊतक और तंत्रिका ऊतक ✓

C. उपकला ऊतक, पेशी ऊतक और ग्रंथिल ऊतक

D. उपकला ऊतक, संयोजी ऊतक और जनन ऊतक

Q16 General Science

समभारिकों का कौन-सा गुणधर्म, सदैव भिन्न होता है?

A. न्यूक्लिऑनों की कुल संख्या

B. द्रव्यमान संख्या

C. इलेक्ट्रॉनों की कुल संख्या

D. परमाणु क्रमांक ✓

Q17 General Science

बोर (Bohr's) के परमाणु मॉडल के अनुसार, इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर _____ परिक्रमण करते हैं।

A. यादृच्छिक पथ पर

B. दीर्घवृत्ताकार पथ पर

C. विविक्त कक्षाओं में ✓

D. सरल रेखाओं में

Q18 General Science

एक ही पदार्थ के दो तारों की लंबाई समान है लेकिन उनके अनुप्रस्थ-परिच्छेद के क्षेत्रफलों का अनुपात 1 : 4 है। उनके प्रतिरोधों का अनुपात कितना होगा?

A. 1 : 1

B. 1 : 4

C. 4 : 1 ✓

D. 1 : 2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, वनों और जैव विविधता के संरक्षण का प्रमुख लक्ष्य है?

A. पर्यटन को बढ़ावा देना

B. विरासत में मिली जैव विविधता को संरक्षित करना ✓

C. वनों के अधिक औद्योगिक उपयोग की अनुमति देना

D. राष्ट्रीय उद्यानों का विस्तार करना

Q20 General Science

एकसमान गति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

A. वेग अपरिवर्तित रहता है

B. त्वरण शून्य होता है

C. गति समय के साथ लगातार बदलती रहती है ✓

D. पिंड समान समय अंतराल में समान दूरी तय करता है

Q21 General Science

धातुओं के वैद्युतअपघटनी परिष्करण की प्रक्रिया के दौरान, विद्युतअपघट्य से धारा प्रवाहित करने पर, _____ से अशुद्ध धातु, विद्युत अपघट्य में विलीन हो जाती है।

A. कैथोड

B. एनोड ✓

C. एनोड और कैथोड दोनों

D. लवण सेतु (salt bridge)

Q22 General Science

चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. जहाँ रेखाएं पास-पास होती हैं, वहाँ चुंबकीय क्षेत्र दुर्बल होता है।

B. चुंबक के अन्दर, क्षेत्र रेखाएँ उत्तर से दक्षिण की ओर गमन करती हैं।

C. क्षेत्र रेखाएँ ध्रुवों पर प्रतिच्छेद करती हैं।

D. चुंबक के बाहर, क्षेत्र रेखाएँ उत्तर से दक्षिण की ओर गमन करती हैं। ✓

Q23 General Science

फॉर्मिक अम्ल का सूत्र क्या है?

A. C_2H_5OH

B. $C_2H_4O_2$

C. HCOOH ✓

D. C_2H_6O

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

A. प्रिज्म में, यदि श्वेत प्रकाश का उपयोग किया जाए, तो विक्षेपण हो सकता है।

B. विचलन कोण, आपतित किरण और निर्गत किरण के बीच का कोण होता है।

C. प्रिज्म में, आपतित किरण और निर्गत किरण सदैव समांतर होती हैं। ✓

D. प्रिज्म में, जब आपतित किरण आधार की ओर से आ रही होती है, तो निर्गत किरण प्रिज्म के आधार की ओर मुड़ जाती है।

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कार्बन यौगिक सामान्य परिस्थितियों में नीली, गैर-कज्जली लौ (non-sooty flame) के साथ जलता है?

A. डीजल

B. एथेनॉल ✓

C. चारकोल

D. मिट्टी का तेल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, स्थिर अनुपात के नियम के अनुसार है?

a. जल में, हाइड्रोजन के द्रव्यमान और ऑक्सीजन के द्रव्यमान का अनुपात हमेशा 1: 8 होता है।
b. कार्बन डाइऑक्साइड में कार्बन और ऑक्सीजन का अनुपात हमेशा द्रव्यमान के अनुसार 3 : 8 होता है।
c. अमोनिया में, नाइट्रोजन और हाइड्रोजन हमेशा द्रव्यमान के अनुसार 14 : 1 के अनुपात में विद्यमान होते हैं।

A. केवल b और c
B. केवल a
C. a, b और c
D. केवल a और b ✓

Q2 General Science

20 Ω प्रतिरोध का एक विद्युत हीटर 220 V आपूर्ति से जुड़ने पर 10 मिनट तक प्रचालित होता है। उत्पन्न ऊष्मा _____ है।

A. 2.9×10^4 J
B. 1.45×10^5 J
C. 1.45×10^6 J ✓
D. 2.9×10^5 J

Q3 General Science

मनुष्यों में वृक्कों का यथार्थ स्थान क्या है?

A. उदर में, मेरूदंड के दोनों ओर ✓
B. वक्ष क्षेत्र में, फुफ्फुस के दोनों ओर
C. वक्ष क्षेत्र में, हृदय के ठीक नीचे
D. उदर में, आंत के दोनों ओर

Q4 General Science

किसी वस्तु के द्रव्यमान और भार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. द्रव्यमान और भार दोनों परिवर्तनशील हैं
B. द्रव्यमान और भार दोनों स्थिर हैं
C. द्रव्यमान परिवर्तनशील है और भार स्थिर है
D. द्रव्यमान स्थिर है और भार परिवर्तनशील है ✓

Q5 General Science

फ्लेमिंग के बाएं हाथ के नियम का उपयोग विद्युत मोटर में गति की दिशा निर्धारित करने के लिए किया जाता है। कौन सी उंगली बल या गति की दिशा दर्शाती है?

A. मध्यांगुलि (Middle finger)
B. तर्जनी (Index finger)
C. कनिष्ठिका (Little finger)
D. अँगूठा (Thumb) ✓

Q6 General Science

कृषि भूमि से निम्नलिखित में से किस खरपतवार को हटाना किसानों के लिए लाभदायक होगा?

A. सोयाबीन
B. सूर्यमुखी
C. पार्थेनियम ✓
D. गेहूं

Q7 General Science

निम्नलिखित में से क्या, नर मानव जनन तंत्र का हिस्सा है?

A. गर्भाशय
B. योनि
C. पुरःस्थ ग्रंथि ✓
D. डिंबवाहिनी नली

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, एक ही भूमि पर निश्चित पैटर्न में दो या दो से अधिक फसलों को एक साथ उगाए जाने का उदाहरण है?

A. एकसस्यन (Monocropping)
B. जल संवर्धन (Hydroponics)
C. अन्तर-सस्यन (Inter-cropping) ✓
D. वायव संवर्धन (Aeroponics)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

किसी विलयन को स्थायी तब कहा जाता है जब _____।

- A. अविक्षुब्ध रहने पर भी विलेय के कण नीचे नहीं बैठते हैं ✓
- B. अविक्षुब्ध रहने पर विलेय के कण नीचे बैठ जाते हैं
- C. विलेय के कण विलायक कणों के साथ एक अलग परत बनाते हैं
- D. अविक्षुब्ध रहने पर विलेय के कण विलयन की सतह पर तैरते हैं

Q10 General Science

एक तैराक पानी को पीछे की ओर धकेलता है। तैराक को आगे की ओर धकेलने वाला प्रतिक्रिया बल .....।

- A. पानी तैराक को आगे की ओर धकेलता है ✓
- B. हवा तैराक को आगे की ओर धकेलती है
- C. पानी तैराक को पीछे की ओर धकेलता है
- D. गुरुत्वाकर्षण तैराक को आगे की ओर धकेलता है

Q11 General Science

एक व्यक्ति बस में खड़ा है और अचानक बस रुक जाती है। वह व्यक्ति आगे की ओर गिरने लगता है। गति के निम्नलिखित नियमों में से कौन सा नियम इस घटना के लिए सीधे तौर पर ज़िम्मेदार है?

- A. संवेग संरक्षण का नियम।
- B. न्यूटन का गति का दूसरा नियम।
- C. न्यूटन का गति का पहला नियम। ✓
- D. न्यूटन का गति का तीसरा नियम।

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका के संरचनात्मक संगठन का एक भाग **नहीं** है?

- A. हृदय ✓
- B. माइटोकॉन्ड्रिया
- C. कोशिका भित्ति
- D. कोशिका द्रव्य

Q13 General Science

जब किसी हाइड्रोकार्बन को वायु की अधिकता में जलाया जाता है, तो अंतिम उत्पाद सदैव _____ बनता है।

- A. कार्बन डाइऑक्साइड और जल ✓
- B. कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन
- C. कार्बन मोनोऑक्साइड और जल
- D. कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन

Q14 General Science

जीवों की आबादी में विविधता मुख्यतः क्यों महत्वपूर्ण है?

- A. यह सुनिश्चित करता है कि सभी जीव समान हों
- B. यह जीवों को तेजी से प्रजनन करने में मदद करता है
- C. यह सदैव एक ही पीढ़ी में तुरन्त परिणाम देता है।
- D. यह बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों में जीवित रहने की संभावना को बढ़ाता है ✓

Q15 General Science

असंतुलित अभिक्रिया का संदर्भ लीजिए:

$$__C_2H_6 + __O_2 \rightarrow __CO_2 + __H_2O$$

इस समीकरण को संतुलित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा गुणांकों का सही सेट है?

- A. 1, 5, 3, 4
- B. 2, 5, 4, 6
- C. 1, 3, 2, 3
- D. 2, 7, 4, 6 ✓

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सूत्र इकाई को परिभाषित करता है?

- A. एक परमाणु का द्रव्यमान
- B. किसी यौगिक के एक मोल का द्रव्यमान
- C. किसी आयनिक यौगिक की सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योग ✓
- D. एक अणु का द्रव्यमान

Q17 General Science

न्यूक्लिऑन, परमाणु में पाए जाने वाले अवपरमाण्विक कण होते हैं। इनमें ____ शामिल होते हैं।

- A. केवल न्यूट्रॉन
- B. इलेक्ट्रॉन
- C. केवल प्रोटॉन
- D. प्रोटॉन और न्यूट्रॉन ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

निम्नलिखित में से किस पादप की जड़ें, नए पादपों को जन्म दे सकती हैं?

- A. शकरकंद ✓
- B. मक्का
- C. आलू
- D. चना

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, उदासीनीकरण अभिक्रिया को सर्वोत्तम रूप से वर्णित करता है?

- A. अम्ल + धातु → लवण + हाइड्रोजन
- B. अम्ल + लवण → जल
- C. क्षार + ऑक्साइड → लवण + जल
- D. अम्ल + क्षार → लवण + जल ✓

Q20 General Science

निम्नलिखित में से किस कण की उपस्थिति के कारण रूक्ष अंतर्द्रव्यी जालिका (Rough Endoplasmic Reticulum- RER) सूक्ष्मदर्शी से देखने पर रूक्ष दिखाई देती है?

- A. तारककाय (Centrosome)
- B. लयनकाय (Lysosome)
- C. राइबोसोम (Ribosome) ✓
- D. पेरॉक्सीकाय (Peroxisome)

Q21 General Science

जब किसी पिंड का वेग बढ़कर अपने मूल मान से दोगुना हो जाता है, तो उसकी गतिज ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ता है?

- A. यह मूल मान का दोगुना हो जाती है
- B. यह अपरिवर्तित रहती है
- C. यह मूल मान की आधी हो जाती है
- D. यह मूल मान का चार गुना हो जाती है ✓

Q22 General Science

वैद्युतअपघटनी परिष्करण के दौरान एनोड के रूप में किसको प्रयुक्त किया जाता है?

- A. ग्रेफाइट की एक छड़
- B. अशुद्ध धातु की एक पट्टी जिसे परिष्कृत किया जाना है ✓
- C. एक अक्रिय इलेक्ट्रोड
- D. शुद्ध धातु की एक पट्टी जिसे परिष्कृत किया जाना है

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, काँच के प्रिज्म द्वारा श्वेत प्रकाश के विक्षेपण के लिए उत्तरदायी है?

- A. काँच में विभिन्न रंगों के प्रकाश, समान चाल से गमन करते हैं।
- B. काँच में विभिन्न रंगों के प्रकाश, भिन्न-भिन्न चालों से गमन करते हैं। ✓
- C. प्रिज्म कुछ रंगों को अवशोषित कर लेता है।
- D. श्वेत प्रकाश में केवल एक ही रंग होता है।

Q24 General Science

एक मृदु ध्वनि की तुलना में, समान आवृत्ति की एक तेज ध्वनि तरंग की क्या विशेषता होती है?

- A. कम चाल
- B. छोटी तरंगदैर्ध्य
- C. उच्च तारत्व
- D. अधिक आयाम ✓

Q25 General Science

प्रकीर्णन के कारण स्क्रीन पर प्राप्त सात रंगों के बैंड को _____ कहा जाता है।

- A. स्पेक्ट्रम (Spectrum) ✓
- B. प्रतिबिंब (Image)
- C. प्रतिछाया (Shadow)
- D. परावर्तन प्रतिरूप (Reflection pattern)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

जीवन प्रक्रियाओं के लिए, जीव के शरीर के बाहर से ऊर्जा के स्रोत के स्थानांतरण को _____ कहा जाता है।

A. पाचन

B. पोषण ✓

C. श्वसन

D. उत्सर्जन

Q2 General Science

चलती बस में खड़ा एक यात्री अचानक बस के रुकने पर आगे की ओर गिर जाता है। यह निम्नलिखित में से किस नियम को दर्शाता है?

A. न्यूटन का तीसरा नियम

B. न्यूटन का पहला नियम ✓

C. गुरुत्व का नियम

D. न्यूटन का दूसरा नियम

Q3 General Science

एक त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म में कितने आयताकार पार्श्व पृष्ठ होते हैं?

A. चार

B. एक

C. दो

D. तीन ✓

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अधातुओं का सामान्य भौतिक गुणधर्म है?

A. उच्च विद्युत चालकता

B. आघातवर्धनीयता और तन्यता

C. धुंधला रूप (गैर-चमकदार) ✓

D. उच्च गलनांक और क्वथनांक

Q5 General Science

परिपथ आरेखों में, एक टेढ़ी-मेढ़ी रेखा (zigzag line) का उपयोग निम्नलिखित में से किसे निरूपित करने के लिए किया जाता है?

A. एक फ्यूज

B. एक बैटरी

C. एक प्रतिरोधक ✓

D. एक स्विच

Q6 General Science

फसल संरक्षण प्रबंधन में कीटनाशकों के उपयोग द्वारा _____ को नियंत्रित किया जाता है।

A. खरपतवारों

B. विषाणुओं

C. कवकों

D. कीटों ✓

Q7 General Science

द्रवों का _____।

A. आकार निश्चित होता है और आयतन निश्चित होता है

B. आकार निश्चित नहीं होता है, लेकिन आयतन निश्चित होता है ✓

C. आकार निश्चित नहीं होता है और आयतन निश्चित नहीं होता है

D. आकार निश्चित होता है और आयतन निश्चित नहीं होता है

Q8 General Science

एक धावक 175 m त्रिज्या वाले वृत्तीय पथ का एक चक्कर 35 सेकंड में पूरा करता है। एक चक्कर के बाद औसत वेग _____ होगा।

A. 10 m/s

B. 0 m/s ✓

C. 20 m/s

D. 5 m/s

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

संक्षारण क्या है?

A. उदासीनीकरण अभिक्रिया

B. ऊष्माशोषी अभिक्रिया

C. रसायनिक परिवर्तन ✓

D. भौतिक परिवर्तन

Q10 General Science

उदासीनीकरण अभिक्रिया में अम्ल से _____ और क्षार से _____ का संयोजन होता है जिससे जल अणुओं का निर्माण होता है।

A. क्रमशः, H+ आयन और OH- आयन ✓

B. क्रमशः, OH+ आयन और H- आयन

C. क्रमशः, H- आयन और OH+ आयन

D. क्रमशः, OH+ आयन और OH- आयन

Q11 General Science

गॉल्जी उपकरण निम्नलिखित में से किस अंगक से संबंधित है?

A. अंतर्द्रव्यी जालिका (Endoplasmic reticulum) ✓

B. लवक (Plastids)

C. केन्द्रक (Nucleus)

D. सूत्रकणिका (Mitochondria)

Q12 General Science

तंत्रिकोशिकाओं में कोशिका-काय से जुड़े कई छोटे, शाखित भाग या प्रक्रियाएँ होती हैं जिन्हें _____ कहा जाता है।

A. अक्षतंतु (axons)

B. केंद्रक (nuclei)

C. द्रुमिका (dendrites) ✓

D. तंत्रिका सिरा (nerve endings)

Q13 General Science

किसी हॉल या कमरे में अनुरणन (reverberation) का मुख्य कारण क्या है?

A. मृदु पदार्थों द्वारा ध्वनि का अवशोषण

B. कठोर पृष्ठों से ध्वनि का बहु परावर्तन ✓

C. वायु तापमान में परिवर्तन

D. ध्वनि तरंगों का बंकन

Q14 General Science

किसी वस्तु के आकार का वास्तविक प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए उसे उत्तल लेंस के सामने कहाँ रखा जाना चाहिए?

A. फोकस दूरी के दोगुने पर ✓

B. अनंत और लेंस के मुख्य फोकस के बीच

C. लेंस के मुख्य फोकस पर

D. अनंत पर

Q15 General Science

इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर निश्चित पथों पर परिक्रमण करते हैं जिन्हें _____ कहा जाता है।

A. कोश या कक्षक ✓

B. क्वार्क

C. दीर्घवृत्तीय पथ

D. न्यूक्लिऑन

Q16 General Science

एक वस्तु बिंदु O से बिंदु A (100 m दूर) तक एक सीधे रास्ते पर चलती है, फिर तुरंत वापस मुड़ती है और वापस आते हुए बिंदु B पर रुक जाती है, जो कि O की ओर A से 30 m दूर है। तय की गई कुल दूरी और विस्थापन का परिमाण क्रमशः क्या है?

A. 130 m, 70 m ✓

B. 100 m, 70 m

C. 130 m, 30 m

D. 70 m, 70 m

Q17 General Science

दिए गए यौगिकों में से, किसका उपयोग ईंधन योज्य के रूप में किया जाता है?

A. एथेन (Ethane)

B. ऐथेनैल (Ethanal)

C. एथेनॉइक अम्ल (Ethanoic acid)

D. एथेनॉल (Ethanol) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

श्रेणीक्रम में व्यवस्थित समान प्रतिरोध R वाले 10 प्रतिरोधकों का कुल प्रतिरोध _____ है।

A. R/10

B. 10/R

C. 10R ✓

D. R10

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पोषक तत्व, पौधों के लिए प्रचुर मात्रा में आवश्यक होता है?

A. लोहा

B. कॉपर

C. जिंक

D. फॉस्फोरस ✓

Q20 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी जीवन प्रक्रिया किसी जीव के जीवन को बनाए रखने के लिए आवश्यक नहीं है?

A. प्रजनन ✓

B. उत्सर्जन

C. पोषण

D. श्वसन

Q21 General Science

एक बच्चा खिलौना कार को ज़मीन पर खींचता है। यदि बल और विस्थापन एक ही दिशा में हों, तो किया गया कार्य _____ होगा।

A. कार की चाल के बराबर

B. शून्य के बराबर

C. बल और विस्थापन के गुणनफल के बराबर ✓

D. ऋणात्मक

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, प्रजनन की बहुविखंडन मोड के माध्यम से गुणन करता है?

A. लीशमैनिया (Leishmania)

B. प्लाज्मोडियम (Plasmodium) ✓

C. हिबिस्कस (Hibiscus)

D. गार्डन मटर (Garden pea)

Q23 General Science

'बोहर के परमाणु मॉडल' के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. परमाणु के बाहर केवल कुछ विशेष कक्षाओं की अनुमति होती है, जिन्हें इलेक्ट्रॉनों की विविक्त कक्षाएं कहा जाता है।

B. विविक्त कक्षाओं में घूमते समय, इलेक्ट्रॉन अस्तित्व में नहीं होते हैं।

C. परमाणु के भीतर केवल कुछ विशेष कक्षाओं की अनुमति होती है, जिन्हें इलेक्ट्रॉनों की विविक्त कक्षाएं कहा जाता है। ✓

D. विविक्त कक्षाओं में घूमते समय, इलेक्ट्रॉन ऊर्जा विकीर्ण करते हैं।

Q24 General Science

निम्नलिखित में से किसे समाज में खराब जीवन स्तर में योगदान देने वाला प्रमुख कारक माना जाता है?

A. केवल जनसंख्या की तीव्र वृद्धि

B. शहरी क्षेत्रों में तकनीकी का अत्यधिक उपयोग

C. संसाधनों के वितरण में असमानता ✓

D. केवल समाज में शिक्षा का स्तर

Q25 General Science

ग्लूकोज का रासायनिक सूत्र क्या है?

A. CH_4

B. $C_{11}H_{22}O_{11}$

C. CH_3COOH

D. $C_6H_{12}O_6$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

2 kg द्रव्यमान का एक पिंड 3 m/s की चाल से गतिमान है। इसकी गतिज ऊर्जा _____ है।

A. 18 J

B. 9 J ✓

C. 6 J

D. 3 J

Q2 General Science

720 km/hr की चाल से चल रही एक कार ब्रेक लगाने के 4 सेकंड बाद रुक जाती है। यदि कार और यात्रियों का कुल द्रव्यमान 80 kg है, तो ब्रेक द्वारा अनुप्रयुक्त बल कितना होगा?

A. 4000 N

B. – 14,400 N

C. – 4000 N ✓

D. – 2000 N

Q3 General Science

कार्बन यौगिकों में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकार्यात्मक समूह -OH द्वारा दर्शाया जाता है?

A. एल्डिहाइड

B. कीटोन

C. ऐल्कोहॉल ✓

D. कार्बोक्सिलिक अम्ल

Q4 General Science

ऑक्सीकरण को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?

A. इलेक्ट्रॉनों की हानि ✓

B. प्रोटॉनों की हानि

C. इलेक्ट्रॉनों के लाभ

D. न्यूट्रॉनों के लाभ

Q5 General Science

गुरुत्वीय त्वरण के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. यह ऊँचाई के साथ घटता है ✓

B. यह गहराई के साथ स्थिर रहता है

C. यह पृथ्वी के भीतर जाने पर बढ़ता है

D. यह पृथ्वी पर हर जगह समान रहता है

Q6 General Science

वायु में ध्वनि की चाल लगभग 340 m/s है। यदि कोई परावर्तक सतह 17 m दूर है, तो प्रतिध्वनि को स्रोत तक लौटने में कितना समय लगेगा?

A. 0.5 s

B. 0.05 s

C. 1 s

D. 0.1 s ✓

Q7 General Science

सामान्य परिस्थितियों में मानव महिला शरीर में निषेचन के बाद भ्रूण को कहां रोपित किया जाता है?

A. अंडवाहिनी (Oviduct)

B. अंडाशय (Ovary)

C. गर्भाशय ग्रीवा (Cervix)

D. गर्भाशय अस्तर (Uterus lining) ✓

Q8 General Science

किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है?

A. सामग्री की प्रकृति ✓

B. चालक की आकृति

C. इससे गुजरने वाली धारा

D. चालक की लंबाई और क्षेत्रफल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी पेशीय संरचना, वक्रता को संशोधित करने और इस प्रकार रेशेदार, जेली-जैसे नेत्र लेंस की फोकस दूरी को बदलने के लिए उत्तरदायी है?

A. रेटिना (Retina)

B. पुतली (Pupil)

C. सिलियरी पेशियां (Ciliary muscles) ✓

D. आइरिस (Iris)

Q10 General Science

बड़े बांधों और बाढ़ नियंत्रण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. बड़े बांध बाढ़ की संभावना को पूरी तरह से समाप्त कर देते हैं।

B. बड़े बांध बाढ़ के खतरे को नहीं बढ़ाते हैं।

C. बड़े बांध का उपयोग कभी भी बाढ़ नियंत्रण के लिए नहीं किया जाता है।

D. बड़े बांध नदी प्रवाह को नियंत्रित करके बाढ़ नियंत्रण में सहायता कर सकते हैं। ✓

Q11 General Science

पदार्थ की निम्नलिखित में से किस अवस्था में कणों की तीव्र यादृच्छिक गति सबसे अधिक होती है?

A. गैस ✓

B. केवल ठोस

C. केवल तरल

D. तरल और ठोस दोनों

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, जीव के ऊतक का उदाहरण **नहीं** है?

A. पेशी

B. न्यूरॉन ✓

C. अस्थि

D. रुधिर

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, महिलाओं से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार शक्रवाहिका-उच्छेदन (vasectomy) पुरुषों से संबंधित है?

A. कॉपर-टी (Copper-T)

B. कोइटस इंटेररप्टस (Coitus interruptus)

C. सरवाइकल कैप्स (Cervical caps)

D. ट्यूबेक्टमी (Tubectomy) ✓

Q14 General Science

गोलीय लेंस के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

A. अवतल लेंस में भी दो वक्रता केंद्र होते हैं।

B. प्रत्येक गोलीय लेंस में दो वक्रता केंद्र होते हैं।

C. प्रकाशिक केंद्र, वक्रता केंद्र के साथ संपाती होता है। ✓

D. दो वक्रता केंद्रों को मिलाने वाली रेखा को मुख्य अक्ष कहते हैं।

Q15 General Science

एक सोलेनॉइड चुंबक की तरह व्यवहार करता है क्योंकि .....।

A. यह बिजली संग्रहीत करता है

B. इसका प्रतिरोध उच्च होता है

C. इसमें अंदर लोहा होता है

D. इसके फेरों में प्रवाहित धारा एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है ✓

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, अधात्विक तत्व द्वारा निर्मित द्विपरमाणुक अणु है?

A. Mg

B. O_2 ✓

C. He

D. Na

Q17 General Science

कौन-सा समीकरण, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ ऐलुमिनियम की अभिक्रिया को सही ढंग से दर्शाता है?

A. $2Al + 6HCl \rightarrow 2AlCl_3 + 3H_2$ ✓

B. $Al + HCl \rightarrow AlCl_3 + H_2$

C. $2Al + 3HCl \rightarrow 2AlCl_3 + 3H_2$

D. $Al + HCl \rightarrow AlCl + H_2$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

वह बल जो किसी वस्तु की गति की अवस्था को परिवर्तित करता है, ...कहलाता है।

A. संतुलित बल
B. गुरुत्वाकर्षण बल
C. घर्षण बल
D. असंतुलित बल ✓

Q19 General Science

निम्नलिखित में से प्रजनन की कौन-सी विधि जनसंख्या में तीव्र वृद्धि सुनिश्चित करती है?

A. आंतरिक निषेचन
B. स्व-परागण
C. अलैंगिक प्रजनन ✓
D. पर-परागण

Q20 General Science

निम्नलिखित अंगों में से कौन-सा अंग, वक्ष गुहा में होता है?

A. यकृत
B. ग्रसनी
C. फुप्फुस ✓
D. अग्न्याशय

Q21 General Science

पादप में जाइलम और फ्लोएम ऊतकों के प्राथमिक कार्य क्या हैं?

A. जाइलम और फ्लोएम दोनों जल और खनिजों का गमन करते हैं।
B. जाइलम जल और खनिजों का गमन करता है, फ्लोएम भोजन का गमन करता है। ✓
C. जाइलम भोजन का गमन करता है, फ्लोएम जल और खनिजों का गमन करता है।
D. जाइलम और फ्लोएम दोनों भोजन का गमन करते हैं।

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा फुलेरीन कार्बन अपरूप का रासायनिक सूत्र है?

A. C6
B. C0
C. C
D. C60 ✓

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इसको अच्छी तरह से स्पष्ट करता है कि किसी तत्व के समस्थानिकों के रासायनिक गुणधर्म समान होते हैं लेकिन भौतिक गुणधर्म भिन्न होते हैं?

A. समस्थानिकों में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या समान होती है, लेकिन इलेक्ट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है।
B. समस्थानिकों की परमाणु संख्या समान होती है, लेकिन उनके न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है, जो द्रव्यमान जैसे भौतिक गुणों को प्रभावित करती है। ✓
C. समस्थानिकों की परमाणु संरचना पूरी तरह से भिन्न होती है, जो उनके भौतिक और रासायनिक गुणों को प्रभावित करती है।
D. समस्थानिकों में प्रोटॉन की संख्या भिन्न होती है, जिसके कारण रासायनिक अभिक्रियाओं में उनका व्यवहार भिन्न होता है।

Q24 General Science

जब H+ आयनों की सांद्रता बढ़ती है, तो विलयन के pH पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता है
B. यह घटता है ✓
C. यह समान रहता है
D. यह बढ़ता है

Q25 General Science

मानव मस्तिष्क का मुख्य विचारक भाग कहाँ स्थित होता है?

A. अग्र-मस्तिष्क ✓
B. मेरु रज्जु
C. मध्य मस्तिष्क
D. मेडुला

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

विद्युत धारा को .....के रूप में व्यक्त किया जाता है।

- A. विद्युत आवेश के प्रवाह की दर ✓
- B. प्रति इकाई समय में खपत ऊर्जा
- C. प्रति इकाई लंबाई आवेश की मात्रा
- D. प्रति इकाई क्षेत्रफल आवेश की मात्रा

Q2 General Science

खाद्यान्नों के सुरक्षित भंडारण में धूमन किस प्रकार सहायक है?

- A. यह अनाज से नमी की हानि को रोकता है।
- B. यह उन पीड़कों और कीटों को मारता है जो अन्यथा भंडारित अनाज को क्षति पहुंचा सकते हैं। ✓
- C. यह अनाजों में पोषक-तत्व जोड़ता है।
- D. यह अनाजों का वजन बढ़ाता है।

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उस विलयन की सही पहचान करता है जहाँ विलेय और विलायक दोनों तत्व हैं, तथा विलयन समांगी है?

- A. सल्फर के साथ मिश्रित लोहे का बुरादा
- B. पानी में घुला कार्बन
- C. पानी में घुली चीनी
- D. हवा में नाइट्रोजन के साथ मिश्रित ऑक्सीजन ✓

Q4 General Science

किसी गतिशील पिंड को विरामावस्था में लाने के लिए बाह्य बल द्वारा आवश्यक कार्य .....के बराबर होता है।

- A. इसके संवेग
- B. इसकी स्थितिज ऊर्जा
- C. इसकी गतिज ऊर्जा ✓
- D. इसके भार

Q5 General Science

स्टेथोस्कोप का कार्य सिद्धांत _____ पर आधारित है।

- A. ध्वनि के केवल विद्युत संकेतों में रूपांतरण
- B. ध्वनि के परावर्तन ✓
- C. उच्च आवृत्ति वाली ध्वनि के अवशोषण
- D. अवलोकन के लिए ध्वनि के प्रकाश में रूपांतरण

Q6 General Science

एल्डिहाइड में कौन-सा प्रकार्यात्मक समूह उपस्थित होता है?

- A. -COOH
- B. -OH
- C. -CHO ✓
- D. -CO

Q7 General Science

न्यूरॉन के किस भाग में केंद्रक और कोशिका द्रव्य होता है?

- A. तंत्रिकाक्ष (Axon)
- B. द्रुमिकाओं (Dendrites)
- C. कोशिका काय (Cell body) ✓
- D. तंत्रिका अंतों (Nerve endings)

Q8 General Science

अवतल लेंस के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

- A. प्रतिबिम्ब सदैव आभासी, सीधा और वस्तु के समान दिशा में होता है ✓
- B. प्रतिबिम्ब सदैव आभासी और विपरीत दिशा में होता है
- C. प्रतिबिंब वस्तु से बहुत बड़ा होता है
- D. प्रतिबिम्ब सदैव वास्तविक होता है

Q9 General Science

जब किसी पदार्थ का तापमान बढ़ता है तो उसके घनत्व पर क्या प्रभाव पड़ता है?

- A. घनत्व घटता है ✓
- B. घनत्व बढ़ता है
- C. घनत्व दोगुना हो जाता है
- D. घनत्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 General Science

जब लेड नाइट्रेट पोटैशियम आयोडाइड के साथ अभिक्रिया करता है, तो यौगिक 'X' का एक पीला अवक्षेप बनता है। यौगिक X की पहचान कीजिए।

A. लेड(II) नाइट्रेट [Pb(NO3)2]

B. पोटेशियम नाइट्रेट (KNO3)

C. लेड(II) नाइट्राइट [Pb(NO2)2]

D. लेड(II) आयोडाइड (PbI2) ✓

Q11 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी राशि, किसी तरल में डूबे हुए पिंड पर लगने वाले उत्प्लावक बल को प्रभावित **नहीं** करती है?

A. तरल का घनत्व

B. विस्थापित तरल का आयतन

C. गुरुत्वीय त्वरण

D. वस्तु का घनत्व ✓

Q12 General Science

विद्युत क्षेत्र रेखाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. वे ऋणात्मक आवेश से शुरू होते हैं और धनात्मक आवेश पर समाप्त होती हैं

B. वे कभी प्रतिच्छेद नहीं करती हैं ✓

C. वे बंद लूप बना सकती हैं

D. वे हमेशा सीधी रेखाएँ होती हैं

Q13 General Science

किसी पुरुष की एक ऐसी मामूली सर्जिकल प्रक्रिया की गई जिसमें उसके शुक्राणुओं को वीर्य में मिश्रित होने से रोका जा सके। किस संरचना में सर्वाधिक परिवर्तन होने की संभावना है?

A. मूत्रमार्ग

B. शिश्न

C. शुक्रवाहिका ✓

D. वृषण

Q14 General Science

अधिवृक्क स्राव (Adrenaline) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. यह पाचन तंत्र में रक्त की आपूर्ति को कम कर देता है और इसे कंकाल की पेशियों की ओर निर्देशित करता है।

B. यह पेट में रक्त प्रवाह को बढ़ाकर पाचन को बढ़ावा देता है। ✓

C. यह शरीर को तनाव या आपात स्थिति में 'लड़ो या भागो' प्रतिक्रिया को सक्रिय करके प्रतिक्रिया करने में सहायक होता है।

D. यह पेशियों को अधिक ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए हृदय गति और श्वास दर को बढ़ाता है।

Q15 General Science

कोशिका केंद्रक में DNA निम्नलिखित में से किस पदार्थ के निर्माण के लिए सूचना स्रोत है?

A. ग्लूकोज

B. प्रोटीन ✓

C. फ्रक्टोज

D. लिपिड

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी फसल सुरक्षा की जैविक विधि है?

A. DDT का छिड़काव

B. फसल अवशेष जलाना

C. जुताई

D. कीट शिकारियों को शामिल करना ✓

Q17 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा ऐल्कोहॉल, सामान्यतः ईंधन या ईंधन योज्य के रूप में उपयोग किया जाता है?

A. ब्यूटेनॉल (Butanol)

B. प्रोपेनॉल (Propanol)

C. मेथेनॉल (Methanol)

D. एथेनॉल (Ethanol) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

एक कार विरामावस्था से गति करना शुरू करती है और 4 सेकंड में 20 m/s का वेग प्राप्त कर लेती है। कार का त्वरण कितना है?

A. 100 m/s2

B. 4 m/s2

C. 5 m/s2 ✓

D. 80 m/s2

Q19 General Science

एथेनॉल किस प्रकार्यात्मक समूह की उपस्थिति के कारण जल के साथ मिश्रणीय है?

A. द्विक् आबंध

B. कार्बोक्सिल समूह

C. कार्बन श्रृंखला

D. हाइड्रॉक्सिल समूह ✓

Q20 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, धातुओं के विशिष्ट भौतिक गुणधर्म का सही वर्णन करता है?

A. धातुएं ऊष्मा और विद्युत की कुचालक होती हैं।

B. धातुओं का गलनांक और क्वथनांक निम्न होता है।

C. धातुएं ध्वानिक होती हैं और टकराने पर ध्वनि उत्पन्न करती हैं। ✓

D. धातुएं सामान्यत: भंगुर होती हैं और हथौड़े से पीटने पर आसानी से टूट जाती हैं।

Q21 General Science

अवतल दर्पण के लिए, मुख्य अक्ष के ऊपर एक प्रतिबिंब की ऊंचाई _____।

A. को धनात्मक माना जाता है ✓

B. वस्तु की स्थिति पर निर्भर करती है

C. को ऋणात्मक माना जाता है

D. को शून्य माना जाता है

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका (SER) के कार्य को संदर्भित करता है?

A. शर्करा का आपरिवर्तन

B. राइबोसोम का संयोजन

C. लिपिड का निर्माण ✓

D. प्रोटीन का संश्लेषण

Q23 General Science

विषमांगी मिश्रणों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. इसकी संरचना पूरी तरह एक जैसी है

B. अलग-अलग पदार्थ अपने गुणधर्म बनाए रखते हैं ✓

C. घटकों को अलग नहीं किया जा सकता

D. यह एक यौगिक की तरह व्यवहार करता है

Q24 General Science

एक पिंड एक सरल रेखा में परिवर्तनशील चाल से गतिमान है। 10 s में इसका विस्थापन 50 m है। औसत वेग कितना होगा?

A. 50 m/s

B. 10 m/s

C. 5 m/s ✓

D. 25 m/s

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रजनन स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है?

A. स्वच्छता की अनदेखी

B. जंक फूड

C. जल्दी शादी

D. स्वास्थ्य शिक्षा और चिकित्सा देखभाल ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

भुजा a वाला एक घन प्रतिरोधकता ρ वाले पदार्थ से बना है। घन के दो विपरीत फलकों के बीच प्रतिरोध कितना होगा?

A. ρ/a2
B. 2ρa
C. ρ/a ✓
D. ρa

Q2 General Science

ग्लूकोस का आण्विक द्रव्यमान कितना है? (C = 12 u, H = 1 u, O = 16 u)

A. 150 u
B. 160 u
C. 180 u ✓
D. 120 u

Q3 General Science

जब कोई व्यक्ति पास की किसी वस्तु को देखता है, तो सिलिअरी पेशियां .....।

A. शिथिल होती हैं और लेंस को मोटा करती हैं
B. सिकुड़ती हैं और लेंस को मोटा करती हैं ✓
C. शिथिल होती हैं और लेंस को पतला करती हैं
D. सिकुड़ती हैं और लेंस को पतला करती हैं

Q4 General Science

जब कोई वस्तु एक वृत्तीय पथ पर नियत चाल से गमन करती है, तो उसकी गति को क्या कहते हैं?

A. असमान वृत्तीय गति
B. रैखिक गति
C. अरैखिक गति
D. एकसमान वृत्तीय गति ✓

Q5 General Science

निम्नलिखित सभी वाहन 50 km/hr के वेग से गतिमान हैं। सभी वाहनों को एक ही स्थान पर रोकना है। किस वाहन को रुकने के लिए ब्रेक में अधिक बल लगाना होगा?

A. कार
B. स्कूटर
C. साइकिल
D. बस ✓

Q6 General Science

यदि पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी स्थिर रखते हुए चंद्रमा का द्रव्यमान दोगुना कर दिया जाए, तो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच गुरुत्वाकर्षण बल _____।

A. समान रहेगा
B. आधा रह जाएगा
C. दोगुना हो जाएगा ✓
D. शून्य हो जाएगा

Q7 General Science

निम्नलिखित में से किस समूह को HIV संक्रमण का सबसे अधिक खतरा है?

A. ऐसे व्यक्ति जिनके एक से अधिक असुरक्षित यौन साथी हों ✓
B. जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते हैं
C. जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं
D. व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने वाले लोग

Q8 General Science

गति (movement) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. पादपों में वृद्धि-संबंधी गति, जैसे प्रकाश की ओर झुकना, गति का एक रूप है।
B. आणविक गति केवल प्राणियों में पाई जाती है, पादपों में नहीं। ✓
C. जीवधारी आंतरिक या आणविक गति दर्शाते हैं, तब भी जब बाह्य गति दिखाई नहीं देती।
D. गति जीवधारियों की एक विशेषता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

वयस्कों में वृद्धि हार्मोन के अति-स्रवण के परिणामस्वरूप निम्नलिखित में से क्या होता है?

- A. ऐक्रोमिगली (Acromegaly) ✓
- B. एडिसन-रोग (Addison's disease)
- C. वामनता (Dwarfism)
- D. ग्रेव्स रोग (Graves' disease)

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, एक रासायनिक गुणधर्म को संदर्भित करता है?

- A. तरलता
- B. क्वथनांक
- C. वायु में ज्वलन ✓
- D. गलनांक

Q11 General Science

यदि किसी डिवाइस की रेटिंग 120 V पर 90 W है, तो कर्षित की गई धारा _____ है।

- A. 1.50 A
- B. 1.33 A
- C. 0.25 A
- D. 0.75 A ✓

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, खाद्य श्रृंखला के प्रत्येक चरण से निर्मित होता है?

- A. समताप मंडल स्तर (Stratosphere level)
- B. क्षोभमंडल स्तर (Troposphere level)
- C. पोषी स्तर (Trophic level) ✓
- D. ओजोन परत (Ozone layer)

Q13 General Science

v m/s वेग से गतिमान m द्रव्यमान के एक पिंड की गतिज ऊर्जा 'X' J है। यदि पिंड का वेग 4v m/s में परिवर्तित हो जाए, तो गतिज ऊर्जा का मान कितना होगा?

- A. 16X J ✓
- B. 4X J
- C. 2X J
- D. 8X J

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पादपों में सबसे उभयनिष्ठ सरल स्थायी ऊतक है?

- A. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
- B. मृदूतक (Parenchyma) ✓
- C. हरित ऊतक (Chlorenchyma)
- D. वायूतक (Aerenchyma)

Q15 General Science

मधुमक्षिशाला (apiaries) निम्नलिखित में से किस खाद्य सामग्री के उत्पादन में सहायता करती है?

- A. मछली
- B. शहद ✓
- C. दूध
- D. पोल्ट्री अंडा

Q16 General Science

निम्नलिखित में से किस गुणधर्म के कारण एथेनॉल, पेट्रोल की तुलना में एक बेहतर वैकल्पिक ईंधन होता है?

- A. एथेनॉल का क्वथनांक, पेट्रोल से उच्च होता है।
- B. एथेनॉल का दहन स्वच्छ, धुआँ रहित ज्वाला के साथ होता है। ✓
- C. एथेनॉल के दहन पर हानिकारक धुआँ उत्पन्न होता है।
- D. एथेनॉल एक ठोस ईंधन है।

Q17 General Science

उत्तल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- A. वास्तविक और सीधा प्रतिबिंब
- B. आभासी और सीधा प्रतिबिंब ✓
- C. वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब
- D. आवर्धित प्रतिबिंब

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, टिन्डल प्रभाव **नहीं** दिखाएगा?

- A. पायस (Emulsion)
- B. दुग्ध (Milk)
- C. कॉपर सल्फेट विलयन (Copper sulphate solution) ✓
- D. मंड (Starch)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

जनन के निम्नलिखित में से किस रूप में, नई पीढ़ी के जनन के लिए नर और मादा दोनों लिंग की आवश्यकता होती है?

A. खंडीभवन

B. बीजाणु निर्माण

C. लैंगिक जनन ✓

D. मुकुलन

Q20 General Science

_____ अयस्कों को भर्जन की प्रक्रिया द्वारा उनके संबंधित ऑक्साइडों में परिवर्तित किया जाता है।

A. क्लोराइड

B. कार्बोनेट

C. सल्फाइट

D. सल्फाइड ✓

Q21 General Science

एक सफेद ठोस तनु HCl के साथ अभिक्रिया करके एक गैस बनाता है जो चूने के पानी को दूधिया कर देता है। इससे निश्चित रूप से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

A. गैस हाइड्रोजन है, जो एक अभिक्रियाशील धातु को इंगित करती है।

B. ठोस कैल्शियम कार्बोनेट है।

C. गैस कार्बन डाइऑक्साइड है; ठोस या तो कार्बोनेट या बाइकार्बोनेट है। ✓

D. ठोस एक धातु कार्बोनेट है, जो कार्बन डाइऑक्साइड अवमुक्त करता है।

Q22 General Science

कार्बन यौगिकों का सहसंयोजक आबंधन आचरण इन यौगिकों की निम्नलिखित में से किस विशेषता से मेल खाता है?

A. निम्न गलनांक

B. उच्च चालकता

C. निम्न क्वथनांक

D. निम्न गलनांक और निम्न क्वथनांक दोनों ✓

Q23 General Science

बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र क्या है?

A. NaOH

B. NaCl

C. $NaHCO_3$ ✓

D. Na_2CO_3

Q24 General Science

अपखंडन (अलैंगिक प्रजनन) के संबंध में कौन-सा कथन **गलत** है?

A. बीजाणु निर्माण एक प्रकार की अपखंडन प्रक्रिया है ✓

B. बहुकोशिकीय जीवों में पाया जाता है

C. आनुवंशिक रूप से समान संतति उत्पन्न करता है

D. विभाजन से पहले परिपक्वता शामिल है

Q25 General Science

रोगी के हृदय स्पंद की ध्वनि स्टेथोस्कोप के माध्यम से डॉक्टर के कानों तक कैसे पहुंचती है?

A. ध्वनि बिना किसी परावर्तन के सीधे स्टेथोस्कोप से होकर गुज़रती है।

B. स्टेथोस्कोप में, ध्वनि के बहु परावर्तन द्वारा रोगी के हृदय स्पंद की ध्वनि डॉक्टर के कानों तक पहुँचती है। ✓

C. ध्वनि, छाती से वायु के माध्यम से डॉक्टर के कानों तक पहुंचाती है।

D. स्टेथोस्कोप हृदय स्पंद की ध्वनि को प्रवर्धित करने के लिए विद्युत का उपयोग करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

किसी वस्तु की स्थितिज ऊर्जा किस पर निर्भर करती है?

- A. इसकी स्थिति या विन्यास ✓
- B. इसका तापमान
- C. इसका रंग और आकृति
- D. गति के दौरान इसकी चाल

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, थॉमसन के परमाणु मॉडल का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

- A. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर निश्चित कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं।
- B. परमाणु में एक धनावेशित नाभिक होता है और इलेक्ट्रॉन उसके बाहर होते हैं।
- C. परमाणु अधिकांशतः एक सघन नाभिक वाला रिक्त स्थान होता है।
- D. परमाणु धनात्मक आवेश का एक गोला होता है जिसमें इलेक्ट्रॉन तरबूज के बीजों की भांति अंतर्निहित होते हैं। ✓

Q3 General Science

एक पारिस्थितिकी तंत्र में एक पोषी स्तर से दूसरे पोषी स्तर तक लगभग कितने प्रतिशत ऊर्जा स्थानांतरित होती है?

- A. 50%
- B. 10% ✓
- C. 1%
- D. 90%

Q4 General Science

अयस्क से अवशेषांश (गैंग) को हटाने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया उनके रासायनिक या भौतिक गुणों के अंतर के आधार पर कार्य करती है और इसे अयस्कों का _____ कहा जाता है।

- A. समृद्धिकरण (enrichment) ✓
- B. रंजन (colouring)
- C. भारण (weighing)
- D. पॉलिशन (polishing)

Q5 General Science

निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया द्वारा बेकिंग सोडा से धावन सोडा प्राप्त किया जाता है?

- A. बेकिंग सोडा को गर्म करके जल से क्रिस्टलीकरण करके ✓
- B. बेकिंग सोडा में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिश्रित करके
- C. चूने के पानी के साथ बेकिंग सोडा को मिश्रित करके
- D. सूर्य के प्रकाश में बेकिंग सोडा का वाष्पीकरण करके

Q6 General Science

विकासशील मानव भ्रूण द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट का निपटान निम्नलिखित में से किस अंग की सहायता से किया जाता है?

- A. प्लैसेन्टा (Placenta) ✓
- B. डिंबवाहिनी नली (Fallopian tube)
- C. वृषणकोश (Scrotum)
- D. डिंबग्रंथी (Ovaries)

Q7 General Science

वह प्रक्रिया क्या कहलाती है, जिसमें श्वेत प्रकाश विभिन्न रंगों में विभक्त हो जाता है?

- A. प्रकीर्णन (Scattering)
- B. विक्षेपण (Dispersion) ✓
- C. अपवर्तन (Refraction)
- D. परावर्तन (Reflection)

Q8 General Science

यदि पृथ्वी की सतह पर मापे जाने पर किसी वस्तु का भार 60 N है, तो चंद्रमा की सतह पर मापे जाने पर उसका लगभग भार कितना होगा?

- A. 15 N
- B. 60 N
- C. 10 N ✓
- D. 360 N

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- A. वे चुम्बक के अंदर और बाहर बंद लूप बनाती हैं ✓
- B. वे केवल चुम्बक के केंद्र से निकलती हैं
- C. वे सदैव प्रतिच्छेद करती हैं
- D. वे आवेशित कणों का पथ दर्शाती हैं

Q10 General Science

पादपों में लैंगिक जनन द्वारा उत्पन्न विविधता के महत्व के संदर्भ में दिए गए कथनों को पढ़िए और सबसे अधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: जनन, प्रजातियों की जनसंख्या के स्थायित्व से संबंधित है।
कथन B: इस प्रकार, समय के साथ प्रजातियों की उत्तरजीविता के लिए विविधता उपयोगी नहीं है।

- A. कथन A गलत है, लेकिन कथन B सही है
- B. कथन A सही है, लेकिन कथन B गलत है ✓
- C. कथन A और कथन B दोनों सही हैं
- D. कथन A और कथन B दोनों गलत हैं

Q11 General Science

जब कोई अम्ल, धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो सामान्यतः कौन-सी गैस उत्पन्न होती है?

- A. कार्बन डाइऑक्साइड गैस ✓
- B. हाइड्रोजन गैस
- C. नाइट्रोजन गैस
- D. ऑक्सीजन गैस

Q12 General Science

रदरफोर्ड के किस प्रयोग से परमाणु नाभिक की खोज हुई?

- A. बीटा-कण प्रकीर्णन
- B. कैथोड किरण प्रयोग
- C. ऐल्फा-कण प्रकीर्णन ✓
- D. प्रकाश-विद्युत प्रभाव

Q13 General Science

जब लेड (II) नाइट्रेट और पोटेशियम आयोडाइड के घोल को मिलाया जाता है, तो अभिक्रिया से निम्नलिखित में से किसका निर्माण होता है?

- A. लेड आयोडाइड का नारंगी अवक्षेप बनता है।
- B. लेड सल्फेट का एक पीला अवक्षेप बनता है।
- C. लेड आयोडेट का नारंगी अवक्षेप बनता है।
- D. लेड आयोडाइड का एक पीला अवक्षेप बनता है। ✓

Q14 General Science

पादपों में धनात्मक गुरुत्वानुवर्तन संचलन (geotropism movement) के लिए _____ उत्तरदायी है।

- A. प्रकाश
- B. गुरुत्व ✓
- C. रसायन
- D. जल

Q15 General Science

महिलाओं में डिंबवाहिनी नली के अवरुद्ध होने पर क्या रोका जा सकता है?

- A. आर्तव चक्र (Menstrual cycle)
- B. निषेचन (Fertilisation) ✓
- C. अंडा उत्पादन (Egg production)
- D. प्रसव (Childbirth)

Q16 General Science

220 V पर चलने वाला एक विद्युत इस्त्री, अपने अधिकतम तापन पर 840 W की दर से ऊर्जा की खपत करता है। इस्त्री में प्रयुक्त कुंडली का प्रतिरोध कितना है?

- A. 57.6 Ω ✓
- B. 55.6 Ω
- C. 47.6 Ω
- D. 50.6 Ω

Q17 General Science

एकसमान वृत्तीय गति में वेग की दिशा क्या होती है?

- A. वृत्त की त्रिज्या के अनुदिश
- B. वृत्त के केंद्र की ओर
- C. वृत्त से दूर
- D. वृत्त की स्पर्शरेखा के अनुदिश ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

अधिकांश कार्बन यौगिकों में सामान्यतः किस प्रकार का आबंधन पाया जाता है?

A. हाइड्रोजन आबंधन

B. आयनी आबंधन

C. सहसंयोजक आबंधन ✓

D. उपसहसंयोजी आबंधन

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, 2 के रूप में संयोजकता संख्या दर्शाने वाला सही उदाहरण है?

A. अमोनियम और सल्फेट

B. सोडियम और सल्फेट

C. सल्फेट और सल्फाइट ✓

D. फॉस्फेट और नाइट्राइड

Q20 General Science

एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 4 kHz है और तरंगदैर्ध्य 15 cm है। 1.8 km की दूरी तय करने में इसे कितना समय लगेगा?

A. 0.03 सेकंड

B. 0.003 सेकंड

C. 3 सेकंड ✓

D. 4 सेकंड

Q21 General Science

यूकेरियोटिक कोशिकाओं में, चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका मुख्य रूप से _____ के लिए होता है।

A. शर्करा विघटन (Sugar breakdown)

B. लिपिड संश्लेषण और विषहरण ✓

C. प्रोटीन संश्लेषण

D. आनुवंशिक जानकारी भंडारण

Q22 General Science

जीवद्रव्य झिल्ली (plasma membrane) के अतिरिक्त, निम्नलिखित में से कौन-सा बाहरी आवरण पादप कोशिकाओं में मौजूद होता है?

A. केंद्रकीय झिल्ली

B. तारककेंद्र

C. कोशिकाद्रव्य

D. कोशिका भित्ति ✓

Q23 General Science

एक कोशिका विभाजित होकर दो समान संतति कोशिकाएँ बनाती है, जिनमें से प्रत्येक में गुणसूत्र संख्या जनक कोशिका के समान होती है। इसे किस प्रकार का कोशिका विभाजन कहते हैं?

A. अर्धसूत्रीविभाजन (Meiosis)

B. कोशिकाद्रव्य-विभाजन (Cytokinesis)

C. समसूत्री विभाजन (Mitosis) ✓

D. मुकुलन (Budding)

Q24 General Science

2 kg द्रव्यमान का एक पिंड 10 m/s के वेग से गतिमान है। 5 s के लिए 4 N का बल प्रयुक्त किया जाता है। अंतिम वेग ज्ञात कीजिए।

A. 15 m/s

B. 20 m/s ✓

C. 25 m/s

D. 35 m/s

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वायुमंडलीय अपवर्तन के लिए जिम्मेदार है?

A. वायु के अणुओं द्वारा प्रकाश का अवशोषण

B. वायुमंडल द्वारा प्रकाश का परावर्तन

C. वायु घनत्व में परिवर्तन के कारण प्रकाश का बंकन ✓

D. वायुमंडल में प्रकाश का प्रकीर्णन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, वाष्पन की दर को **नहीं** बढ़ाता है?

A. तापमान में वृद्धि

B. पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि

C. पवन की चाल में वृद्धि

D. आर्द्रता में वृद्धि ✓

Q2 General Science

एकसमान गति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. दूरी-समय ग्राफ का ढलान स्थिर है। ✓

B. दूरी-समय ग्राफ का ढलान बढ़ रहा है।

C. दूरी-समय ग्राफ का ढलान शून्य है।

D. दूरी-समय ग्राफ का ढलान घट रहा है।

Q3 General Science

प्रतिवर्त क्रिया के कार्य में निम्नलिखित में से कौन-सा अंग शामिल है?

A. मेरुरज्जु (Spinal cord) ✓

B. वृक्क (Kidney)

C. मध्य कर्ण (Middle ear)

D. प्लीहा (Spleen)

Q4 General Science

कार्बन परमाणुओं का कौन-सा अद्वितीय गुण, उन्हें अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ लंबी और स्थिर श्रृंखला बनाने में सक्षम बनाता है?

A. अपररूपता (Allotropy)

B. चतुष्संयोजकता (Tetravalency)

C. श्रृंखलन (Catenation) ✓

D. समावयवता (Isomerism)

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, मांसपेशीय गति के लिए उत्तरदायी घटनाओं के अनुक्रम का सही वर्णन करता है?

A. रूधिर प्रवाह → प्रोटीन सक्रियण → तंत्रिका आवेग → गति

B. पाचन → रूधिर परिसंचरण → गति

C. तंत्रिका आवेग → मांसपेशी प्रोटीन अनुक्रिया → मांसपेशी संकुचन ✓

D. DNA प्रतिकृति → प्रोटीन संश्लेषण → मांसपेशी गति

Q6 General Science

जब जिप्सम को 373 K पर गर्म किया जाता है, तो यह क्रिस्टलन जल का त्याग कर देता है और _____ बनाता है।

A. कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट ✓

B. कैल्शियम क्लोराइड पेंटाहाइड्रेट

C. कैल्शियम क्लोराइड हेमीहाइड्रेट

D. कैल्शियम सल्फेट पेंटाहाइड्रेट

Q7 General Science

बेकिंग सोडा निम्नलिखित में से किस प्रक्रम का उपयोग करके तैयार किया जाता है?

A. हाबर प्रक्रम (Haber process)

B. क्लोर-क्षार प्रक्रम (Chlor-alkali process)

C. सॉल्वे प्रक्रम (Solvay process) ✓

D. डीकन प्रक्रम (Deacon's process)

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दैनिक जीवन में pH के महत्व को सही ढंग से समझाता है?

A. जब बैक्टीरिया की सक्रियता के कारण मुंह का पीएच 7.5 से ऊपर बढ़ जाता है तो दांतों का इनेमल घुल जाता है।

B. हमारा आमाशय पीएच को 2 के आसपास बनाए रखने के लिए हाइड्रोक्लोरिक एसिड का स्राव करता है, जिससे पाचन में सहायता मिलती है। ✓

C. मधुमक्खी के डंक से एक क्षारीय तरल पदार्थ निकलता है, इसलिए इसका उपचार सिरके जैसे कमजोर अम्ल से किया जाता है।

D. अम्लीय वर्षा का pH मान 7 से अधिक होता है, जो जलीय जीवन को नुकसान पहुंचाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित पदार्थों में से किसमें कक्ष तापमान पर सबसे अधिक विद्युत प्रतिरोधकता होती है?

A. क्रोमियम
B. पारा
C. मैंगनीज ✓
D. लोहा

Q10 General Science

मानव मादाओं में निम्नलिखित में से कौन-सा अंग हार्मोन उत्पन्न कर सकता है?

A. लार ग्रंथियाँ (Salivary glands)
B. गर्भाशय ग्रीवा (Cervix)
C. फैलोपियन ट्यूब (Fallopian tubes)
D. अंडाशय (Ovaries) ✓

Q11 General Science

गुरुत्वीय त्वरण (g) की गणना करने का सूत्र क्या है, जहाँ G सार्वत्रिक गुरूत्वीय स्थिरांक है, M पृथ्वी का द्रव्यमान है, और R पृथ्वी की त्रिज्या है?

A. g=GM2/R
B. g=GM/R
C. g=GM/R2 ✓
D. g=GR/M2

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था, वाष्पीकरण के अनुकूल **नहीं** होगी?

A. उच्च आर्द्रता ✓
B. उच्च तापमान
C. निम्न आर्द्रता
D. उच्च पवन चाल

Q13 General Science

मेरिस्टेमेटिक ऊतक की कोशिकाओं में रिक्तिकाओं का अभाव होता है क्योंकि _____।

A. रिक्तिकाएँ श्वसन एंजाइमों को अवरुद्ध करती हैं
B. मेरिस्टेमेटिक कोशिकाएं सक्रिय रूप से विभाजित होती हैं और उन्हें सघन कोशिकाद्रव्य की आवश्यकता होती है ✓
C. रिक्तिकाएँ कोशिका मृत्यु का कारण बनती हैं
D. मेरिस्टेमेटिक कोशिकाएं मृत होती हैं और उन्हें रिक्तिकाओं की आवश्यकता नहीं होती

Q14 General Science

एक अवतल लेंस की फोकस दूरी 15 cm है। एक वस्तु लेंस से 30 cm की दूरी पर रखी गई है। लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन कितना होगा?

A. +0.66
B. +0.33 ✓
C. -0.66
D. -0.33

Q15 General Science

एक उपग्रह पृथ्वी के परित: एक समान वृत्तीय कक्षा में घूम रहा है। इसकी गति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. उपग्रह का वेग एवं त्वरण स्थिर है।
B. उपग्रह की चाल स्थिर है, लेकिन इसका वेग स्थिर नहीं है। ✓
C. उपग्रह की चाल स्थिर है तथा इसमें कोई त्वरण नहीं है।
D. उपग्रह का वेग स्थिर है, लेकिन इसकी चाल स्थिर नहीं है।

Q16 General Science

पादप कोशिकाओं में ल्यूकोप्लास्ट का मुख्य कार्य क्या है?

A. स्टार्च, तेल और प्रोटीन जैसी सामग्रियों का भंडारण ✓
B. सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करना
C. फूलों को रंग देना
D. अपशिष्ट पदार्थों का विभंजन

Q17 General Science

निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने वंशागति के नियमों पर पहुंचने के लिए विज्ञान और गणित के अपने ज्ञान को मिश्रित किया?

A. ग्रेगर जोहान मेंडल (Gregor Johann Mendel) ✓
B. कैमिलो गोल्गी (Camillo Golgi)
C. ई. रदरफोर्ड (E Rutherford)
D. जॉन डाल्टन (John Dalton)

Q18 General Science

जब वस्तु मुख्य फोकस और ध्रुव के बीच रखी जाती है, तो अवतल दर्पण द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. वास्तविक, उल्टा, छोटा
B. वास्तविक, उल्टा, अत्यधिक छोटा (बिंदु प्रतिबिंब)
C. वास्तविक, उल्टा, समान आकार
D. आभासी, सीधा, आवर्धित ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, आयन को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

A. प्रोटॉनों और इलेक्ट्रॉनों की समान संख्या वाला एक परमाणु

B. एक परमाणु या परमाणुओं का समूह जिसमें धनात्मक या ऋणात्मक आवेश होता है ✓

C. प्रोटॉनों की तुलना में न्यूट्रॉनों की अधिक संख्या वाला एक अणु

D. परमाणुओं के संयोजन से बना एक उदासीन कण

Q20 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गतिज ऊर्जा का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

A. यह वह ऊर्जा है जो किसी पिंड में उसकी गति के कारण होती है, और यह पिंड की चाल बढ़ने पर बढ़ती है। ✓

B. यह वह ऊर्जा है जो पिंड की चाल बढ़ने पर घटती है।

C. यह वह ऊर्जा है जो किसी पिंड के विरामावस्था में होने के कारण होती है।

D. यह वह संग्रहित ऊर्जा है जो किसी पिंड में उसके आकार के कारण होती है।

Q21 General Science

पादप कोशिकाएं, जंतु पेशी कोशिकाओं जैसी विशेषीकृत प्रोटीन के बिना, किसी उद्दीपन पर शीघ्र अनुक्रिया कैसे करती हैं?

A. प्रतिरक्षा अनुक्रियाएं उत्पन्न करके

B. स्फीति या संकुचन करने के लिए जलांश में परिवर्तन करके ✓

C. केवल एंजाइम स्रावित करके

D. शीघ्र ऊर्जा मुक्त करने के लिए भोजन को विखंडित करके

Q22 General Science

ध्वनि तरंगों को यांत्रिक तरंगों के रूप में क्यों वर्गीकृत किया जाता है?

A. ये तरंग संचरण के लंबवत दोलन करती हैं

B. ये प्रकाश दोलन उत्पन्न करती हैं

C. ये माध्यम में कणों की गति द्वारा अभिलक्षित होती हैं ✓

D. इन्हें यात्रा करने के लिए किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है

Q23 General Science

प्रजनन की प्रक्रिया के दौरान उत्पादित DNA प्रतिलिपिकरण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. उत्पन्न DNA प्रतिलिपियां समान होती हैं लेकिन समरूप नहीं होती हैं।

B. DNA प्रतिलिपिकरण पूर्णतः त्रुटि-रहित प्रक्रिया है। ✓

C. प्रजनन के लिए DNA की प्रतिलिपि बनना एक पूर्वापेक्षा है।

D. DNA प्रतिलिपियां एकल-रज्जुक होती हैं।

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एक लंबी, सीधी, धारा-वाहक सोलेनोइड के अंदर चुंबकीय क्षेत्र के लिए सही है?

A. जैसे-जैसे हम इसके अंत की ओर बढ़ते हैं, यह बढ़ता जाता है।

B. यह शून्य है।

C. जैसे-जैसे हम इसके अंत की ओर बढ़ते हैं, यह घटता जाता है।

D. यह सभी बिंदुओं पर समान होता है। ✓

Q25 General Science

शाखित श्रृंखला कार्बनिक यौगिक 'निओपेन्टेन' के संरचनात्मक सूत्र को _____ द्वारा दर्शाया जा सकता है।

A. CH3-CH(CH)3)-CH2-CH3

B. CH_3-CH(CH_3)-CH_3

C. $C(CH_3)_4$ ✓

D. CH3-CH(CH)3)-CH2-CH2-CH3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा एक समांगी मिश्रण है?

A. मृदा
B. रेत और लोह चूर्ण
C. वायु ✓
D. तेल और जल

Q2 General Science

किसी परिनालिका के अन्दर चुम्बकीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. यह असमान होता है।
B. यह एकसमान समान्तर सीधी रेखाओं के रूप में होता है। ✓
C. यह शून्य होता है।
D. यह यादृच्छिक पैटर्न बनाता है।

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक संतृप्त हाइड्रोकार्बन के रूप में वर्गीकृत है?

A. एथीन (Ethene)
B. बेंजीन (Benzene)
C. एथाइन (Ethyne)
D. एथेन (Ethane) ✓

Q4 General Science

स्पाइरोगाइरा (Spirogyra) में, प्रत्येक खंड एक पूर्ण जीव में विकसित हो जाता है। इसका संभावित कारण क्या हो सकता है?

A. प्रत्येक कोशिका स्वतंत्र वृद्धि करने में सक्षम होती है। ✓
B. प्रत्येक खंड में जड़ें होती हैं।
C. प्रत्येक खंड में जटिल अंग होते हैं।
D. विखंडन केवल प्रयोगशाला स्थितियों में ही होता है।

Q5 General Science

जब प्रकाश की किरण एक गोलीय लेंस के प्रकाशिक केंद्र से होकर गुजरती है, तो यह _____ ।

A. अविचलित उभरती है ✓
B. अभिलंब से विचलित हो जाती है
C. फोकस की ओर मुड़ जाती है
D. हमेशा परावर्तित होती है

Q6 General Science

किसी पिंड को एकसमान गति में कहा जाता है, यदि _____।

A. यह समान समय अंतराल में समान दूरियां तय करता है ✓
B. यह असमान समय अंतराल में समान दूरियां तय करता है
C. यह असमान समय अंतराल में असमान दूरियां तय करता है
D. यह समान समय अंतराल में असमान दूरियां तय करता है

Q7 General Science

प्लास्टर ऑफ पेरिस निम्नलिखित में से किसे गर्म करके विरचित किया जाता है?

A. जिप्सम ✓
B. चूना पत्थर
C. बुझा हुआ चूना
D. बेकिंग सोडा

Q8 General Science

जनन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

1. बैल अकेले ही बछड़ा पैदा कर सकता है।
2. मुर्गियाँ अकेले नये चूज़े उत्पन्न नहीं कर सकतीं।

A. दोनों कथन सत्य हैं।
B. कथन 1 सत्य है लेकिन कथन 2 असत्य है।
C. कथन 2 सत्य है लेकिन कथन 1 असत्य है। ✓
D. दोनों कथन असत्य हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

मस्तिष्क को चिंतन गतिविधियों के लिए क्या उपयुक्त बनाता है?

A. इसका चिकना पृष्ठ

B. इसका हृदय से संबंध

C. कानों के पास इसकी अवस्थिति

D. कई न्यूरॉन्स वाली इसकी जटिल व्यवस्था ✓

Q10 General Science

अपच के दौरान, आमाशय बहुत अधिक अम्ल उत्पन्न करता है, जिसे निम्नलिखित में से किसके द्वारा निष्प्रभावित किया जा सकता है?

A. मैग्नीशियम कार्बोनेट (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया)

B. मैग्नीशियम सल्फेट (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया)

C. मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया) ✓

D. मैग्नीशियम ऑक्साइड (मिल्क ऑफ मैग्नीशिया)

Q11 General Science

किसी गतिमान पिंड द्वारा अपनी गति के कारण प्राप्त की गयी ऊर्जा _____कहलाती है।

A. गतिज ऊर्जा ✓

B. स्थितिज ऊर्जा

C. तापीय ऊर्जा

D. रासायनिक ऊर्जा

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था, वाष्पीकरण की दर में वृद्धि **नहीं** करेगी?

A. तापमान में वृद्धि

B. पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि

C. पवन चाल में कमी ✓

D. आर्द्रता में कमी

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक, अत्यधिक प्रत्यास्थ होता है और हमारे शरीर में दो अस्थियों को जोड़े रखने में सहायक होता है?

A. मास्ट कोशिका (Mast cell)

B. महाभक्षकाणु (Macrophage)

C. वसाणु (Adipocyte)

D. स्नायु (Ligament) ✓

Q14 General Science

किस विभज्योतकी ऊतक में ऑक्सिन (Auxin) का स्तर सर्वाधिक होता है?

A. पार्श्वीय विभज्योतकी ऊतक (Lateral Meristematic tissue)

B. अंतर्वेशी विभज्योतकी ऊतक (Intercalary Meristematic tissue)

C. शीर्षस्थ विभज्योतकी ऊतक (Apical Meristematic tissue) ✓

D. जाइलम (Xylem)

Q15 General Science

किसी वस्तु का पृथ्वी पर भार 24 N है। चंद्रमा की सतह पर उसका भार कितना होगा?

A. 240 N

B. 6 N

C. 4 N ✓

D. 144 N

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी राशि, विस्थापन-समय ग्राफ में ढाल को निरूपित करती है?

A. त्वरण

B. रैखिक वेग ✓

C. चाल

D. दूरी

Q17 General Science

अनाज के भंडारण के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सी एक जैविक हानि **नहीं** है?

A. कीटों के कारण हानि

B. सूक्ष्मकीटों के कारण हानि

C. कृंतकों के कारण हानि

D. अनुपयुक्त नमी के कारण हानि ✓

Q18 General Science

बड़े हॉल या ऑडिटोरियम में ध्वनि के कई परावर्तनों का प्रभाव क्या होता है?

A. यह ध्वनि प्रसार को अवरुद्ध करता है

B. यह ध्वनि को ऊष्मा में रूपांतरित करता है

C. यह ध्वनि के एकसमान वितरण में मदद करता है ✓

D. यह सभी प्रतिध्वनियों को समाप्त कर देता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

वृत्तीय लूप के कारण चुंबकीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

- A. क्षेत्र धारा और त्रिज्या पर निर्भर करता है। ✓
- B. क्षेत्र रेखाएं लूप के तल के समानांतर होती हैं।
- C. लूप के परित: प्रत्येक स्थान पर क्षेत्र एकसमान होता है।
- D. केंद्र पर क्षेत्र रेखाएँ वृत्तीय होती हैं।

Q20 General Science

जल के नीचे रहने के लिए जंतुओं द्वारा किस गैस का उपयोग किया जाता है?

- A. नाइट्रोजन
- B. घुलित ऑक्सीजन ✓
- C. शुष्क कार्बन डाइऑक्साइड
- D. कार्बन डाइऑक्साइड

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा नेत्र दोष, मुख्य रूप से उम्र के साथ समंजन क्षमता के दुर्बल होने के कारण होता है?

- A. जरा दूरदर्शिता (Presbyopia) ✓
- B. निकटदृष्टिता (Myopia)
- C. अबिंदुकता (Astigmatism)
- D. दूरदृष्टिता (Hypermetropia)

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी जीवन प्रक्रिया, ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में ग्लूकोज के विघटन का कारण बनती है?

- A. पाचन
- B. उत्सर्जन
- C. वायवीय श्वसन
- D. किण्वन ✓

Q23 General Science

निम्नलिखित यौगिक का IUPAC नाम क्या है?

$CH_3CHBrCH_2CH_2CH_3$

- A. 1-ब्रोमोपेन्टेन (1-Bromopentane)
- B. 2-ब्रोमोपेन्टेन (2-Bromopentane) ✓
- C. 2-ब्रोमोपेन्टीन (2-Bromopentene)
- D. 3-ब्रोमोपेन्टेन (3-Bromopentane)

Q24 General Science

निम्नलिखित अभिक्रिया $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$ में, लोहा _____।

- A. उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है
- B. अपरिवर्तित रहता है
- C. अपचयित हो जाता है
- D. ऑक्सीकृत हो जाता है ✓

Q25 General Science

एक आनुवंशिक प्रयोगशाला में, एक निषेचित मानव भ्रूण में XX गुणसूत्र पाए जाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

- A. भ्रूण मानव मादा बन जाएगा। ✓
- B. भ्रूण मानव नर बन जायेगा।
- C. भ्रूण में लिंग गुणसूत्रों का अभाव होता है।
- D. भ्रूण में एक अतिरिक्त Y गुणसूत्र होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

उस स्थान का नाम क्या है जहाँ व्यावसायिक शहद उत्पादन के लिए मधुमक्खियों को रखा जाता है?

A. एक्वेरियम (Aquarium)
B. सैंक्चुअरी (Sanctuary)
C. एवियरी (Aviary)
D. एपिअरी (Apiary) ✓

Q2 General Science

धातुओं के संक्षारण को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि प्रभावी नहीं है?

A. पेंटिंग
B. नमी के संपर्क में आना ✓
C. गैल्वनीकरण
D. उत्सर्गी ऐनोड लगाना

Q3 General Science

अभिक्रियाशीलता श्रृंखला, जिसे सक्रियता श्रृंखला के रूप में भी जाना जाता है, धातुओं की एक सूची है जो उनकी _____ के क्रम में व्यवस्थित होती है।

A. बढ़ती अभिक्रियाशीलता
B. पहले बढ़ती अभिक्रियाशीलता, फिर घटती अभिक्रियाशीलता
C. पहले घटती अभिक्रियाशीलता, फिर बढ़ती अभिक्रियाशीलता
D. घटती अभिक्रियाशीलता ✓

Q4 General Science

गोली चलाने पर बंदूक पीछे की ओर धक्का देती है। बंदूक की पश्च गति का कारण क्या है?

A. बंदूक और व्यक्ति के बीच घर्षण
B. वायु प्रतिरोध
C. बंदूक पर गोली का प्रतिक्रिया बल ✓
D. बंदूक पर कार्यरत गुरुत्वाकर्षण

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक असंतृप्त है?

A. मेथेन
B. प्रोपेन
C. ब्यूटेन
D. प्रोपीन ✓

Q6 General Science

1.5 C का आवेश विभवांतर से होकर गुजरता है। यदि किया गया कार्य 30 J है, तो दोनों बिंदुओं के बीच विभवांतर कितना होगा?

A. 45 V
B. 20 V ✓
C. 25 V
D. 30 V

Q7 General Science

तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करने पर निम्नलिखित में से कौन-सी गैस निकलती है?

A. नाइट्रोजन
B. कार्बन डाइऑक्साइड ✓
C. ऑक्सीजन
D. हाइड्रोजन

Q8 General Science

पादपों में लैंगिक जनन हेतु क्या आवश्यकता होती है?

A. समरूप एकपुंजक बनाना
B. परागण की आवश्यकता को समाप्त करना
C. बेहतर अनुकूलन के लिए आनुवंशिक विभेद को बढ़ाना ✓
D. पुष्पों की वृद्धि न होने देना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

एक अवतल लेंस किसी वस्तु के आकार का एक-तिहाई प्रतिबिंब बनाता है। यदि फोकस दूरी 12 cm है, तो वस्तु की दूरी कितनी होगी?

A. 36 cm
B. 12 cm
C. 18 cm
D. 24 cm ✓

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यावरणीय संकेत कुछ सरीसृपों में निषेचित अंडे के लिंग का निर्धारण करता है?

A. स्पर्श
B. जल
C. वायु वेग
D. तापमान ✓

Q11 General Science

हवा में ध्वनि तरंगें अनुदैर्घ्य होती हैं क्योंकि.....।

A. कण संचरण की दिशा के लंबवत गति करते हैं
B. वायु के अणु कंपन नहीं करते
C. कण संचरण की दिशा में गति करते हैं ✓
D. कण अनियमित रूप से गति करते हैं

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी लोकप्रिय समुद्री मछली की किस्म भारत में पाई जाती है?

A. कतला (Catla)
B. पॉम्फ्रेट (Pomfret) ✓
C. मृगल (Mrigal)
D. रोहू (Rohu)

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक, जीवन की क्रियाकलापों के लिए आवश्यक एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (Adenosine Tri Phosphate - ATP) अणु का मोचन करता है?

A. लयनकाय (Lysosomes)
B. गॉल्जी उपकरण (Golgi apparatus)
C. सूत्रकणिका (Mitochondria) ✓
D. रसधानी (Vacuoles)

Q14 General Science

यदि कोई पिंड किसी ऊंचाई से स्वतंत्र रूप से गिरता है, तो उसकी स्थितिज ऊर्जा _____ में परिवर्तित हो जाती है।

A. ध्वनि ऊर्जा
B. गतिज ऊर्जा ✓
C. तापीय ऊर्जा
D. रासायनिक ऊर्जा

Q15 General Science

परमाणु संख्या को परमाणु के नाभिक में उपस्थित _____ की कुल संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

A. केवल प्रोटॉन ✓
B. न्यूट्रॉन और आधे प्रोटॉन
C. प्रोटॉन और न्यूट्रॉन
D. केवल न्यूट्रॉन

Q16 General Science

लेंसों के लिए चिह्न परिपाटी में, सभी दूरियां _____से मापी जाती हैं।

A. लेंस के फोकस
B. केवल मुख्य अक्ष
C. लेंस के प्रकाशिक केंद्र ✓
D. लेंस के ध्रुव

Q17 General Science

एक कार 50 km h^{-1} की औसत चाल से 100 km की यात्रा करती है और तुरंत उसी मार्ग से 1 घंटे में दूरी तय करके वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए कार की औसत चाल m s^{-1} में कितनी है?

A. 18.52 m s−1 ✓
B. 13.9 m s−1
C. 20.0 m s−1
D. 16.67 m s−1

Q18 General Science

यदि किसी सतह पर लगने वाला प्रणोद स्थिर है लेकिन संपर्क क्षेत्र घटता है, तो दाब .....।

A. घटता है
B. वही रहता है
C. शून्य हो जाता है
D. बढ़ता है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

कार्बन-13 समस्थानिक का परमाण्विक द्रव्यमान कितना है?

- A. 13 amu ✓
- B. 12 amu
- C. 11 amu
- D. 14 amu

Q20 General Science

नीचे दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

कथन I: जिंक कॉपर सल्फेट विलयन से कॉपर को विस्थापित करता है, लेकिन कॉपर, जिंक सल्फेट विलयन से जिंक को विस्थापित नहीं कर सकता।
कथन II: अभिक्रियाशीलता श्रेणी में जिंक, कॉपर से अधिक अभिक्रियाशील है।

- A. केवल कथन II सही है।
- B. दोनों कथन सही हैं, तथा कथन II कथन I की सही व्याख्या करता है। ✓
- C. दोनों कथन सही हैं, लेकिन कथन II कथन I की व्याख्या नहीं करता है।
- D. केवल कथन I सही है।

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा जीव द्विविखंडन (binary fission) विधि द्वारा प्रजनन करता है?

- A. नीम का पौधा
- B. गुलाब का पौधा
- C. लीशमैनिया ✓
- D. तितली

Q22 General Science

संयोजी ऊतक में कोशिकाओं की एक-दूसरे के सापेक्ष संबन्धित स्थिति क्या होती है?

- A. एक के ऊपर एक (One above the other)
- B. कसकर भरा हुआ (Tightly packed)
- C. एक दूसरे से बहुत दूर (Far away from each other) ✓
- D. ढीला बंधा हुआ (Loosely packed)

Q23 General Science

द्रव्यमान संरक्षण का नियम क्या वर्णन करता है?

- A. रासायनिक अभिक्रिया में आयतन को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है
- B. रासायनिक अभिक्रिया में तापमान को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है
- C. रासायनिक अभिक्रिया में दाब को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है
- D. रासायनिक अभिक्रिया में द्रव्यमान को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है ✓

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प जंतुओं में अनॉक्सी श्वसन के अंतिम उत्पाद को निरूपित करता है?

- A. कार्बन मोनोऑक्साइड
- B. ऑक्सीजन
- C. लैक्टिक अम्ल ✓
- D. ग्लूकोज़

Q25 General Science

धारावाही वृत्ताकार लूप के केंद्र पर चुंबकीय क्षेत्र _____के अनुक्रमानुपाती होता है।

- A. लूप से प्रवाहित धारा के व्युत्क्रम
- B. वृत्ताकार लूप की त्रिज्या के वर्ग
- C. लूप से प्रवाहित धारा के वर्ग
- D. लूप से प्रवाहित धारा ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी, आयनी यौगिकों (ionic compound) की भौतिक विशेषता **नहीं** है?

- A. गलित अवस्था में विद्युत का संचालन करता है
- B. उच्च गलनांक
- C. उच्च क्वथनांक
- D. जल में अघुलनशील ✓

Q2 General Science

कार्बन के दो मुख्य गुणधर्म क्या हैं जो इसकी 'विविधतायुक्त प्रकृति' और बड़ी संख्या में यौगिक बनाने की क्षमता में योगदान करते हैं?

- A. श्रृंखलन और चतुःसंयोजकता ✓
- B. सुचालकता और ध्वानिक प्रकृति
- C. समावयवता और अपररूपता
- D. उच्च गलनांक और तन्यता

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, 'सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass)' पद की सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है?

- A. किसी तत्व के एकल परमाणु का द्रव्यमान
- B. किसी यौगिक की एक सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं का कुल द्रव्यमान ✓
- C. किसी पदार्थ के एक मोल का द्रव्यमान
- D. किसी तत्व के एकल अणु का द्रव्यमान

Q4 General Science

निम्नलिखित में से किस स्थिति में असंतुलित बल शामिल है?

- A. मेज़ पर रखी एक किताब
- B. ज़मीन पर स्थिर खड़ा एक व्यक्ति
- C. सीधी सड़क पर एकसमान गति से चलती एक कार
- D. ज़मीन पर लुढ़कती और अंततः रुकती एक गेंद ✓

Q5 General Science

निम्नलिखित कोशिकाओं में से किस कोशिका को एक छोर पर पार्श्वतन्तु (Dendrite) होता है?

- A. लाल रक्त कोशिका
- B. एककेंद्रक श्वेतकोशिका (मोनोसाइट)
- C. बिंबाणु (प्लेटलेट)
- D. न्यूरॉन ✓

Q6 General Science

औसत चाल के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

- A. इसका SI मात्रक मीटर प्रति सेकंड (m/s) है।
- B. चाल ज्ञात करने के लिए, हमें वस्तु के परिमाण और दिशा दोनों की आवश्यकता होती है। ✓
- C. औसत चाल के लिए केवल परिमाण की आवश्यकता होती है, दिशा की नहीं।
- D. चाल की गणना दूरी को समय से भाग देकर की जाती है।

Q7 General Science

कॉपर के वैद्युतअपघटनी परिष्करण के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला सबसे सामान्य वैद्युतअपघट्य, अम्लीकृत _____ का विलयन होगा।

- A. कॉपर ऑक्साइड
- B. कॉपर सल्फेट ✓
- C. कॉपर कार्बोनेट
- D. कॉपर क्लोराइड

Q8 General Science

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

- A. दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम एक सीधे चालक के परित: चुंबकीय क्षेत्र की दिशा बताता है। ✓
- B. दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम वृत्तीय लूप पर लागू नहीं किया जा सकता।
- C. सीधे चालक पर दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम लागू नहीं किया जा सकता।
- D. चुंबकीय क्षेत्र में किसी चालक पर लगने वाले बल को ज्ञात करने के लिए दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम का उपयोग किया जा सकता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

पादपों के निषेचन में पराग नलिका की क्या भूमिका है?

- A. नर जनन कोशिका का मादा जनन कोशिका तक परिवहन करना ✓
- B. युग्मज बनाना
- C. नर जनन कोशिका का निर्माण करना
- D. पराग कणों का वर्तिकाग्र (stigma) तक परिवहन करना

Q10 General Science

कौन-सा रासायनिक सूत्र ब्लीचिंग पाउडर को निरूपित करता है?

- A. Ca2(ClO)2
- B. Ca(ClO)2 ✓
- C. Ca(ClO2)
- D. Ca(ClO2)2

Q11 General Science

यदि किसी धारावाही चालक को चुंबकीय क्षेत्र में रखा जाए और धारा की दिशा को उत्क्रमित कर दिया जाए, तो चालक पर लगने वाला बल _____।

- A. विपरीत दिशा में हो जाता है ✓
- B. समान रहता है
- C. शून्य हो जाता है
- D. दोगुना हो जाता है

Q12 General Science

पौधों की ऊंचाई में वृद्धि के लिए किस प्रकार का विभज्योतक ऊतक उत्तरदायी होता है?

- A. पार्श्विक विभज्योतक
- B. द्वितीयक विभज्योतक
- C. शीर्षस्थ विभज्योतक ✓
- D. एधा (Cambium)

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, जलीय विलयन में अम्लीय व्यवहार दर्शाता है?

- A. NaOH
- B. HCl ✓
- C. KOH
- D. $Ca(OH)_2$

Q14 General Science

ध्वनि की प्रबलता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

- A. प्रबलता तरंग की गति पर निर्भर करती है।
- B. प्रबलता आयाम पर निर्भर करती है। ✓
- C. प्रबलता आवृत्ति पर निर्भर करती है।
- D. प्रबलता तरंगदैर्घ्य पर निर्भर करती है।

Q15 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा संचलन, ऐच्छिक पेशियों द्वारा होता है?

- A. आंत्रों में संचलन (Movement in intestines)
- B. आमाशय भित्तियों में संचलन (Movement in the stomach walls)
- C. जिह्वा का संचलन (Movement of tongue) ✓
- D. हृदय का संचलन (Movement of heart)

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन तरलों द्वारा लगाए गए दाब के बारे में सत्य है/हैं?

(i) तरल उस पात्र के आधार और दीवारों पर दाब लगाते हैं जिसमें वे परिबद्ध होते हैं।
(ii) तरल के किसी भी सीमित द्रव्यमान पर लगाया गया दाब विभिन्न दिशाओं में असमान रूप से संचरित होता है।

- A. (i) और (ii) दोनों
- B. केवल (i) ✓
- C. केवल (ii)
- D. न तो (i) और न ही (ii)

Q17 General Science

वह दोष जिसमें व्यक्ति दूर की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता लेकिन पास की वस्तुओं को देख सकता है, _____ कहलाता है।

- A. निकटदृष्टिता (myopia) ✓
- B. दीर्घदृष्टि (hypermetropia)
- C. दृष्टिवैषम्य (astigmatism)
- D. जरादूरदृष्टि (presbyopia)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

रैणी गांव में चिपको आंदोलन की शुरुआत के लिए कौन-सी घटना उत्तरदायी थी?

A. खेती के लिए वन भूमि का उपयोग करने का सरकारी निर्णय

B. स्थानीय निवासियों द्वारा वन भूमि की बिक्री

C. गांव के निकट पेड़ों की कटाई हेतु ठेकेदार को स्वीकृति ✓

D. ग्रामीणों द्वारा औद्योगिक विकास की योजना

Q19 General Science

जीवों के उस समूह का चयन कीजिए जिसमें अलैंगिक जनन विखंडन द्वारा होता है।

A. नील-हरित शैवाल ✓

B. सभी पादप

C. सभी बीज पादप

D. पुष्पी पादप

Q20 General Science

यदि ..... है, तो किसी स्थिर बल द्वारा किया गया कार्य शून्य होता है ।

A. विस्थापन कम है

B. बल अधिक है

C. बल परिवर्तनशील है

D. विस्थापन शून्य है या बल के लंबवत है ✓

Q21 General Science

एक उत्तल लेंस की फोकस दूरी 25 cm है। इस उत्तल लेंस की क्षमता कितनी है?

A. +4.0 D ✓

B. +3.0 D

C. −4.0 D

D. −2.0 D

Q22 General Science

'पदार्थ के कणों के आकर्षण' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. विभिन्न कणों के लिए आकर्षण बल भिन्न-भिन्न होता है। ✓

B. गैसों की तुलना में द्रवों में आकर्षण बल कम होता है।

C. विभिन्न कणों के लिए आकर्षण बल समान होता है।

D. ठोस पदार्थों की तुलना में तरल पदार्थों में आकर्षण बल अधिक होता है।

Q23 General Science

वाष्पीकरण की दर में वृद्धि होने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **गलत** है?

A. पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि

B. तापमान में वृद्धि

C. आर्द्रता में वृद्धि ✓

D. पवन की चाल में वृद्धि

Q24 General Science

मादा प्रजनन तंत्र के किस भाग से होकर अंडा अंडाशय से गर्भाशय तक जाता है?

A. मूत्रवाहिनी (Ureter)

B. फैलोपियन ट्यूब (Fallopian tube) ✓

C. योनि (Vagina)

D. गर्भाशय ग्रीवा (Cervix)

Q25 General Science

एक किसान अपने खेत में उत्पादित शहद की मात्रा और गुणवत्ता दोनों में सुधार करना चाहता है। उसे कौन-सी पद्धति अपनानी चाहिए?

A. क्षेत्र से सभी जंगली पुष्प हटा दें

B. मधुमक्खियों को पौधों से दूर छायादार स्थानों पर रखें

C. यह सुनिश्चित करें कि पूरे मौसम में मकरंद से भरपूर पुष्प खिलते रहें ✓

D. पुष्पी पौधों की संख्या कम करें

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, किसी पदार्थ की क्षारकीय प्रकृति के लिए उत्तरदायी है?

A. Na+
B. H+
C. Cl-
D. OH- ✓

Q2 General Science

हड्डी को मुख्यतः संयोजी ऊतक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है क्योंकि _____।

A. इसमें खनिजयुक्त बाह्यकोशिकीय मैट्रिक्स में फैली हुई कोशिकाएं होती हैं ✓
B. यह तंत्रिका आवेग उत्पन्न करता है
C. इसमें किसी भी मैट्रिक्स पदार्थ का अभाव होता है
D. इसमें ऑक्सीजन का परिवहन होता है

Q3 General Science

पादपों में जीवन प्रक्रियाओं के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. पर्यावरण पादपों पर आधारित नहीं होता है। ✓
B. ऊर्जा के पर्यावरणीय स्रोत एक समान हैं।
C. पर्यावरण अधिकांशतः पादपों पर आधारित होता है।
D. पर्यावरण कुछ ही पादपों पर आधारित होता है।

Q4 General Science

8 Ω प्रतिरोध में प्रति सेकंड 200 J ऊष्मा उत्पन्न होती है। प्रतिरोधक के सिरों के बीच विभवांतर क्या है?

A. 50 V
B. 40 V ✓
C. 20 V
D. 30 V

Q5 General Science

ग्रेफाइट में, प्रत्येक कार्बन परमाणु एक ही तल में तीन अन्य कार्बन परमाणुओं से आबंधित होता है, जिससे एक _____ व्यूह बनता है।

A. षटकोणीय ✓
B. पंचभुजीय
C. वर्ग पिरैमिडी
D. द्विसमलंबाक्ष

Q6 General Science

घरेलू विद्युत परिपथ में,फ्यूज (FUSE) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. बिजली का भंडारण करना
B. धारा में वृद्धि करना
C. ओवरलोडिंग रोकना और उपकरणों की सुरक्षा करना ✓
D. वोल्टता कम करना

Q7 General Science

आमाशय और आँतों जैसे आंतरिक अंगों की भित्तियों में किस प्रकार की पेशी होती है?

A. रेखित पेशी (Striated muscle)
B. ऐच्छिक पेशी (Voluntary muscle)
C. कंकाल पेशी (Skeletal muscle)
D. चिकनी पेशी (Smooth muscle) ✓

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी, एकल व्यष्टि जीव (solitary individual organism) द्वारा जनन की विधि **नहीं** है?

A. लैंगिक जनन (Sexual reproduction) ✓
B. पुनर्जनन (Regeneration)
C. विखंडन (Fission)
D. खंडन (Fragmentation)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

उच्च-पिचऔर निम्न-पिच ध्वनि में क्रमशः _____ होता है।

A. उच्च आयाम और कम आवृत्ति

B. उच्च आवृत्ति और निम्न आवृत्ति ✓

C. निम्न आयाम और उच्च आवृत्ति

D. निम्न आवृत्ति और उच्च आवृत्ति

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक संक्षारण के लिए उत्तरदायी नहीं है?

A. मिश्रधातु ✓

B. अम्ल

C. जल

D. वायु

Q11 General Science

एक विशाल बांध के निर्माण का प्राथमिक लाभ निम्नलिखित में से क्या है?

A. स्थानीय जैव-विविधता में तत्काल वृद्धि

B. विकेंद्रीकृत ऊर्जा उत्पादन

C. जलविद्युत शक्ति का उत्पादन ✓

D. सभी निचले इलाकों में बाढ़ की रोकथाम

Q12 General Science

निम्नलिखित में से किनकी खेती मोती बनाने के लिए की जाती है?

A. सारडीन (Sardines)

B. पोम्फ्रेट (Pomfrets)

C. सीपियाँ (Oysters) ✓

D. झींगे (Prawns)

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी घटना, भौतिक परिवर्तन **नहीं** है?

A. जल का क्वथन

B. जल का जमना

C. बर्फ का पिघलना

D. मोमबत्ती का जलना ✓

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य, अपरा द्वारा **नहीं** किया जाता है?

A. प्रसव शुरू करने के लिए ऑक्सीटोसिन का स्राव करना ✓

B. भ्रूणीय रक्त से कार्बन डाइऑक्साइड और अपशिष्ट को हटाना

C. मां से भ्रूण तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का संचार करना

D. सगर्भता को सहारा देने वाले हार्मोन का उत्पादन करना

Q15 General Science

मैग्नीशियम क्लोराइड का रासायनिक सूत्र क्या है?

A. Mg_2Cl

B. $MgCl_3$

C. MgCl

D. MgCl2 ✓

Q16 General Science

एक स्ट्रॉ को जल से भरे गिलास में रखने पर वह मुड़ी हुई दिखाई देती है, के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

कथन 1: आपतित किरण, अपवर्तित किरण और अभिलंब एक ही तल में होते हैं।
कथन 2: आपतन कोण की ज्या और अपवर्तन कोण की ज्या का अनुपात नियत होता है।

A. कथन 1 और 2 दोनों ✓

B. केवल कथन 1

C. न तो कथन 1 और न ही 2

D. केवल कथन 2

Q17 General Science

एकसमान वेग के वेग-समय ग्राफ के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. ढलान = त्वरण = 0 ✓

B. वक्र के अधीन क्षेत्रफल = गति, विस्थापन नहीं

C. ग्राफ एक वक्र है

D. ढलान = त्वरण ≠ 0

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

यदि कोई व्यक्ति t समय में W कार्य करता है, तो शक्ति की गणना कैसे की जाएगी?

A. शक्ति = कार्य + समय

B. शक्ति = कार्य × समय

C. शक्ति = कार्य ÷ समय ✓

D. शक्ति = समय ÷ कार्य

Q19 General Science

वृषण (Testes), उदर गुहिका के भीतर होने के स्थान पर बाह्य रूप से क्यों स्थित होते हैं?

A. मूत्र और शुक्राणुओं के लिए एक सामान्य मार्ग बनाने के लिए

B. शुक्राणु परिवहन को सुगम बनाने के लिए

C. शुक्राणु निर्माण के लिए निम्न ताप बनाए रखने के लिए ✓

D. टेस्टोस्टेरॉन उत्पादन को विनियमित करने के लिए

Q20 General Science

रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल की मुख्य विशेषता क्या है?

A. परमाणु पूर्ण रूप से एकसमान धनात्मक गोला है।

B. नाभिक में केवल ऋणात्मक आवेश वाले इलेक्ट्रॉन होते हैं।

C. परमाणु के केंद्र में एक सघन धनात्मक नाभिक होता है। ✓

D. इलेक्ट्रॉन, नाभिक के परितः कोशों में बद्ध रहते हैं।

Q21 General Science

0.02 m^2 क्षेत्रफल वाले जूते पहने एक व्यक्ति ज़मीन पर खड़ा है। यदि व्यक्ति का वज़न 600 N है, तो ज़मीन पर दाब _____ है।

A. 1200 N/m^2

B. 12,000 N/m^2

C. 600 N/m^2

D. 30,000 N/m^2 ✓

Q22 General Science

ब्यूटेन (C_4H_{10}) दो अलग-अलग रूपों में पाया जाता है: एक सीधी श्रृंखला वाला और दूसरा शाखित श्रृंखला वाला। इस परिघटना को क्या कहते हैं?

A. श्रृंखलन

B. समावयवता ✓

C. ऊर्ध्वपातन

D. बहुलकीकरण

Q23 General Science

एक गिलास को कार्ड से ढक दिया जाता है तथा कार्ड पर एक सिक्का रखा जाता है। जब कार्ड को अंगुली से तीव्रता से झटका दिया जाता है, तो सिक्का गिलास में सीधा गिर जाता है। यह स्थिति क्या दर्शाती है?

A. सिक्का और कार्ड दोनों जड़त्व के कारण आगे खिसक जाते हैं।

B. झटका प्रत्यक्ष रूप से सिक्के पर बल प्रयुक्त करता है।

C. जब कार्ड आगे खिसक जाता है, तो जड़त्व के कारण सिक्का विराम में रहता है। ✓

D. सिक्का इसलिए खिसक जाता है क्योंकि कार्ड उसे धकेलता है।

Q24 General Science

चिह्न परिपाटी के अनुसार, दर्पण द्वारा निर्मित सीधे प्रतिबिंब की ऊंचाई ..... रूप से ली जाती है।

A. धनात्मक ✓

B. शून्य

C. काल्पनिक

D. ऋणात्मक

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा लवण, जल में घुलने पर pH मान 7 से अधिक वाला विलयन बनाएगा?

A. अमोनियम क्लोराइड

B. कॉपर सल्फेट

C. सोडियम क्लोराइड

D. सोडियम एसीटेट ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

एक गेंद को प्रारंभिक वेग (u) से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर उछाला जाता है। समय (t) के बाद, इसका वेग (v) _____ हो जाता है।

A. v = gt−uv
B. v = u+gt
C. v = u−gt ✓
D. v = u·gtv

Q2 General Science

कौन-सा कथन कार्बन की विविधता युक्त प्रकृति से संबंधित **नहीं** है?

A. इसमें श्रृंखलन होता है।
B. इसमें एकल, द्वि और त्रिबंध हो सकते हैं।
C. यह चतुःसंयोजी है।
D. यह आयनिक रूप से बंध बना सकता है। ✓

Q3 General Science

विकल्पों में चार अलग-अलग विलयनों का pH मान दिया गया है। इनमें से कौन-सा लाल लिटमस को नीला कर देगा?

A. 4
B. 11 ✓
C. 2
D. 6

Q4 General Science

नेत्र का क्रिस्टलीय लेंस मुख्यत: _____ सहायता करता है।

A. नेत्र में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करने में
B. वस्तुओं के रंग का पता लगाने में
C. मस्तिष्क को सिग्नल भेजने में
D. फोकस दूरी का सूक्ष्म समायोजन प्रदान करने में ✓

Q5 General Science

थॉमसन के परमाणु मॉडल के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, परमाणु की संरचना का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

A. इलेक्ट्रॉन एक केंद्रीय नाभिक के परितः निश्चित कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं।
B. परमाणु में केवल न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन होते हैं।
C. इलेक्ट्रॉन एक धनावेशित गोले में अंतर्निहित होते हैं। ✓
D. परमाणु में इलेक्ट्रॉनों से घिरा एक सघन नाभिक होता है।

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, HIV (मानव प्रतिरक्षान्यूनता विषाणु) के संचरण की रोकथाम में सहायक सुरक्षित यौन संबंध विधि है?

A. नियमित रूप से मल्टीविटामिन लेना
B. यौन क्रिया के दौरान कंडोम का उपयोग करना ✓
C. यौन संबंध के बाद एंटीबायोटिक्स लेना
D. सुईयों को सावधानीपूर्वक साझा करना

Q7 General Science

प्रिज्म की आपतित किरण और निर्गत किरण के बीच के कोण को .....कहते हैं।

A. निर्गमन कोण
B. अपवर्तन कोण
C. आपतन कोण
D. विचलन कोण ✓

Q8 General Science

पौधों के लिए बीज प्रसार महत्वपूर्ण है क्योंकि यह .....।

A. बीजों का आकार बढ़ाता है
B. निषेचन के बाद बीज का निष्क्रिय होना सुनिश्चित करता है
C. अतिसंकुलता और प्रतिस्पर्धा को रोकता है ✓
D. परागण को रोकता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य, गॉल्जी कॉम्प्लेक्स से संबंधित **नहीं** है?

A. यह कोशिका के बाहर पदार्थों का परिवहन और स्राव करता है।

B. यह लाइसोसोम का निर्माण करता है जो कोशिका के भीतर पाचन में सहायता करते हैं।

C. यह कोशिका से पदार्थों के प्रवेश और निकास की अनुमति देता है। ✓

D. यह अंतर्द्रव्यी जालिका से प्राप्त प्रोटीन को संशोधित और संकुलित करता है।

Q10 General Science

11 इलेक्ट्रॉन, 11 प्रोटॉन और 12 न्यूट्रॉन वाले एक उदासीन परमाणु की द्रव्यमान संख्या क्या है?

A. 23 ✓

B. 12

C. 22

D. 11

Q11 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रायोगिक प्रेक्षण, द्रव्य में कणों के अस्तित्व का सर्वाधिक प्रबल प्रमाण प्रदान करता है?

A. लवण, ठंडे जल की तुलना में गर्म जल में तीव्रता से विलीन होता है

B. स्याही की एक बूंद बिना विलोडन किए जल में समान रूप से प्रसारित हो जाती है ✓

C. बर्फ को गर्म करने पर वह पिघलकर जल बन जाती है

D. जल उबलने पर भाप उत्पन्न करता है

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग, काष्ठ लुगदी (Wood pulp) के प्रक्रमण के लिए सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग करता है?

A. खाद्य उद्योग

B. वस्त्र उद्योग

C. कागज उद्योग ✓

D. साबुन उद्योग

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. ध्वनि वायु की अपेक्षा निर्वात में अधिक तेजी से गमन करती है।

B. ध्वनि तरंगें अनुप्रस्थ होती हैं और उन्हें एक माध्यम की आवश्यकता होती है।

C. ध्वनि को गमन करने के लिए एक माध्यम की आवश्यकता होती है, और यह अनुदैर्ध्य होती है। ✓

D. ध्वनि निर्वात में गमन कर सकती है, क्योंकि यह अनुदैर्ध्य होती हैं।

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, कार्बन के अपररूपों (allotropes) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. ये विभिन्न तत्वों के साथ कार्बन द्वारा निर्मित यौगिक हैं।

B. वे कार्बन के विभिन्न संरचनात्मक रूप हैं जिनके भौतिक गुणधर्म भिन्न लेकिन रासायनिक गुणधर्म समान होते हैं। ✓

C. वे कार्बन के विभिन्न समस्थानिक हैं जिनमें न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है।

D. वे कार्बन के समावयवी हैं, जिनका आणविक सूत्र समान लेकिन संरचना भिन्न होती है।

Q15 General Science

छड़ चुंबक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(i) चुंबकीय क्षेत्र की आपेक्षिक प्रबलता को क्षेत्र रेखाओं की निकटता की कोटि द्वारा दर्शाया जाता है।
(ii) कोई भी दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं एक-दूसरे को प्रतिच्छेद नहीं कर सकतीं हैं।

A. (i) और (ii) दोनों ✓

B. केवल (i)

C. केवल (ii)

D. न तो (i) और न ही (ii)

Q16 General Science

विदेशज और स्थानीय मवेशी नस्लों की क्रॉस-ब्रीडिंग का उद्देश्य क्या है?

A. भोजन की आवश्यकता को कम करना

B. पशुओं को अधिक आक्रामक बनाना

C. लंबे दुग्धस्रवण को रोग प्रतिरोधक क्षमता के साथ संयोजित करना ✓

D. पशुओं को आकार में छोटा बनाना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा फ्लोएम ऊतक का घटक है?

A. जाइलम फाइबर (Xylem fibres)

B. ट्रेकीड (Tracheids)

C. चालनी नलिकाएं (Sieve tubes) ✓

D. वाहिकाएं (Vessels)

Q18 General Science

यदि किसी चालक का प्रतिरोध 10 Ω है तथा उसमें 5 V का विभवान्तर है, तो उसमें प्रवाहित धारा क्या होगी?

A. 0.5 A ✓

B. 2 A

C. 5 A

D. 0.2 A

Q19 General Science

एक कार विरामावस्था से चलना प्रारंभ करती है और 20 सेकंड में 72 km/hr की चाल प्राप्त कर लेती है। कार का त्वरण कितना है?

A. 4 m/s^2

B. 3 m/s^2

C. 2 m/s^2

D. 1 m/s^2 ✓

Q20 General Science

जंतुओं में सुग्राहिता या अनुक्रियता मुख्यतः _____ द्वारा नियंत्रित होती है।

A. श्वसन-तंत्र

B. तंत्रिका-तंत्र ✓

C. परिसंचारी-तंत्र

D. पाचन-तंत्र

Q21 General Science

खाद्य श्रृंखला के उस संबंध को क्या कहा जाता है, जिन्हें शाखन रेखाओं की एक श्रृंखला के रूप में दर्शाया जा सकता है?

A. मकड़ी जाल (Spider web)

B. खाद्य जाल (Food web) ✓

C. वर्ल्ड वाइड वेब (World wide web)

D. पोषी स्तर (Trophic level)

Q22 General Science

मादा प्रजनन तंत्र में निषेचन सामान्यतः कहां होता है?

A. गर्भाशय

B. डिंबवाहिनी ✓

C. योनि

D. गर्भाशय ग्रीवा

Q23 General Science

चिप पैकेटों (chip packets) में नाइट्रोजन गैस की क्या भूमिका होती है?

A. यह ऑक्सीकरण को रोकता है। ✓

B. यह कुरकुरापन बढ़ाता है

C. यह नमी को अवशोषित करता है।

D. यह स्वाद बढ़ाता है

Q24 General Science

किसी पिंड पर 10 N का बल (F) लगाया जाता है, जिससे वह बल की दिशा में 5 m गति करता है। किया गया कार्य (W) _____ है।

A. 15 J

B. 50 J ✓

C. 5 J

D. 2 J

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, क्रिया और प्रतिक्रिया बल का उदाहरण नहीं है?

A. जब बस अचानक रुकती है, तो लोग आगे की ओर गिर जाते हैं ✓

B. नीचे की ओर उत्सर्जित गैसों के कारण ऊपर की ओर बढ़ता एक रॉकेट

C. तैराक अपने हाथों से पानी को पीछे की ओर धकेलता है

D. पैर ज़मीन को पीछे की ओर धकेलता है और ज़मीन पैर को आगे की ओर धकेलती है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

उपकला ऊतक का प्राथमिक कार्य क्या है?

- A. सुरक्षा ✓
- B. नियंत्रण
- C. सहारा
- D. संचलन

Q2 General Science

द्रव्यमान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

- A. द्रव्यमान और भार बिल्कुल समान हैं
- B. द्रव्यमान किसी पिंड पर लगने वाले बल का माप है
- C. द्रव्यमान पिंड की अवस्थिति पर निर्भर करता है
- D. द्रव्यमान किसी पिंड के जड़त्व का माप है ✓

Q3 General Science

निम्नलिखित में से किस अधातु द्वारा निर्मित ऋणायन, Ca2+ आयन के साथ अभिक्रिया करके एक स्थायी आयनिक यौगिक बनाता है?

- A. कार्बन
- B. बोरॉन
- C. ऑक्सीजन ✓
- D. नाइट्रोजन

Q4 General Science

अवतल दर्पण में, मुख्य फोकस की ओर निर्देशित प्रकाश की किरण परावर्तन के बाद _____।

- A. वक्रता केंद्र से होकर गुजरती है
- B. अक्ष से दूर अपसरित हो जाती है
- C. मुख्य अक्ष के समांतर हो जाती है ✓
- D. अपना पथ पुनः प्राप्त करती है

Q5 General Science

क्रिस्टलीय ठोस के सही उदाहरण का चयन कीजिए।

- A. केवल रेत
- B. केवल नमक
- C. नमक, चीनी और रेत सभी
- D. चीनी और नमक दोनों ✓

Q6 General Science

जैविक आवर्धन की परिघटना के माध्यम से, निम्नलिखित में से किसमें पीड़कनाशी की सांद्रता सर्वाधिक है?

- A. साँप (Snake) ✓
- B. मेंढक (Frog)
- C. घास (Grass)
- D. टिड्डा (Grasshopper)

Q7 General Science

$(CH_3)_3$-C-CH_3 निम्नलिखित में से किस कार्बनिक यौगिक का संरचनात्मक सूत्र दर्शाता है?

- A. मेथिल ब्यूटेन (methyl butane)
- B. 2,2-डाइमेथिल प्रोपेन (2,2-dimethyl propane) ✓
- C. 2,3-डाइमेथिल प्रोपेन (2,3-dimethyl propane)
- D. 3-मेथिल ब्यूटेन (3-methyl butane)

Q8 General Science

यदि किसी तार में 0.2A धारा प्रवाहित हो रही है, जबकि इसके सिरों के बीच विभवान्तर 2 V है, तो तार का प्रतिरोध क्या है?

- A. 0.1 Ω
- B. 4 Ω
- C. 1 Ω
- D. 10 Ω ✓

Q9 General Science

हाइड्रोकार्बन के पूर्ण दहन पर निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पाद निर्मित होता है?

- A. मेथेन और हाइड्रोजन
- B. CO_2 और जल ✓
- C. CO और जल
- D. मेथेन और ऑक्सीजन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा मनोवैज्ञानिक परिवर्तन लैंगिक परिपक्वता से जुड़ा है?

A. त्वचा पर बालों का उगना

B. स्वतंत्रता की इच्छा और मनोदशा में उतार-चढ़ाव ✓

C. शारीरिक सक्रियता में वृद्धि

D. मस्तिष्क का विकास

Q11 General Science

प्रक्षुब्ध तप्त वायु धारा के माध्यम से देखी गई वस्तुओं का लहराना (wavering) किसका उदाहरण है?

A. प्रकाश का प्रकीर्णन

B. छोटे पैमाने पर वायुमंडलीय अपवर्तन ✓

C. वायु में विवर्तन

D. वायु परतों में आंतरिक परावर्तन

Q12 General Science

ऑक्सीकरण और अपचयन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

I. किसी पदार्थ को तब ऑक्सीकृत कहा जाता है जब वह ऑक्सीजन ग्रहण करता है या हाइड्रोजन का त्याग करता है।
II. किसी पदार्थ को तब अपचयित कहा जाता है जब वह ऑक्सीजन का त्याग करता है या हाइड्रोजन ग्रहण करता है।
III. प्रत्येक रेडॉक्स अभिक्रिया में, ऑक्सीकरण और अपचयन दोनों एक साथ होते हैं।

A. I, II और III ✓

B. केवल II और III

C. केवल I और II

D. केवल I और III

Q13 General Science

जब कोई ठोस पिघलकर द्रव में परिवर्तित होता है तो अंतर-कणीय स्थान पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. यह बढ़ता है ✓

B. यह शून्य हो जाता है

C. यह समान रहता है

D. यह घटता है

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
A) $CaCl_2$ का सूत्र इकाई द्रव्यमान 111 u है।
B) सूत्र इकाई द्रव्यमान की गणना उसी प्रकार से की जाती है जिस प्रकार हम आणविक द्रव्यमान की गणना करते हैं।
C) सूत्र इकाई द्रव्यमान की गणना उसी प्रकार से की जाती है जो आणविक द्रव्यमान की गणना करने के हमारे तरीके से भिन्न है।

A. केवल A

B. केवल A और B ✓

C. केवल C

D. केवल B और C

Q15 General Science

जीवद्रव्य झिल्ली (plasma membrane) के भीतर जो तरल सामग्री होती है, उसे क्या कहा जाता है?

A. कोशिका भित्ति

B. केंद्रकीय झिल्ली

C. कोशिकाद्रव्य ✓

D. राइबोसोम

Q16 General Science

तंत्रिका ऊतक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. तंत्रिका ऊतक, मांसपेशी तंतुओं से बना होता है जो संचलन के लिए उत्तरदायी होता है।

B. तंत्रिका ऊतक, उपकला कोशिकाओं से बने होते हैं जो सुरक्षात्मक परतें बनाते हैं।

C. तंत्रिका ऊतक, स्वैच्छिक संचलन के लिए उत्तरदायी होता है और हड्डियों से जुड़ा होता है।

D. तंत्रिका ऊतक, न्यूरॉन्स से बना होता है और मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और तंत्रिकाओं में पाया जाता है। ✓

Q17 General Science

पादप में जनन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. युग्मक अकेले ही नई संतति उत्पन्न कर सकते हैं।

B. बीजाणु केवल लैंगिक जनन के दौरान ही उत्पन्न होते हैं।

C. नये संतति उत्पन्न करने के लिए बीजाणुओं को दूसरे बीजाणु के साथ संलयन की आवश्यकता होती है।

D. बीजाणु अकेले ही नई संतति उत्पन्न कर सकते हैं। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

निम्नलिखित में से किसमें ऑक्सीकरण अभिक्रिया शामिल नहीं है?

A. जल का विद्युतअपघटन

B. लोहे में जंग लगना

C. जल में नमक का घुलना ✓

D. लकड़ी जलाना

Q19 General Science

धारावाही चालक के पास रखी गई कम्पास सुई विक्षेपण दर्शाती है, क्योंकि _____।

A. धारा, ध्वनि उत्पन्न करती है

B. धारा, चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है ✓

C. धारा, ऊष्मा उत्पन्न करती है

D. धारा, विद्युत क्षेत्र उत्पन्न करती है

Q20 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, T-आकृति का अंतर्गर्भाशय गर्भनिरोधक उपकरण है, जो दीर्घकालिक (बहु-वर्षीय) गर्भ निरोध प्रदान करता है?

A. डायाफ्राम (Diaphragm)

B. गर्भनिरोधक गोली (Birth control pill)

C. पुरुष कंडोम (Male condom)

D. कॉपर-T (Copper-T) ✓

Q21 General Science

यदि 10 N का एक नियत बल किसी वस्तु को बल की दिशा में 5 m गतिमान करता है, तो किया गया कार्य ज्ञात कीजिए।

A. 15 J

B. 5 J

C. 50 J ✓

D. 2 J

Q22 General Science

दैनिक स्थलीय अन्योन्यक्रियाओं (everyday terrestrial interactions) जैसे कि आप और आपके निकट बैठे किसी मित्र के बीच, में गुरूत्वीय बल को एक दुर्बल बल क्यों माना जाता है?

A. क्योंकि मानवीय वस्तुओं का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान से बहुत अधिक होता है।

B. क्योंकि बल का अनुभव तभी तब होता है जब वस्तुएं मुक्त पतन में हों।

C. क्योंकि वस्तुओं के बीच की दूरी नगण्य है।

D. क्योंकि बल केवल तभी महत्वपूर्ण होता है जब बड़े द्रव्यमान (जैसे ग्रह या खगोलीय पिंड) शामिल हों। ✓

Q23 General Science

स्पष्ट प्रतिध्वनि सुनने के लिए मूल ध्वनि तथा इसकी प्रतिध्वनि के बीच कम से कम कितने समय का अंतराल आवश्यक है?

A. 10 सेकंड

B. 0.1 सेकंड ✓

C. 1 सेकंड

D. 0.01 सेकंड

Q24 General Science

जब किसी वस्तु पर असंतुलित बल कार्य करता है तो क्या होता है?

A. वस्तु स्थायी रूप से विरामावस्था में रहती है

B. वस्तु बिना किसी त्वरण के गति करती है

C. वस्तु की गति या गति की दिशा में परिवर्तन होता है ✓

D. वस्तु सदैव वृत्तीय पथ पर गति करती है

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का उदाहरण है?

A. फिश अक्वेरियम

B. हाइड्रोपोनिक्स

C. वन ✓

D. किचन गार्डन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

यदि किसी चालक में धारा की दिशा उत्क्रमित कर दी जाए, तो उस पर लगने वाले बल की दिशा _____।

A. शून्य हो जाएगी

B. उत्क्रमित हो जाएगी ✓

C. समान रहेगी

D. दोगुनी हो जाएगी

Q2 General Science

यदि किसी तरंग की चाल 300 m/s है और इसकी तरंगदैर्घ्य 0.75 m है, तो तरंग की आवृत्ति _____ है।

A. 300 Hz

B. 225 Hz

C. 400 Hz ✓

D. 75 Hz

Q3 General Science

एक विद्युत बल्ब की रेटेड शक्ति 110 वाट - 220 वोल्ट है। बल्ब द्वारा ली गई धारा .....है।

A. 24,200 A

B. 0.5 A ✓

C. 2 A

D. 20 A

Q4 General Science

निम्न में से कौन-सा कथन पादप-काय में विभज्योतक ऊतक के स्थान को सही तरीके से निरूपित करता है?

A. तने के आधार पर ✓

B. पत्तियों की नोक पर

C. कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में

D. संपूर्ण पादप-काय पर

Q5 General Science

मेदी (एलिफॅटिक) कार्बन संयुगांत तयार झालेल्या बंधाचे स्वरूप कसे असते?

A. हायड्रोजन

B. आयनी बंध

C. सहसंयुज बंध ✓

D. सहबद्ध

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी जनन विधि, समष्टि में अधिक विविधता उत्पन्न करेगी?

A. द्वि-खंडन (Binary fission)

B. खंडन (Fragmentation)

C. मुकुलन (Budding)

D. लैंगिक जनन (Sexual reproduction) ✓

Q7 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सही लेंस सूत्र को निरूपित करता है?

A. 1/v – 1/u = 1/f ✓

B. 1/v + 1/u = 1/f

C. 1/v + 1/u = f

D. 1/v – 1/u = f

Q8 General Science

निम्नलिखित में से किस प्रेक्षण की व्याख्या रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल द्वारा **नहीं** की जा सकी?

A. ऐल्फा कणों का बड़े कोणों पर विक्षेपण

B. परमाणु में धनावेशित नाभिक की उपस्थिति

C. त्वरित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के बावजूद परमाणु के स्थायित्व ✓

D. नाभिक के परित: इलेक्ट्रॉनों का वितरण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

10 m/s की चाल से चलती हुई 1000 kg की एक कार को एक स्थिर ब्रेकिंग बल द्वारा 5 सेकंड में विरामावस्था में लाया जाता है। बल का परिमाण क्या है?

- A. 2000 N ✓
- B. 3000 N
- C. 2500 N
- D. 1500 N

Q10 General Science

धातु कार्बोनेट की हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया से निकलने वाली गैस चूने के पानी को दूधिया रंग में बदल देती है। निकलने वाली गैस ..... है।

- A. हाइड्रोजन (Hydrogen)
- B. कार्बन डाइऑक्साइड (Carbon dioxide) ✓
- C. क्लोरीन (Chlorine)
- D. कार्बन मोनोऑक्साइड (Carbon monoxide)

Q11 General Science

एक व्यक्ति 22 kg द्रव्यमान के एक पत्थर को 4 m की ऊर्ध्वाधर उच्चता तक उठाता है। उसके द्वारा किए गए कार्य की गणना कीजिए। (g = 10 m/s^2 लीजिए)

- A. 880 J ✓
- B. 400 J
- C. 55 J
- D. 220 J

Q12 General Science

प्लाज़्मा झिल्ली को वरणतः पारगम्य (selectively permeable) क्यों कहा जाता है?

- A. यह अवांछित पदार्थों को विलीन कर देती है।
- B. यह केवल कुछ पदार्थों को ही भीतर या बाहर जाने देती है। ✓
- C. यह सभी पदार्थों को स्वतंत्र रूप से गुजरने देती है।
- D. यह सभी पदार्थों को प्रवेश करने से रोकती है।

Q13 General Science

दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

(A): मेंडल ने अपने प्रयोगों के लिए मटर के पौधों को इसलिए चुना क्योंकि उन्हें उगाना आसान था और उनमें विशिष्ट विपरीत गुण पाए जाते थे।
(R): मटर के पौधे अलैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं, जिससे मेंडल आसानी से संकरों को नियंत्रित कर पाते थे।

- A. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है
- B. A सत्य है, लेकिन R असत्य है ✓
- C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
- D. A असत्य है, लेकिन R सत्य है

Q14 General Science

दो कार्बन परमाणुओं और एक हाइड्रॉक्सिल (–OH) प्रकार्यात्मक समूह वाले कार्बनिक यौगिक का IUPAC नाम क्या है?

- A. प्रोपेनोन (Propanone)
- B. एथेनोइक अम्ल (Ethanoic acid)
- C. मेथेनैल (Methanal)
- D. एथेनॉल (Ethanol) ✓

Q15 General Science

जब वायुरोधी डाट वाली एक खाली प्लास्टिक की बोतल को जल से भरी बाल्टी में गहराई तक धकेला जाता है, तो अधोमुखी धक्के (downward push) का प्रतिरोध करने वाला वर्धमान ऊर्ध्वगामी बल, _____ कहलाता है।

- A. गुरुत्वाकर्षण बल
- B. पृष्ठ तनाव
- C. उत्प्लावन बल (या उत्प्लावक बल) ✓
- D. वायुमंडलीय दाब

Q16 General Science

निलंबन विलयनों से भिन्न होते हैं, क्योंकि_____।

- A. इनके कण स्थायी रहने पर जमते नहीं हैं
- B. इनका विलेय पूर्ण रूप से विलीन हो जाता है
- C. ये पारदर्शी होते हैं
- D. इन्हें नग्न आंखों से देखा जा सकता है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

जब एक वस्तु को वतल दर्पण के सामने 10 cm की दूरी पर रखा जाता है तब अवतल दर्पण 20 cm की दूरी पर एक प्रतिबिंब बनाता है। इस दर्पण की फोकस दूरी कितनी है?

A. 10 cm

B. 20 cm ✓

C. 30 cm

D. 40 cm

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी, सिंचाई की विधि **नहीं** है?

A. कूप (Wells)

B. रिवर लिफ्ट प्रणालियाँ (River lift systems)

C. रोधी बाँध (Check dams) ✓

D. नहरें (Canals)

Q19 General Science

फसलों को उनकी वृद्धि चक्र के दौरान इष्टतम समय पर पानी उपलब्ध कराने से प्रत्यक्ष रूप से कौन-सा परिणाम प्राप्त होता है?

A. उच्च अपेक्षित उपज ✓

B. पीड़कों के प्रति सुभेद्यता में वृद्धि

C. विलंबित परिपक्वता

D. पोषक तत्वों के अवशोषण में कमी

Q20 General Science

अत्यधिक व्यायाम के बाद हमें पेशियों में ऐंठन का अनुभव क्यों होता है?

A. क्योंकि पेशियाँ संकुचन करना बंद कर देती हैं

B. क्योंकि व्यायाम के दौरान रक्त प्रवाह पूरी तरह से रुक जाता है

C. शरीर के तापमान में कमी के कारण

D. लैक्टिक अम्ल के संचय के कारण ✓

Q21 General Science

आण्विक द्रव्यमान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

कथन 1: किसी पदार्थ का आणविक द्रव्यमान उस पदार्थ के अणु में उपस्थित सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योग होता है।
कथन 2: इसे अणु का आपेक्षिक द्रव्यमान भी कहा जाता है।
कथन 3: इसे परमाणु द्रव्यमान इकाइयों (u) के रूप में व्यक्त किया जाता है।

A. केवल कथन 1 और 2 सही हैं।

B. केवल कथन 2 और 3 सही हैं।

C. केवल कथन 1 और 3 सही हैं।

D. कथन 1, 2 और 3 सही हैं। ✓

Q22 General Science

तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट के साथ अभिक्रिया होने पर निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण सही है?

A. पॉप ध्वनि के साथ हाइड्रोजन गैस का निर्माण

B. एक रंगहीन गैस का त्वरित निर्माण, जो चूने का पानी दूधिया कर देती है ✓

C. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के भूरे धुएँ का निर्माण

D. केवल लवण और जल का निर्माण

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि पौधों में अलैंगिक प्रजनन का उदाहरण है?

A. अंकुरण

B. वनस्पति प्रवर्धन ✓

C. निषेचन

D. परागण

Q24 General Science

यदि कोई वस्तु बिंदु A से बिंदु B (50 m पूर्व) तक जाती है और 10 सेकंड में बिंदु A पर वापस आती है, तो इसका औसत वेग .....है।

A. 5 m/s

B. 10 m/s

C. −10 m/s

D. 0 m/s ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

डिटर्जेंट निम्नलिखित में से किसमें कार्य कर सकते हैं?

A. केवल गर्म जल

B. केवल आसुत जल

C. कठोर और मृदु जल दोनों ✓

D. केवल शीतल जल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

मादा जनन तंत्र के किस भाग में अंड, शुक्राणु द्वारा निषेचित होता है?

A. अंडाशय (Ovary)

B. डिंबवाहिनी नली (Fallopian tube) ✓

C. योनि (Vagina)

D. गर्भाशय (Uterus)

Q2 General Science

अनुदैर्ध्य तरंग में क्या होता है?

A. कण अपनी माध्य स्थिति के इधर-उधर ऊपर-नीचे दोलन करते हैं

B. कण अपनी विराम स्थिति के इधर-उधर आगे-पीछे दोलन करते हैं ✓

C. तरंग के गुजरने पर कण पूरी तरह स्थिर रहते हैं

D. कण अपनी विराम स्थिति के चारों ओर वृत्ताकार गति करते हैं

Q3 General Science

क्लोर-क्षारीय प्रक्रिया के दौरान, निम्नलिखित में से कौन सा उत्पाद सीधे लवण के विद्युत अपघटन से प्राप्त नहीं होता है?

A. सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन (Sodium hydroxide solution)

B. कैथोड पर निक्षेपित सोडियम धातु (Sodium metal deposited at the cathode) ✓

C. कैथोड पर हाइड्रोजन गैस (Hydrogen gas at the cathode)

D. एनोड पर क्लोरीन गैस (Chlorine gas at the anode)

Q4 General Science

किसी गर्म वस्तु को हाथ से स्पर्श करने पर मनुष्य अपना हाथ तुरंत हटा लेता है, क्योंकि _____।

A. प्रत्येक जीवित जीव ऐसा कर सकता है

B. मनुष्य दूसरों की तुलना में अधिक बुद्धिमान होता है

C. मनुष्य स्पर्श के उद्दीपन के प्रति संवेदनशील होता है ✓

D. मनुष्य जीव जगत का सर्वोच्च प्राणी है

Q5 General Science

एक बंदूक क्षैतिज दिशा में गोली दागती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. गोली बंदूक पर कोई बल नहीं लगाती है।

B. बंदूक पर, गोली पर अग्र दिशा में लगने वाले बल के बराबर पश्च दिशा की ओर बल लगता है। ✓

C. प्रतिक्षेप गुरुत्वाकर्षण पर निर्भर करता है।

D. बंदूक पर गोली के अग्र दिशा की ओर लगने वाले बल की तुलना में पश्च दिशा की ओर लगने वाला बल कम होता है।

Q6 General Science

दो वस्तुएँ त्वरित हो रही हैं - एक का द्रव्यमान 3 kg है और वह m/s^2 की गति से त्वरित होती है, और दूसरी का द्रव्यमान 5 kg है और वह 2 m/s^2 की गति से त्वरित होती है। इनमें से किसको गति करने के लिए अधिक बल की आवश्यकता है?

A. दूरी जाने बिना इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता

B. 5 kg की वस्तु

C. 3 kg की वस्तु ✓

D. दोनों को समान बल की आवश्यकता होती है

Q7 General Science

अधिकांश कार्बनिक यौगिकों में किस प्रकार का आबंधन पाया जाता है?

A. आयनिक

B. धात्विक

C. सहसंयोजक ✓

D. निर्देशांक

Q8 General Science

पादपों में वृद्धि केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही क्यों होती है?

A. क्योंकि स्थायी ऊतक पूरे पौधे में विभाजित होते रहते हैं

B. क्योंकि सभी पादप कोशिकाएं परिपक्वता के बाद बढ़ना बंद कर देती हैं

C. क्योंकि सभी पादप ऊतक केवल एक बार विभाजित हो सकते हैं

D. क्योंकि विभज्योतक केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही स्थित होते हैं ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

आजकल, सड़कों को पक्का करने के लिए डामर के स्थान पर निम्नलिखित में से किस पेट्रोलियम उत्पाद का उपयोग किया जाता है?

A. कोक (Coke)

B. नैफ्थलीन (Naphthalene)

C. पैराफिन मोम (Paraffin wax)

D. बिटुमेन (Bitumen) ✓

Q10 General Science

किसी धातु के निष्कर्षण की विधि _____ पर निर्भर करती है।

A. उसके परमाणु क्रमांक

B. उसके रंग

C. अभिक्रियाशीलता श्रेणी में उसकी स्थिति ✓

D. उसके द्रव्यमान संख्या

Q11 General Science

श्वेत प्रकाश, काँच के एक प्रिज्म पर तिर्यकत: आपतित होता है, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(i) लाल रंग का विचलन अधिकतम होता है।
(ii) प्रिज्म से गुजरते समय बैंगनी रंग की चाल सबसे कम होती है।
(iii) बैंगनी रंग का अपवर्तनांक न्यूनतम होता है।
(iv) लाल रंग का अपवर्तनांक न्यूनतम होता है।

A. (ii) और (iii) दोनों

B. (i) और (iii) दोनों

C. (ii) और (iv) दोनों ✓

D. (i) और (iv) दोनों

Q12 General Science

पर्यावरणीय उद्दीपन के प्रति पादपों की अनुक्रिया के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. कुछ पादप स्पर्श के उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया कर सकते हैं। ✓

B. पादपों में पर्यावरणीय उद्दीपन ग्रहण करने के लिए विशेष संयोजी ऊतक होते हैं।

C. पादपों में पर्यावरणीय उद्दीपन ग्रहण करने के लिए बहुत ही सूक्ष्म तंत्रिकाएँ होती हैं।

D. पादपों में पर्यावरणीय उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया के लिए अत्यधिक दुर्बल पेशियाँ होती हैं।

Q13 General Science

निम्नलिखित में से बेकिंग सोडा का सामान्य उपयोग क्या है?

A. ऐल्कोहॉल के साथ अभिक्रिया करके साबुन बनाना

B. जीवाणु अपघटन को रोकना

C. अतिरिक्त आमाशयी अम्ल को उदासीन करना ✓

D. मृदा संस्तर में अम्लता को बढ़ाना

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम पाचन प्रक्रिया के दौरान आमाशय में स्रावित होता है?

A. पेप्सिन (Pepsin) ✓

B. म्यूकस (Mucus)

C. ट्रिप्सिन (Trypsin)

D. एमिलेज (Amylase)

Q15 General Science

एक ब्लॉक 0.25 m^2 क्षेत्रफल वाले पृष्ठ पर 500 N का प्रणोद (thrust) लगाता है। ब्लॉक द्वारा लगाया गया दाब _____ है।

A. 2000 N/m2 ✓

B. 125 N/m2

C. 500 N/m2

D. 250 N/m2

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर वृत्तीय पथों में परिक्रमण नहीं करते हैं।

B. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर त्रिकोणीय पथों में परिक्रमण करते हैं।

C. परमाणु के आकार की तुलना में नाभिक का आकार बड़ा होता है।

D. इलेक्ट्रॉनों का द्रव्यमान प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की तुलना में बहुत कम होता है। ✓

Q17 General Science

यदि आप किसी गैस पर दाब डालते हैं, तो अंतराआणविक अवकाशों और बलों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. अंतराआणविक अवकाश बढ़ते हैं, अंतराआणविक बल घटते हैं।

B. अंतराआणविक अवकाश और बल दोनों बढ़ते हैं।

C. अंतराआणविक अवकाश और बल दोनों अपरिवर्तित रहते हैं।

D. अंतराआणविक अवकाश घटते हैं, अंतराआणविक बल बढ़ते हैं। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

150 kg द्रव्यमान वाली एक कार 36 km/hr की चाल से चल रही है। इसकी चाल को 72 km/hr तक बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य की मात्रा कितनी होगी?

A. 7500 J

B. 37,500 J

C. 22,500 J ✓

D. 30,000 J

Q19 General Science

एक विद्यार्थी दूर रखी वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता, लेकिन आराम से किताब पढ़ सकता है। आँख में .....दोष है।

A. दूरदृष्टिता (hypermetropia)

B. निकटदृष्टिता (myopia) ✓

C. जरा दूरदर्शिता (presbyopia)

D. दृष्टिवैषम्य (astigmatism)

Q20 General Science

निम्नलिखित में से किस विकल्प को, वंशागति के नियमों के निर्माण में मेंडल की सफलता का कारण माना जा सकता है?

A. वह एक भिक्षु थे।

B. उन्हें गणित का ज्ञान था।

C. उनके पास अलौकिक शक्तियाँ थीं।

D. वह एक सुप्रशिक्षित वैज्ञानिक थे। ✓

Q21 General Science

पुष्पी पौधों में लैंगिक जनन की प्रक्रिया में स्त्रीकेसर की प्राथमिक भूमिका क्या है?

A. पराग कणों को उत्पन्न करता है

B. पुष्प को पोषक तत्वों से पोषित करता है

C. रंगीन दलों से पराग कणों को आकर्षित करता है

D. पराग ग्रहण करता है तथा निषेचन के लिए बीजांडों को आश्रय देता है ✓

Q22 General Science

घरेलू विद्युत परिपथ के संबंध में कौन-सा कथन **गलत** है?

A. सभी उपकरण समांतर क्रम में संयोजित होते हैं।

B. एक फ्यूज परिपथ को अति-धारा से बचाता है।

C. विद्युन्मय तार में सदैव एक फ्यूज संयोजित रहता है।

D. प्रत्येक उपकरण से प्रवाहित धारा समान होती है। ✓

Q23 General Science

कौन-सी अधातु, धातुओं की तरह द्युतिमय चमक (lustrous shine) प्रदर्शित करती है?

A. आयोडीन ✓

B. फ्लोरीन

C. क्लोरीन

D. सल्फर

Q24 General Science

कौन-सा नियम धारावाही लूप के अंदर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित करने में मदद करता है?

A. दाहिने हाथ के अंगूठे का नियम ✓

B. बाएं हाथ के अंगूठे का नियम

C. फ्लेमिंग का दाएं हाथ का नियम

D. फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम

Q25 General Science

बोर का मॉडल केवल _____ पर प्रयुक्त होता है।

A. हाइड्रोजन ✓

B. लिथियम

C. हीलियम

D. बेरिलियम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु कमरे के तापमान पर द्रव अवस्था में पाई जाती है?

A. फॉस्फोरस (Phosphorous)

B. नाइट्रोजन (Nitrogen)

C. ब्रोमीन (Bromine) ✓

D. आयोडीन (Iodine)

Q2 General Science

जब कोई अम्ल किसी धातु हाइड्रोजन कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो किन उत्पादों का निर्माण होता है?

A. क्षार + हाइड्रोजन गैस

B. लवण + जल + कार्बन डाइऑक्साइड ✓

C. लवण + हाइड्रोजन गैस

D. लवण + ऑक्सीजन + कार्बन

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. मृदु ध्वनि का आयाम कम होता है

B. प्रबलता आयाम पर निर्भर करती है

C. तेज़ ध्वनि का आयाम अधिक होता है

D. प्रबलता आवृत्ति पर निर्भर करती है ✓

Q4 General Science

किसी पिंड की स्थितिज ऊर्जा निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है?

A. चाल

B. द्रव्यमान और ऊँचाई दोनों ✓

C. केवल ऊँचाई

D. केवल द्रव्यमान

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु अपनी निम्न अभिक्रियाशीलता के कारण प्रकृति में मुक्त अवस्था में पाए जाने की सबसे अधिक संभावना रखती है?

A. लोहा

B. जिंक

C. सोना ✓

D. तांबा

Q6 General Science

स्व-परागण की तुलना में पर-परागण का प्राथमिक लाभ क्या है?

4 Ω, 8 Ω और 12 Ω के तीन प्रतिरोधक एक 12 V बैटरी के से श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं। परिपथ में धारा कितनी है?

- **A.** 0.5 A ✓
- **B.** 1 A
- **C.** 2 A
- **D.** 4 A

Q24 General Science

निम्नलिखित में से किस जीव समूह में लिंग निर्धारण पर्यावरणीय तापमान के कारण होता है?

- **A.** सभी पक्षियों
- **B.** कुछ सरीसृपों ✓
- **C.** मनुष्यों
- **D.** सभी मछलियों

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

एक चिकनी गेंद दोनों ओर आनत आदर्श घर्षणरहित तल पर विरामवस्था में है। गेंद को बाईं ओर से छोड़ा जाता है और स्थिति-I में दाएं तल का आनति कोण छोटा होता है और स्थिति-II (समतल) में आनति कोण शून्य होता है। गेंद समान रूप से आनत वाली स्थिति की तुलना में _____।



A. स्थिति-I में समान दूरी और स्थिति-II में अधिक दूरी तय करती है

B. स्थिति-I में कम दूरी और स्थिति-II में समान दूरी तय करती है

C. स्थिति-I में समान दूरी तय करती है और स्थिति-II में सदैव गतिमान रहती है

D. स्थिति-I में अधिक दूरी तय करती है और स्थिति-II में सदैव गतिमान रहती है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

दिए गए विकल्पों में से, अलैंगिक जनन की कौन-सी विधि जनक पादप (parent plant) के खंडित हिस्से से एक नए पादप का निर्माण करती है?

- A. खंडन (Fragmentation) ✓
- B. द्वि-विभाजन (Binary fission)
- C. बीजाणु निर्माण (Spore formation)
- D. निषेचन (Fertilisation)

Q2 General Science

कौन-सा कथन, कार्बनिक यौगिकों की सजातीय श्रेणी का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

- A. समान भौतिक गुणों वाले तत्वों की एक श्रेणी
- B. समान सामान्य सूत्र, समान रासायनिक गुणों और –CH2– समूह द्वारा भिन्न क्रमागत सदस्यों वाले यौगिकों की एक श्रेणी ✓
- C. शाखित श्रृंखलाओं वाले यौगिकों की एक श्रेणी
- D. विभिन्न प्रकार्यात्मक समूहों लेकिन समान आण्विक सूत्र वाले यौगिकों की एक श्रेणी

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, यौगिक का अणु है?

- A. H2
- B. N2
- C. H2O ✓
- D. O2

Q4 General Science

कार्बन डाइऑक्साइड की कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (चूने का पानी) के साथ अभिक्रिया होने पर निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पाद बनता है?

- A. कैल्शियम बाइकार्बोनेट
- B. कैल्शियम ऑक्साइड
- C. कैल्शियम कार्बोनेट ✓
- D. सोडियम कार्बोनेट

Q5 General Science

मादा मानव में, जब अंडा निषेचित नहीं होता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया होती है?

- A. भ्रूण विकास
- B. प्रसव
- C. रजोधर्म ✓
- D. युग्मनज निर्माण

Q6 General Science

एक ही पदार्थ के दो तार A और B की लंबाई समान है, लेकिन तार A का अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल, तार B के अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल का दोगुना है। उनके प्रतिरोधों R_A : R_B का अनुपात क्या है?

- A. 4 : 1
- B. 1 : 1
- C. 2 : 1
- D. 1 : 2 ✓

Q7 General Science

गोल लेंस के लिए चिह्न परिपाटी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

- A. वस्तु की दूरी ऋणात्मक होती है।
- B. जब वस्तु को मुख्य अक्ष के ऊपर रखा जाता है तो वस्तु की ऊंचाई ऋणात्मक होती है। ✓
- C. उत्तल लेंस की फोकस दूरी धनात्मक होती है।
- D. अवतल लेंस की फोकस दूरी ऋणात्मक होती है।

Q8 General Science

किसी कण का वेग-समय ग्राफ, ऋणात्मक प्रवणता वाली एक सरल रेखा है। यह कण की गति के बारे में क्या इंगित करती है?

- A. कण, विराम में है।
- B. कण, धनात्मक दिशा में शीघ्रता से बढ़ रहा है।
- C. कण, बढ़ते त्वरण के साथ गति कर रहा है।
- D. यदि कण, धनात्मक दिशा में गति कर रहा है, तो उसकी गति धीमी हो रही है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया एथेनोइक अम्ल की अम्लीय प्रकृति को प्रदर्शित करती है?

- A. एथेनोइक अम्ल + सोडियम हाइड्रॉक्साइड → सोडियम एथेनोएट + जल ✓
- B. एथेनोइक अम्ल + मेथेनॉल → मेथेनोइक अम्ल + एथेन
- C. एथेनोइक अम्ल + सोडियम → सोडियम एथेनोएट + हाइड्रोजन गैस
- D. एथेनोइक अम्ल + एथेनॉल → एस्टर + जल

Q10 General Science

एक किसान नदी के किनारे रहता है, लेकिन उसके क्षेत्र के नहर-तंत्र को जलाशय से अनियमित जल आपूर्ति मिलती है। सिंचाई के लिए उसे आदर्श रूप से क्या अपनाना चाहिए?

- A. कुएँ (Wells)
- B. केवल स्प्रिंकलर का उपयोग (Use of sprinklers only)
- C. नदी लिफ्ट तंत्र (River lift system) ✓
- D. बाढ़ सिंचाई (Flood irrigation)

Q11 General Science

यदि अम्ल वर्षा के पानी की एक बूंद नीले लिटमस पेपर पर डाली जाए तो क्या होगा?

- A. लिटमस पेपर का रंग नहीं बदलता।
- B. नीला लिटमस पेपर लाल हो जाएगा। ✓
- C. नीला लिटमस पेपर पीला हो जाएगा।
- D. नीला लिटमस पेपर काला हो जाएगा।

Q12 General Science

एक विद्यार्थी एक चमकते बल्ब के टर्मिनलों पर एक वोल्टमीटर जोड़ता है। वोल्टमीटर क्या मापता है?

- A. बल्ब में प्रवाहित धारा
- B. बल्ब का प्रतिरोध
- C. बल्ब द्वारा उत्पन्न ऊष्मा
- D. बल्ब में विभवांतर ✓

Q13 General Science

न्यूरॉन के मुख्य घटक कौन-से हैं?

- A. कोशिका-काय, द्रुमिका, तंत्रिका अंत और अंतर्ग्रथन
- B. द्रुमिका, कोशिका-काय और तंत्रिका अंत
- C. द्रुमिका, कोशिका-काय और तंत्रिकाक्ष ✓
- D. द्रुमिका, कोशिका-काय, तंत्रिकाक्ष और तंत्रिका अंत

Q14 General Science

बाह्य त्वचा किस प्रकार के उपकला ऊतक से बनी होती है?

- A. सरल पट्टकी उपकला (Simple squamous epithelium)
- B. घनाभाकार उपकला (Cuboidal epithelium)
- C. स्तरीकृत पट्टकी उपकला (Stratified squamous epithelium) ✓
- D. स्तंभाकार उपकला (Columnar epithelium)

Q15 General Science

न्यूटन के गति के दूसरे नियम के अनुसार, जब किसी वस्तु पर असंतुलित बल लगाया जाता है, तो क्या होता है?

- A. वस्तु तत्काल विराम में आ जाती है
- B. वस्तु का संवेग लगाए गए बल की दिशा में बदल जाता है ✓
- C. वस्तु एक वृत्तीय पथ पर गति करती है
- D. वस्तु का संवेग अपरिवर्तित रहता है

Q16 General Science

एक कण की गतिज ऊर्जा शून्य है। कण की गति के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

- A. इसका संवेग अधिकतम है
- B. यह विरामावस्था में होना चाहिए ✓
- C. यह एकसमान वेग से गतिमान है
- D. यह उच्च त्वरण के साथ गतिमान है

Q17 General Science

द्रव्यमान M और त्रिज्या R वाले ग्रह की सतह पर गुरुत्वीय त्वरण का व्यंजक क्या है?

- A. g=GM/R2 ✓
- B. g=R/GM2
- C. g=GM2/R
- D. g=GR/M2

Q18 General Science

केन्द्रक के संबंध में निम्नलिखित से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

- A. केंद्रकीय झिल्ली एक द्वि-परतीय संरचना है।
- B. केंद्रकीय झिल्ली एक अरंध्रीय और दृढ़ संरचना है। ✓
- C. केंद्रक में गुणसूत्र होते हैं।
- D. केंद्रक, कोशिकीय जनन में एक मुख्य भूमिका निभाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

नर तथा मादा युग्मक के संलयन से आरंभ होने वाले जनन को क्या कहा जाता है?

A. क्लोनन

B. लैंगिक जनन ✓

C. द्वि-खंडन

D. मुकुलन

Q20 General Science

क्लोरीन परमाणु के K, L, और M शेल में इलेक्ट्रॉनों का वितरण _____ है।

A. 2, 7, 8

B. 2, 6, 5

C. 2, 7, 7

D. 2, 8, 7 ✓

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा मानवीय क्रियाकलाप ओजोन परत के क्षरण में योगदान देता है?

A. जल संरक्षण

B. CFC-आधारित रेफ्रिजरेंट और स्प्रे कैन का उपयोग ✓

C. जैविक अपशिष्ट से कम्पोस्ट बनाना

D. सौर ऊर्जा का उपयोग

Q22 General Science

ध्वनि की चाल (v) की गणना किन दो तरंग गुणधर्मों का गुणा करके की जाती है?

A. तरंग दैर्ध्य और आवृत्ति ✓

B. आयाम और समय अवधि

C. तरंग दैर्ध्य और आयाम

D. आयाम और आवृत्ति

Q23 General Science

उत्तल दर्पण का वक्रता केन्द्र कहाँ स्थित होता है?

A. दर्पण के पीछे ✓

B. दर्पण के सामने

C. दर्पण के मुख्य फोकस पर

D. दर्पण के ध्रुव पर

Q24 General Science

निम्नलिखित में से सही कथन का चयन करें।

A) गैस कणों के बीच अधिक स्थान होने से उन्हें आसानी से लघु आयतनों में निष्पीडित (squeezed) किया जा सकता है।
B) गैस कणों की औसत गतिज ऊर्जा उच्च होती है।

A. न तो A और न ही B

B. केवल A

C. A और B दोनों ✓

D. केवल B

Q25 General Science

किसी पदार्थ का सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass) एक _____ की सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमान के योगफल के बराबर होता है।

A. मिश्रण

B. परमाणु

C. तत्व

D. यौगिक ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

2 kg का एक पिंड 3 m/s² की गति से त्वरित होता है। इस पर कार्यरत बल ज्ञात कीजिए।

- A. 6 N ✓
- B. 5 N
- C. 3 N
- D. 2 N

Q2 General Science

लैंगिक प्रजनन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

- A. यह दो माता-पिता (जनकों) के डीएनए को जोड़ता है।
- B. यह जीवों को बदलते वातावरण के अनुकूल ढलने में मदद करता है।
- C. यह समरूप क्लोन उत्पन्न करता है। ✓
- D. यह प्रजातियों के अस्तित्व के लिए विविधताएं उत्पन्न करता है।

Q3 General Science

चुंबकीय क्षेत्र में धारावाही चालक पर लगने वाले बल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- A. बल चालक के प्रतिरोध पर निर्भर करता है।
- B. किसी चालक पर बल चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के अनुदिश होता है।
- C. किसी धारावाही चालक पर लगने वाला बल चुंबकीय क्षेत्र में चालक की लम्बाई के समानुपाती होता है। ✓
- D. यह बल चालक में प्रवाहित धारा से स्वतंत्र होता है।

Q4 General Science

किसी वस्तु का भार पृथ्वी की अपेक्षा चन्द्रमा पर कम होता है, क्योंकि_____।

- A. चंद्रमा पर वस्तु का द्रव्यमान कम हो जाता है
- B. वायु प्रतिरोध के कारण वस्तु हल्की हो जाती है
- C. चंद्रमा का गुरुत्वीय त्वरण पृथ्वी की तुलना में कम होता है ✓
- D. चंद्रमा अधिक बल के साथ वस्तुओं को आकर्षित करता है

Q5 General Science

मनुष्यों में वृद्धि हॉर्मोन (GH) का स्रवण कौन-सी ग्रंथि करती है?

- A. एड्रिनल ग्रंथि (Adrenal gland)
- B. थाइरॉइड ग्रंथि (Thyroid gland)
- C. पिट्यूटरी ग्रंथि (Pituitary gland) ✓
- D. पैन्क्रियाज (Pancreas)

Q6 General Science

एक राइफल से लाइट बुलेट चलाई जाती है, जिसके परिणामस्वरूप बुलेट का आगे की ओर त्वरण अधिक होता है और राइफल का पीछे की ओर प्रतिक्षेप त्वरण न्यूनतम होता है। यदि बल बराबर और विपरीत (क्रिया/प्रतिक्रिया) हैं, तो राइफल का त्वरण बुलेट के त्वरण से इतना कम क्यों होता है?

- A. क्रिया और प्रतिक्रिया बल रद्द हो जाते हैं क्योंकि ये तात्कालिक रूप से कार्य करते हैं।
- B. त्वरण द्रव्यमान के व्युत्क्रमानुपाती होता है, और राइफल का द्रव्यमान बुलेट से बहुत अधिक होता है। ✓
- C. राइफल का बुलेट पर क्रिया बल, राइफल पर बुलेट के प्रतिक्रिया बल से अधिक होता है।
- D. बुलेट का प्रतिक्रिया बल, क्रिया बल की तुलना में कम समय के लिए कार्य करता है।

Q7 General Science

निम्नलिखित में से क्या प्रतिध्वनि उत्पन्न नहीं करेगा?

- A. 50 m की दूरी पर एक पर्वत
- B. 100 m की दूरी पर एक चट्टान
- C. 30 m की दूरी पर एक ऊंची इमारत
- D. 10 m की दूरी पर एक दीवार ✓

Q8 General Science

यदि दर्पण के पीछे प्रतिबिम्ब उतनी ही दूरी पर बनता है जितनी दूरी पर सामने वाली वस्तु रखी है, तो दर्पण .....होगा।

- A. उत्तल
- B. समतल ✓
- C. अवतल
- D. परवलयिक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

रदरफोर्ड के स्वर्ण-पन्नी प्रयोग से परमाणु मॉडल में एक बड़ा संशोधन हुआ। प्रयोग के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण और निष्कर्ष सबसे यथार्थ है?

A. अल्फा कण विक्षेपित होते हैं क्योंकि वे इलेक्ट्रॉनों से टकराते हैं और पूरे परमाणु में समान रूप से फैल जाते हैं।

B. अधिकांश अल्फा कण पन्नी से बिना विक्षेपित हुए गुजर गए, जो यह दर्शाता है कि परमाणु अधिकांशतः रिक्त स्थान हैं। ✓

C. इलेक्ट्रॉन नाभिक में मौजूद होते हैं और परमाणु के द्रव्यमान के लिए जिम्मेदार होते हैं।

D. नाभिक धनावेशित होता है और परमाणु का अधिकांश आयतन घेरता है।

Q10 General Science

एक बहुकोशिकीय जीव में, प्रत्येक कोशिका जीव की उत्तरजीविता में कैसे सहायक होती है?

A. स्वयं को एक पूर्ण अंग में परिवर्तित करके

B. सभी जीवन कार्यों को स्वयं करने का प्रयास करके

C. अन्य कोशिकाओं के साथ परस्पर क्रिया किए बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करके

D. श्रम विभाजन का पालन करके ✓

Q11 General Science

पुरुषों में वृषण, उदर गुहा के बाहर क्यों स्थित होते हैं?

A. क्योंकि शुक्राणु निर्माण के लिए उच्च ताप की आवश्यकता होती है

B. क्योंकि शुक्राणु निर्माण के लिए शरीर ताप से निम्न ताप की आवश्यकता होती है ✓

C. क्योंकि टैस्टोस्टेरोन का उत्पादन केवल शरीर के बाहर होता है

D. उन्हें शारीरिक क्षति से बचाने के लिए

Q12 General Science

धातुओं की सक्रियता श्रेणी क्या दर्शाती है?

A. धातुओं के उनके गलनांक के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित सूची।

B. धातुओं के उनके घनत्व के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित सूची।

C. आयन निर्माण की उनकी क्षमता के अनुसार व्यवस्थित अधातुओं की सूची।

D. धातुओं की उनकी क्रियाशीलता के घटते क्रम में व्यवस्थित सूची। ✓

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया में निर्मित **नहीं** होता है?

A. हाइड्रोजन गैस

B. सोडियम कार्बोनेट ✓

C. क्लोरीन गैस

D. सोडियम हाइड्रॉक्साइड

Q14 General Science

किस कार्बन अपरूप में परमाणु षट्कोणीय परत संरचना में व्यवस्थित होते हैं, जिसमें परतों के बीच दुर्बल बल होते हैं?

A. ग्रेफाइट ✓

B. हीरा

C. कोक

D. फुलेरीन

Q15 General Science

'v' m/s की एकसमान चाल से गतिमान 'm' kg द्रव्यमान वाले पिंड की गतिज ऊर्जा के लिए सही सूत्र निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. 1/2 mv2 ✓

B. mv

C. 1/4 mv2

D. 1/2 mv

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, जल में घुलने पर अम्ल और क्षार दोनों का एक उभयनिष्ठ लक्षण है?

A. दोनों जिंक जैसी धातुओं के साथ अभिक्रिया करने पर हाइड्रोजन गैस अवमुक्त करते हैं।

B. दोनों नीले लिटमस को लाल कर देते हैं।

C. दोनों ही आयन उत्पन्न करते हैं जो जलीय विलयन में विद्युत का चालन करते हैं। ✓

D. दोनों धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ गर्म करने पर विघटित होकर बिना बुझा चूना देता है?

A. NaOH

B. CaCl

C. $KClO_3$

D. $CaCO_3$ ✓

Q18 General Science

जब चीनी को जल में विलीन किया जाता है तो चीनी के कण, _____।

A. केवल छोटे टुकड़ों में विच्छेदित होते हैं

B. अधिक स्थान घेरते हैं

C. जल के कणों के बीच के स्थान में चले जाते हैं ✓

D. स्थायी रूप से गायब हो जाते हैं

Q19 General Science

पादपों में लैंगिक जनन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

A. मादा जनन कोशिकाएँ अंडाशय में उपस्थित होती हैं।

B. पराग को पुंकेसर से वर्तिकाग्र तक अंतरित करने की आवश्यकता होती है।

C. एक पुष्प से दूसरे पुष्प में पराग का अंतरण विभिन्न कारकों (agents) द्वारा किया जाता है।

D. पराग कण सीधे अंडाशय में जाते हैं। ✓

Q20 General Science

किस वैज्ञानिक ने सुझाव दिया कि कोई चुंबक एक धारावाही चालक पर बराबर और विपरीत बल लगाता है?

A. ओर्स्टेड (Oersted)

B. एम्पीयर (Ampere) ✓

C. फैराडे (Faraday)

D. मैक्सवेल (Maxwell)

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक स्राव हमारे शरीर को नियंत्रण और समन्वय में मदद करता है?

A. गैस्ट्रिक म्यूकोसा

B. हार्मोन ✓

C. लार

D. सीबम

Q22 General Science

निम्नलिखित में से क्या, जैविक आवर्धन का कारण बन सकता है?

A. पीड़कनाशी (Pesticides) ✓

B. खराब होती सब्जियाँ (Degrading vegetable)

C. केले का छिलका (Peel of banana)

D. भूसा (Straw)

Q23 General Science

गैसों को द्रवीभूत करने की स्थितियाँ ..... होंगी।

A. बढ़ता दाब और बढ़ता तापमान

B. घटता दाब और घटता तापमान

C. बढ़ता दाब और घटता तापमान ✓

D. घटता दाब और बढ़ता तापमान

Q24 General Science

उत्तल दर्पण के मामले में, मुख्य अक्ष के समानांतर एक किरण परावर्तन के बाद _____से अपसारित होती हुई प्रतीत होती है।

A. अनंत

B. ध्रुव

C. मुख्य फोकस ✓

D. वक्रता केंद्र

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

निम्नलिखित संयोजी ऊतकों को उनकी सही विशेषताओं से सुमेलित कीजिए।

a. एरियोली ऊतक	i. अंगों के बीच रिक्त स्थान भरता है
b. कंकाल ऊतक	ii. संरचनात्मक सहारा प्रदान करते हैं तथा घर्षण कम करते हैं।
c. स्नायु	iii. रेशेदार ऊतक जो मांसपेशी से अस्थि का संबंध बनाए रखते हैं
d. कंडरा	iv. रेशेदार ऊतक जो अस्थि से अस्थि का संबंध बनाए रखते हैं

A. a i, b iv, c ii, d iii

B. a i, b iv, c iii, d ii

C. a i, b ii, c iv, d iii ✓

D. a iv, b i, c iii, d ii

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

क्या होता है जब कीट, फसल पौधों की पत्तियों से रस चूस लेते हैं?

- A. पौधे का स्वास्थ्य प्रभावित होता है ✓
- B. पौधा वृद्धि करके मजबूत हो जाता है
- C. पौधे का परागण हो जाता है
- D. पौधा अधिक पुष्प उत्पन्न करता है

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रकाश के अपवर्तन के कारण नहीं है?

- A. उत्तल दर्पण द्वारा प्रतिबिंब रचना ✓
- B. तारों का टिमटिमाना
- C. उत्तल लेंस द्वारा प्रतिबिंब रचना
- D. विलंबित सूर्यास्त

Q3 General Science

धारावाही वृत्तीय तार का प्रत्येक खंड लूप के केंद्र पर _____ में चुंबकीय क्षेत्र में योगदान देता है।

- A. समान दिशा ✓
- B. लम्बवत दिशा
- C. विपरीत दिशा
- D. यादृच्छिक दिशा

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा महिला शरीर अंग, प्रत्येक महीने निषेचित अंडे को प्राप्त करने के लिए स्वयं को तैयार करता है?

- A. अग्न्याशय
- B. गर्भाशय ✓
- C. वृक्क
- D. ग्रसनी

Q5 General Science

ओजोन के एक अणु में _____ होता है/होते हैं।

- A. 4 ऑक्सीजन परमाणु
- B. 3 ऑक्सीजन परमाणु ✓
- C. 2 ऑक्सीजन परमाणु
- D. 1 ऑक्सीजन परमाणु

Q6 General Science

पादप के निम्नलिखित में से किस भाग में विभाजी ऊतक क्षेत्र (dividing tissue region) होता है जो वृद्धि में सहायक होता है?

- A. शीर्षस्थ विभज्योतक ✓
- B. चालनी नलिका
- C. वाहिका
- D. दृढ़ोतक

Q7 General Science

H_2O में ऑक्सीजन की संयोजकता कितनी होती है?

- A. 0
- B. 3
- C. 1
- D. 2 ✓

Q8 General Science

मुख्य अक्ष के समान्तर तथा निकट तीन प्रकाश किरणें एक उत्तल लेंस पर आपतित होती हैं, ये किरणें लेंस से गुजरने के बाद किस बिंदु पर अभिसरित होंगी?

- A. फोकस से परे किसी भी बिंदु पर
- B. लेंस के फोकस पर ✓
- C. ऑप्टिकल केंद्र पर
- D. ऑप्टिकल केंद्र और फोकस के बीच किसी भी बिंदु पर

Q9 General Science

वृषणकोष का तापमान, सामान्य शरीर के तापमान से कितने डिग्री सेल्सियस कम होता है?

- A. लगभग 7°C
- B. लगभग 6°C
- C. लगभग 12°C
- D. लगभग 3°C ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 General Science

कौन-सी प्राथमिक विशेषता माइटोकॉन्ड्रिया को 'कोशिका का पावरहाउस' कहलाने की अनुमति देती है?

- **A.** ये ऊर्जा को ATP के रूप में संश्लेषित करते हैं ✓
- **B.** वे प्रोटीन संश्लेषण को नियंत्रित करते हैं।
- **C.** इनमें पाचन एंजाइम होते हैं।
- **D.** ये कैल्शियम आयन संग्रहित करते हैं

Q11 General Science

दैनिक जीवन में बेकिंग सोडा (सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट) का निम्नलिखित में से कौन-सा उपयोग सही है?

- **A.** इसका उपयोग लेड-एसिड बैटरियों में प्रबल अम्लों को उदासीन करने के लिए किया जाता है।
- **B.** इसका उपयोग खाद्य लवण बनाने के लिए किया जाता है।
- **C.** इसका उपयोग अग्निशामक यंत्रों में फेन बनाने के लिए किया जाता है। ✓
- **D.** इसका उपयोग साबुन को नॉन-ग्रीसी (non-greasy) बनाने के लिए किया जाता है।

Q12 General Science

निम्नलिखित में से किसका संघटन परिवर्ती होता है?

- **A.** मेथेन
- **B.** हाइड्रोजन क्लोराइड
- **C.** जल
- **D.** पीतल ✓

Q13 General Science

यह मानते हुए कि वस्तु एकसमान वेग से गतिमान है, किसी वस्तु के वेग को उसके यात्रा समय से गुणा करने पर कौन-सी भौतिक राशि प्राप्त होती है?

- **A.** संवेग
- **B.** विस्थापन ✓
- **C.** बल
- **D.** त्वरण

Q14 General Science

एक कार 2.5 घंटे तक 62 km/hr की चाल से और फिर 1.5 घंटे तक 48 km/hr की चाल से चलती है। इसकी औसत चाल लगभग _____ है।

- **A.** 56.8 km/hr ✓
- **B.** 58 km/hr
- **C.** 55 km/hr
- **D.** 27.5 km/hr

Q15 General Science

बेकिंग सोडा (सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

A. यह सोडियम क्लोराइड, अमोनिया, कार्बन डाइऑक्साइड और जल की अभिक्रिया द्वारा औद्योगिक रूप से तैयार किया जाता है।
B. गर्म करने पर, बेकिंग सोडा कार्बन डाइऑक्साइड गैस मुक्त करता है, जो इसे बेकिंग में उपयोगी बनाती है।
C. बेकिंग सोडा का उपयोग प्रतिअम्ल (antacid) में किया जाता है क्योंकि यह अतिरिक्त आमाशयी अम्ल को उदासीन करता है, जिससे केवल लवण और जल बनता है।

- **A.** केवल A
- **B.** A और C दोनों
- **C.** A और B दोनों
- **D.** केवल C ✓

Q16 General Science

चयनात्मक पारगम्य झिल्ली के माध्यम से जल के विसरण को _____ कहते हैं।

- **A.** वाष्पोत्सर्जन (transpiration)
- **B.** सक्रिय परिवहन (active transport)
- **C.** परासरण (osmosis) ✓
- **D.** विसरण (diffusion)

Q17 General Science

उद्योगों में, मशीन के पुर्जों और पुलों जैसे धात्विक घटकों की संरचनात्मक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अल्ट्रासोनिक तरंगों का मुख्य रूप से किस प्रकार उपयोग किया जाता है?

- **A.** धातु की सतह को पॉलिश करने के लिए
- **B.** अशुद्धियों को दूर करने हेतु धातु को गर्म करने के लिए
- **C.** धातु के घनत्व को परिवर्तित करने के लिए
- **D.** ब्लॉक के अंदर दरारें और अनुप्रस्थ भ्रंश का पता लगाने के लिए ✓

Q18 General Science

यदि किसी गतिशील पिंड की गतिज ऊर्जा 450 J है और उसका वेग 15 m/s है, तो पिंड का द्रव्यमान कितना होगा?

- **A.** 5 kg
- **B.** 4 kg ✓
- **C.** 2 kg
- **D.** 3 kg

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

जब इथेनॉल सांद्र H_2SO_4 की उपस्थिति में एथेनॉइक एसिड के साथ अभिक्रिया करता है तो _____ उत्पन्न होता है।

- A. एस्टर ✓
- B. एल्डिहाइड
- C. कीटोन
- D. एल्कोहॉल

Q20 General Science

परमाण्विक द्रव्यमान निर्धारित करने के लिए, निम्नलिखित में से किसका चयन मानक संदर्भ के रूप में किया जाता है?

- A. नाइट्रोजन-14
- B. नाइट्रोजन-15
- C. कार्बन-12 ✓
- D. कार्बन-13

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा कार्बनिक यौगिक है?

- A. Na2CO3
- B. CaCO3
- C. C2H6 ✓
- D. NaCl

Q22 General Science

मत्स्य उत्पादन में, कवचप्राणी (shellfish) श्रेणी में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आता है?

- A. ट्यूना (Tuna)
- B. मोलस्क (Molluscs) ✓
- C. सिल्वर कार्प (Silver carp)
- D. बंबिल (Bombay duck)

Q23 General Science

उस अर्ध-संरक्षी प्रक्रिया का नाम क्या है जिसमें DNA ,दो समरूप अणुओं में द्विगुणित होता है?

- A. ट्रांस्लेशन (Translation)
- B. उत्परिवर्तन (Mutation)
- C. प्रतिकृति (Replication) ✓
- D. अनुलेखन (Transcription)

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

- A. ब्रह्मांड में प्रत्येक वस्तु प्रत्येक अन्य वस्तु को आकर्षित करती है
- B. गुरुत्वाकर्षण बल छोटे पिंडों में सर्वाधिक प्रबल होता है ✓
- C. G का मान हर जगह स्थिर होता है
- D. गुरुत्वाकर्षण बल सदैव आकर्षी होता है

Q25 General Science

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

- A. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं दक्षिणी ध्रुव से शुरू होकर चुंबक के बाहर उत्तरी ध्रुव पर समाप्त होती हैं।
- B. धारावाही तार की सतह पर चुंबकीय क्षेत्र शून्य होता है।
- C. किसी सीधे धारावाही चालक के परित: चुंबकीय क्षेत्र की दिशा दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम द्वारा दी जा सकती है। ✓
- D. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ सदैव सीधी रेखाएँ होती हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

4 Ω का एक प्रतिरोधक प्रति सेकण्ड 64 J ऊष्मा उत्पन्न करता है। इसके सिरों के बीच विभवांतर कितना है?

A. 8 V
B. 16 V ✓
C. 16 A
D. 64 A

Q2 General Science

एक प्रकाश किरण उत्तल दर्पण के वक्रता केंद्र से होकर गुजरती है। परावर्तन के बाद इसका क्या होता है?

A. यह उसी पथ पर वापस लौट आती है। ✓
B. यह फोकस पर अभिसरित हो जाती है।
C. यह अवशोषित हो जाती है।
D. यह मुख्य अक्ष के समान्तर हो जाती है।

Q3 General Science

मैग्नीशियम ऑक्साइड का परमाणु द्रव्यमान कितना है?

A. 32
B. 35
C. 45
D. 40 ✓

Q4 General Science

निम्नलिखित में से किस माध्यम में ध्वनि की चाल अधिकतम होती है?

A. कक्ष ताप पर वायु
B. जल
C. लोहा ✓
D. निर्वात

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु, जल में डूब जाएगी? (जल का घनत्व 1 g/cm^3 लीजिए)

(i) 2.5 g/cm^3 घनत्व की एक लोहे की कील

(ii) 0.83 g/cm^3 घनत्व का एक लोहे का ब्लॉक

(iii) 2 g/cm^3 घनत्व की एक लोहे की गेंद

A. केवल (iii)
B. (i) और (ii) दोनों
C. केवल (ii)
D. (i) और (iii) दोनों ✓

Q6 General Science

ऑक्सीजन का परमाण्विक द्रव्यमान कितना है?

A. 8 u
B. 12 u
C. 18 u
D. 16 u ✓

Q7 General Science

साबुन में मिसेल के सही गुण का चयन कीजिए जो उन्हें जल के साथ अंतःक्रिया करने में सहायता करता है?

A. जलविरागी पुच्छ (hydrophobic tail)
B. जलरागी शीर्ष (hydrophillic head) ✓
C. हाइड्रोकार्बन (hydrocarbon)
D. जलरागी शीर्ष और जलविरागी पुच्छ दोनों (both hydrophilic head and hydrophobhic tail)

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु रासायनिक रूप से अधातु होने के बाद भी धात्विक चमक प्रदर्शित करती है?

A. आयोडीन ✓
B. नाइट्रोजन
C. फॉस्फोरस
D. सल्फर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, आयन (ion) का सही वर्णन करता है?

- **A.** वह परमाणु या परमाणुओं का समूह, जिस पर शुद्ध (net) विद्युत आवेश हो ✓
- **B.** आयनिक आबंधन द्वारा निर्मित एक उदासीन अणु
- **C.** एक ऐसा परमाणु, जिसमें न्यूट्रॉनों की तुलना में अधिक प्रोटॉन होते हैं
- **D.** एक ऐसा अणु, जिसने न्यूट्रॉनों को ग्रहण या त्याग किया हो

Q10 General Science

मानव मादाओं में निषेचन की विफलता की स्थिति में डिम्बवाहिनी में अंडे की दीर्घायु अवधि कितनी होती है?

- **A.** 1-2 दिन ✓
- **B.** 3-4 दिन
- **C.** 6-7 दिन
- **D.** 4-5 दिन

Q11 General Science

उस बिंब की स्थिति क्या होनी चाहिए जिसका अवतल दर्पण द्वारा आभासी, सीधा और आवर्धित प्रतिबिंब बनता है?

- **A.** बिंब को दर्पण के वक्रता केंद्र पर रखना चाहिए
- **B.** बिंब को दर्पण के ध्रुव और फोकस के बीच रखना चाहिए ✓
- **C.** बिंब को दर्पण के फोकस पर रखना चाहिए
- **D.** बिंब को फोकस और वक्रता केंद्र के बीच रखना चाहिए

Q12 General Science

गति के प्रथम नियम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

- **A.** गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में स्वतंत्र रूप से गिरता हुआ एक पत्थर।
- **B.** इंजन चालू होने पर एक कार त्वरित हो जाती है।
- **C.** ऊपर की ओर प्रक्षेपित होता एक रॉकेट।
- **D.** जब एक कार अचानक रुक जाती है, तो भी व्यक्ति आगे बढ़ना जारी रखता है। ✓

Q13 General Science

रिक्तिकाओं (Vacuoles) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

- **A.** रिक्तिकाएं, अमीनो एसिड, शर्करा, कार्बनिक एसिड और प्रोटीन जैसे महत्वपूर्ण पदार्थों का भंडारण करती हैं।
- **B.** पादप कोशिकाओं में आमतौर पर एक बृहत् केन्द्रीय रिक्तिका होता है।
- **C.** रिक्तिकाएँ, कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण के लिए होती हैं। ✓
- **D.** पादप की कोशिकाओं में रिक्तिकाएं, कोशिका रस से भरी होती हैं, जो स्फीति और कठोरता प्रदान करने में सहायक होती हैं।

Q14 General Science

आधुनिक मत्स्य-पालन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

- **A.** सभी मत्स्य डिम्भ नदियों से एकत्र किए जाते हैं
- **B.** तालाबों में मत्स्य-पालन नहीं किया जा सकता है
- **C.** मत्स्यों को बड़ा करने के लिए एंजाइमों का उपयोग किया जाता है
- **D.** मत्स्य प्रजनन के लिए हार्मोन्स का उपयोग किया जाता है ✓

Q15 General Science

पादप कोशिका में सूत्रकणिका (mitochondria) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- **A.** सूत्रकणिका प्रकाश संश्लेषण करती है।
- **B.** सूत्रकणिका का अपना DNA नहीं होता है।
- **C.** सूत्रकणिका में एक ही झिल्लीमय आवरण (membranous covering) होता है।
- **D.** सूत्रकणिकीय आन्तरिक-झिल्ली (mitochondrial inner membrane) अत्यधिक वलित होती है। ✓

Q16 General Science

60 km/hr के वेग से चलती हुई 1500 kg द्रव्यमान की कार को विराम अवस्था में लाने के लिए आवश्यक कार्य न्यूनतम लगभग कितना है?

- **A.** 4.68 × 105 J
- **B.** 2.08 × 105 J ✓
- **C.** 1.56 × 105 J
- **D.** 6.25 × 105 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

निम्नलिखित में से क्या केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और शरीर के अन्य भागों के बीच संचार को सुगम बनाता है?

A. मेरुदंड
B. ऐच्छिक पेशियाँ
C. परिधीय तंत्रिकातंत्र ✓
D. अनैच्छिक पेशियाँ

Q18 General Science

पैकेज्ड खाद्य पदार्थों को खराब होने से बचाने के लिए प्रायः किस गैस की फ्लशिंग (Flushing) को प्राथमिकता दी जाती है?

A. डाइनाइट्रोजन ट्राइऑक्साइड
B. नाइट्रिक ऑक्साइड
C. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
D. नाइट्रोजन ✓

Q19 General Science

किसी वस्तु की उस गति को क्या कहा जाता है, जो समान समय अंतरालों में समान दूरी तय करती है, भले ही समय अंतराल अत्यधिक कम हों?

A. असमान गति
B. त्वरित गति
C. वृत्तीय गति
D. एकसमान गति ✓

Q20 General Science

धातुओं का उनके अयस्कों से निष्कर्षण निम्नलिखित में से क्या कहलाता है?

A. प्रगलन (Smelting)
B. धातुकर्म (Metallurgy) ✓
C. परिष्करण (Refining)
D. खनन (Mining)

Q21 General Science

सगर्भता के दौरान कुपोषित माता में, _____।

A. कम वजन वाले बच्चे का जन्म होने की संभावना होती है ✓
B. अधिक दुग्ध का उत्पादन होने की संभावना होती है
C. प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होने की संभावना होती है
D. प्रसव शीघ्रता से होने की संभावना होती है

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक, पादप को दृढ़ और दुर्नम्य बनाता है?

A. वायूतक (Aerenchyma)
B. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma)
C. दृढ़ोतक (Sclerenchyma) ✓
D. हरित ऊतक (Chlorenchyma)

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा, एकलिंगी है?

A. सरसों
B. पपीता ✓
C. चाइना रोज़
D. मटर

Q24 General Science

दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का एक ही बिंदु पर एक-दूसरे को काटना असंभव क्यों है?

A. क्योंकि वे समान ध्रुवता के कारण एक दूसरे को प्रतिकर्षित करती हैं
B. क्योंकि उस बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता शून्य होगी
C. क्योंकि वे चुंबक के अंदर हमेशा समानांतर होती हैं
D. क्योंकि इसका अर्थ यह होगा कि कम्पास की सुई एक साथ दो दिशाओं में संकेत कर सकती है ✓

Q25 General Science

एक पीली चमकदार ज्वाला सामान्यत: निम्नलिखित में से किसका संकेत है?

A. अदग्ध कार्बन कणों के साथ अपूर्ण दहन ✓
B. धातुओं का दहन
C. कार्बन डाइऑक्साइड का निर्माण
D. पूर्ण दहन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

एक लड़का 10 m त्रिज्या वाले वृत्तीय पथ पर दौड़ रहा है। वह 1 मिनट में एक चक्कर पूरा करता है। उसकी औसत चाल कितनी है?

- A. 1.04 m/s ✓
- B. 5.2 m/s
- C. 10.4 m/s
- D. 0 m/s

Q2 General Science

किसी माध्यम का निरपेक्ष अपवर्तनांक _____ के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है।

- A. माध्यम में प्रकाश की गति और निर्वात में प्रकाश की गति
- B. कांच में प्रकाश की गति और जल में प्रकाश की गति
- C. निर्वात में प्रकाश की गति और माध्यम में प्रकाश की गति ✓
- D. जल में प्रकाश की गति और माध्यम में प्रकाश की गति

Q3 General Science

एक वोल्टमीटर को एक परिपथ में सदैव _____संयोजित किया जाता है।

- A. समानांतर क्रम में ✓
- B. स्विच के स्थान पर
- C. तिर्यक रूप में
- D. श्रेणीक्रम में

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वेग से गतिमान वस्तु के लिए वेग-समय ग्राफ की प्रमुख विशेषता का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

- A. यह समय अक्ष की ओर झुकी हुई एक सीधी रेखा है।
- B. यह एक वक्र रेखा है।
- C. यह वेग अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा है।
- D. यह समय अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा है। ✓

Q5 General Science

गैसों की आसानी से संपीडित होने की क्षमता _____ के कारण होती है।

- A. कणों के बीच मजबूत बल
- B. कणों के बीच विस्तृत स्थान ✓
- C. कणों की कमी
- D. कणों के उच्च द्रव्यमान

Q6 General Science

जब प्रकाश हवा से कांच के प्रिज्म में पहली अपवर्तक सतह पर प्रवेश करता है, तो प्रकाश किरण _____ ।

- A. अभिलंब से दूर बंकिति होता है, जिससे आपतन कोण बढ़ती है
- B. सघन माध्यम में प्रवेश करते ही अभिलंब की ओर बंकित होती है ✓
- C. बिना बंकन के सीधी गुजरती है
- D. पूर्ण आंतरिक परावर्तन से गुजरती है।

Q7 General Science

पृथ्वी की सतह पर गुरुत्वीय त्वरण (g) का सूत्र _____ है।

- A. g=G/MR2
- B. g=R2/GM
- C. g=GM/R
- D. g=GM/R2 ✓

Q8 General Science

g = 10 m/s² मानते हुए, यदि 75 kg द्रव्यमान वाला एक व्यक्ति 25 s में 8 m की सीढ़ी चढ़ जाता है, तो उसकी औसत शक्ति _____ है।

- A. 120 W
- B. 240 W ✓
- C. 150 W
- D. 24 W

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

जूल के तापन नियम के अनुसार, उत्पन्न ऊष्मा (H) निम्नलिखित में से किसके समानुपाती होती है?

- **A.** धारा का वर्ग (I2) ✓
- **B.** धारा (I)
- **C.** प्रतिरोध का वर्ग (R2)
- **D.** समय का वर्ग (t2)

Q10 General Science

समभारिक परमाणु वे परमाणु होते हैं, जिनमें _____ ।

- **A.** द्रव्यमान संख्या समान होती है, तथा तत्व भिन्न होते हैं ✓
- **B.** केवल न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है
- **C.** केवल इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है
- **D.** परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान समान होता है

Q11 General Science

हमें कोयला और पेट्रोलियम का संरक्षण क्यों करना चाहिए?

- **A.** क्योंकि वे ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत हैं।
- **B.** क्योंकि वे असीमित संसाधन हैं।
- **C.** क्योंकि वे हर दिन कारखानों में बनाए जाते हैं।
- **D.** क्योंकि वे ऊर्जा के अनवीकरणीय स्रोत हैं। ✓

Q12 General Science

जल के एक अणु में कितने परमाणु होते हैं?

- **A.** 3 ✓
- **B.** 2
- **C.** 1
- **D.** 4

Q13 General Science

विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं की आकृति और कार्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

- **A.** लाल रक्त कोशिकाएं, ऑक्सीजन-वहन क्षमता बढ़ाने के लिए उभयावतल होती हैं।
- **B.** श्वेत रक्त कोशिकाएं, ऊतकों में गति करने के लिए अपनी आकृति बदल सकती हैं।
- **C.** पेशी कोशिकाएं, रक्त में प्रवाह में सहायता के लिए चपटी और गोलाकार होती हैं। ✓
- **D.** तंत्रिका कोशिकाएं, लंबी और शाखित होती हैं जो शरीर के विभिन्न भागों में संदेश पहुंचाती हैं।

Q14 General Science

`मानव शरीर के विभिन्न अंग अलग-अलग कार्य करते हैं' इस कथन का क्या अर्थ है?

- **A.** कार्य विभाजन की उपस्थिति ✓
- **B.** कार्य विभाजन की अनुपस्थिति
- **C.** सभी कोशिकाएं समान कार्य करती हैं
- **D.** विभिन्न कोशिकाएं समान कार्य करती हैं

Q15 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक, पाचक एंजाइम से भरा होता है जो खराब हुए कोशिका अंगकों को ठीक करने एवं किसी भी बाहरी पदार्थ का पाचन करके कोशिका को स्वच्छ बनाए रखने में सहायता करता है?

- **A.** वर्णलवक (Chromoplast)
- **B.** लयनकाय (Lysosomes) ✓
- **C.** हरितलवक (Chloroplast)
- **D.** राइबोसोम (Ribosome)

Q16 General Science

ऑक्सीजन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास (परमाणु क्रमांक = 8) क्या है?

- **A.** 4, 4
- **B.** 2, 4, 6
- **C.** 2, 6 ✓
- **D.** 2, 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

एक सरकारी स्कीम कृत्रिम रूप से नियंत्रित मीठे जल के तालाबों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देती है। इस प्रकार के मत्स्यन को क्या कहा जाता है?

- A. मत्स्य संवर्धन (Culture fishing) ✓
- B. प्रग्रहण मत्स्यन (Capture fishing)
- C. लवणजल मत्स्यन (Saltwater fishing)
- D. समुद्री मत्स्यन (Marine fishing)

Q18 General Science

जटिल आकृतियों वाली वस्तुओं के निर्मलन के लिए अल्ट्रासाउंड को क्यों वरीयता दी जाती है?

- A. इनकी उच्च आवृत्ति से धूल के कण विस्थापित हो जाते हैं ✓
- B. इससे विलयन के तापमान में वृद्धि हो जाती है
- C. इनसे चुंबकीय प्रभाव उत्पन्न होता है
- D. द्रवों में इनकी चाल अत्यधिक तीव्र होती है

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि अयस्क संवर्धन (ore enrichment) के लिए उपयोग **नहीं** की जाती है?

- A. फेन प्लवन (Froth floatation)
- B. निक्षालन (Leaching)
- C. निकर्षण (Dredging) ✓
- D. द्रवीय धावन (Hydraulic washing)

Q20 General Science

प्रजनन के दौरान DNA प्रतिकृतियों में लघु परिवर्तन महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि वे _____।

- A. सदैव हानिकारक प्रभाव डालते हैं
- B. निषेचन होने से रोकते हैं
- C. अगली पीढ़ी में प्रजनन को रोकते हैं
- D. ऐसी विविधताएँ प्रदान करते हैं, जो जीवित रहने में सहायता कर सकती हैं ✓

Q21 General Science

मानव पुरुष जनन तंत्र में प्रोस्टेट ग्रंथि और शुक्राशय (seminal vesicles) की क्या भूमिका है?

- A. वृषण का ताप कम करना
- B. शुक्राणु कोशिकाओं का निर्माण करना
- C. शुक्राणु परिवहन के लिए तरल प्रदान करना ✓
- D. टेस्टोस्टेरोन स्रावित करना

Q22 General Science

निम्नलिखित अभिक्रिया में कौन-सा रंग परिवर्तन देखा जाता है?

$Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$

- A. हरा से नीला
- B. नीला से लाल
- C. लाल से हरा
- D. नीला से हरा ✓

Q23 General Science

जब बेरियम क्लोराइड एल्युमीनियम सल्फेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो यह एल्युमीनियम क्लोराइड के साथ-साथ ..... देता है।

- A. बेरियम क्लोराइड का एक सफेद रंग का अवक्षेप
- B. बेरियम ऑक्साइड का एक सफेद रंग का अवक्षेप
- C. बेरियम सल्फेट का एक सफेद रंग का अवक्षेप ✓
- D. बेरियम सल्फेट का एक पीले रंग का अवक्षेप

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, द्वि-खंडन द्वारा प्रजनन करता है?

- A. हाइड्रा
- B. स्पाइरोगाइरा
- C. अमीबा ✓
- D. प्लैनेरिया

Q25 General Science

$CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$ किस प्रकार की अभिक्रिया है?

- A. अपघटन
- B. विस्थापन
- C. संयोजन ✓
- D. उदासीनीकरण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

दिए गए विकल्पों में से, पुष्पी पादप में पुष्प का कौन-सा भाग अंततः फल में परिवर्तित हो जाता है?

A. पुष्प (Flower)
B. बीज (Seed)
C. अंडाशय (Ovary) ✓
D. बीजांड (Ovule)

Q2 General Science

यदि वायु में ध्वनि की चाल 344 m/s है, तो एक पर्यवेक्षक को स्पष्ट प्रतिध्वनि सुनने के लिए न्यूनतम कितनी दूरी की आवश्यकता होगी?

A. 344 m
B. 0.1 m
C. 17.2 m ✓
D. 34.4 m

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, ब्लीचिंग पाउडर का एक उपयोग **नहीं** है?

A. पेय जल को रोगाणु मुक्त बनाना
B. कपड़ा उद्योग में कपास और लिनेन का विरंजन करना
C. जल की स्थायी कठोरता को दूर करना ✓
D. कई रासायनिक उद्योगों में ऑक्सीकरण कारक के रूप में

Q4 General Science

किसी भी समजातीय श्रेणी में आणविक द्रव्यमान में वृद्धि निम्नलिखित में से क्या इंगित करती है?

A. गलनांक और क्वथनांक में वृद्धि ✓
B. गलनांक में कमी और क्वथनांक में वृद्धि
C. गलनांक में वृद्धि और क्वथनांक में कमी
D. गलनांक और क्वथनांक में कमी

Q5 General Science

द्रवों में, पृष्ठ पर कणों का वह लघु अंश जिसकी गतिज ऊर्जा उच्च होती है और अन्य कणों के आकर्षण बलों से अलग होने में सक्षम होता है, अंततः किस अवस्था में परिवर्तित हो जाएगा?

A. निक्षेपण
B. वाष्प ✓
C. ठोस
D. ऊर्ध्वपातन

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, यौगिक को विलयन से सर्वोत्तम रूप से अलग करता है?

A. यौगिक और विलयन दोनों सदैव समांगी और रासायनिक रूप से आबंधित होते हैं।
B. यौगिक को भौतिक विधियों द्वारा उसके घटकों में पृथक किया जा सकता है, जबकि विलयन में ऐसा नहीं किया जा सकता है।
C. यौगिक का परिवर्ती संघटन होता है, जबकि विलयन का निश्चित संघटन होता है।
D. यौगिक का एक निश्चित संघटन और गुणधर्म होते हैं, जो उसके संघटक तत्वों से भिन्न होते हैं, जबकि विलयन में ऐसा नहीं होता है। ✓

Q7 General Science

बचे हुए भोजन का खराब स्वाद या गंध निम्नलिखित में से किस कारण से होता है?

A. शर्करा का ऑक्सीकरण
B. कार्बोहाइड्रेट का ऑक्सीकरण
C. प्रोटीन का ऑक्सीकरण
D. वसा और तेल का ऑक्सीकरण ✓

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु वायु के संपर्क में आने पर अपने पृष्ठ पर एक सुरक्षात्मक ऑक्साइड परत का निर्माण करती है, जो आगे संक्षारण को रोकती है?

A. ऐलुमिनियम (Aluminium) ✓
B. मैग्नीशियम (Magnesium)
C. सोडियम (Sodium)
D. कैल्सियम (Calcium)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

किसी गेंद को 2 m/s की चाल से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंका जाता है। गेंद के उच्चतम बिंदु पर क्रमशः प्राप्त अधिकतम ऊँचाई और पिंड का वेग कितना होगा?

(g = 10 m/s ^{2} लीजिए)

A. 5 m और 2 m/s

B. 0.2 m और 2 m/s

C. 5 m और 0 m/s

D. 0.2 m और 0 m/s ✓

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कण, द्रव्यमान संख्या में योगदान देता है?

A. केवल इलेक्ट्रॉन

B. इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन

C. केवल प्रोटॉन

D. प्रोटॉन और न्यूट्रॉन ✓

Q11 General Science

कार्बन अपने दो विशिष्ट गुणों के कारण बहुत बड़ी संख्या में यौगिक बनाता है। निम्नलिखित में से कौन इन गुणों की सही पहचान करता है?

A. उच्च गलनांक और तन्यता

B. शृंखलन और चतु:संयोजकता ✓

C. अपररूपता और समावयवता

D. अच्छी चालकता और ध्वानिक प्रकृति

Q12 General Science

यदि अंडा, शुक्राणु से निषेचित **नहीं** होता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. गर्भाशय आस्तर पतला हो जाता है

B. गर्भाशय आस्तर धीरे-धीरे टूटता है तथा रक्त और श्लेष्मल के रूप में निकलता है ✓

C. गर्भाशय आस्तर अप्रभावित रहता है

D. गर्भाशय आस्तर मोटा और स्पंजी हो जाता है

Q13 General Science

हाइड्रा में मुकुलन को सर्वोत्तम रूप से _____ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

A. खंडन (fragmentation)

B. अलैंगिक प्रजनन (asexual reproduction) ✓

C. विखंडन (fission)

D. लैंगिक प्रजनन (sexual reproduction)

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा लेंस नेत्र दोष निकटदृष्टिता (मायोपिया) को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है?

A. बेलनाकार लेंस

B. प्लैनो-कन्वेक्स लेंस

C. अवतल लेंस ✓

D. उत्तल लेंस

Q15 General Science

एकसमान वृत्तीय गति में, निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशि नियत रहती है?

A. त्वरण

B. चाल ✓

C. वेग

D. अभिकेंद्री बल

Q16 General Science

वृक्क नलिकाओं के अस्तर में, किस प्रकार का उपकला ऊतक पाया जाता है?

A. ग्रंथिल उपकला (Glandular Epithelium)

B. स्तंभाकार उपकला (Columnar Epithelium)

C. घनाकार उपकला (Cuboidal Epithelium) ✓

D. कंकालीय उपकला (Skeletal Epithelium)

Q17 General Science

एक कार विरामावस्था से चलना शुरू करती है और 5 मिनट में 60 km/hr के वेग तक त्वरित होती है। कार का त्वरण क्या है?

A. 0.055 m/s2 ✓

B. 0.025 m/s2

C. 1 m/s2

D. 12 m/s2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

लेंसों के लिए चिह्न परंपरा के अनुसार, आपतित प्रकाश की दिशा में मापी गई सभी दूरियाँ ..... ली जाती हैं।

A. शून्य

B. धनात्मक ✓

C. लेंस के प्रकार पर निर्भर करता है

D. ऋणात्मक

Q19 General Science

निम्नलिखित में से किस तरीके से वैज्ञानिक, फसल किस्मों में वांछनीय गुणों को शामिल कर सकते हैं?

A. सिंचाई

B. उर्वरक

C. संकरण ✓

D. खरपतवार नियंत्रण

Q20 General Science

निम्नलिखित जंतु ऊतकों को उनकी सही विशेषताओं से सुमेलित कीजिए।

a. शल्की उपकला	i.कोशिकाएं पतली और चपटी होती हैं और ग्रासनली की एक कोमल अस्तर बनाती हैं
b. स्तरित शल्की उपकला	ii.यह श्वसन पथ का आंतरिक अस्तर का निर्माण करती हैं
c. घनाभीय उपकला	iii.यह वृक्क नलिकाओं और लार ग्रंथियों की नलिकाओं के निर्माण करती हैं
d.सिलीएटेड स्तंभाकार उपकला	iv.कोशिकाएं कई परतों में व्यवस्थित होती हैं, जैसे कि त्वचा में

A. a iv, b i, c iii, d ii

B. a i, b iii, c ii, d iv

C. a i, b iv, c iii, d ii ✓

D. a iv, b i, c ii, d iii

Q21 General Science

प्रतिरोध तार बनाने के लिए प्राय: किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है क्योंकि इसका प्रतिरोध उच्च होता है और गलनांक भी उच्च होता है?

A. निक्रोम ✓

B. सिल्वर

C. ऐलुमिनियम

D. कॉपर

Q22 General Science

15 Ω प्रतिरोध वाली एक विद्युत इस्त्री 220 V प्रदाय से जुड़ी है। एक मिनट में कितनी ऊष्मा उत्पन्न होगी?

A. 200 kJ

B. 500 kJ

C. 194 kJ ✓

D. 1.94 kJ

Q23 General Science

मुर्गीपालन में, उन्नत नस्लों को विकसित करने के प्राथमिक उद्देश्य क्या हैं?

A. केवल खाद का उत्पादन

B. ऊन और दूध उत्पादन

C. अंडा और मांस उत्पादन ✓

D. सजावट और खेल

Q24 General Science

3 kg द्रव्यमान की एक गेंद को ज़मीन से 2 m ऊपर एक शेल्फ पर रखा गया है। गेंद की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा ..... है। ($g = 10\,m/s^2$ लें)

A. 60 J ✓

B. 30 J

C. 6 J

D. 300 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

जल से भरे एक जार और जड़ों के साथ एक प्याज़ को लंबवत ऊपर की ओर रखते हुए प्रयोगात्मक सेटअप का अध्ययन कीजिए। जड़ों के शीर्ष भाग A में किस प्रकार का ऊतक उपस्थित है?



A. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)

B. विभज्योतकी ऊतक (Meristematic tissue) ✓

C. मृदूतक (Parenchyma)

D. स्थूल कोण ऊतक (Collenchyma)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

द्रव्यमान संरक्षण का नियम किसके द्वारा दिया गया था?

A. जोसेफ प्राउस्ट (Joseph Proust)

B. एंटोनी लावोज़ियर (Antoine Lavoisier) ✓

C. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)

D. जॉन डाल्टन (John Dalton)

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा आवर्धन (M), वस्तु दूरी (u) और प्रतिबिंब दूरी (v) के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?

A. आवर्धन = v × u

B. आवर्धन = u/v

C. आवर्धन = v/u ✓

D. आवर्धन = u + v

Q3 General Science

पादपों में बृहत्-पोषकों की आवश्यकता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. बृहत्-पोषक अवशोषित होने पर पादपों के लिए हानिकारक होते हैं।

B. पादपों को बृहत्-पोषक की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं होती है।

C. पादपों को बड़ी मात्रा में बृहत्-पोषक की आवश्यकता होती है। ✓

D. बृहत्-पोषक की आवश्यकता केवल पुष्पन के दौरान होती है।

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, तत्व लेड (lead) का सही प्रतीक है?

A. Le

B. Ld

C. Pb ✓

D. Lb

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, उद्योग में अल्ट्रासाउंड का अनुप्रयोग है?

A. ठोस पदार्थों में ध्वनि की गति बढ़ाना

B. वस्तुओं को वजन में हल्का बनाना

C. धातु ब्लॉकों में दरारों का पता लगाना ✓

D. रेफ्रिजरेटर में ठंडा करने के लिए उपयोग किया जाता है

Q6 General Science

मेंडल ने अपने संकरण (crosses) में तद्रूप-प्रजनन वाले पौधों (true-breeding plants) का जनक के रूप में क्यों उपयोग किया?

A. पौधों की वृद्धि पर पर्यावरणीय प्रभावों का अध्ययन करने के लिए

B. उन्हें समान मृदा स्थिति में उगाने के लिए

C. वंशागति पैटर्न का अध्ययन करने के लिए ✓

D. शीघ्रता से बड़ी संख्या में पौधे प्राप्त करने के लिए

Q7 General Science

एक लड़का 1000 m सीधी सड़क के एक छोर A से दूसरे छोर B तक 2 मिनट में चलता है और फिर मुड़कर 2 मिनट में 400 m चलकर बिंदु C पर वापस आता है। बिंदु A से बिंदु C तक जाने में लड़के का औसत वेग (m/s में) कितना होगा?

A. 2.5 ✓

B. 25

C. 150

D. 15

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का एक भाग है?

A. कपाल तंत्रिकाएँ (Cranial nerves)

B. मेरु तंत्रिकाएँ (Spinal nerves)

C. ग्रसनी (Pharynx)

D. मेरु रज्जु (Spinal cord) ✓

Q9 General Science

अमीबा में विखंडन (fission) की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप _____ का निर्माण होता है।

A. आनुवंशिक रूप से भिन्न एक छोटी संतति कोशिका तथा एक बड़ी मातृ कोशिका

B. बड़ी संख्या में छोटी, आनुवंशिक रूप से समान संतति कोशिकाओं

C. चार आनुवंशिक रूप से भिन्न संतति कोशिकाओं

D. दो समान आकार की, आनुवंशिक रूप से समान संतति कोशिकाओं ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 General Science

एकसमान वेग के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. वेग स्थिर है और त्वरण शून्य है।

B. v-t ग्राफ में रेखा का ढलान शून्य है।

C. v-t ग्राफ के अधीन क्षेत्रफल त्वरण देता है। ✓

D. v-t ग्राफ एक क्षैतिज रेखा है।

Q11 General Science

सक्रियता श्रेणी में मैग्नीशियम और आयरन के बीच कौन-सी धातु पायी जाती है?

A. सिल्वर

B. जिंक ✓

C. कॉपर

D. पोटेशियम

Q12 General Science

पहले माध्यम के सापेक्ष दूसरे माध्यम का अपवर्तनांक _____ पर निर्भर करता है।

A. केवल सीमा पृष्ठ के आकार

B. प्रयुक्त प्रकाश के रंग (तरंगदैर्ध्य) और माध्यम युग्म ✓

C. आपतित प्रकाश की तीव्रता

D. केवल परिवेश के तापमान

Q13 General Science

यदि दो बिंदुओं के बीच 5C आवेश स्थानांतरित करने के लिए 100 J कार्य की आवश्यकता है, तो बिंदुओं के बीच विभवांतर ..... है।

A. 20 V ✓

B. 10 V

C. 50 V

D. 25 V

Q14 General Science

ऐनोड पंक (anode mud) क्या है?

A. वैद्युतअपघटनी परिष्करण में विलयन में विलेय अशुद्धियाँ

B. वैद्युतअपघटनी परिष्करण में कैथोड पर निक्षेपित अविलेय अशुद्धियाँ

C. मृदा और जल का विलयन

D. वैद्युतअपघटनी परिष्करण में एनोड पर निक्षेपित अविलेय अशुद्धियाँ ✓

Q15 General Science

ओम के नियम के अनुसार, किसी चालक के सिरों के बीच विभवांतर (V) और उसमें प्रवाहित होने वाली धारा (I) का अनुपात नियत रहता है, बशर्ते कि _____।

A. तापमान नियत रहे ✓

B. प्रतिरोध बदलता रहे

C. वोल्टता शून्य हो

D. धारा अति उच्च हो

Q16 General Science

तीन विलयनों A, B और C के pH मान क्रमशः 3, 7 और 12 हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. विलयन A और C दोनों उदासीन हैं।

B. विलयन A प्रबल अम्लीय है और विलयन C प्रबल क्षारीय है। ✓

C. विलयन B क्षारीय है और विलयन C अम्लीय है।

D. विलयन C उदासीन है जबकि विलयन A क्षारीय है।

Q17 General Science

किसी पदार्थ के कणों की गति के कारण उसके दूसरे पदार्थ के साथ फैलने और मिश्रित होने की घटना निम्नलिखित में से क्या कहलाती है?

A. विसरण (Diffusion) ✓

B. संघनन (Condensation)

C. ऊर्ध्वपातन (Sublimation)

D. वाष्पन (Evaporation)

Q18 General Science

पैकेज्ड खाद्य पदार्थों में विकृतगंधिता (rancidity) से रोकथाम के लिए सामान्यतः निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?

A. सील करने से पहले नाइट्रोजन गैस द्वारा संप्रवहन करना (flushing) ✓

B. खाद्य का ऑक्सीजन-युक्त पात्रों में भंडारण करना

C. पैक करने से पहले खाद्य को गर्म करना

D. खाद्य में अम्ल मिलाना

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्थितिज ऊर्जा के बारे में सत्य है?

A. यह केवल द्रव्यमान पर निर्भर करती है।

B. भूमितल पर यह सदैव शून्य होती है।

C. यह संदर्भ बिंदु के आधार पर ऋणात्मक हो सकती है। ✓

D. इसे गतिज ऊर्जा में परिवर्तित नहीं किया जा सकता।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q20 General Science

निम्नलिखित सजीवों में से किस सजीव में अस्थियां होती हैं जो शरीर की गतिशीलता में सहायक होती हैं?

A. तिलचट्टा

B. घोंघा

C. सांप ✓

D. केंचुआ

Q21 General Science

प्लास्मोडियम (Plasmodium) में प्रजनन की निम्नलिखित में से कौन-सी विधि पाई जाती है?

A. स्तरण (Layering)

B. कलम बांधना (Grafting)

C. मुकुलन (Budding)

D. बहु फिशन (Multiple fission) ✓

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पादप और जन्तु कोशिकाओं में कोशिका भित्ति एवं कोशिका झिल्ली की सही तुलना करता है?

A. जन्तु कोशिकाओं में कोशिका भित्ति और कोशिका झिल्ली दोनों दृढ़ होती हैं, जबकि पादप कोशिकाओं में केवल नम्य कोशिका झिल्ली होती है।

B. पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति और कोशिका झिल्ली दोनों दृढ़ होती हैं, जबकि जन्तु कोशिकाओं में केवल नम्य कोशिका झिल्ली होती है। ✓

C. न तो पादप और न ही जन्तु कोशिकाओं में कोशिका भित्ति होती है, लेकिन दोनों में कोशिका झिल्ली होती है।

D. पादप और जन्तु दोनों कोशिकाओं में कोशिका भित्ति होती है लेकिन केवल पादप कोशिकाओं में कोशिका झिल्ली होती है।

Q23 General Science

कौन-सा कोशिकांग कोशिका के भीतर या बाहर द्रव्य को संवेष्टित करने (packaging) तथा प्रेषण (dispatching) के लिए उत्तरदायी है?

A. गॉल्जी उपकरण ✓

B. माइटोकॉन्ड्रिया

C. राइबोसोम

D. नाभिक

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अपघटन अभिक्रिया का उदाहरण है?

A. $Mg + O_2 \rightarrow MgO$

B. $H_2 + O_2 \rightarrow H_2O$

C. $Na + Cl_2 \rightarrow NaCl$

D. $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$ ✓

Q25 General Science

पृथ्वी की सतह पर गुरुत्वीय कारण त्वरण .....द्वारा दिया जाता है।

A. g = GM

B. g = GM/R

C. g = GM/R2 ✓

D. g = R2/GM

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

जब हम शर्करा को जल में घोलते हैं तो क्या होता है?

A. एक कोलॉइडी विलयन बनता है।

B. शर्करा के कण जल के ऊपर तैरते हैं।

C. शर्करा और जल के कण मिश्रित नहीं होते हैं।

D. शर्करा के कण, जल के कणों के बीच के स्थान में समा जाते हैं। ✓

Q2 General Science

निम्नलिखित में से किस कोशिका अंगक का अपना स्वयं का DNA **नहीं** होता है?

A. माइटोकॉन्ड्रिया

B. प्लास्टिड

C. न्यूक्लियस

D. लाइसोसोम ✓

Q3 General Science

कौन-सा ऊर्जा परिवर्तन सामान्यतः अपघटन अभिक्रियाओं से जुड़ा होता है?

A. उत्क्रमणीय ऊर्जा परिवर्तन

B. उष्माशोषी ऊर्जा परिवर्तन ✓

C. ऊष्माक्षेपी ऊर्जा परिवर्तन

D. कोई ऊर्जा परिवर्तन नहीं

Q4 General Science

जब हम अपनी हथेली पर एसीटोन (नेल पॉलिश रिमूवर) डालते हैं, तो हमें ठंडक प्रतीत होती है क्योंकि_____।

A. यह ठंडी वाष्प मुक्त करता है

B. यह हथेली पर उपस्थित जल के साथ अभिक्रिया करता है

C. यह त्वचा पर तंत्रिका संकेतों को अवरुद्ध कर देता है

D. यह हथेली से ऊष्मा अवशोषित कर लेता है, तथा शीघ्रता से वाष्पित हो जाता है। ✓

Q5 General Science

कार्बन का निम्नलिखित में से कौन-सा अपररूप, विद्युत का चालन करता है?

A. ग्रेफाइट ✓

B. फुलेरीन

C. चारकोल

D. हीरा

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मनुष्यों में यौन परिपक्वता की प्रक्रिया का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. यह वयस्कता के बाद शुरू होता है और माता-पिता बनने के लिए तत्काल तत्परता की ओर ले जाता है

B. यह केवल महिलाओं में होता है और मासिक धर्म शुरू होने पर बंद हो जाता है

C. यह किशोरावस्था के दौरान होने वाली एक क्रमिक प्रक्रिया है जिसमें शारीरिक और हार्मोनल परिवर्तन शामिल होते हैं ✓

D. यह अचानक होता है और शरीर के विकास के अंत का संकेत देता है

Q7 General Science

चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सही है?

A. ये सदैव समान ध्रुव पर प्रारंभ और समापन करती हैं।

B. ये सदैव संवृत लूप बनाती हैं। ✓

C. ये एक दूसरे को प्रतिच्छेदित करती हैं।

D. ये विवृत वक्र होती हैं।

Q8 General Science

दारु (जाइलम) एक जटिल स्थायी ऊतक है। इसके संघटन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. वाहिनिका, चालनी (सीव) कोशिका और फ्लोएम मृदूतक

B. वाहिका, जाइलम स्थूल कोणोतक (कोलेनकाइमा) और जाइलम रेशा

C. वाहिनिका, जाइलम मृदूतक और जाइलम रेशा ✓

D. सहकोशिकाएं, वाहिनिका और जाइलम रेशा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

मस्तिष्क का कौन-सा भाग स्वैच्छिक मांसपेशियों के संचलन को सीधे नियंत्रित करता है?

A. मेडुला ऑब्लांगेटा (Medulla oblongata)

B. मोटर क्षेत्र (Motor area) ✓

C. एसोसिएशन क्षेत्र (Association area)

D. संवेदी क्षेत्र (Sensory area)

Q10 General Science

एक कार विरामावस्था से चलना प्रारंभ करती है और 5 सेकंड के लिए 2 m/sec^2 पर समान रूप से त्वरित होती है। 5 सेकंड के अंत में कार का वेग कितना होगा?

A. 5 m/sec

B. 10 m/sec ✓

C. 20 m/sec

D. 15 m/sec

Q11 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अल्ट्रासाउंड का अनुप्रयोग नहीं है?

A. आंतरिक अंगों की इमेजिंग

B. धातु ब्लॉकों में दरारों का पता लगाना

C. नाजुक मशीनरी भागों की सफाई

D. खाना पकाना ✓

Q12 General Science

एक धात्विक चालक, कक्ष तापमान पर ओम के नियम का पालन करता है। जब इस पर प्रयुक्त विभवांतर को V से 2V तक बढ़ा दिया जाता है और तापमान को स्थिर रखा जाता है, तो चालक में प्रवाहित धारा _____।

A. प्रतिरोध स्थिर होने के कारण दोगुनी हो जाती है ✓

B. ऊष्मीय प्रभाव के कारण दोगुने से कम हो जाती है

C. अपरिवर्तित रहती है क्योंकि धारा केवल प्रतिरोध पर निर्भर करती है

D. इलेक्ट्रॉन अपवाह वेग में वृद्धि के कारण दोगुने से अधिक हो जाती है

Q13 General Science

मानव लार में पाए जाने वाले लाला एमाइलेज (salivary amylase) का क्या कार्य है?

A. यह सामान्य शर्करा को स्टार्च में परिवर्तित करता है।

B. यह ऐमिनो अम्लों को प्रोटीन में परिवर्तित करता है।

C. यह स्टार्च को सामान्य शर्करा में परिवर्तित करता है। ✓

D. यह प्रोटीन को ऐमिनो अम्ल में परिवर्तित करता है।

Q14 General Science

पौधों में निम्नलिखित में से किस पोषक तत्व की सामान्यतः मिट्टी द्वारा आपूर्ति की जाती है?

A. बोरान (Boron) ✓

B. कार्बन (Carbon)

C. ऑक्सीजन (Oxygen)

D. हाइड्रोजन (Hydrogen)

Q15 General Science

बीज में ऐसा क्या है जो नये पौधे के विकास के लिए आवश्यक है?

A. पर्णहरित (Chlorophyll)

B. पराग (Nectar)

C. भ्रूण (Embryo) ✓

D. सेपल (Sepal)

Q16 General Science

आर्किमिडीज के सिद्धांत के अनुसार, ऊर्ध्वगामी बल (उत्प्लावन बल) का परिमाण क्या होता है?

A. यह तरल द्वारा लगाए गए दाब के बराबर होता है।

B. यह तरल के आयतन के बराबर होता है।

C. यह निमज्जित पिंड के भार के बराबर होता है।

D. यह पिंड द्वारा विस्थापित तरल के भार के बराबर होता है। ✓

Q17 General Science

एक वस्तु अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र पर रखी गई है। बनने वाला प्रतिबिंब .....है।

A. दर्पण के पीछे, आभासी

B. फोकस और ध्रुव के बीच, छोटा

C. वक्रता के केंद्र में, समान आकार वाला ✓

D. अनंत पर, अत्यधिक आवर्धित

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, क्षारीय लवण का एक उदाहरण है?

A. सोडियम क्लोराइड (Sodium chloride)

B. हाइड्रोजन क्लोराइड (Hydrogen chloride)

C. सोडियम बाईकार्बोनेट (Sodium bicarbonate) ✓

D. अमोनियम क्लोराइड (Ammonium chloride)

Q19 General Science

जब न्यूटन ने पहले प्रिज्म के बाद एक दूसरा प्रिज्म उल्टी स्थिति में रखा, तो निर्गत किरणपुंज _____ था।

A. श्वेत प्रकाश ✓

B. केवल लाल प्रकाश

C. रंगों का इंद्रधनुष

D. केवल बैंगनी प्रकाश

Q20 General Science

असमान गति (non-uniform motion) से गतिमान किसी वस्तु के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?

A. समय अंतराल में वेग में परिवर्तन शून्य होता है ✓

B. विभिन्न बिंदुओं पर इसकी चाल भिन्न होती है

C. यह असमान समय अंतरालों में असमान दूरी तय करता है

D. इसका वेग समय के साथ बदलता है

Q21 General Science

किसी पिंड की यांत्रिक ऊर्जा को _____ के योग के रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

A. स्थितिज ऊर्जा और गतिज ऊर्जा ✓

B. ऊष्मा ऊर्जा और प्रकाश ऊर्जा

C. ध्वनि ऊर्जा और प्रकाश ऊर्जा

D. रासायनिक ऊर्जा और विद्युत ऊर्जा

Q22 General Science

कुछ सरीसृपों में, संतति का लिंग _____ द्वारा निर्धारित होता है।

A. अंडों के ऊष्मायन के तापमान ✓

B. Y गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति

C. लिंग गुणसूत्र

D. माता में हार्मोन के स्तर

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, अपने लवण विलयन से लेड को विस्थापित **नहीं** करेगी?

A. कैल्शियम

B. ऐलुमिनियम

C. मैग्नीशियम

D. कॉपर ✓

Q24 General Science

एथेनॉल द्वारा कौन-सा गुणधर्म प्रदर्शित किया जाता है?

A. यह कठोर जल के साथ मिलकर पृष्ठमल बनाता है

B. यह कक्ष तापमान पर ठोस होता है

C. यह क्षारकीय प्रकृति का होता है

D. इसकी गंध मीठी होती है और यह वाष्पशील होता है ✓

Q25 General Science

'गैसीय अवस्था के गुण' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. गैसीय अवस्था में, अंतराण्विक दूरी अत्यधिक निम्न होती है और अंतराण्विक आकर्षण अत्यधिक होता है।

B. गैसीय अवस्था में, अंतराण्विक आकर्षण और अंतराण्विक दूरी अत्यधिक होती है।

C. गैसीय अवस्था में, अंतराण्विक दूरी और अंतराण्विक आकर्षण अत्यधिक निम्न होते हैं।

D. गैसीय अवस्था में, अंतराण्विक दूरी अत्यधिक होती है और अंतराण्विक आकर्षण अत्यधिक निम्न होता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, विद्युत धारा वहन करने वाले धात्विक तार से संबंधित है?

A. केवल ऊष्मा

B. इसके परित: एक चुंबकीय क्षेत्र ✓

C. केवल विद्युत विभव

D. कोई भौतिक प्रभाव नहीं

Q2 General Science

बहुकोशिकीय जीवों में उत्सर्जन के लिए परिवहन तंत्र क्यों आवश्यक है?

A. जनन में सहायता के लिए

B. कोशिकाओं में ऑक्सीजन का उत्पादन करने के लिए

C. अपशिष्ट उत्पादों को उन अंगों तक ले जाने के लिए जो उन्हें निष्कासित करते हैं ✓

D. पाचन एंजाइमों को परिसंचारित करने के लिए

Q3 General Science

गोलीय दर्पण के वक्रता केंद्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

A. यह दर्पण का हिस्सा नहीं होता है।

B. अवतल दर्पण के लिए, यह दर्पण के पीछे स्थित होता है। ✓

C. उत्तल दर्पण के लिए, यह दर्पण के पीछे स्थित होता है।

D. यह दर्पण की परावर्तक सतह के बाहर स्थित होता है।

Q4 General Science

प्याज की जड़ की वृद्धि उसके ऊपरी भाग को काटने के बाद क्यों रुक जाती है?

A. शीर्षस्थ विभज्योतक, जो नई कोशिकाओं का निर्माण करता है, उसे हटा दिया जाता है। ✓

B. पार्श्व विभज्योतक क्षतिग्रस्त हो जाता है।

C. विभज्योतक कोशिकाएं अपनी रिक्तिकाओं का त्याग कर देती हैं।

D. अंतर्वेशी विभज्योतक कार्य करना प्रारंभ कर देता है।

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. एकाधिक परावर्तन प्रतिध्वनि उत्पन्न कर सकते हैं

B. छोटे कमरों में एकाधिक परावर्तन अवांछनीय हैं

C. एकाधिक परावर्तन (Multiple reflections) बड़े हॉल में ध्वनि वितरण में वृद्धि करते हैं

D. एकाधिक परावर्तन ध्वनि की पिच को बदल देते हैं ✓

Q6 General Science

किस तत्व की द्रव्यमान संख्या 27 है और इसमें 14 न्यूट्रॉन उपस्थित होते हैं?

A. ऐलुमिनियम ✓

B. मैग्नीशियम

C. सोडियम

D. क्लोरीन

Q7 General Science

एक वस्तु पानी पर तैरती है यदि _____।

A. इसका भार शून्य है

B. इसका घनत्व पानी से कम है। ✓

C. इसका आयतन बहुत कम है

D. इसका घनत्व पानी से अधिक है

Q8 General Science

एक दंत चिकित्सक द्वारा रोगी के मुंह के अंदर देखने के लिए किस दर्पण का उपयोग किया जाता है?

A. अवतल दर्पण ✓

B. समतल-उत्तल दर्पण

C. उत्तल दर्पण

D. समतल दर्पण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

एक कण 1.5 m त्रिज्या वाले वृत्त में 3 rad/s के कोणीय वेग से गति कर रहा है। इसके रैखिक वेग और कोणीय वेग का अनुपात क्या होगा?

A. 2 : 3

B. 1 : 2

C. 3 : 2 ✓

D. 2 : 1

Q10 General Science

स्पाइरोगाइरा की कौन-सी विशेषता खंडन (fragmentation) को सफल बनाती है?

A. बीजों की उपस्थिति

B. एककोशिकीय संरचना

C. सरल तंतुमय काय ✓

D. जटिल ऊतक

Q11 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा तत्व मानक स्थितियों के अंतर्गत विशेष रूप से अधातु के रूप में वर्गीकृत है?

A. ज़िंक

B. चाँदी

C. पारा

D. हाइड्रोजन ✓

Q12 General Science

यदि धारा और प्रतिरोध दोनों को आधा कर दिया जाए, तो शक्ति घटकर _____ हो जाती है।

A. प्रारंभिक मान की एक-चौथाई

B. प्रारंभिक मान की एक तिहाई

C. प्रारंभिक मान की 1/8 ✓

D. प्रारंभिक मान की आधी

Q13 General Science

निम्नलिखित में से किस विलयन में H^+ आयनों की सांद्रता अधिकतम होगी?

A. pH 13 वाला विलयन

B. pH 10 वाला विलयन

C. pH 7 वाला विलयन

D. pH 3 वाला विलयन ✓

Q14 General Science

एक अनिषेचित अंडा सामान्यतः मादा जनन पथ में कितने समय तक जीवित रहता है?

A. 60 घंटे

B. 10 घंटे

C. 24 घंटे ✓

D. 72 घंटे

Q15 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी एक ऐसी फसल किस्म सुधार विधि है, जिसमें वांछित अभिलक्षण प्रदान करने वाले जीन को समाविष्ट किया जाता है?

A. मुकुलन (Budding)

B. आनुवंशिकत: विकसित फसलें (Genetically modified crops) ✓

C. कलम बांधना (Grafting)

D. प्राकृतिक कायिक जनन (Natural vegetative reproduction)

Q16 General Science

किसी पिंड की स्थिति या विन्यास के कारण उसमें मौजूद ऊर्जा को _____ कहा जाता है।

A. रासायनिक ऊर्जा

B. तापीय ऊर्जा

C. गतिज ऊर्जा

D. विभव ऊर्जा ✓

Q17 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, संतृप्त हाइड्रोकार्बन है?

A. प्रोपाइन (Propyne)

B. साइक्लोहेक्सेन (Cyclohexane) ✓

C. प्रोपीन (Propene)

D. बेंजीन (Benzene)

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अंग मानव मादा प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है?

A. शुक्रवाहिका (Vas Deferens)

B. वृषण (Testis)

C. गर्भाशय (Uterus) ✓

D. प्रोस्टेट ग्रंथि (Prostate Gland)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

अभिकथन (A): ऑक्सीजन के साथ कॉपर की अभिक्रिया में, ऑक्सीजन अपचायक के रूप में कार्य करता है।
कारण (R): ऑक्सीजन कॉपर से मिलकर कॉपर ऑक्साइड बनाता है।

- **A.** A असत्य है, लेकिन R सत्य है। ✓
- **B.** A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
- **C.** A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- **D.** A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

Q20 General Science

एक शबलित पत्ती का उपयोग करके स्टार्च परीक्षण में, अंत में आयोडीन विलयन मिलाने का क्या उद्देश्य है?

- **A.** हरितलवक रहित क्षेत्रों की पहचान करना
- **B.** पत्ती में मौजूद स्टार्च को अभिरंजित करना ✓
- **C.** स्टार्च को विलीन करना
- **D.** हरे क्षेत्रों से क्लोरोफिल हटाना

Q21 General Science

एक पुस्तक मेज पर विरामावस्था में है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म का सही वर्णन करता है?

- **A.** मेज द्वारा पुस्तक पर लगाया गया अभिलंबवत बल और पृथ्वी द्वारा पुस्तक पर लगाया गया गुरुत्वाकर्षण बल एक क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है।
- **B.** पृथ्वी द्वारा पुस्तक पर तथा पुस्तक द्वारा पृथ्वी पर लगाया गया गुरुत्वाकर्षण बल एक क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है। ✓
- **C.** मेज पर पुस्तक का बल और पुस्तक पर मेज का अभिलंबवत बल, बलों का संतुलित युग्म नहीं हैं।
- **D.** पृथ्वी द्वारा पुस्तक पर लगाया गया गुरुत्वाकर्षण बल और मेज द्वारा पुस्तक पर लगाया गया अभिलंबवत बल एक क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है।

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, लघु अवधि की फसल किस्मों का लाभ **नहीं** है?

- **A.** शीघ्र कटाई
- **B.** फसल क्षति का उच्चतर संयोग ✓
- **C.** उत्पादन लागत में कमी
- **D.** बहुसस्यन की संभावना

Q23 General Science

ब्लीचिंग पाउडर तैयार करने के लिए किस यौगिक का उपयोग किया जाता है?

- **A.** कैल्शियम क्लोराइड (Calcium Chloride)
- **B.** कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (Calcium Hydroxide) ✓
- **C.** सोडियम कार्बोनेट (Sodium Carbonate)
- **D.** अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (Ammonium Hydroxide)

Q24 General Science

सहसंयोजक आबंध किसके द्वारा बनते हैं?

- **A.** इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी ✓
- **B.** प्रोटॉनों के त्याग
- **C.** इलेक्ट्रॉनों के अंतरण
- **D.** न्यूट्रॉनों के ग्रहण

Q25 General Science

'यौगिकों के अणु' की अवधारणा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- **A.** किसी यौगिक का अणु विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के पृथक्करण से बनता है।
- **B.** किसी यौगिक का अणु एक ही तत्व के परमाणुओं के संयोजन से बनता है।
- **C.** किसी यौगिक का अणु एक ही तत्व के परमाणुओं के पृथक्करण से बनता है।
- **D.** किसी यौगिक का अणु विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के संयोजन से बनता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

लार्वा का उग्र-परिवर्तनों द्वारा वयस्क मेंढक में बदलने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

A. युग्मनज का बनना
B. युग्मक का बनना
C. कायांतरण ✓
D. निषेचन

Q2 General Science

विद्युत परिपथ में फ्यूज तार _____ के सिद्धांत पर काम करता है।

A. धारा के रासायनिक प्रभाव
B. धारा के चुंबकीय प्रभाव
C. धारा के तापीय प्रभाव ✓
D. धारा के प्रेरण प्रभाव

Q3 General Science

कांच के प्रिज्म के माध्यम से श्वेत प्रकाश का विक्षेपण इसलिए होता है क्योंकि _____।

A. काँच में विभिन्न रंग समान गति से चलते हैं
B. काँच में विभिन्न रंग भिन्न गति से चलते हैं ✓
C. प्रिज्म के अंदर परावर्तन के कारण श्वेत प्रकाश विभाजित हो जाता है
D. प्रिज्म कुछ रंगों को अवशोषित करता है और कुछ को संचारित करता है

Q4 General Science

चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर सीधी रेखा के बजाय वक्रित पथ पर घूमती है क्योंकि .....।

A. सूर्य का प्रकाश चंद्रमा को धकेलता है
B. चंद्रमा में कोई जड़त्व नहीं है
C. पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल अभिकेन्द्रीय बल प्रदान करता है ✓
D. चंद्रमा का द्रव्यमान बहुत बड़ा है

Q5 General Science

किसी परमाणु की द्रव्यमान संख्या की गणना कैसे की जाती है?

A. परमाणु में कुल इलेक्ट्रॉनों और न्यूक्लिऑनों को जोड़कर
B. आकलन के रूप में परमाणु संख्या को 3 से गुणा करके
C. परमाणु के नाभिक में प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों को जोड़कर ✓
D. परमाणु में कुल प्रोटॉनों और इलेक्ट्रॉनों को जोड़कर

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म 'स्वयं किसी तत्व के अणु' का उदाहरण है?

A. अमोनिया और सल्फर डाइऑक्साइड
B. हाइड्रोजन गैस और ऑक्सीजन गैस ✓
C. अमोनिया और ऑक्सीजन गैस
D. हाइड्रोजन गैस और पानी

Q7 General Science

अम्ल-क्षारक अभिक्रिया किस प्रकार की अभिक्रिया है?

A. रेडॉक्स अभिक्रिया
B. ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया ✓
C. वियोजन अभिक्रिया
D. ऊष्माशोषी अभिक्रिया

Q8 General Science

निम्नलिखित का मिलान करें: धातु कार्बोनेट की अम्लों के साथ अभिक्रिया के उत्पाद

कॉलम A (अभिकारक)	कॉलम B (उत्पाद)
A. सोडियम कार्बोनेट + HCl	1. $CaCO_3$ का सफेद अवक्षेप बनाता है
B. कैल्शियम कार्बोनेट + H_2SO_4	2. कैल्शियम सल्फेट + CO_2 + H_2O
C. धातु कार्बोनेट + अम्ल	3. नमक + कार्बन डाइऑक्साइड + जल
D. CO_2 को चूने के जल से गुजारा गया	4. सोडियम क्लोराइड + CO_2 + H_2O

A. A-2; B-1; C-4; D-3
B. A-3; B-4; C-1; D-2
C. A-4; B-2; C-3; D-1 ✓
D. A-4; B-3; C-2; D-1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पर-परागण को सही ढंग से परिभाषित करता है?

A. पराग स्थानांतरण के बिना बीजांड का निषेचन

B. एक पुष्प के परागकोष से दूसरे पुष्प के वर्तिकाग्र तक पराग का स्थानांतरण ✓

C. एक ही पुष्प के भीतर पराग का स्थानांतरण

D. एक पौधे से दूसरे गैर-पुष्पी पौधे में पराग का स्थानांतरण

Q10 General Science

कौन-सा ऊतक तीव्र विद्युत आवेगों को संचारित करने में विशेषीकृत है जो पेशियों के संचलन को सक्षम बनाता है?

A. संयोजी ऊतक

B. तंत्रिका ऊतक ✓

C. वसा ऊतक

D. उपकला ऊतक

Q11 General Science

एक पिंड पर 5 N का नियत बल लगाने पर उसमें बल की दिशा में 5 m का विस्थापन होता है। इस बल के कारण कितना कार्य किया जाएगा?

A. 25 J ✓

B. 5 J

C. 1/5 J

D. 1 J

Q12 General Science

इकोकार्डियोग्राफी (echocardiography) में अल्ट्रासाउंड का प्राथमिक उपयोग निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. धमनियों के अवरोधों को साफ़ करना या हटाना

B. हृदय की संरचना और कार्य की जाँच करना ✓

C. शरीर के वजन का निर्धारण करना

D. रक्त शर्करा के स्तर को मापना

Q13 General Science

धातुकर्म में 'अयस्कों के संवर्धन' प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. धातु को अन्य तत्वों के साथ मिलाकर मिश्रधातुएं बनाना।

B. धातु अयस्क को उसके गलित रूप में रूपांतरित करना।

C. निकाली गई धातु को परिष्कृत करके उसकी शुद्धता बढ़ाना।

D. अयस्क से अवांछित अशुद्धियां (गैंग) हटाना। ✓

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, तंत्रिका ऊतक के संबंध में सही **नहीं** है?

A. कोशिकाओं को तंत्रिका कोशिका या न्यूरॉन कहा जाता है।

B. मस्तिष्क और मेरू रज्जु के उदाहरण हैं।

C. तंत्रिका कोशिकाएं लंबाई में बहुत छोटी होती हैं। ✓

D. तंत्रिकाकोशिका (न्यूरॉन), अक्षतंतु और वृक्षिका से निर्मित होता है।

Q15 General Science

गैसों के मापन में प्रयुक्त दाब की SI इकाई क्या है?

A. केल्विन

B. जूल

C. न्यूटन

D. पास्कल ✓

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव निर्मित पदार्थ है और जो बैक्टीरिया की क्रिया द्वारा विघटित नहीं होगा?

A. रोटी

B. प्लास्टिक ✓

C. मक्खन

D. चावल

Q17 General Science

मिश्रित सस्यन (mixed cropping) क्या है?

A. समान ऋतु में एक खेत में कई फसलें उगाना ✓

B. बारी-बारी से एक ऋतु में फसल उगाना और अगली ऋतु में खेत खाली छोड़ देना

C. खेत में ऋतुओं के अनुसार फसलों का चक्रण

D. सभी ऋतुओं में एक खेत में एक ही फसल उगाना

Q18 General Science

धातु K, Ca, Al को बढ़ती हुई अभिक्रियाशीलता के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

A. K < Al < Ca

B. Al < Ca < K ✓

C. K < Ca < Al

D. Ca < K < Al

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

दिए गए कथनों में से कौन-सा सही है?

कथन 1: अवतल दर्पणों का उपयोग सौर भट्टियों में सूर्य के प्रकाश को एक बिंदु पर केंद्रित करके तापन हेतु किया जाता है।
कथन 2: उत्तल दर्पण कभी भी वास्तविक प्रतिबिंब नहीं बना सकते हैं।

A. केवल कथन 2 सही है।
B. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं। ✓
C. केवल कथन 1 सही है।
D. कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं।

Q20 General Science

दूरी-समय ग्राफ़ एक सीधी रेखा न होकर एक वक्र है। यह क्या दर्शाता है?

A. पिंड विरामावस्था में है।
B. पिंड असमान गति से गतिमान है। ✓
C. पिंड एकसमान त्वरण से गतिमान है।
D. पिंड एकसमान गति से गतिमान है।

Q21 General Science

किसी दिए गए पदार्थ के लिए, प्रति इकाई लंबाई का प्रतिरोध निम्नलिखित में से किसके व्युत्क्रमानुपाती होता है?

A. तापमान
B. प्रतिरोधकता
C. चालकता
D. अनुप्रस्थ-परिच्छेदीय क्षेत्रफल ✓

Q22 General Science

यौन क्रिया में प्रगाढ़ शारीरिक संबंध स्थापित होते है और ऐसे अनेक रोग हैं जिनका लैंगिक संचरण हो सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा रोग, जीवाणु (bacteria) के कारण होता है?

A. केवल गोनोरिया (Gonorrhoea)
B. गोनोरिया और सिफलिस दोनों ✓
C. केवल सिफलिस (Syphilis)
D. मस्सा (Warts)

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, जाइलम नामक संवहनी ऊतक के घटकों को सही ढंग से सूचीबद्ध करता है?

A. वाहिनिकाएं, वाहिकाएं, जाइलम मृदूतक, जाइलम तंतु ✓
B. सहचर कोशिकाएं, चालनी कोशिकाएं, वाहिकाएं, वाहिनिकाएं
C. वाहिनिकाएं, वाहिकाएं, चालनी नलिकाएं, जाइलम मृदूतक
D. चालनी नलिकाएं, सहचर कोशिकाएं, फ्लोएम तंतु, फ्लोएम मृदूतक

Q24 General Science

जब कोई वस्तु किसी सरल पथ के अनुदिश गति करती है लेकिन उसकी चाल परिवर्तित होती रहती है, तो हम उसकी गति की दर का वर्णन कैसे कर सकते हैं?

A. यह जाँच कर कि यह प्रति सेकंड कितनी दूरी तय करती है
B. औसत वेग पर कुल समय का उपयोग करके
C. कुल समय में औसत वेग का उपयोग करके ✓
D. इसके एकसमान वेग को मापकर

Q25 General Science

प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र क्या है?

A. $CaSO_4.1/2H_2O$ ✓
B. $CaSO_4.2H_2O$
C. $CuSO_4.1/2H_2O$
D. $CuSO_4.5H_2O$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पादप ऊतक, दोनों दिशाओं में पदार्थों के संचलन को होने देता है?

- A. पोषवाह (Phloem) ✓
- B. फाइबर (Fibres)
- C. जाइलम (Xylem)
- D. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अधातुओं का विशिष्ट भौतिक गुण है?

- A. वे भंगुर होते हैं और बिजली के खराब सुचालक होते हैं। ✓
- B. वे धातुओं की तरह तन्य और चमकदार होते हैं।
- C. वे गर्मी और बिजली का अच्छा चालन करते हैं।
- D. वे आघातवर्धनीय और ध्वानिक होते हैं।

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी एक समुद्री मछली **नहीं** है?

- A. रोहू (Rohu) ✓
- B. पॉम्फ्रेट (Pomfret)
- C. भेटकी (Bhetki)
- D. मैकेरेल (Mackerel)

Q4 General Science

शुक्राणुओं का परिवहन आसान बनाने और पोषण प्रदान करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि अपना स्राव मिश्रित करती है?

- A. पिनियल (Pineal)
- B. केवल शुक्राशय (Seminal vesicles)
- C. प्रोस्टेट और शुक्राशय (Prostate and seminal vesicles) ✓
- D. केवल प्रोस्टेट (Prostate)

Q5 General Science

एक निश्चित पदार्थ से बने तार का प्रतिरोध 12 Ω है, जिसकी लम्बाई l तथा अनुप्रस्थ-परिच्छेदीय क्षेत्रफल A है। उसी पदार्थ से बने परंतु लम्बाई l/3 तथा अनुप्रस्थ-परिच्छेदीय क्षेत्रफल 2A वाले दूसरे तार का प्रतिरोध कितना होगा?

- A. 2 Ω ✓
- B. 1 Ω
- C. 0.5 Ω
- D. 4 Ω

Q6 General Science

मनुष्यों में, बच्चे का लिंग कैसे निर्धारित होता है?

- A. माता से X गुणसूत्र की वंशागति द्वारा
- B. गर्भ के विकास के दौरान प्रचलित पर्यावरणीय परिस्थितियों द्वारा
- C. पिता से X या Y गुणसूत्र की वंशागति द्वारा ✓
- D. बच्चे को वंशागति में मिले गुणसूत्रों की संख्या में अंतर द्वारा

Q7 General Science

यदि एक पुस्तक मेज पर रखी है और हिल नहीं रही है, तो कौन-से बल संतुलित हैं?

- A. पुस्तक का भार और घर्षण
- B. पुस्तक का भार और मेल द्वारा सामान्य प्रतिक्रिया ✓
- C. केवल पुस्तक का वजन ही कार्य करता है
- D. सामान्य प्रतिक्रिया और घर्षण

Q8 General Science

12 Ω, 6 Ω और 4 Ω के तीन प्रतिरोधक समानांतर क्रम में जुड़े हुए हैं। तुल्य प्रतिरोध _____ है।

- A. 1 Ω
- B. 0. 05 Ω
- C. 22 Ω
- D. 2 Ω ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

एक वस्तु 20 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण से 30 cm की दूरी पर रखी गई है। दर्पण सूत्र का उपयोग करते हुए, प्रतिबिंब की दूरी क्या होगी?

A. −40 cm

B. −2.5 cm

C. −60 cm ✓

D. −12 cm

Q10 General Science

द्रव कम संपीड्य होते हैं, क्योंकि _____।

A. उनमें घुलित गैसें होती हैं

B. कणों में मध्यम अंतराल होते हैं ✓

C. उनका घनत्व सदैव ठोसों से कम होता है

D. उनका द्रव्यमान सदैव निश्चित रहता है

Q11 General Science

मिट्टी में फेंके जाने पर निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ पर्यावरण में लम्बे समय तक बना रहेगा?

A. सेब का छिलका

B. रोटी के टुकड़े

C. टूटे हुए कांच के टुकड़े ✓

D. आम का बीज

Q12 General Science

किस बहुपरमाणुक आयन का 'n' मान 3 के बराबर होता है?

A. SO4–n

B. CO3–n

C. HCO3–n

D. PO4–n ✓

Q13 General Science

तीन कार्बन परमाणुओं की एक सीधी श्रृंखला जिसमें कोई द्विआबंध नहीं है और पहले कार्बन परमाणु पर -OH प्रकार्यात्मक समूह है, उसे क्या नाम दिया गया है?

A. प्रोपेनल

B. प्रोपेनोन

C. प्रोपेनॉल ✓

D. प्रोपेन

Q14 General Science

एक गेंद को 12 m/s के प्रारंभिक वेग से ऊपर की ओर फेंका जाता है। 1 सेकंड बाद इसका वेग कितना होगा? (g = 9.8 m/s^2 लीजिए)

A. 2.2 m/s ✓

B. 12 m/s

C. 0 m/s

D. 21.8 m/s

Q15 General Science

यदि पिता के लिंग गुणसूत्र XY हैं और माता के लिंग गुणसूत्र XX हैं तो पुत्र होने की संभावना कितने प्रतिशत है?

A. 75%

B. 50% ✓

C. 25%

D. 100%

Q16 General Science

जिप्सम से प्लास्टर ऑफ पेरिस बनाने में कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया शामिल है?

A. CaCO3 + ऊष्मा → CaO + CO2

B. CaSO4·2H2O + ऊष्मा → CaSO4 + 2H2O

C. CaSO4·2H2O + ऊष्मा → CaSO4·½H2O + 1½H2O ✓

D. CaSO4·½H2O + जल → CaSO4·2H2O

Q17 General Science

सूचक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

a. हल्दी एक प्राकृतिक सूचक है, जिसका उपयोग अम्ल-क्षारक अनुमापन के लिए किया जाता है।
b. फीनॉलफ्थेलिन (Phenopthalein), क्षारीय माध्यम में रंगहीन होता है तथा अम्लीय माध्यम में गुलाबी रंग उत्पन्न करता है।
c. लौंग के तेल को घ्राण (olfactory) सूचक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

A. केवल a

B. b और c

C. a और c ✓

D. केवल b

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, जटिल स्थायी ऊतक का एक उदाहरण है?

A. पार्श्व विभज्योतक (Lateral meristem)

B. फ्लोएम (Phloem) ✓

C. वायूतक (Aerenchyma)

D. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma)

Q19 General Science

निम्नलिखित कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन-1: निलंबन एक समांगी मिश्रण है।
कथन-2: निलंबन के कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है।
कथन-3: जब निलंबन को अप्रभावित छोड़ दिया जाता है, तो विलेय के कण नीचे बैठ जाते हैं, अर्थात निलंबन अस्थिर होता है।

A. कथन 1, 2 और 3 गलत हैं

B. कथन 1 और 2 सही हैं

C. कथन 1, 2 और 3 सही हैं

D. कथन 2 और 3 सही हैं ✓

Q20 General Science

किसी वस्तु की तेजी से आगे-पीछे होने वाली गति को कौन-सा शब्द वर्णित करता है, जो ध्वनि उत्पन्न करने के लिए आवश्यक है?

A. विरलन

B. संपीडन

C. कंपन ✓

D. अपवर्तन

Q21 General Science

दिए गए कथनों को पढ़ें और सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।

कथन 1: दर्पण सूत्र अवतल और उत्तल दोनों दर्पणों पर लागू होता है, बशर्ते चिह्न परिपाटी का पालन किया जाए।
कथन 2: दर्पण सूत्र की वैधता वस्तु के आकार पर निर्भर करती है।

A. केवल कथन 2 सही है।

B. कथन 1 और 2 दोनों सही नहीं हैं।

C. केवल कथन 1 सही है। ✓

D. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

Q22 General Science

निम्नलिखित धात्विक ऑक्साइडों की प्रकृति और भूमिका का मिलान करें।

कॉलम A (पदार्थ)	कॉलम B (अभिक्रिया में भूमिका)
A. CuO	1. अभिक्रिया में निर्मित लवण
B. HCl	2. अम्ल की मूल ऑक्साइड के साथ अभिक्रिया
C. $CuCl_2$	3. क्षारीय ऑक्साइड अम्ल के साथ अभिक्रिया करता है
D. H_2O	4. उदासीनीकरण उत्पाद

A. A - 3; B - 2; C - 1; D - 4 ✓

B. A - 3; B - 4; C - 1; D - 2

C. A - 2; B - 3; C - 4; D - 1

D. A - 4; B - 1; C - 2; D - 3

Q23 General Science

प्लाज्मा झिल्ली के भीतर तरल पदार्थ सामग्री को क्या कहा जाता है, जिसमें कई विशिष्ट कोशिकांग भी होते हैं?

A. प्लाज़्मिन (plasmin)

B. वैक्यूओप्लाज्म (vacuoplasm)

C. केंद्रकद्रव्य (nucleoplasm)

D. कोशिकाद्रव्य (cytoplasm) ✓

Q24 General Science

एक स्थिर बल द्वारा किया गया कार्य निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करता है?

A. केवल विस्थापन

B. बल और विस्थापन दोनों, तथा उनके बीच का कोण ✓

C. वस्तु का द्रव्यमान

D. केवल बल का परिमाण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

A force F acts on a body of mass (m) producing acceleration (a). If the force is 3F and mass of the body is reduced to $m/2$. What is the the value of new acceleration in terms of 'a'?

A. $a/6$

B. $6a$ ✓

C. a

D. $a/2$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निषेचन के लिए पराग कण को पुष्प के किस उपयुक्त भाग पर पहुंचना चाहिए?

A. तंतु (Filament)

B. दल (Petal)

C. वर्तिकाग्र (Stigma) ✓

D. बाह्यदल (Sepal)

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, डिवाइस को उसके मुख्य उपयोग से सुमेलित करता है?

A. हॉर्न - संगीतमय ध्वनि को बढ़ाना ✓

B. हॉर्न - रक्तदाब मापना

C. मेगाफोन - हृदयस्पंद सुनना

D. स्टेथोस्कोप - ध्वनि को एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाना

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ, प्रकृति में अक्रिय होता है और लंबी अवधि तक पर्यावरण में मौजूद रहता है तथा पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न अवयवों को क्षति पहुंचाता है?

A. चाय पीने वाले मृत्तिका कुल्हड़ (Tea clay kullhads)

B. डिस्पोजेबल प्लास्टिक कप (Disposable plastic cups) ✓

C. चाय पत्ती (Tea leaves)

D. डिस्पोजेबल पेपर कप (Disposable paper cups)

Q4 General Science

एक रेलगाड़ी 180 km/hr की चाल से यात्रा कर रही है। इसमें ब्रेक इस प्रकार लगाए जाते हैं कि (- 1 m/s^2) का एकसमान त्वरण उत्पन्न हो। विरामावस्था में पहुंचने से पूर्व रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी कितनी होगी?

A. 16,200 m

B. 1250 m ✓

C. 125 m

D. 1620 m

Q5 General Science

कौन-सा कथन, एक परमाणु में प्रोटॉन के अभिलक्षणों का सटीक वर्णन करता है?

A. वे नाभिक के चारों ओर निश्चित कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं।

B. इलेक्ट्रॉनों की तुलना में उनका द्रव्यमान नगण्य होता है।

C. वे ऋणावेशित कण हैं।

D. वे एक परमाणु के नाभिक में स्थित होते हैं। ✓

Q6 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विषमांगी मिश्रण है?

A. सिरका

B. शर्करा विलयन

C. वायु

D. मिट्टी ✓

Q7 General Science

अलैंगिक जनन, लैंगिक जनन से भिन्न होता है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, अलैंगिक जनन को निरूपित **नहीं** करता है?

A. द्वि-खंडन

B. पुनर्जनन

C. नर और मादा दोनों जनन भागों का शामिल होना ✓

D. खंडन

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, औसत चाल की प्रकृति का वर्णन करता है?

A. यह सदैव औसत वेग के बराबर या उससे कम होती है।

B. यह ऋणात्मक हो सकती है।

C. यह एक अदिश राशि (केवल परिमाण) है। ✓

D. यह एक सदिश राशि (परिमाण और दिशा) है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

कौन-सा क्रियाकलाप दर्शाता है कि पदार्थ के कण निरंतर गतिमान रहते हैं?

A. जल से भरे गिलास के तल में चीनी जम रही है

B. कक्ष तापमान पर बर्फ पिघल रही है

C. जल को उसके क्वथनांक तक गर्म किया जा रहा है

D. कमरे में इत्र की खुशबू फैल रही है ✓

Q10 General Science

निम्नलिखित प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की संख्या के संगत तत्वों का पूर्वानुमान लगाएं।
A: 20 प्रोटॉन और 20 न्यूट्रॉन
B: 19 प्रोटॉन और 20 न्यूट्रॉन

A. A: मैग्नीशियम, B: पोटेशियम

B. A: कैल्शियम, B: पोटेशियम ✓

C. A: कैल्शियम, B: मैग्नीशियम

D. A: पोटेशियम, B: कैल्शियम

Q11 General Science

मस्तिष्क का कौन-सा भाग रक्तचाप, लार स्रवण और वमन जैसी अनैच्छिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है?

A. प्रमस्तिष्क (Cerebrum)

B. अनुमस्तिष्क (Cerebellum)

C. थैलेमस (Thalamus)

D. मेडुला ऑब्लांगेटा (Medulla oblongata) ✓

Q12 General Science

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. कार्य, विस्थापन के बिना किया जा सकता है।

B. कार्य, बल के बिना किया जा सकता है।

C. कार्य के लिए बल और विस्थापन दोनों की आवश्यकता होती है। ✓

D. कार्य, विस्थापन से स्वतंत्र होता है।

Q13 General Science

विद्युत बल्ब का फिलामेंट टंगस्टन से क्यों बना होता है?

A. इसका गलनांक निम्न होता है

B. यह एक अच्छा चालक है

C. यह सस्ता होता है

D. इसका प्रतिरोध उच्च होता है तथा यह उच्च तापमान सहन कर सकता है ✓

Q14 General Science

निम्नलिखित में से किस सरल स्थायी ऊतक में कोशिका भित्तियां, लिग्निफाइड (lignified) होती है?

A. दृढ़ोतक (Sclerenchyma) ✓

B. फ्लोएम (Phloem)

C. मृदूतक (Parenchyma)

D. श्लेषोतक (Collenchyma)

Q15 General Science

ऐनोडीकरण (Anodising) सामान्यत: किस धातु पर किया जाता है?

A. जिंक

B. ऐलुमिनियम ✓

C. कॉपर

D. स्टील

Q16 General Science

उत्तल लेंस के F और 2F के बीच रखी गई वस्तु _____ प्रतिबिंब बनाती है।

A. F और लेंस के बीच, आभासी, सीधा और संकोचित

B. 2F से परे, वास्तविक, उल्टा, और आवर्धित ✓

C. अनंत पर, वास्तविक, उल्टा और समान आकार

D. 2F पर, वास्तविक, उलटा और संकोचित

Q17 General Science

अधातुओं के भौतिक गुणधर्मों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. अधातुएँ, आघातवर्ध्य एवं तन्य होती हैं।

B. अधातुएँ सामान्यतः ठोस अवस्था में भंगुर होती हैं। ✓

C. अधातुएँ, विद्युत की सुचालक होती हैं।

D. अधातुओं का घनत्व और गलनांक उच्च होता है।

Q18 General Science

जीवाणु और प्रोटोजोआ जैसे एककोशिकीय जीवों में द्वि-खंडन की प्रक्रिया में, निम्नलिखित में से किसके घटित होने की संभावना सबसे कम होती है?

A. आनुवंशिक पदार्थ का असमान विभाजन ✓

B. दूसरे जनक की आवश्यकता नहीं

C. अनुकूल परिस्थितियों में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि

D. समान संतति कोशिकाओं का निर्माण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

मानव शरीर में कौन-सी ग्रंथि वृद्धि हार्मोन का स्राव करती है?

A. अग्न्याशय

B. अवटु ग्रंथि

C. अधिवृक्क ग्रंथि

D. पीयूष ग्रंथि ✓

Q20 General Science

छोटी आंत में दीर्घरोम (villi) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

कथन:

A: अवशोषण के लिए पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि करते हैं

B: रुधिर वाहिकाएं होती हैं

C: उत्सर्जन में सहायता करते हैं

D: पचे हुए पोषक तत्वों को अवशोषित करते हैं

A. केवल कथन A, B और C

B. केवल कथन B

C. केवल कथन A, B और D ✓

D. केवल कथन A

Q21 General Science

धारा के प्रवाह के कारण चालक में उत्पन्न ऊष्मा _____ पर निर्भर नहीं करती है।

A. धारा की दिशा। ✓

B. धारा की मात्रा।

C. धारा प्रवाह की अवधि।

D. किसी दी गई धारा के लिए प्रतिरोध।

Q22 General Science

साबुन अणु का जलरागी सिरा कैसा होता है?

A. अनायनिक और जल में विलेय

B. उदासीन और अध्रुवीय

C. अनायनिक और तेल में विलेय

D. आयनिक और जल के साथ परस्पर क्रिया करता है ✓

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी परिघटना, स्वच्छ आकाश के नीले रंग के लिए उत्तरदायी है?

A. प्रकीर्णन ✓

B. परिक्षेपण

C. अपवर्तन

D. परावर्तन

Q24 General Science

यदि 600 N भार वाला एक व्यक्ति दो पैरों पर खड़ा है, जिनका कुल संपर्क क्षेत्रफल 0.05 m^2 है, तो रेत पर लगाया गया दाब ज्ञात करें।

A. 30,000 Pa

B. 600 Pa

C. 12,000 Pa ✓

D. 300 Pa

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया, ब्लीचिंग पाउडर के संश्लेषण को निरूपित करती है?

A. $2Ca(OH)_2 + 2Cl_2 \rightarrow Ca(ClO)_2 + CaCl_2 + 2H_2O$ ✓

B. $2Ca(OH)_2 + 2NaCl \rightarrow Ca(OCl)_2 + CaCl_2 + 2H_2O$

C. $2Ca(OH)_2 + 2Cl_2 \rightarrow CaOCl_2 + CaCl_2 + H_2O$

D. $2Ca(OH)_2 + 2NaCl \rightarrow CaOCl_2 + CaCl_2 + 2NaOH + H_2O$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

विज्ञान प्रयोगशाला से निम्नलिखित विलयनों के एकत्रित नमूनों से, सही अम्ल-क्षार युग्म को _____ के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

A. मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड [Mg(OH)2] और अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (NH4OH)

B. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड [Ca(OH)2] और पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड (KOH)

C. एसिटिक अम्ल (CH3COOH) और सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) ✓

D. सल्फ्यूरिक अम्ल (H2SO4) और नाइट्रिक अम्ल (HNO3)

Q2 General Science

किस अवपरमाण्विक कण की खोज ने थॉमसन के मॉडल का विकास किया?

A. पॉजिट्रान

B. इलेक्ट्रॉन ✓

C. न्यूट्रॉन

D. प्रोटॉन

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विषमांगी मिश्रण का उदाहरण **नहीं** है?

A. रेत और चीनी

B. सिरका ✓

C. तेल में जल

D. रेत और नमक

Q4 General Science

निम्नलिखित धातुओं की अभिक्रियाशीलता का सही क्रम क्या है?

K, Mg, Al, Zn

A. Mg > K > Zn > Al

B. Zn > Mg > Al > K

C. K > Mg > Al > Zn ✓

D. K > Al > Mg > Zn

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, यूकेरियोटिक कोशिकाओं में झिल्ली परिबद्ध अंगक नहीं है?

A. राइबोसोम (Ribosome) ✓

B. क्रोमोप्लास्ट (Chromoplast)

C. वैकुओल (Vacuole)

D. लाइसोसोम (Lysosome)

Q6 General Science

यदि किसी वस्तु का वेग समय (t) में प्रारंभिक मान u से अंतिम मान v तक परिवर्तित हो जाता है, तो त्वरण (a) क्या होगा?

A. a = (v - u)×t

B. a = t/(v - u)

C. a = v/(u - t)

D. a = (v - u)/t ✓

Q7 General Science

जंतुओं में लैंगिक प्रजनन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. लैंगिक प्रजनन में केवल एक जनक शामिल होता है और एकसमान संतति उत्पन्न करता है।

B. सभी जंतु अपने पूरे जीवनकाल में लैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं।

C. जंतुओं में निषेचन सदैव मादा शरीर के बाहर होता है।

D. लैंगिक प्रजनन में नर और मादा युग्मकों का संलयन शामिल होता है। ✓

Q8 General Science

एक दौड़ में, एक लड़का विरामावस्था से दौड़ना शुरू करता है और 5 मिनट में 60 m/s के वेग तक पहुंच जाता है। यदि त्वरण एकसमान है, तो इस अवधि के दौरान लड़के द्वारा तय की गई दूरी और त्वरण क्रमशः _____ और _____ हैं।

A. 9 km और 0.2 m/s2 ✓

B. 9 km और 20 m/s2

C. 9000 m और 12 m/s2

D. 600 m और 0.2 m/s2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिकाएँ जलांश में परिवर्तन करके अपना आकार बदलती हैं?

A. स्ट्राइटेड मांसपेशीय कोशिका

B. चिकनी मांसपेशीय कोशिका

C. पादप कोशिका ✓

D. हृदय की मांसपेशीय कोशिका

Q10 General Science

लवंग तेल का उपयोग घ्राण सूचक (olfactory indicator) के रूप में क्यों किया जाता है?

A. यह अम्लीय और क्षारकीय माध्यम में अलग-अलग रंग उत्पन्न करता है।

B. अम्लीय और क्षारकीय माध्यम में अलग-अलग रंगों का प्रबल सधूम प्रेक्षित होता है।

C. यह अम्लीय और क्षारकीय माध्यम में अलग-अलग गंध उत्पन्न करता है। ✓

D. अम्लीय और क्षारकीय माध्यम में अलग-अलग रंग का बुदबुदाहट प्रेक्षित होता है।

Q11 General Science

कौन-सी धातु अभिक्रियाशीलता श्रेणी (reactivity series) के आरंभ में स्थित होती है?

A. गोल्ड

B. आयरन

C. पोटैशियम ✓

D. ऐलुमिनियम

Q12 General Science

वंशानुक्रम अध्ययनों के दौरान, मेंडल ने उस कारक की कितनी प्रतियां (copies) प्रस्तावित कीं, जो लैंगिक रूप से प्रजनन करने वाले जीवों में मौजूद विशेषकों (traits) को नियंत्रित करता था?

A. चार

B. तीन

C. दो ✓

D. एक

Q13 General Science

यदि 50 Ω के प्रतिरोधक से 8 मिनट तक 4 A धारा प्रवाहित की जाए, तो उत्पन्न ऊष्मा _____ है।

A. 96 kJ

B. 192 kJ

C. 288 kJ

D. 384 kJ ✓

Q14 General Science

जब सोडियम क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करता है, तो किस प्रकार के यौगिक का निर्माण होता है?

A. सहसंयोजक यौगिक

B. आयनिक यौगिक ✓

C. धात्विक यौगिक

D. उपसहसंयोजी यौगिक

Q15 General Science

दो प्रतिरोधक, R_1 और R_2,समांतर क्रम में जुड़े हुए हैं। उनका तुल्या प्रतिरोध 5 Ω है। जब उनमें से एक को हटा दिया जाता है, तो परिपथ का प्रतिरोध बढ़कर 10 Ω हो जाता है। निम्नलिखित में से दूसरे प्रतिरोधक का सही मान कितना है?

A. 15 Ω

B. 10 Ω ✓

C. 5 Ω

D. 20 Ω

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. प्रतिध्वनि ध्वनि के एकाधिक परावर्तनों के कारण होती है।

B. अत्यधिक प्रतिध्वनि से भाषण में बाधा आ सकती है।

C. कठोर दीवारों वाले बड़े हॉलों में प्रतिध्वनि होना आम बात है।

D. प्रतिध्वनि ध्वनि की स्पष्टता में सुधार करने में मदद करती है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

अवतल दर्पण का वक्रता केन्द्र .....।

A. वह बिंदु होता जहाँ प्रकाश की समानांतर किरणें परावर्तन के बाद मिलती हैं

B. दर्पण के द्वारक का मध्यबिंदु होता है

C. मुख्य अक्ष पर वह बिंदु होता है जहाँ किसी वस्तु का अनंत पर प्रतिबिम्ब बनता है

D. वह गोलाकार सतह का ज्यामितीय केंद्र होता है जिसका दर्पण भाग होता है ✓

Q18 General Science

ओजोन पृथ्वी को सूर्य के _____ विकिरण से बचाता है।

A. गामा

B. कॉस्मिक

C. अल्ट्रावॉयलेट ✓

D. इन्फ्रारेड

Q19 General Science

स्नायु (ligaments) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. स्नायु अस्थियों को अस्थियों से जोड़ते हैं तथा कम मैट्रिक्स वाले बहुत प्रत्यास्थ होते हैं। ✓

B. स्नायु अस्थियों को अस्थियों से नहीं जोड़ते हैं तथा बहुत प्रत्यास्थ होते हैं।

C. स्नायु दो अस्थियों को जोड़ने वाले अत्यधिक लचीले संयोजी ऊतक नहीं होते हैं।

D. स्नायु पेशियों को अस्थियों से जोड़ते हैं तथा अत्यधिक लचीले होते हैं।

Q20 General Science

पृष्ठीय क्षेत्रफल उद्वाष्पन की दर को कैसे प्रभावित करता है?

A. उद्वाष्पन केवल बंद पात्रों में द्रव पदार्थों के साथ होता है

B. छोटा पृष्ठीय क्षेत्रफल उद्वाष्पन को बढ़ाता है

C. बड़ा पृष्ठीय क्षेत्रफल उद्वाष्पन को बढ़ाता है ✓

D. पृष्ठीय क्षेत्रफल का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, मृदूतक का वह प्रकार है जो जलीय पादपों में मौजूद होता है, जिसमें उनके तैरने में सहायता करने के लिए बृहत वायु गुहाएं होती हैं?

A. वाहिनिका (Tracheid)

B. हरित ऊतक (Chlorenchyma)

C. वायूतक (Aerenchyma) ✓

D. सहकोशिका (Companion cell)

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण, आर्किमिडीज़ के सिद्धांत पर आधारित **नहीं** है?

A. हाइड्रोमीटर (Hydrometer)

B. एमीटर (Ammeter) ✓

C. पनडुब्बी (Submarine)

D. दुग्धमापी (Lactometer)

Q23 General Science

लूप अथवा कॉपर-T जैसी गर्भनिरोधक युक्तियों को मानव शरीर के किस हिस्से में स्थापित किया जाता है?

A. वृक्क

B. डिंबग्रंथी

C. हृदय

D. गर्भाशय ✓

Q24 General Science

जब किसी वस्तु को उत्तल लेंस से X cm की दूरी पर रखा जाता है, तो इस लेंस का आवर्धन (– 2) होता है। यदि प्रतिबिंब की दूरी 40 cm है, तो X का मान क्या है?

A. + 80 cm

B. + 20 cm

C. – 20 cm ✓

D. – 80 cm

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

यदि किसी वस्तु की चाल दोगुनी कर दी जाए, तो उसकी गतिज ऊर्जा _____।

- **A.** चार गुनी हो जाती है ✓
- **B.** दोगुनी हो जाती है
- **C.** आधी हो जाती है
- **D.** अपरिवर्तित रहती है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

प्रिज्म के माध्यम से सूर्य के प्रकाश के प्रकीर्णन से बने स्पेक्ट्रम में कौन-सा रंग सबसे अधिक विचलित होता है?

A. पीला

B. बैंगनी ✓

C. हरा

D. लाल

Q2 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि, मनुष्यों में वृद्धि हॉर्मोन का स्रवण करती है?

A. पीनियल ग्रंथि (Pineal gland)

B. पीयूष ग्रन्थि (Pituitary gland) ✓

C. थाइरॉइड (Thyroid)

D. अग्न्याशय (Pancreas)

Q3 General Science

रेखा 40 मीटर लंबे पूल में तैरती है। वह एक ऋजु पथ पर एक मिनट में एक छोर से दूसरे छोर तक जाने और वापस आने में 80 मीटर की दूरी तय करती है। उसका औसत वेग कितना है?

A. 20 m/min

B. 40 m/min

C. 0 m/min ✓

D. 80 m/min

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन यह सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है कि द्रव्य के कणों के बीच अंतराल होता है?

A. बर्फ, जल में पिघल जाती है

B. चीनी, जल में घुल जाती है ✓

C. रबर बैंड खिंच जाता है

D. चॉक का एक टुकड़ा आसानी से टूट जाता है

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, पारंपरिक विद्युत धारा की दिशा का सही वर्णन करता है?

A. इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह की दिशा के समान

B. सेल के ऋणात्मक टर्मिनल से धनात्मक टर्मिनल तक

C. सेल के धनात्मक टर्मिनल से ऋणात्मक टर्मिनल तक ✓

D. दिशा यादृच्छिक होती है और आवेश एकसमान रूप से प्रवाहित होते हैं

Q6 General Science

पवनचक्की के ब्लेड निम्नलिखित में से किसके कारण घूर्णन करते हैं?

A. प्रत्यास्थ ऊर्जा

B. ध्वनि ऊर्जा

C. पवन की गतिज ऊर्जा ✓

D. प्रकाश ऊर्जा

Q7 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प मेंडल के प्रयोग में F_1 पीढ़ी में अप्रभावी लक्षणों की अनुपस्थिति और F_2 पीढ़ी में उनकी पुनः उपस्थिति की व्याख्या करता है?

A. F_1 पीढ़ी में अप्रभावी विशेषक पूर्ण रूप से नष्ट हो जाते हैं।

B. अप्रभावी विशेषक अनियमित रूप से पीढ़ियों को छोड़ देते हैं।

C. अप्रभावी ऐलील F_1 में छिपे रहते हैं, लेकिन पृथक्करण के कारण F_2 में पुनः प्रकट हो जाते हैं। ✓

D. अप्रभावी विशेषक F_2 पीढ़ी में प्रभावी हो जाते हैं।

Q8 General Science

प्रतिरोध R Ω वाले एक चालक तार के दोनों सिरों पर 6 V का विभवांतर प्रयुक्त किया जाता है। यदि तार से प्रवाहित धारा 2 A है, तो R का मान कितना होगा?

A. 1/12

B. 3 ✓

C. 12

D. 1/3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

0.1 m^2 क्षेत्रफल वाले एक पृष्ठ पर लंबवत 50 N का बल कार्य करता है। पृष्ठ पर लगने वाले प्रणोद और दाब के मान क्या हैं?

A. प्रणोद = 25.0 N ; दाब = 100.0 Pa

B. प्रणोद = 100.0 N ; दाब = 50.0 Pa

C. प्रणोद = 50.0 N ; दाब = 25.0 Pa

D. प्रणोद = 50.0 N ; दाब = 500.0 Pa ✓

Q10 General Science

एक व्यक्ति 10 m त्रिज्या वाले वृत्तीय पथ पर साइकिल चलाता है। वह 10 मिनट में एक चक्कर पूरा करता है। उसका औसत वेग कितना है?

A. 1 m/s

B. 6.2 m/s

C. 0.1 m/s

D. 0 m/s ✓

Q11 General Science

क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया में ऐनोड पर क्या उत्सर्जित होता है?

A. क्लोरीन गैस ✓

B. हाइड्रोजन गैस

C. सोडियम हाइड्रॉक्साइड

D. नाइट्रोजन गैस

Q12 General Science

लैंगिक प्रजनन के परिणामस्वरूप संततियों में अधिक विविधता क्यों पाई जाती है?

A. क्योंकि यह जनक की सटीक प्रतिकृतियां उत्पन्न करता है।

B. क्योंकि यह केवल मनुष्यों में ही होता है।

C. क्योंकि इसमें समरूप DNA का प्रतिलिपिकरण शामिल है।

D. क्योंकि इसमें दो व्यष्टियों से आनुवंशिक पदार्थ का संयोजन होता है। ✓

Q13 General Science

'द्रव्य के कणों' के संबंध में सही कथन का चयन कीजिए।

A. ठोसों में, कणों के बीच अधिक अंतराल होता है।

B. द्रव में, कणों के बीच कोई अंतराल नहीं होता है।

C. द्रव्य के कण स्थायी होते हैं।

D. द्रव्य के कण निरंतर गति करते रहते हैं। ✓

Q14 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, रूक्ष अंतःप्रद्रव्यी जालिका झिल्ली की पृष्ठ पर उपस्थित होती है?

A. क्रोमोसोम

B. राइबोसोम ✓

C. कोशिका भित्ति

D. प्लाज्मा झिल्ली

Q15 General Science

कॉन्सर्ट हॉल में वक्रित छत (curved ceiling) का मुख्य उद्देश्य _____ है।

A. संगीत की आवाज़ बढ़ाना

B. समस्त ध्वनि को अवशोषित करना

C. ध्वनि को हॉल में प्रवेश करने से रोकना

D. ध्वनि तरंगों को हॉल के सभी भागों तक समान रूप से पहुंचाने के लिए उन पर ध्यान केंद्रित करना ✓

Q16 General Science

कोशिकाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

A. कोशिका की आकृति प्राय: उसके कार्य से संबंधित होती है।

B. कोशिकाएँ गोल, अंडाकार, तर्कुरूपी या शाखित हो सकती हैं।

C. सभी कोशिकाएँ समान आकार और आकृति की होती हैं। ✓

D. तंत्रिका कोशिकाएं आवेगों के चालन में सहायता करने के लिए लंबी होती हैं।

Q17 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी सामग्री लम्बे समय तक अपरिवर्तित रहती है?

A. प्लास्टिक का थैला ✓

B. सूती कपड़े का थैला

C. रेशम के कपड़े का थैला

D. जूट का थैला

Q18 General Science

किसी कार्बनिक यौगिक में 'प्रकार्यात्मक समूह' की प्राथमिक भूमिका क्या है?

A. यौगिक के अभिलक्षणिक रासायनिक गुणधर्म प्रदान करना ✓

B. यौगिक की भौतिक अवस्था (ठोस, द्रव, गैस) निर्धारित करना

C. यौगिक का आण्विक द्रव्यमान बढ़ाना

D. कार्बन शृंखला को ऋजु से शाखित में बदलना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

मुंह में pH मान _____ से कम होने पर कैल्शियम हाइड्रॉक्सीऐपाटाइट से बने दंतवल्कों (Tooth enamel) का क्षय शुरू हो जाता है।

A. 6.5
B. 7.5
C. 5.5 ✓
D. 8.5

Q20 General Science

तंत्रिका कोशिकाओं के किस भाग में, पहला विद्युत आवेग उत्पन्न होता है?

A. तंत्रिका अंत (Nerve ending)
B. तंत्रिकाक्ष (Axon)
C. द्रुमिका (Dendrite) ✓
D. कोशिका-काय (Cell body)

Q21 General Science

बाह्य निषेचन निम्नलिखित में से किस प्राणि में पाया जाता है?

A. मनुष्य
B. मछली ✓
C. मुर्गी
D. गाय

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, परिक्षेपण (dispersion) की परिघटना का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

A. श्वेत प्रकाश का काँच के प्रिज्म से गुजरते समय अपने सात घटक रंगों में विभक्त होना ही परिक्षेपण कहलाता है। ✓
B. एकल तरंगदैर्ध्य वाली प्रकाश किरण का एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाने पर प्रकाश का बंकन ही परिक्षेपण कहलाता है।
C. प्रकाश का किसी पृष्ठ से टकराकर वापस लौटना ही परिक्षेपण कहलाता है।
D. प्रकाश का कोलॉइडी कणों द्वारा प्रकीर्णन ही परिक्षेपण कहलाता है।

Q23 General Science

कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड, वायु में उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड के साथ धीमी गति से अभिक्रिया करके निम्नलिखित में से किस पदार्थ की एक पतली परत बनाता है जिसका उपयोग सफेदी करने के लिए किया जा सकता है?

A. CaO
B. CaCO3 ✓
C. CaSO4
D. $Ca(HCO_3)_2$

Q24 General Science

उस तत्व का परमाणु क्रमांक कितना है जिसमें 17 इलेक्ट्रॉन और 18 न्यूट्रॉन हैं?

A. 35
B. 1
C. 17 ✓
D. 18

Q25 General Science

निम्नलिखित सहसंयोजक यौगिकों में से किसमें साझा इलेक्ट्रॉन युग्मों की संख्या सबसे कम होगी?

A. O2
B. N2
C. CH4
D. H2 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

रक्त का कौन-सा घटक मुख्य रूप से भोजन, कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्टों के परिवहन के लिए उत्तरदायी है?

A. श्वेत रक्त कोशिकाएँ
B. प्लेटलेट्स
C. लाल रक्त कणिकाएँ
D. प्लाज्मा ✓

Q2 General Science

एक धागे से बंधे और वृत्तीय पथ पर घूमते हुए पत्थर पर क्या प्रभाव पड़ता है जब धागे को अचानक छोड़ दिया जाता है?

A. यह उसी दिशा में आगे बढ़ना जारी रखता है जिस दिशा में यह छोड़े जाने के समय जा रहा था ✓
B. यह अपने प्रारंभिक बिंदु पर लौटता है
C. यह दिशा बदलता है और टेढ़े-मेढ़े रास्ते पर चलता है
D. यह तुरंत रुक जाता है

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, उत्तल दर्पण द्वारा प्रतिबिंब रचना का सही वर्णन करता है?

A. जब बिंब एक परिमित दूरी पर होता है, तो प्रतिबिंब वक्रता केंद्र से परे, वास्तविक और बड़ा बनता है।
B. जब बिंब अनंत पर होता है, तो प्रतिबिंब फोकस पर वास्तविक तथा उल्टा बनता है।
C. जब बिंब अनंत पर होता है, तो प्रतिबिंब ध्रुव पर बनता है और वास्तविक तथा उल्टा होता है।
D. जब बिंब एक परिमित दूरी पर होता है, तो प्रतिबिंब ध्रुव और फोकस के बीच आभासी और छोटा बनता है। ✓

Q4 General Science

धातुओं के निष्कर्षण से पहले अयस्कों के संवर्धन का मुख्य कारण क्या है?

A. परिष्करण के लिए खनिज सामग्री के गलनांक को बढ़ाना
B. रूपांतरण के लिए अयस्क की आंतरिक क्रिस्टल संरचना को बदलना
C. बालू और अवांछित चट्टानों जैसी मृत्तिकामय अशुद्धियों को दूर करना ✓
D. अंतिम धातु की संक्षारण और जंग के प्रति प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाना

Q5 General Science

निम्नलिखित में से किस पादप की पत्ती के किनारे के गर्त में कलिकाएँ (buds) हो सकती हैं?

A. आम
B. नीम
C. पीपल
D. ब्रायोफिलम ✓

Q6 General Science

न्यूरॉन में डेन्ड्राइट्स (dendrite) का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. अक्षतंतु से कोशिका काय तक संकेतों को प्रेषित करना ✓
B. एक सिनैप्स (synapse) बनाना
C. विद्युत आवेग उत्पन्न करना
D. न्यूरॉन की रक्षा करना

Q7 General Science

दिए गए कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

कथन:
A: कोयला और पेट्रोलियम का निर्माण जैव-द्रव्यमान (bio-mass) के अपघटन से हुआ था।
B: ये क्षयशील संसाधन होते हैं।

A. कथन A और B दोनों सही हैं ✓
B. न तो कथन A और न ही B सही है
C. केवल कथन A सही है
D. केवल कथन B सही है

Q8 General Science

CaO और H_2O के बीच अभिक्रिया अत्यधिक ऊष्माक्षेपी होती है और $Ca(OH)_2$ बनाती है। इसका एक उदाहरण ..... है।

A. विस्थापन अभिक्रिया (Displacement reaction)
B. संयोजन अभिक्रिया (Combination reaction) ✓
C. पुनर्व्यवस्था अभिक्रिया (Rearrangement reaction)
D. दोहरा विस्थापन अभिक्रिया (Double displacement reaction)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

मानव शरीर के निम्नलिखित में से किस भाग (अंग) में उपकला कोशिकाओं में सिलिया होती है?

- A. श्वसन तंत्र ✓
- B. मुख गुहा
- C. आमाशय भित्ति
- D. भोजन नली

Q10 General Science

एक लकड़ी के गुटके का द्रव्यमान 6 kg है और इसका आकार 40 cm× 30 cm× 20 cm है। इसे 30 cm × 20 cm भुजा पर रखी एक मेज पर रखा गया है। यदि g = 10 m/s^2 है, तो यह मेज पर कितना दाब डालता है?

- A. 200 Pa
- B. 100 Pa
- C. 1000 Pa ✓
- D. 300 Pa

Q11 General Science

मानव शरीर में अस्थि की तुलना में उपास्थि को अधिक लचीला क्या बनाता है?

- A. इसमें तरल-जैसा मैट्रिक्स होता है। ✓
- B. इसमें एक ठोस, प्रोटीन-युक्त मैट्रिक्स होता है।
- C. इसमें वसा से भरा हुआ मैट्रिक्स होता है।
- D. यह मांसपेशियों को अस्थियों से जोड़ता है।

Q12 General Science

जब हम किसी गुब्बारे को दबाते हैं (जिससे उसकी आकृति बदल जाती है) या जब हम किसी खिलौना कार के अंदर स्प्रिंग को घुमाते हैं तो उसके द्वारा अर्जित स्थितिज ऊर्जा, वस्तु के _____ के कारण होती है।

- A. निरंतर चाल
- B. त्वरण दर
- C. विन्यास ✓
- D. द्रव्यमान और आयतन

Q13 General Science

निम्नलिखित में कौन-सा, संयोजन अभिक्रिया का उदाहरण है?

- A. $CuSO_4 + BaCl_2 \rightarrow BaSO_4 + CuCl_2$
- B. $Zn + H_2SO_4 \rightarrow ZnSO_4 + H_2$
- C. $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$ ✓
- D. $2KClO_3 \rightarrow 2KCl + 3O_2$

Q14 General Science

निम्नलिखित में से किस नियम का उपयोग धारावाही वृत्तीय लूप के कारण चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित करने के लिए किया जा सकता है?

- A. फ्लेमिंग का वामहस्त नियम
- B. मैक्सवेल का वामहस्त नियम
- C. दक्षिणहस्त अंगुष्ठ नियम ✓
- D. फ्लेमिंग का दक्षिणहस्त नियम

Q15 General Science

जब कोई अम्ल किसी क्षार के साथ अभिक्रिया करता है, तो निम्नलिखित में से क्या बनता है, चाहे प्रयुक्त विशिष्ट अम्ल या क्षार कुछ भी हो?

- A. हाइड्रोजन गैस
- B. लवण और जल ✓
- C. ऑक्सीजन
- D. कार्बन डाइऑक्साइड

Q16 General Science

जब 112 g सोडियम हाइड्रॉक्साइड 44 g कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करता है, जिसके परिणामस्वरूप 18 g जल प्राप्त होता है, तो कितने ग्राम (g) सोडियम कार्बोनेट उत्पन्न होता है?

- A. 132 g
- B. 138 g ✓
- C. 141 g
- D. 143 g

Q17 General Science

- D. सभी अपशिष्टों को ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड में परिवर्तित करके

Q14 General Science

पशुओं में लैंगिक जनन के दौरान DNA की मात्रा दोगुनी क्यों **नहीं** होती है?

- A. क्योंकि निषेचन के बाद दोनों युग्मक आधे हो जाते हैं और युग्मनज बनता है
- B. क्योंकि निषेचन से पहले दोनों युग्मक दोगुने हो जाते हैं और युग्मनज बनता है
- C. क्योंकि निषेचन से पहले दोनों युग्मक आधे हो जाते हैं और युग्मज बनता है ✓
- D. क्योंकि निषेचन के बाद दोनों युग्मक दोगुने हो जाते हैं और युग्मनज बनता है

Q15 General Science

यदि किसी पिंड का वेग 4 सेकंड में +20 m/s से -10 m/s हो जाता है, तो त्वरण _____ होगा।

- A. + 7.5 m/s^2
- B. + 5.0 m/s^2
- C. – 5.0 m/s^2
- D. – 7.5 m/s^2 ✓

Q16 General Science

विभिन्न तत्वों के परमाणु जिनके _____ क्रमांक भिन्न-भिन्न होते हैं लेकिन _____ संख्या समान होती है, उन्हें समभारिक कहा जाता है।

- A. परमाणु, द्रव्यमान ✓
- B. द्रव्यमान, द्रव्यमान
- C. परमाणु, परमाणु
- D. द्रव्यमान, परमाणु

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

वह प्रमुख अनुभूति क्या है जो प्राकृतिक संसाधनों के अधिक संधारणीय उपयोग की ओर ले जा सकती है?

- A. स्वार्थी शोषण से पर्यावरणीय क्षति और विपदा आती है ✓
- B. असीमित विकास हमेशा लाभदायक होता है
- C. केवल नियम ही संरक्षण सुनिश्चित कर सकते हैं
- D. संसाधनों से केवल भावी पीढ़ियों को ही लाभ मिलना चाहिए

Q18 General Science

कौन-सा जन्तु इन्फ्रासाउंड का उपयोग करके संचार करने के लिए जाना जाता है?

- A. डॉल्फिन
- B. चमगादड़
- C. चूहा
- D. गैंडा ✓

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, मैथुन (sexual intercourse) के दौरान यौन संचारित रोगों के संचरण की रोकथाम सुनिश्चित करती है?

- A. कंडोम का उपयोग (Using condoms) ✓
- B. शुक्रवाहिकोच्छेदन (Vasectomy)
- C. मौखिक गोलियों का उपयोग (Using oral pills)
- D. डिम्बवाहिनी उच्छेद (Tubectomy)

Q20 General Science

एक अवतल दर्पण का आवर्धन −1 है। बिंब की स्थिति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- A. बिंब वक्रता केंद्र से परे है
- B. बिंब फोकस पर है
- C. बिंब फोकस और ध्रुव के बीच है
- D. बिंब वक्रता केंद्र पर है ✓

Q21 General Science

किसी चालक का प्रतिरोध _____ पर निर्भर करता है।

- A. इसमें प्रवाहित धारा
- B. केवल लंबाई और अनुप्रस्थ-परिच्छेद के क्षेत्रफल
- C. चालक पर प्रयुक्त वोल्टेज
- D. लंबाई, अनुप्रस्थ-परिच्छेद के क्षेत्रफल, चालक के पदार्थ और तापमान ✓

Q22 General Science

एक वाद्य यंत्र बनाने के लिए पीतल के एक नमूने को पिघलाकर सांचे में डाला जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ढंग से वर्णन करता है, कि पीतल को समांगी मिश्रण के रूप में क्यों वर्गीकृत किया गया है?

- A. पीतल केवल एक प्रकार के परमाणु से बना होता है और इसलिए यह एकसमान दिखाई देता है
- B. पीतल के घटक रासायनिक रूप से बंधे होते हैं और उन्हें पृथक नहीं किया जा सकता है
- C. पीतल के घटक समान रूप से वितरित होते हैं और उन्हें दृष्टिगत रूप से अलग नहीं किया जा सकता है ✓
- D. पीतल जिंक और कॉपर की अभिक्रिया से निर्मित यौगिक का एक उदाहरण है

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पुष्प की प्रजनन प्रणाली के घटक का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

- A. पुंकेसर में परागकोष और तंतु दोनों शामिल होते हैं। ✓
- B. पराग का निर्माण बीजांड में होता है।
- C. स्त्रीकेसर नर भाग के रूप में कार्य करता है।
- D. अंडाशय पुंकेसर में स्थित होता है।

Q24 General Science

विद्युत अपघटनी शोधन में शुद्ध धातु का उपयोग ..... के रूप में किया जाता है।

- A. एक एनोड
- B. सल्फर
- C. एक इलेक्ट्रोलाइट
- D. एक कैथोड ✓

Q25 General Science

प्रतिवर्त चाप में, निम्नलिखित में से कौन-सा, आवेग के सही पथ का निरूपण करता है?

- A. ग्राही → मस्तिष्क → मेरु रज्जु → पेशी
- B. ग्राही → मेरु रज्जु → प्रेरक न्यूरॉन → पेशी ✓
- C. ग्राही → मेरु रज्जु → मस्तिष्क → पेशी
- D. ग्राही → प्रेरक न्यूरॉन → मेरु रज्जु → पेशी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित कथनों का संदर्भ लीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: बेकिंग सोडा को तेजी से गर्म करके धावन सोडा प्राप्त किया जाता है।
कथन B: इसका उपयोग कांच, साबुन और कागज उद्योगों में किया जाता है।

A. कथन A सही है लेकिन B गलत है।
B. कथन A गलत है लेकिन B सही है। ✓
C. कथन A और B दोनों गलत हैं।
D. कथन A और B दोनों सही हैं।

Q2 General Science

वृषण, उदर गुहा के बाह्य स्थित होते हैं, जिन्हें क्या कहा जाता है?

A. मूत्रवाहिनी (Ureter)
B. शिश्न (Penis)
C. मूत्राशय (Bladder)
D. वृषणकोष (Scrotum) ✓

Q3 General Science

किसी तत्व का प्रतीक निम्नलिखित में से किसे दर्शाता है?

A. तत्व का एक मोल
B. परमाणु क्रमांक और द्रव्यमान संख्या
C. तत्व का केवल एक परमाणु ✓
D. तत्व का पूरा नाम

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी गर्भनिरोधक युक्ति सगर्भता की रोकथाम के लिए गर्भाशय में स्थापित की जाती है?

A. मौखिक गोलियां (Oral pills)
B. कंडोम (Condom)
C. कॉपर-T (Copper-T) ✓
D. हार्मोनल पैच (Hormonal patch)

Q5 General Science

एक व्यवस्थित विद्युत परिपथ आरेख में, विभवांतर को मापने के लिए वोल्टमीटर को सामान्यत: किस प्रकार दर्शाया जाता है?

A. श्रेणीक्रम में जुड़ा हुआ एक वृत्त, जिसके भीतर 'A' है
B. समांतर क्रम में जुड़ा हुआ एक वृत्त, जिसके भीतर 'V' है ✓
C. श्रेणीक्रम में जुड़ा हुआ एक आयत, जिसके भीतर 'R' है
D. समांतर क्रम में जुड़ा हुआ एक वर्ग, जिसके भीतर 'V' है

Q6 General Science

चुंबकीय क्षेत्र, _____ सबसे प्रबल होता है।

A. चालक से दूर
B. चालक से समदूरस्थ
C. चालक के निकट ✓
D. परिनालिका के बाहर

Q7 General Science

पृथ्वी और 'm' kg द्रव्यमान वाले किसी पिंड के बीच गुरुत्वाकर्षण बल 'F' N है। यदि पिंड का द्रव्यमान बढ़ाकर '4m' kg कर दिया जाए, तो पिंड और पृथ्वी के बीच गुरुत्वाकर्षण बल क्या होगा? (अन्य सभी प्राचलों को समान रखें)

A. F/4 N
B. 4F N ✓
C. F/2 N
D. F N

Q8 General Science

वे कौन-से दो भौतिक गुण हैं जो धातुओं को क्रमशः खींचकर पतले तार बनाने और पीटकर पतली चादरों के रूप में परिवर्तित करने की अनुमति देते हैं?

A. द्युति और कठोरता
B. ध्वानिक और चालकता
C. तन्यता और आघातवर्धनीयता ✓
D. उच्च गलनांक और ठोस अवस्था

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-विकल्प पिंड पर कार्यरत बल (F) के संदर्भ में, किए गए कार्य (W) और बल की दिशा में पिंड के विस्थापन (S) के बीच सही संबंध को निरूपित करता है?

A. W = F + S

B. W = F × S ✓

C. W = F/S

D. W = F − S

Q10 General Science

60 N का एक बल (F) 6 kg द्रव्यमान (m) पर कार्य करता है। इस बल द्वारा उत्पन्न त्वरण (a) क्या होगा?

A. 6.0 m/s2

B. 10.0 m/s2 ✓

C. 360.0 m/s2

D. 0.10 m/s2

Q11 General Science

मनुष्य में वृक्कों का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. पूरे शरीर में ग्लूकोज और हार्मोन का परिवहन करना

B. रक्त से नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट पदार्थों को फिल्टर करना ✓

C. पाचन और पोषक तत्व अवशोषण को विनियमित करना

D. ऑक्सीजन को अवशोषित करना और कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त करना

Q12 General Science

न्यूटन के गति के तीसरे नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. क्रिया और प्रतिक्रिया एक ही पिंड पर कार्य करती हैं और परिमाण में बराबर होती हैं।

B. क्रिया और प्रतिक्रिया असमान होती हैं और एक ही पिंड पर कार्य करती हैं।

C. क्रिया और प्रतिक्रिया बराबर और विपरीत होती हैं लेकिन दो अलग-अलग पिंडों पर कार्य करती हैं। ✓

D. क्रिया और प्रतिक्रिया एक दूसरे को रद्द कर देती हैं क्योंकि वे एक ही पिंड पर कार्य करती हैं।

Q13 General Science

किसी गर्म वस्तु को छूने पर हाथ को तेजी से पीछे खींचना _____ का एक उदाहरण है।

A. प्रतिवर्त क्रिया (Reflex action) ✓

B. हार्मोन संबंधी क्रिया (Hormonal action)

C. प्रानुकूलित क्रिया (Conditioned action)

D. चिंतन क्रिया (Thinking action)

Q14 General Science

उस वैज्ञानिक का नाम बताइए जिसने तत्वों को ऐसे पदार्थों के रूप में परिभाषित किया जिन्हें रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा सरल रूप में तोड़ा नहीं जा सकता है।

A. रॉबर्ट हुकी (Robert Hookie)

B. चार्ल्स डार्विन (Charles Darwin)

C. रॉबर्ट बॉयल (Robert boyle)

D. एंटोनी लॉरेंट लवॉज़िएर (Antoine Laurent Lavoisier) ✓

Q15 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कोलॉइडी विलयन है?

A. नमक का पानी

B. चीनी का घोल

C. पानी में रेत

D. दूध ✓

Q16 General Science

प्रकाश संश्लेषण में उत्पादित कार्बोहाइड्रेट, जिनका तुरंत उपयोग नहीं किया जाता, पादपों में _____ के रूप में संग्रहित हो जाते हैं।

A. मंड (starch) ✓

B. प्रोटीन (protein)

C. सेल्यूलोज (cellulose)

D. ग्लूकोज (glucose)

Q17 General Science

वाहनों के पश्च-दर्शी दर्पण (Rear-view mirrors) सामान्यत: _____ होते हैं।

A. परवलयिक दर्पण

B. उत्तल दर्पण ✓

C. अवतल दर्पण

D. समतल दर्पण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम, लार (saliva) में होता है?

A. सलाइवरी एमाइलेज ✓

B. सलाइवरी प्रोटिएज

C. कोई एंजाइम नहीं होता है।

D. सलाइवरी लाइपेज

Q19 General Science

हमारे शरीर में निम्नलिखित में से किसका पता रससंवेदी ग्राहियों (gustatory receptors) द्वारा लगाया जाता है?

A. प्रकाश

B. गंध

C. स्वाद ✓

D. ध्वनि

Q20 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, हिबिस्कस पुष्प में वर्तिकाग्र का एक कार्य नहीं है?

A. चिपचिपी सतह प्रदान करना

B. नर जनन कोशिकाओं का उत्पादन ✓

C. पराग नलिका वृद्धि को सुगम बनाना

D. पराग कण प्राप्त करना

Q21 General Science

ध्वनि संचरण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. ध्वनि गैसों में सबसे तेज़, द्रवों में धीमी तथा ठोसों में सबसे धीमी होती है।

B. ध्वनि ठोस पदार्थों में सबसे तेज, द्रव पदार्थों में धीमी तथा गैसों में सबसे धीमी होती है। ✓

C. ध्वनि निर्वात में भी यात्रा कर सकती है।

D. ध्वनि सभी माध्यमों में समान गति से यात्रा करती है।

Q22 General Science

जब कोई धातु किसी अधातु के साथ अभिक्रिया करती है, तो सामान्यतः किस प्रकार का रासायनिक आबंध बनता है?

A. हाइड्रोजन आबंध

B. आयनिक आबंध ✓

C. सहसंयोजक आबंध

D. धात्विक आबंध

Q23 General Science

अयस्क से धातुओं के निष्कर्षण में निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही है?

A. अपचयन → शोधन → सांद्रण

B. शोधन → सांद्रण → अपचयन

C. सांद्रण → विद्युत-अपघटन → भर्जन

D. सांद्रण → अपचयन → शोधन ✓

Q24 General Science

_____ होने पर तारे अधिक स्पष्ट रूप से टिमटिमाते हुए दिखते हैं।

A. तारों के उनके शिरोबिन्दु पर होने पर

B. चांद के चमकीले होने पर

C. आसमान बादलों से घिरा होने पर

D. तारों के क्षितिज के पास होने पर ✓

Q25 General Science

जब एथेनोइक अम्ल सोडियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो सामान्यतः कौन सी गैस निकलती है?

A. हाइड्रोजन गैस

B. कार्बन डाइऑक्साइड गैस ✓

C. मेथेन गैस

D. ऑक्सीजन गैस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

पृथ्वी और चंद्रमा के द्रव्यमान और उनके बीच की दूरी के स्वीकृत मानों के आधार पर, पृथ्वी द्वारा चंद्रमा पर लगाया गया परिकलित गुरुत्वाकर्षण बल कितना है?

A. 9.8 N

B. 7.4 × 1022 N

C. 2.02 × 1020 N ✓

D. 6.67 × 10-11 N

Q2 General Science

मीनू विरामावस्था से साइकिल चलाना शुरू करती है और 25 सेकंड में 5 m/s की चाल तक पहुँच जाती है। उसका त्वरण कितना है?

A. 0.3 m/s2

B. 0.4 m/s2

C. 0.2 m/s2 ✓

D. 0.1 m/s2

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पोषक तत्व एक बृहत्पोषक (macronutrient) है?

A. आयरन

B. ज़िंक

C. कॉपर

D. पोटैशियम ✓

Q4 General Science

किसी दिए गए पदार्थ के एक तार की लम्बाई L तथा अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल A है, और प्रतिरोध R है। यदि तार का आयतन स्थिर रखते हुए इसे खींचकर लम्बाई में दोगुना कर दिया जाए, तो इसका नया प्रतिरोध कितना होगा?

A. 2R

B. 4R ✓

C. शून्य

D. R/2

Q5 General Science

गर्भनिरोधक गोलियों के संबंध में कौन-सा कथन **गलत** है?

A. इनमें सिंथेटिक हार्मोन (एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन) होते हैं जो अंडोत्सर्ग को रोकते हैं।

B. कुछ उपयोगकर्ताओं में ये अनियमित रक्तस्राव या मतली जैसे दुष्प्रभाव पैदा कर सकते हैं।

C. ये यौन संचारित संक्रमणों से बचाते हैं। ✓

D. यदि सही तरीके से लिया जाए तो ये जनन नियंत्रण का एक बेहद प्रभावी तरीका है।

Q6 General Science

ध्वनि संचरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. ध्वनि निर्वात में यात्रा कर सकती है।

B. ध्वनि वायु में अनुप्रस्थ तरंगों के रूप में यात्रा करती है।

C. ध्वनि संचरण के लिए माध्यम की आवश्यकता होती है। ✓

D. ध्वनि ठोसों की तुलना में गैसों में अधिक तेजी से यात्रा करती है।

Q7 General Science

यदि 20 N का एक नियत बल (F) किसी पिंड को समान दिशा में 5 m के विस्थापन (d) तक गतिमान करता है, तो किया गया कार्य (W) क्या होगा?

A. 50 J

B. 100 J ✓

C. 25 J

D. 200 J

Q8 General Science

अभिकथन (A) और कारण (R) के लेबल वाले निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): यदि कोई पदार्थ अभिक्रिया के दौरान ऑक्सीजन खो देता है, तो उसे अपचयित कहा जाता है।
कारण (R): अपचयन को हाइड्रोजन की प्राप्ति या ऑक्सीजन की हानि के रूप में परिभाषित किया जाता है।

A. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

C. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है। ✓

D. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

इथेनॉल के ऑक्सीकरण के दौरान क्या होता है?

A. यह एस्टर बनाता है।

B. यह मीथेन में परिवर्तित हो जाता है।

C. यह एथीन में परिवर्तित हो जाता है।

D. यह एथेनोइक अम्ल में परिवर्तित हो जाता है। ✓

Q10 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?

A. छोटी तरंगदैर्ध्यें, लंबी तरंगदैर्ध्यों की तुलना में अधिक प्रकीर्णित होती हैं।

B. आकाश नीला दिखाई देता है क्योंकि वायु नीले प्रकाश को अवशोषित कर लेती है। ✓

C. प्रकीर्णन, प्रकाश की तरंगदैर्घ्य पर निर्भर करता है।

D. टिण्डल प्रभाव का उपयोग कोलाइड का पता लगाने के लिए किया जा सकता है।

Q11 General Science

थायरॉक्सिन (thyroxin) की अनुपस्थिति में चयापचय गतिविधियों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. वे अनियंत्रित रूप से तेज़ हो जाती हैं

B. वे धीमे हो जाती हैं या असंतुलित हो जाती हैं ✓

C. वे पूरी तरह से रुक जाती हैं

D. वे केवल पाचन को प्रभावित करती हैं

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संचलन (movement) दर्शाता है लेकिन गमन (locomotion) नहीं दर्शाता है?

A. मानव

B. पक्षी

C. पौधा ✓

D. कुत्ता

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, किसी तत्व के परमाणु क्रमांक को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

A. किसी परमाणु के नाभिक में न्यूट्रॉनों की संख्या

B. किसी परमाणु के बाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

C. किसी परमाणु के नाभिक में प्रोटॉनों की संख्या ✓

D. नाभिक में प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की कुल संख्या

Q14 General Science

चिकनी पेशियों के संबंध में कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?

A. इनमें धारियां होती हैं ✓

B. ये एककेंद्रकी होती हैं

C. ये अनैच्छिक गतियों को नियंत्रित करती हैं

D. ये तर्कु-आकृति की कोशिकाएं होती हैं

Q15 General Science

विभवांतर के SI मात्रक, एक वोल्ट (1 V) को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?

A. जब 1 कूलॉम आवेश को स्थानांतरित करने में 1 जूल कार्य किया जाता है ✓

B. जब 1 ओम के प्रतिरोध से 1 मिलीएम्पियर धारा प्रवाहित होती है

C. जब 1 सेकंड में 1 जूल ऊर्जा क्षय हो जाती है

D. जब 1 सेकंड में 1 कूलॉम का आवेश प्रवाहित होता है

Q16 General Science

कौन-सा हार्मोन लड़कों में यौन परिपक्वता को उत्प्रेरित करता है?

A. एस्ट्रोजन

B. टेस्टोस्टेरोन ✓

C. प्रोजेस्टेरोन

D. ऑक्सीटोसिन

Q17 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती है?

A. तांबा

B. चांदी

C. सोना

D. जिंक ✓

Q18 General Science

यदि स्थिर आयतन पर किसी गैस का तापमान बढ़ाया जाता है, तो दाब पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. यह समान रहता है।

B. यह घटता है।

C. यह बढ़ता है। ✓

D. इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा न्यूटन के तृतीय नियम का उदाहरण **नहीं** है?

A. एक रॉकेट ऊपर की ओर उठ रहा है जबकि गैसें नीचे की ओर निकल रही हैं

B. एक घोड़ा भरी हुई गाड़ी खींच रहा है

C. एक पत्थर ज़मीन की ओर स्वतंत्र रूप से गिर रहा है ✓

D. गोली चलाने पर बंदूक का पीछे की ओर मूव (move) होना

Q20 General Science

दूरदृष्टिता (हाइपरमेट्रोपिया) के दोष को निम्नलिखित में से किसके उपयोग से ठीक किया जा सकता है?

A. प्रिज्म

B. अवतल लेंस

C. बेलनाकार लेंस

D. उत्तल लेंस ✓

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इस कारण की सही व्याख्या करता है कि कार्बन, कार्बनिक यौगिकों में सहसंयोजक आबंध क्यों बनाता है?

A. कार्बन के बाह्य कोश में चार इलेक्ट्रॉन होते हैं और वह अपना अष्टक पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉन साझा करता है। ✓

B. कार्बन आसानी से अपने सभी संयोजी इलेक्ट्रॉन आधातुओं को दान कर देता है।

C. कार्बन में धनात्मक आयन बनाने की प्रवृत्ति अधिक होती है।

D. कार्बन परमाणुओं की बाह्य कक्षा पूर्ण होती है, और वे अभिक्रिया नहीं करते हैं।

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन कार्बन की बहुमुखी प्रकृति का वर्णन करता है/करते हैं?

a. अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ आबंध बनाकर बड़े अणुओं का निर्माण करने की क्षमता।
b. अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ दोहरा आबंध बनाने की क्षमता।
c. ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, सल्फर, हाइड्रोजन आदि जैसे अन्य परमाणुओं के साथ आबंध बनाने की क्षमता।

A. सभी a, b और c ✓

B. केवल b और c

C. केवल a

D. केवल a और c

Q23 General Science

जब निषेचन मादा शरीर के भीतर होता है, तो इसे _____ कहा जाता है।

A. इन विट्रो निषेचन (in vitro fertilisation)

B. बाह्य निषेचन (external fertilisation)

C. परखनली शिशु (test-tube babies)

D. आंतरिक निषेचन (internal fertilisation) ✓

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पादप ऊतक उन कोशिकाओं से बनता है जो परिपक्वता पर मृत हो जाती हैं?

A. स्क्लेरेनकाइमा (Sclerenchyma) ✓

B. पैरेन्काइमा (Parenchyma)

C. एरेनकाइमा (Aerenchyma)

D. कोलेनकाइमा (Collenchyma)

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, 'सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass)' शब्द को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

A. किसी यौगिक के एक मोल का द्रव्यमान

B. किसी तत्व के एक परमाणु का द्रव्यमान

C. किसी आयनिक यौगिक में आयनों के परमाणु द्रव्यमानों का योग, जैसा कि उसके सूत्र द्वारा दर्शाया गया है ✓

D. किसी अणु में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योग

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science 25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

The image formed by a concave mirror of focal length 20 cm is real, inverted, and enlarged in size as compared to the size of the object. Which of the following is true about the position of the object?

- A. The object is placed between 20 cm and 40 cm from the pole of the mirror. ✓
- B. The object is placed at 40 cm from the pole of the mirror.
- C. The object is placed at 10 cm from the pole of the mirror.
- D. The object is placed at 20 cm from the pole of the mirror.

Q2 General Science

एक जहाज जल पर तैरता है क्योंकि_____।

- A. पृष्ठ तनाव इसे तैरता रखता है
- B. विस्थापित जल का भार जहाज के भार के बराबर होता है ✓
- C. जल का घनत्व जहाज सामग्री (पदार्थ) से अधिक है
- D. वायुमंडलीय दाब जहाज को सहारा देता है

Q3 General Science

फसल किस्म सुधार का मुख्य लक्ष्य क्या है?

- A. केवल सजावटी पौधे उगाना
- B. बेहतर उपज और उपयोगी गुणों वाली फसलों का विकास करना ✓
- C. उगाई जाने वाली फसलों की संख्या कम करना
- D. मृदा में जल की मात्रा बढ़ाना

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उच्च दाब के अधीन गैसों के द्रवण का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

- A. गैसें अनिश्चित रूप से प्रसार करती हैं, इसलिए दाब का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है
- B. उच्च दाब से कणों के बीच का अवकाश कम हो जाता है, जिससे द्रवण होता है ✓
- C. उच्च दाब से तापमान बढ़ता है, जिससे प्रावस्था परिवर्तन होता है।
- D. बढ़े हुए आणविक आकार से संघनन होता है

Q5 General Science

जूल के तापन नियम के अनुसार, यदि किसी प्रतिरोधक से प्रवाहित धारा दोगुनी कर दी जाए, जबकि प्रतिरोध और समय स्थिर रहें, तो उत्पन्न ऊष्मा (H) _____ के गुणक से बढ़ जाएगी।

- A. सोलह
- B. आठ
- C. दो
- D. चार ✓

Q6 General Science

समय के साथ संक्षारण होने पर तांबे का रंग कैसा हो जाता है?

- A. हरा ✓
- B. लाल
- C. सफ़ेद
- D. ग्रे

Q7 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा एक यौगिक है?

- A. लवण (NaCl) ✓
- B. नींबू का रस
- C. मृदा
- D. वायु

Q8 General Science

रेखीय वेग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

- A. एकसमान गति के लिए रेखीय वेग स्थिर रहता है।
- B. यह विस्थापन में परिवर्तन की दर है।
- C. रेखीय वेग की SI इकाई m/s^2 है। ✓
- D. रेखीय वेग विस्थापन और समय पर निर्भर करता है।

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, असंतृप्त हाइड्रोकार्बन है?

- A. एथीन (Ethene) ✓
- B. प्रोपेन (Propane)
- C. ब्यूटेन (Butane)
- D. मेथेन (Methane)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 General Science

जलीय जीव, स्थलीय जीवों की तुलना में तेजी से श्वास क्यों लेते हैं?

A. क्योंकि वे गिल के माध्यम से सीधे सूर्य के प्रकाश से ऑक्सीजन अवशोषित करते हैं

B. क्योंकि जल में ऑक्सीजन का विसरण वायु की तुलना में तेजी से होता है

C. क्योंकि जल में घुली हुई ऑक्सीजन की मात्रा अत्यधिक निम्न होती है ✓

D. क्योंकि जल श्वसन अंगों पर कम प्रतिरोध डालता है

Q11 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी उपकला, श्वसन मार्ग के अस्तर के साथ श्लेष्मा की गति में सहायक होती है?

A. सरल पट्टकी उपकला (simple squamous epithelium)

B. पक्ष्माभी स्तंभाकार उपकला (ciliated columnar epithelium) ✓

C. स्तरीकृत पट्टकी उपकला (stratified squamous epithelium)

D. घनाभाकार उपकला (cuboidal epithelium)

Q12 General Science

एक रोगी अपना बायां हाथ हिलाने में असमर्थ है, लेकिन मस्तिष्क स्कैन में कोई क्षति नहीं दिखाई देती है। तंत्रिका तंत्र के किस हिस्से के प्रभावित होने की सर्वाधिक संभावना है?

A. परिधीय तंत्रिका तंत्र (Peripheral nervous system) ✓

B. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (Central nervous system)

C. स्वायत्त तंत्रिका तंत्र (Autonomic nervous system)

D. परानुकंपी तंत्रिका तंत्र (Parasympathetic nervous system)

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वृत्तीय गति का उदाहरण है?

A. पृथ्वी के चारों ओर घूमता चंद्रमा ✓

B. सीधी पटरी पर चलती हुई रेलगाड़ी

C. एक सीधी सड़क पर चलती कार

D. ऊँचाई से गिराया गया एक पत्थर

Q14 General Science

ऐल्युमीनियम की ऐनोडीकरण प्रक्रिया में सल्फ्यूरिक अम्ल की क्या भूमिका होती है?

A. यह एक वैद्युत-अपघट्य के रूप में कार्य करता है जो मोटी ऑक्साइड परत बनाने में मदद करता है। ✓

B. यह ऐल्युमीनियम के साथ अभिक्रिया करके ऐल्युमीनियम क्लोराइड बनाता है।

C. यह ऐल्युमीनियम को पूरी तरह से विघटित कर देता है।

D. यह ऐल्युमीनियम के ऑक्सीकरण को रोकता है।

Q15 General Science

पादपों में कायिक प्रवर्धन के लिए निम्नलिखित में से किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?

A. बीज प्रकीर्णन (Seed dispersal)

B. कलम (Cutting) ✓

C. परागण (Pollination)

D. निषेचन (Fertilisation)

Q16 General Science

साइक्लोहेक्सेन को किस प्रकार के कार्बनिक यौगिक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?

A. एक सुगंधित यौगिक जिसमें एक विस्थानीकृत π-इलेक्ट्रॉन वलय प्रणाली होती है

B. एक कार्बनिक एल्डिहाइड जिसमें छह कार्बन परमाणुओं की एक रैखिक श्रृंखला होती है

C. एक संतृप्त ऐलीसाइक्लिक यौगिक जो एक वलय में छह कार्बन परमाणुओं से बना होता है ✓

D. एक या अधिक असंतृप्त कार्बन बंधों वाला एक शाखित हाइड्रोकार्बन

Q17 General Science

किसी वस्तु पर 7 N का बल कार्यरत है और वह बल की दिशा में 8 m विस्थापित हो जाती है। इस स्थिति में किया गया कार्य कितना है?

A. 15 Nm

B. 56 J ✓

C. 56 N

D. 7 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

ZnO (जिंक ऑक्साइड) का सूत्र इकाई द्रव्यमान क्या है?

A. 16 u

B. 97 u

C. 81 u ✓

D. 65 u

Q19 General Science

यदि दो प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं, तो परिपथ के समतुल्य प्रतिरोध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. यह समान रहेगा।

B. यह घटेगा।

C. यह बढ़ेगा। ✓

D. यह पहले बढ़ेगा और फिर घटेगा।

Q20 General Science

निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया में दो यौगिक मिलकर एक नया यौगिक बनाते हैं?

A. $Na + Cl_2 \rightarrow NaCl$

B. $H_2 + Cl_2 \rightarrow HCl$

C. $C + O_2 \rightarrow CO_2$

D. $CaO + CO_2 \rightarrow CaCO_3$ ✓

Q21 General Science

मादा जनन तंत्र में अंड का सही मार्ग क्या है?

A. फैलोपियन ट्यूब → अंडाशय → गर्भाशय

B. गर्भाशय → अंडाशय → फैलोपियन ट्यूब

C. अंडाशय → योनि → गर्भाशय

D. अंडाशय → फैलोपियन ट्यूब → गर्भाशय ✓

Q22 General Science

एकल आवृत्ति और कई आवृत्तियों के मिश्रण की ध्वनियों को क्रमशः _____ के रूप में जाना जाता है।

A. नोट और स्वर

B. रव और स्वर

C. स्वर और नोट ✓

D. स्वर और रव

Q23 General Science

निम्नलिखित में से क्या, बिना किसी युग्मक के, केवल एक जनक के द्वारा प्रजनन का वर्णन करता है?

A. मेंढकों में निषेचन

B. अमीबा में द्विविखंडन ✓

C. पुष्पीय पौधों में बीज निर्माण

D. स्तनधारियों में आंतरिक निषेचन

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना तंत्रिका ऊतक से बनी होती है?

A. अस्थियां और मांसपेशियाँ

B. वृक्क और यकृत

C. मस्तिष्क, मेरुरज्जु और तंत्रिकाएँ ✓

D. फेफड़े और हृदय

Q25 General Science

यदि किसी वस्तु को अवतल दर्पण के वक्रता केन्द्र (C) पर रखा जाए, तो आवर्धन (m) का मान क्या होगा?

A. $m = -1$ ✓

B. $m = 0$

C. $m = +1$

D. $m < -1$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

संतृप्त हाइड्रोकार्बन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक तिहरा बंध होता है।

B. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच केवल एकल बंध होता है। ✓

C. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक दोहरा बंध होता है।

D. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच दोहरा या तिहरा बंध हो सकता है।

Q2 General Science

फ्लोएम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. फ्लोएम केवल जल को ऊपर की ओर पहुँचाता है।

B. फ्लोएम भोजन को पत्तियों से अन्य भागों तक पहुँचाता है। ✓

C. फ्लोएम खनिजों को जड़ों से पत्तियों तक पहुँचाता है।

D. फ्लोएम पूरी तरह से मृत कोशिकाओं से बना होता है।

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, निषेचन का परिणाम **नहीं** है?

A. अंडे का निर्माण (Egg formation) ✓

B. युग्मज निर्माण (Zygote formation)

C. प्लैसेन्टा निर्माण (Placenta formation)

D. भ्रूण निर्माण (Embryo formation)

Q4 General Science

प्रतिरोधकों के समान्तर कनेक्शन के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?

A. कुल धारा, अलग-अलग प्रतिरोधकों से प्रवाहित धाराओं का योग होती है। ✓

B. कुल धारा किसी भी शाखा से प्रवाहित धारा के समान होती है।

C. प्रत्येक प्रतिरोधक समान धारा वहन करता है चाहे प्रतिरोध कुछ भी हो।

D. अधिक प्रतिरोधकों को जोड़ने पर कुल प्रतिरोध बढ़ जाता है।

Q5 General Science

किसी ठोस को गर्म करने पर कणों का क्या होता है?

A. वे अधिक ऊर्जा के साथ कंपन करते हैं। ✓

B. वे जम जाते हैं और स्थिर हो जाते हैं।

C. वे आपस में अन्योन्यक्रिया पूरी तरह बंद कर देते हैं।

D. वे टूटकर अन्य तत्वों में परिवर्तित जाते हैं।

Q6 General Science

कुछ जीव किसी भी तल से विभाजन द्वारा द्वि-खंडन दर्शाते हैं, लेकिन कुछ निर्धारित अभिविन्यास से विभाजन दर्शाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा, द्वि-खंडन का निर्धारित अभिविन्यास दर्शाता है?

A. प्लाज्मोडियम (Plasmodium)

B. अमीबा (Amoeba)

C. पैरामीशियम (Paramecium)

D. लीशमैनिया (Leishmania) ✓

Q7 General Science

बोर के अनुसार, इलेक्ट्रॉन _____ ।

A. केवल तभी परिक्रमण करते हैं जब ऊर्जा अवशोषित होती है

B. परमाणु के नाभिक के अंदर परिक्रमण करते हैं

C. कोश कहलाने वाले निश्चित वृत्ताकार कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं ✓

D. दीर्घवृत्ताकार कक्षाओं में यादृच्छिक रूप से परिक्रमण करते हैं

Q8 General Science

किसी वस्तु को अवतल लेंस के मुख्य अक्ष के अनुदिश कहीं भी रखा जाता है। प्रतिबिंब सदैव _____ बनेगा।

A. फोकस दूरी की दोगुनी (2F) दूरी पर

B. फोकस (F) और प्रकाशिक केंद्र (O) के बीच ✓

C. फोकस दूरी की दोगुनी (2F) से अधिक दूरी पर

D. फोकस (F) पर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, एक गंध सूचक (olfactory indicator) **नहीं** है?

A. प्याज (Onion)

B. हल्दी (Turmeric) ✓

C. वनीला अर्क (Vanilla extract)

D. लौंग का तेल (Clove oil)

Q10 General Science

2-मेथिलप्रोपेन का आण्विक सूत्र निम्नलिखित में से किसके समान है?

A. पेन्टेन (Pentane)

B. पेन्टीन (Pentene)

C. ब्यूटीन (Butene)

D. ब्यूटेन (Butane) ✓

Q11 General Science

एक लकड़ी के गुटके का भार 49 N (थ्रस्ट) है। यदि इस गुटके को 0.02 m^2 संपर्क क्षेत्रफल वाली मेज पर रखा जाए, तो मेज पर परिणामी दाब कितना होगा?

A. 612.5 Nm-2

B. 49 Pa

C. 2450 Nm-2 ✓

D. 980 Nm-2

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, सामान्यतः न्यूरॉन (neuron) का सबसे लंबा भाग बनाता है?

A. तंत्रिकाक्ष (Axon) ✓

B. अंतर्ग्रथन (Synapse)

C. तंत्रिका सिरा (Nerve ending)

D. कोशिका काय (Cell body)

Q13 General Science

pH में 'p' का अर्थ _____ होता है और इसका उपयोग _____ सांद्रता को मापने के लिए किया जाता है।

A. पोटेंसियल (Potential); हाइड्रोजन आयन

B. पोटेंज (Potenz); हाइड्रोजन आयन ✓

C. पोटेंसियल (Potential); हाइड्रॉक्साइड आयन

D. पोटेंज (Potenz); हाइड्रॉक्साइड आयन

Q14 General Science

निम्नलिखित में से आवृत्ति और आवर्तकाल का कौन-सा युग्म ठीक प्रकार से संबंधित है?

A. 2 Hz और 0.2 s

B. 1 Hz और 2 s

C. 10 Hz और 0.1 s ✓

D. 5 Hz और 5 s

Q15 General Science

अनाज के अनुचित भंडारण के क्या परिणाम हो सकते हैं?

A. कीटों का हमला और खराब होना ✓

B. मजबूत अनाज

C. अधिक सुगंध

D. बेहतर पोषण

Q16 General Science

कौन-सी पेशी ऐच्छिक होती है तथा उसमें हल्के और गहरे रंग की पट्टियाँ दिखाई देती हैं?

A. चिकनी पेशी

B. अरेखित पेशी

C. हृद् पेशी

D. रेखित पेशी ✓

Q17 General Science

एक उत्तल लेंस अपने से 30 cm की दूरी पर स्थित किसी वस्तु का वास्तविक प्रतिबिंब बनाता है। यदि प्रतिबिंब लेंस के दूसरी ओर 60 cm की दूरी पर बनता है, तो लेंस की फोकस दूरी कितनी होगी?

A. 15 cm

B. 10 cm

C. 20 cm ✓

D. 30 cm

Q18 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजी ऊतक का प्रकार **नहीं** है?

A. अस्थि

B. रक्त

C. उपकला ✓

D. उपास्थि

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

R Ω के एक प्रतिरोधक पर V वोल्ट का विभवांतर प्रयुक्त किया जाता है, फिर इसमें I एम्पियर की धारा प्रवाहित होती है। प्रतिरोध को समान रखते हुए, विभवांतर का मान किस प्रकार बदला जाए कि प्रतिरोध से प्रवाहित होने वाली धारा दोगुनी हो जाए? (अन्य सभी प्राचल समान रखें।)

A. V वोल्ट

B. 2V वोल्ट ✓

C. V/4 वोल्ट

D. V/2 वोल्ट

Q20 General Science

यह मानते हुए कि वस्तु का द्रव्यमान स्थिर रहता है, यदि प्रयुक्त बल को चार गुना कर दिया जाए, तो वस्तु के त्वरण में क्या परिवर्तन होगा?

A. त्वरण 4 के गुणक में घट जाएगा।

B. त्वरण 2 के गुणक में बढ़ जाएगा।

C. त्वरण समान रहेगा, लेकिन परिवर्तन की अवधि घट जाएगी।

D. त्वरण 4 के गुणक में बढ़ जाएगा। ✓

Q21 General Science

एक पिंड 2.5 N के एक नियत बल की क्रिया के अंतर्गत, बल की दिशा के विपरीत दिशा में 10 m का विस्थापन करता है। इस बल की क्रिया के अंतर्गत किया गया कार्य कितना होगा?

A. +2.5 J

B. −25 J ✓

C. +25 J

D. −2.5 J

Q22 General Science

निम्नलिखित कॉलमों को उपकरण और उद्देश्य से सुमेलित कीजिए।

कॉलम A	कॉलम B
A. लिटमस पेपर	1. अम्लीय या क्षारीय प्रकृति का पता लगाने के लिए
B. वॉच-ग्लास	2. परीक्षण विलयनों की बूँदें रखने के लिए
C. टेस्ट ट्यूब	3. विलयनों को सुरक्षित रूप से रखने और मिलाने के लिए
D. संकेतक विलयन	4. अम्ल या क्षार की पहचान करने के लिए रंग परिवर्तन दर्शाता है

A. A-4; B-1; C-2; D-3

B. A-2; B-3; C-4; D-1

C. A-1; B-2; C-3; D-4 ✓

D. A-3; B-4; C-1; D-2

Q23 General Science

पौधों में नर और मादा जनन कोशिकाओं के बीच संलयन का तत्काल परिणाम क्या होता है?

A. बीजांड

B. युग्मनज ✓

C. पराग नली

D. बीज आवरण

Q24 General Science

कोलॉइड के गुणधर्मों के संबंध में सही कथन का चयन करें।

A. कोलॉइड एक समांगी मिश्रण है।

B. कोलॉइड विलयन के घटक परिक्षिप्त प्रावस्था नहीं होते हैं।

C. परिक्षेपण माध्यम वह घटक है जिसमें उसकी प्रावस्था निलंबित रहती है। ✓

D. इन्हें निस्यंदन प्रक्रिया द्वारा मिश्रण से पृथक किया जा सकता है।

Q25 General Science

यदि एक कार 5 सेकंड में 100 m चलती है, तो उसका रैखिक वेग कितना है?

A. 25 m/s

B. 10 m/s

C. 20 m/s ✓

D. 15 m/s

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

किसी संवृत तंत्र में, यदि 15 gm पदार्थ A, 10 gm पदार्थ B के साथ अभिक्रिया करता है, तो उत्पादों का कुल द्रव्यमान कितना होना चाहिए?

A. 0 gm
B. 10 gm
C. 25 gm ✓
D. 15 gm

Q2 General Science

मापनीय राशि 'घनत्व' को _____ के SI मात्रक में दर्शाया जा सकता है।

A. ग्राम प्रति मीटर
B. किलोग्राम प्रति घन मीटर ✓
C. किलोग्राम प्रति मीटर
D. किलोग्राम प्रति वर्ग मीटर

Q3 General Science

सक्रियता श्रेणी के मध्य स्थित धातुओं को सामान्यत: कैसे निष्कर्षित किया जाता है?

A. जल में घोलकर
B. केवल तापन द्वारा
C. कार्बन का उपयोग करके अपचयन द्वारा ✓
D. विद्युत अपघटन द्वारा

Q4 General Science

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

A. उच्च तारत्व का अर्थ है उच्च आवृत्ति। ✓
B. उच्च तारत्व का अर्थ है निम्न आवृत्ति।
C. तारत्व का आवृत्ति से कोई संबंध नहीं है।
D. निम्न तारत्व का अर्थ है उच्च आवृत्ति।

Q5 General Science

सोडियम क्लोराइड (NaCl) का सूत्र इकाई द्रव्यमान कितना होता है?

A. 35.5u
B. 23u
C. 58.5u ✓
D. 57u

Q6 General Science

धारावाही सोलेनॉयड (current carrying solenoid) के परित: चुंबकीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. सोलेनॉयड का क्षेत्र रेखा पैटर्न सीधे धारावाही तार के चुंबकीय क्षेत्र रेखा पैटर्न जैसा दिखता है।
B. सोलेनॉयड के कोर में क्षेत्र एक छोर से दूसरे छोर तक घटता है।
C. सोलेनॉयड से जुड़े चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को इसके माध्यम से प्रवाहित धारा की दिशा को व्युत्क्रमित करके बदला जा सकता है। ✓
D. सोलेनॉयड में फेरों की संख्या कम करके सोलेनॉयड से जुड़े क्षेत्र को बढ़ाया जा सकता है।

Q7 General Science

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, त्वरण के सही सूत्र को दर्शाता है?

A. त्वरण = बल × द्रव्यमान
B. त्वरण = वेग में परिवर्तन × समय
C. त्वरण = दूरी / समय
D. त्वरण = वेग में परिवर्तन / लिया गया समय ✓

Q8 General Science

3 kg द्रव्यमान के एक पिंड को 12 m की ऊंचाई तक उत्थापित किया जाता है। दी गई ऊंचाई पर स्थितिज ऊर्जा का मान कितना है?

(g = 10 m/s ^{2} लीजिए)

A. 360.0 J ✓
B. 36.0 J
C. 3.0 J
D. 4.0 J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

HIV संक्रमण में, 'विंडो पीरियड' उस चरण को संदर्भित करता है जिसके दौरान _____।

A. रोगी मर जाता है

B. HIV एंटीबॉडी का पता परीक्षणों में लगाया जा सकता है

C. HIV एंटीबॉडी परीक्षणों में पता नहीं चल पाती हैं ✓

D. लक्षण गंभीर होते हैं

Q10 General Science

अलैंगिक प्रजनन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. विखंडन, अलैंगिक प्रजनन की एक विधि है।

B. इससे ऐसी संतति उत्पन्न होती हैं, जो आनुवंशिक रूप से जनक के समान क्लोन होती हैं।

C. इसमें केवल एक जनक शामिल होता है।

D. इसमें नर और मादा युग्मकों का संलयन शामिल होता है। ✓

Q11 General Science

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: उदासीनीकरण अभिक्रिया तब होती है जब अम्ल, क्षार के साथ अभिक्रिया करता है।
कथन B: उदासीनीकरण के दौरान जल और लवण बनते हैं।

A. कथन A और B दोनों सही हैं। ✓

B. कथन A गलत है लेकिन B सही है।

C. कथन A सही है लेकिन B गलत है।

D. कथन A और B दोनों गलत हैं।

Q12 General Science

कोशिका में केन्द्रक झिल्ली का क्या कार्य है?

A. यह केंद्रक और कोशिकाद्रव्य के बीच पदार्थ के स्थानांतरण को नियंत्रित करता है। ✓

B. यह समसूत्रण के दौरान केंद्रक विभाजन के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।

C. यह गुणसूत्रीय गतिविधियों के लिए पाचक एंजाइमों का भंडारण करता है।

D. यह केंद्रक में गैसों और जल के अणुओं के प्रवेश को रोकता है।

Q13 General Science

प्रतिरोध बढ़ाने और धारा को सीमित करने के लिए, परिपथ में किस घटक का उपयोग किया जाता है?

A. बैटरी

B. प्रतिरोधक ✓

C. स्विच

D. लैंप

Q14 General Science

साबुन की निर्मलन क्रिया उसके किस गुण के कारण होती है?

A. उच्च गलनांक

B. प्रबल क्षार होना

C. मिसेल बनाने की क्षमता ✓

D. प्रबल अम्ल होना

Q15 General Science

सिरका निम्नलिखित में से किसका 5-8% विलयन है?

A. जल में फॉर्मिक अम्ल

B. जल में कैल्शियम कार्बोनेट

C. जल में एसिटिक अम्ल ✓

D. जल में सोडियम हाइड्रॉक्साइड

Q16 General Science

एक कार का ओडोमीटर यात्रा की शुरुआत में 3000 km और अंत में 3200 km दिखाता है। यदि यात्रा में 4 घंटे लगते हैं, तो कार की औसत चाल कितनी है?

A. 50 km/hr ✓

B. 75 km/hr

C. 100 km/hr

D. 25 km/hr

Q17 General Science

जंतुओं में, डरावनी स्थिति (scary situation) के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा हार्मोन स्रावित होता है?

A. इंसुलिन (Insulin)

B. वृद्धि हार्मोन (Growth hormone)

C. थायरॉक्सिन (Thyroxin)

D. एड्रिनलीन (Adrenaline) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

सफल मधुमक्खी पालन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख शर्त है?

A. पीड़कनाशियों का उपयोग

B. परागण करने वाले कीटों की उपस्थिति

C. गेहूं और चावल उगाना

D. वर्ष भर पुष्पीय पौधों की उपलब्धता ✓

Q19 General Science

कोशिका में लाइसोसोम का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. कोशिका झिल्लियों के लिए प्रोटीन और लिपिड का संश्लेषण

B. कोशिकाद्रव्य में जल और खनिज संतुलन का नियमन

C. ATP अणुओं के रूप में ऊर्जा का उत्पादन

D. बाहरी पदार्थों और घिसे हुए कोशिकांगों का पाचन ✓

Q20 General Science

मृदूतक (पैरेन्काइमा) कोशिकाओं में _____ के लिए बड़े अंतरकोशिकीय स्पेस होते हैं।

A. संरक्षण और वाष्पोत्सर्जन

B. प्रकाश संश्लेषण और सपोर्ट

C. चालन और स्राव

D. गैस विनिमय और भंडारण ✓

Q21 General Science

यदि किसी वस्तु को उत्तल लेंस से 'u' दूरी पर रखा जाए, तो 'u' _____।

A. प्रतिबिंब के प्रकार पर निर्भर करता है

B. शून्य माना जाता है

C. ऋणात्मक माना जाता है ✓

D. धनात्मक माना जाता है

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, गुरुत्वाकर्षण के नियम द्वारा स्पष्ट **नहीं** किया गया है?

A. दो आवेशित पिंडों के बीच स्थिरवैद्युत आकर्षण ✓

B. वर्षा की बूंदों का धरती पर गिरना

C. महासागरों में ज्वार-भाटा

D. पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमण करने वाले कृत्रिम उपग्रह

Q23 General Science

जरा दूरदर्शिता (Presbyopia) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. इसे केवल अवतल लेंस द्वारा ठीक किया जाता है।

B. यह पक्ष्माभिकी पेशियों के कमजोर होने तथा लेंस के लचीलेपन में कमी के कारण होता है। ✓

C. निकट बिंदु 25 cm से कम हो जाता है।

D. यह सामान्यत: छोटे बच्चों में होता है।

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एककोशिकीय जीवों में द्वि-खंडन और बहु-खंडन के बीच सही अंतर करता है?

A. द्वि-खंडन से दो संतति कोशिकाओं का निर्माण होता हैं, जबकि बहु खंडन से एक साथ कई संतति कोशिकाओं का निर्माण होता है। ✓

B. द्वि-खंडन के लिए बीजाणुओं की आवश्यकता होती है, लेकिन बहु खंडन के लिए बीजाणुओं की आवश्यकता नहीं होती है।

C. द्वि-खंडन केवल बहुकोशिकीय जीवों में होता है, जबकि बहु खंडन एककोशिकीय जीवों में होता है।

D. द्वि-खंडन के परिणामस्वरूप कई संतति कोशिकाएं बनती हैं, जबकि बहु खंडन से केवल दो संतति कोशिकाएं बनती हैं।

Q25 General Science

$^{12}_{6}C$ और $^{14}_{6}C$ में प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः कितनी है?

A. 8 और 6

B. 7 और 7

C. 6 और 6 ✓

D. 6 और 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प मिश्रणों के लिए सही है किंतु यौगिकों के लिए **नहीं**?

A. घटक निश्चित अनुपात में उपस्थित होते हैं।

B. नए पदार्थ बनते हैं।

C. घटकों को भौतिक विधियों द्वारा पृथक किया जा सकता है। ✓

D. घटक अपने व्यष्टिगत गुण खो देते हैं।

Q2 General Science

यदि दो वस्तुओं का द्रव्यमान दोगुना कर दिया जाए तो उनके बीच गुरुत्वाकर्षण बल पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. बल चौगुना हो जाता है

B. बल दोगुना हो जाता है।

C. बल आधा हो जाता है

D. बल चार गुना बढ़ जाता है ✓

Q3 General Science

जब एथेनॉल वायु में पूर्ण रूप से जलता है तो उससे बनने वाले मुख्य उत्पाद क्या हैं?

A. एथेन और जल (Ethane and water)

B. कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन (Carbon monoxide and hydrogen)

C. ऑक्सीजन और मेथेन (Oxygen and methane)

D. कार्बन डाइऑक्साइड और जल (Carbon dioxide water) ✓

Q4 General Science

ऊर्जा रूपों का कौन-सा युग्म किसी वस्तु की कुल यांत्रिक ऊर्जा का गठन करता है?

A. ऊष्मा ऊर्जा और रासायनिक ऊर्जा

B. स्थितिज ऊर्जा और गतिज ऊर्जा ✓

C. विद्युत ऊर्जा और प्रकाश ऊर्जा

D. नाभिकीय ऊर्जा और ध्वनि ऊर्जा

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी घटना, रजोधर्म (menstruation) की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से ट्रिगर करती है?

A. अंडे का निषेचन

B. योनि में शुक्राणु का मोचन

C. अंडे का अनिषेचन और हार्मोन परिवर्तन ✓

D. अंडे का परिपक्वन

Q6 General Science

वाष्पन के दौरान, जब अणुओं की औसत गतिज ऊर्जा घटती है, तो तापमान पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. यह बढ़ता है।

B. यह घटता है। ✓

C. यह समान रहता है।

D. तापमान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

Q7 General Science

न्यूटन के गति के दूसरे नियम के अनुसार, बल F = ma के संबंध द्वारा दिया जाता है। यदि किसी पिंड का वेग t समय में u (प्रारंभिक वेग) से v (अंतिम वेग) में बदल जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक पिंड पर लगने वाले बल को सही ढंग से दर्शाता है?

A. F=m(v-u)/t ✓

B. F=m(u-v)/t

C. F=mt/(v-u)

D. F=t(v-u)/m

Q8 General Science

निम्नलिखित में से क्या ऋजु श्रृंखला हाइड्रोकार्बन को निरूपित करता है?

A. बेंजीन

B. आइसोब्यूटेन

C. ब्युटेन ✓

D. साइक्लोपेंटेन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

एक व्यक्ति वाहन के नियमित अनुरक्षण की उपेक्षा करता है। ऐसे निम्नलिखित में से क्या होने की संभावना सर्वाधिक है?

A. प्रदूषण में कमी

B. टायरों की बेहतर ग्रिप और कम प्रदूषण

C. ईंधन दक्षता में वृद्धि

D. इंजन का खराब प्रदर्शन ✓

Q10 General Science

किस प्रकार का संयोजी ऊतक, पेशियों को अस्थियों से जोड़ता है?

A. कंडरा (Tendon) ✓

B. संधि (Joints)

C. रूधिर (Blood)

D. स्नायु (Ligament)

Q11 General Science

एक पराश्रव्य तरंग की आवृत्ति 33 kHz है। यदि इस तरंग की चाल 330 m/s है, तो इसकी तरंगदैर्ध्य क्या होगी?

A. 0.1 m

B. 10 m

C. 100 m

D. 0.01 m ✓

Q12 General Science

जब किसी वस्तु को उत्तल लेंस के मुख्य फोकस पर रखा जाता है, तो प्रतिबिंब कहां बनता है?

A. 2F पर, उल्टा और आवर्धित।

B. अनंत पर, वास्तविक, उल्टा और अत्यधिक आवर्धित। ✓

C. फोकस पर, उल्टा और समान आकार का।

D. F और O के बीच, आभासी और सीधा।

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'टच मी नॉट (Touch me not)' पौधे में संचलन के बारे में सत्य है?

A. पौधों में संचलन नई जाइलम कोशिकाओं की वृद्धि के कारण होता है।

B. पौधों में संचलन कोशिकाओं में जल की मात्रा में परिवर्तन के कारण होती है। ✓

C. पौधों में संचलन इसलिए होता है क्योंकि फ्लोएम भोजन का परिवहन करता है।

D. पौधों में संचलन इसलिए होता है क्योंकि जड़ें खनिजों को अवशोषित करती हैं।

Q14 General Science

मानव पाचन में पित्त का मुख्य कार्य क्या है?

A. आमाशय में प्रोटीन को पूरी तरह से पचाना

B. भोजन को क्षारीय बनाना और बड़ी वसा की गोलियों को तोड़ना ✓

C. आसानी से निगलने के लिए भोजन को लार के साथ मिलाना

D. यकृत में ग्लूकोज को ग्लाइकोजन में परिवर्तित करना

Q15 General Science

प्रतिरोधकों के समान्तर संयोजन में, निम्नलिखित में से कौन सी राशि सभी प्रतिरोधकों में समान रहती है?

A. खपत की गई बिजली (P)

B. तुल्य प्रतिरोध (Req)

C. संभावित अंतर (V) ✓

D. विद्युत धारा (I)

Q16 General Science

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनिए।

कथन A: गन्ने के रस को किण्वित करके अल्कोहल (एथेनॉल) बनाया जा सकता है।
कथन B: पेट्रोल में अल्कोहल मिलाया जाता है क्योंकि यह एक स्वच्छ ईंधन है।

A. कथन A सही है, लेकिन B गलत है।

B. कथन A और B दोनों गलत हैं।

C. कथन A और B दोनों सही हैं। ✓

D. कथन A गलत है, लेकिन B सही है।

Q17 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा ठोसों का सही गुणधर्म है?

A. ठोसों में प्रबल अंतराआणविक बल होते हैं। ✓

B. ठोस आसानी से विसरित हो जाते हैं।

C. ठोस अत्यधिक संपीड्य होते हैं।

D. ठोसों का कोई निश्चित आकार नहीं होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

कॉपर-T लगवाने वाली एक महिला को उदरीय वेदना (abdominal pain) और बेचैनी की शिकायत है। इसका संभावित कारण क्या है?

A. टिकियों (tablets) के कारण हार्मोनल असंतुलन

B. डिंबवाहिनी नली में अवरोध

C. IUD के कारण गर्भाशयी क्षोभ ✓

D. आमाशय में संक्रमण

Q19 General Science

गतिमान बस में एक यात्री बस के अचानक रुकने पर आगे की ओर गिर जाता है। ऐसा निम्नलिखित में से किसके कारण होता है?

A. यात्री की गति का जड़त्व ✓

B. बस द्वारा अनुप्रयुक्त बल

C. सीट और यात्री के बीच घर्षण

D. गुरुत्व

Q20 General Science

पादपों में बीज परिक्षेपण (Seed dispersal) का क्या लाभ है?

A. यह पादपों को अधिक जल उपलब्ध कराता है।

B. यह पादपों को खनिज पोषक तत्वों की उपलब्धता प्रदान करता है।

C. यह पादपों के बीच सूर्य के प्रकाश के लिए प्रतिस्पर्धा में वृद्धि करता है।

D. यह पादपों को अपना वितरण बढ़ाने की सुविधा देता है। ✓

Q21 General Science

5 Ω, 15 Ω, 20 Ω और 40 Ω के चार प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं। तुल्य प्रतिरोध _____ है।

A. 80 Ω ✓

B. 20 Ω

C. 3 Ω

D. 0.5 Ω

Q22 General Science

लोहे जैसी मध्यम अभिक्रियाशील धातुओं को उनके अयस्कों से निष्कर्षित करने के लिए सामान्यत: किस विधि का उपयोग किया जाता है?

A. धातु अयस्क को वायु की उपस्थिति में सीधे और प्रबलता से गर्म करना

B. कार्बन आधारित अपचायकों का उपयोग करके अयस्क का रासायनिक अपचयन ✓

C. अयस्क पदार्थ का सांद्र अम्लों में घुलना और प्रगलित होना

D. धातु ऑक्साइड अयस्कों के प्रगलित रूप पर विद्युत अपघटन किया जाता है

Q23 General Science

अवतल लेंस की फोकस दूरी के लिए चिह्न परिपाटी _____ ।

A. ऋणात्मक होती है ✓

B. वस्तु की स्थिति पर निर्भर करती है

C. धनात्मक होती है

D. शून्य होती है

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, सरल स्थायी ऊतक पैरेन्काइमा का सही वर्णन करता है?

A. पैरेनकाइमा मृत, मोटी भित्ति वाली कोशिकाओं से बना होता है जिनमें अंतरकोशिकीय स्थान नहीं होता।

B. पैरेन्काइमा एक जटिल ऊतक है जो केवल संवहनी बंडलों में पाया जाता है।

C. पैरेन्काइमा कोशिकाएं अत्यधिक विशिष्ट होती हैं तथा एक दूसरे से कसकर भरी होती हैं तथा उनके बीच कोई स्थान नहीं होता।

D. पैरेनकाइमा जीवित, शिथिल रूप से व्यवस्थित कोशिकाओं से बना होता है, जिनकी भित्तियां पतली होती हैं और जो भोजन का भंडारण करती हैं। ✓

Q25 General Science

जलीय सोडियम सल्फेट और जलीय बेरियम क्लोराइड की अभिक्रिया में, कौन सा यौगिक सफेद अवक्षेप बनाता है?

A. $BaCl_2$

B. $BaSO_4$ ✓

C. Na_2SO_4

D. $NaCl$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

ओम के नियम का पालन करने वाले एक धातु के तार में, यदि प्रतिरोध स्थिर रहता है, तो इसके टर्मिनलों के बीच विभवांतर को उसके पूर्व मान के आधे तक कम करने से इसके माध्यम से प्रवाहित धारा में क्या परिवर्तन होगा?

- A. धारा अपने पूर्व मान की आधी रह जाएगी। ✓
- B. धारा अपने पूर्व मान की एक-चौथाई रह जाएगी।
- C. धारा दोगुनी हो जाएगी।
- D. धारा स्थिर रहेगी।

Q2 General Science

न्यूटन का गति का तीसरा नियम, _____ से संबंधित है।

- A. किसी एकल वस्तु द्वारा गति में परिवर्तन का विरोध करने की प्रकृति
- B. सदैव युग्मों में होने वाले बलों की प्रकृति ✓
- C. गिरती हुई वस्तु पर लगने वाले गुरुत्वाकर्षण बल की प्रकृति
- D. द्रव्यमान और त्वरण के बीच संबंध की प्रकृति

Q3 General Science

निम्नलिखित पादपों में से किस पादप में उसके फलों के फटने से बीज परिक्षिप्त होता है?

- A. ज़ैंथियम (Xanthium)
- B. सूरजमुखी (Sunflower)
- C. यूरेना (Urena)
- D. अंरडी (Castor) ✓

Q4 General Science

कौन-सा कथन वाष्पीकरण की प्रक्रिया को सही ढंग से परिभाषित करता है?

- A. तेजी से गर्म करने पर यह ठोस को सीधे वाष्प में परिवर्तित कर देता है।
- B. गैसीय रूप में परिवर्तित होने से पूर्व द्रव का जमना इसके लिए आवश्यक है।
- C. यह केवल द्रव के क्वथनांक पर ही होता है।
- D. यह क्वथनांक से नीचे पृष्ठ से द्रव को गैस में परिवर्तित कर देता है। ✓

Q5 General Science

1831 में किसने पहली बार केन्द्रक (nucleus) को कोशिका अंगक के रूप में वर्णित किया था?

- A. एंटोन वैन लीउवेनहॉक (Anton van Leeuwenhoek)
- B. रॉबर्ट ब्राउन (Robert Brown) ✓
- C. रॉबर्ट हुक (Robert Hooke)
- D. रुडोल्फ विरचो (Rudolf Virchow)

Q6 General Science

आकाश का नीला रंग किसके कारण दिखाई देता है?

- A. वायु के अणुओं द्वारा सूर्य के प्रकाश की छोटी तरंगदैर्ध्य का प्रकीर्णन ✓
- B. वायु के अणुओं द्वारा नीले प्रकाश का अवशोषण
- C. वायु के अणुओं द्वारा प्रकाश का परावर्तन
- D. वायु के अणुओं द्वारा प्रकाश का अपवर्तन

Q7 General Science

त्वरण का चिन्ह वेग के सापेक्ष उसकी दिशा पर निर्भर करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- A. यदि त्वरण वेग की दिशा के विपरीत हो तो वह धनात्मक होता है।
- B. यदि त्वरण वेग की दिशा में हो तो वह ऋणात्मक होता है।
- C. त्वरण धनात्मक होता है यदि वह वेग की दिशा में हो, और ऋणात्मक होता है यदि वह विपरीत दिशा में हो। ✓
- D. त्वरण हमेशा धनात्मक होता है, चाहे दिशा कोई भी हो।

Q8 General Science

सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड के बीच की अभिक्रिया, द्वि-विस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण है। यह _____ का भी एक उदाहरण है।

- A. अपघटन अभिक्रिया
- B. विस्थापन अभिक्रिया
- C. अवक्षेपण अभिक्रिया ✓
- D. संयोजन अभिक्रिया

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

पुनर्जनन (regeneration) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

A. स्पाइरोगाइरा जैसे सरल बहुकोशिकीय जीवों में खंडन होता है।

B. कुत्ते खोए हुए शरीर के अंगों को पुनः विकसित कर सकते हैं और पूरी तरह से नए जीव का निर्माण कर सकते हैं। ✓

C. जटिल जंतुओं में, पुनर्जनन ऊतकों की मरम्मत तक सीमित होता है, न कि संपूर्ण जीव के निर्माण तक।

D. पुनर्जनन में विशिष्ट कोशिकाओं का उपयोग होता है और कोशिका विभाजन की आवश्यकता होती है।

Q10 General Science

मनुष्य में बच्चे का लिंग (sex) निर्धारण किससे होता है?

A. पिता का शुक्राणु ✓

B. माइटोकॉन्ड्रियल DNA

C. ऑटोसोम की संख्या

D. माता का अंडाणु

Q11 General Science

सक्रियता श्रेणी के अनुसार, निम्नलिखित धातुओं में से कौन-सी धातु सर्वाधिक अभिक्रियाशील है?

A. पोटैशियम ✓

B. तांबा

C. लोहा

D. जिंक

Q12 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, तंत्रिका ऊतक के कार्य का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

A. यह वसा ग्लोब्यूल्स के रूप में ऊर्जा संग्रहित करता है।

B. यह शरीरिक ढाँचे को दृढ़ता और मजबूती प्रदान करता है।

C. यह शरीर के एक अंग से दूसरे अंग तक सूचना का त्वरित संचारण करता है। ✓

D. यह आंतरिक अंगों को यांत्रिक क्षति से बचाता है।

Q13 General Science

मानव रक्त में प्लाज्मा का क्या कार्य होता है?

A. यह भोजन, कार्बन डाइऑक्साइड और अपशिष्ट पदार्थों का परिवहन करता है। ✓

B. यह फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के सभी भागों तक पहुंचाता है।

C. यह चोट लगने पर रक्त का थक्का जमाने में मदद करता है।

D. यह ऊतकों को ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति बनाए रखता है।

Q14 General Science

लोहे में जंग लगने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी स्थिति आवश्यक है?

A. केवल हवा

B. केवल शुष्क हवा

C. हवा और पानी दोनों ✓

D. केवल पानी

Q15 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा धातुओं का भौतिक गुणधर्म है?

A. मृदु होती है और हल्के बल से टूट जाती हैं

B. अत्यधिक तन्य और आघातवर्धनीय होती हैं ✓

C. कक्ष तापमान पर गैस उत्पन्न करती हैं

D. ऊष्मा की कुचालक और भंगुर होती हैं

Q16 General Science

सूत्र इकाई द्रव्यमान _____ होता है।

A. किसी यौगिक के सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के परमाणु क्रमांक का योगफल

B. किसी यौगिक के सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के इलेक्ट्रॉनों की संख्या का योगफल

निम्नलिखित में से कौन-सी एक संयोजन अभिक्रिया है?

- A. $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$ ✓
- B. $2KClO_3 \rightarrow 2KCl + 3O_2$
- C. $Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$
- D. $AgNO_3 + NaCl \rightarrow AgCl + NaNO_3$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 General Science

निम्नलिखित को मनुष्यों में निषेचन के बाद विकास के सही अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए।

भ्रूण (Embryo), युग्मनज (Zygote) और गर्भ (Foetus)

A. गर्भ – भ्रूण – युग्मनज
B. भ्रूण – गर्भ – युग्मनज
C. युग्मनज – गर्भ – भ्रूण
D. युग्मनज – भ्रूण – गर्भ ✓

Q2 General Science

पर्यावरण में ऑक्सीजन की उपलब्धता में कमी सबसे पहले जंतु कोशिकाओं में वायु श्वसन के किस चरण को प्रभावित कर सकती है?

A. ग्लाइकोलिसिस (Glycolysis)
B. इलेक्ट्रॉन अभिगमन श्रृंखला (Electron transport chain) ✓
C. क्रेब चक्र (Krebs cycle)
D. लैक्टिक अम्ल किण्वन (Lactic acid fermentation)

Q3 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी राशि किसी पिंड पर लगने वाले उत्प्लावक बल का परिमाण निर्धारित करती है?

A. तरल का घनत्व और विस्थापित आयतन ✓
B. पिंड का पृष्ठीय क्षेत्रफल
C. तरल का तापमान
D. पिंड का भार

Q4 General Science

संहति संरक्षण के नियम में बताया गया है कि _____।

A. किसी भी अभिक्रिया के दौरान द्रव्यमान सदैव घटता है
B. रासायनिक अभिक्रिया में द्रव्यमान को न तो उत्पन्न किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है ✓
C. अभिक्रियाओं के दौरान पदार्थ नष्ट हो सकता है
D. अभिक्रियाओं में पदार्थ का निर्माण किया जा सकता है

Q5 General Science

एक लड़की ने खड़ी चट्टान (cliff) के समीप ताली बजाई और उसे 8 सेकंड बाद अपनी प्रतिध्वनि सुनाई दी। यदि ध्वनि की चाल 320 m s^{-1} ली जाए, तो लड़की से खड़ी चट्टान की दूरी कितनी है?

A. 80 m
B. 320 m
C. 640 m
D. 1280 m ✓

Q6 General Science

लौह संक्षारण को सामान्यतः जंग लगना कहा जाता है, और इसके लिए _____ की आवश्यकता होती है।

A. नमी और उच्च अम्लता
B. लोहा और अत्यधिक निम्न (cold) ताप
C. जल और वायुमंडलीय ऑक्सीजन ✓
D. लवण और प्रबल अम्ल की उपस्थिति

Q7 General Science

किसी विलयन में H^+ आयनों की सांद्रता मुख्यतः उसके _____ को निर्धारित करती है।

A. जलीय अवस्था में अम्लता की डिग्री ✓
B. गैस संपीड्यता गुणक के स्तर
C. ठोस क्रिस्टल निर्माण की दर
D. धात्विक आबंध की सीमा

Q8 General Science

यौगिक एक ऐसा पदार्थ है जिसमें तत्व _____ ।

A. रासायनिक रूप से निश्चित समानुपात में संयोजित होते हैं ✓
B. किसी भी अनुपात में भौतिक रूप से मिश्रित होते हैं
C. अस्थायी रूप से मिश्रित होते हैं
D. आसानी से पृथक किए जा सकते हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से किस लवण का जल में घुलने पर pH मान 7 के निकट होगा?

A. Na_2CO_3

B. CH_3COONa

C. NaCl ✓

D. NH_4Cl

Q10 General Science

अवतल लेंस द्वारा सदैव किस प्रकार का प्रतिबिंब बनता है, चाहे वस्तु कहीं भी रखी हो?

A. आभासी, उल्टा और बड़ा

B. वास्तविक, सीधा और समान आकार का

C. वास्तविक, उल्टा और बड़ा

D. आभासी, सीधा और छोटा ✓

Q11 General Science

निम्नलिखित में से किस परिपथ अवयव को किसी संवृत परिपथ में प्रवाहित होने वाली धारा की मात्रा को परिवर्तित करने के लिए उपयोग किया जाता है?

A. धारा नियंत्रक (Rheostat) ✓

B. ऐमीटर (Ammeter)

C. वोल्टमीटर (Voltmeter)

D. प्लग कुंजी (Plug key)

Q12 General Science

यदि किसी वस्तु का दूरी-समय ग्राफ, समय अक्ष के समांतर एक सरल रेखा है, तो वस्तु की चाल क्या है?

A. शून्य ✓

B. एकसमान

C. वर्धमान

D. शून्येतर नियत

Q13 General Science

वैद्युतअपघटनी परिष्करण में, अशुद्ध धातु का उपयोग _____ के रूप में किया जाता है।

A. वैद्युतअपघट्य (electrolyte)

B. एनोड (anode) ✓

C. कैथोड (cathode)

D. पृथकित्र (separator)

Q14 General Science

आग या रेडिएटर के ऊपर उठती गर्म वायु की विक्षुब्ध धारा के माध्यम से देखी गई वस्तुओं का यादृच्छिक रूप से हिलना या झिलमिलाना (wavering or flickering) _____ का प्रभाव है।

A. टिंडल प्रभाव

B. प्रकाश के विवर्तन

C. छोटे पैमाने पर वायुमंडलीय अपवर्तन ✓

D. ऊष्मा विकिरण के कारण दृश्य विरूपण

Q15 General Science

औसत चाल की SI इकाई ..... है।

A. cm/s

B. m/s ✓

C. m/s2

D. km/hr

Q16 General Science

एक ही जनक (parents) के दो बच्चे एक दूसरे के समरूप होते हैं परंतु बिल्कुल एक जैसे नहीं होते क्योंकि _____।

A. उनके माता-पिता अति निम्न आनुवंशिक भिन्नता दर्शाते हैं।

B. उनमें से प्रत्येक को सभी आनुवंशिक लक्षण केवल एक ही जनक से प्राप्त होते हैं।

C. वे अपने माता-पिता में विद्यमान आनुवंशिक भिन्नता के विभिन्न संयोजन दर्शाते हैं। ✓

D. उनमें से प्रत्येक अपने DNA प्रतिलिपिकरण प्रक्रिया में भिन्नता दर्शाता है।

Q17 General Science

स्थानीय और विदेशी मवेशी नस्लों के संकरण का क्या लाभ है?

A. सघन ऊन उत्पादन

B. तीव्र प्रजनन दर

C. पर्यावरण के प्रति निम्न अनुकूलन क्षमता

D. मांस और दूध का अधिक उत्पादन ✓

Q18 General Science

यदि एक सीधे चालक में प्रवाहित धारा को दोगुना कर दिया जाए, तो उससे दी गई दूरी पर चुंबकीय क्षेत्र _____।

A. दोगुना हो जाता है ✓

B. शून्य हो जाता है

C. पूर्ववत रहता है

D. आधा हो जाता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 General Science

किसी निकाय की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा (ΔPE_g) में परिवर्तन, गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा किए गए कार्य (W_g) से किस प्रकार संबंधित है?

A. $W_g = 0$

B. $W_g = \Delta PE_g$

C. दोनों असंबंधित हैं

D. $W_g = -\Delta PE_g$ ✓

Q20 General Science

कई एककोशिकीय जीवों में चयापचयी-अपशिष्ट (metabolic waste) के निष्कासन का तरीका क्या है?

A. किडनी से फिल्ट्रेशन के द्वारा

B. एक सरल विसरण प्रक्रम के द्वारा ✓

C. विशिष्ट अंगों के उपयोग के द्वारा

D. परासरण (osmosis) के द्वारा

Q21 General Science

कौन-सा कथन, यौगिक जल के स्थिर अनुपात के नियम का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. यौगिकों के गुणधर्म, तत्वों के गुणधर्मों के समान होते हैं

B. एक रासायनिक यौगिक में सदैव वही तत्व होते हैं जो द्रव्यमान के एक निश्चित अनुपात में संयुक्त रहते हैं ✓

C. किसी अभिक्रिया में उत्पादों का कुल द्रव्यमान सदैव अभिक्रियकों के कुल द्रव्यमान से अधिक होता है

D. तत्व किसी भी अनुपात में मिलकर यौगिक बनाते हैं

Q22 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा एक खरपतवार है?

A. ओराइजा सैटाइवा (Oryza sativa)

B. साइपरस रोटंडस (Cyperus rotundus) ✓

C. पाइसम सेटाइवम (Pisum sativum)

D. विग्ना अंगुइकुलेटा (Vigna unguiculata)

Q23 General Science

कॉपर, वायु में नम कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करता है तो धीरे-धीरे अपनी चमकदार भूरी सतह खो देता है और क्षारकीय कॉपर कार्बोनेट की _____ रंग की कोटिंग प्राप्त करता है।

A. हरी ✓

B. सफेद

C. काले

D. रक्ताभ भूरे

Q24 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प बहुकोशिकीय जीवों में देखे जाने वाले श्रम विभाजन का सर्वोत्तम रूप में व्याख्या करता है?

A. बहुकोशिकीय जीवों में केवल एक ही प्रकार की कोशिका होती है

B. शरीर का प्रत्येक अंग एकल कोशिका से बना होता है

C. एक जीव में सभी कोशिकाएँ एक ही कार्य करती हैं

D. विभिन्न कोशिकाओं के विशिष्ट कार्य होते हैं ✓

Q25 General Science

हार्मोनल और शल्य-चिकित्सा दोनों विधियों से बचने की इच्छा रखने वाले दंपति के लिए कौन-सी गर्भनिरोधक विधि सबसे उपयुक्त है?

A. कंडोम जैसे अवरोधक विधियों का उपयोग ✓

B. मुख से ली जाने वाली पिल्स

C. प्राकृतिक विधियाँ (आवधिक संयम)

D. कॉपर-टी लगाना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

जल में स्याही की एक बूंद डालकर यदि उसे बिना हिलाए छोड़ दिया जाए, तो स्याही धीरे-धीरे पूरे जल में प्रसरित हो जाती है। यह प्रेक्षण द्रव्य के किस गुणधर्म को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है?

A. कणों के बीच आकर्षण
B. कणों के सतत संचलन ✓
C. कणों के बीच के स्थान
D. कणों की स्थिर स्थिति

Q2 General Science

कौन-सा कथन संयोजन अभिक्रिया को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

A. दो यौगिक आयनों का आदान-प्रदान करके नए यौगिकों का निर्माण करते हैं।
B. दो अभिकारक सरल उत्पादों में विघटित हो जाते हैं।
C. दो या दो से अधिक अभिकारक संयोजित होकर एकल उत्पाद का निर्माण करते हैं। ✓
D. एक तत्व अपने यौगिक से दूसरे तत्व को विस्थापित करता है।

Q3 General Science

कोलॉइडी विलयन क्या है?

A. सूक्ष्म कणों वाला विषमांगी मिश्रण ✓
B. वह मिश्रण जिसमें कण पूरी तरह विलीन होकर बैठ जाते हैं
C. बड़े कणों वाला एकसमान मिश्रण
D. केवल गैसों वाला पारदर्शी मिश्रण

Q4 General Science

विद्युत धारा का तापीय प्रभाव निम्नलिखित में से किसमें सबसे कम होता है?

A. टंगस्टन
B. तांबा ✓
C. लौह
D. नाइक्रोम

Q5 General Science

थर्माइट अभिक्रिया में ऐलुमिनियम के साथ प्रयुक्त होने वाला विशिष्ट ऑक्साइड कौन-सा है?

A. आयरन (III) ऑक्साइड ✓
B. मैग्नीशियम ऑक्साइड
C. कॉपर ऑक्साइड
D. जिंक ऑक्साइड

Q6 General Science

निम्नलिखित में से पाइराइट किस प्रकार का अयस्क है?

A. नाइट्रेट
B. सल्फाइड ✓
C. ऑक्साइड
D. हैलाइड

Q7 General Science

किसी अवतल दर्पण के ध्रुव और फोकस के बीच की दूरी 30 cm है। इस दर्पण के ध्रुव से 40 cm दूर स्थित स्क्रीन पर एक वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब बनता है। बिंब की दूरी कितनी होगी?

A. - 120 cm ✓
B. - 120/7 cm
C. + 120/7 cm
D. + 120 cm

Q8 General Science

घरेलू बिजली आपूर्ति में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन तारों के रंग कोड का सही वर्णन करता है?

A. लाइव तार लाल होता है, न्यूट्रल तार काला होता है, और अर्थ तार हरा होता है। ✓
B. लाइव तार नीला होता है, न्यूट्रल तार हरा होता है, और अर्थ तार लाल होता है।
C. लाइव तार काला होता है, न्यूट्रल तार हरा होता है, और अर्थ तार नीला होता है।
D. लाइव तार हरा होता है, न्यूट्रल तार लाल होता है, और अर्थ तार काला होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, पुनर्जनन की घटना दर्शाता है?

A. मधुमक्खी

B. मच्छर

C. घरेलू मक्खी

D. प्लैनेरिया ✓

Q10 General Science

यदि एक कार का वेग 4 सेकंड में 20 m/s से बढ़कर 40 m/s हो जाता है, तो कार का त्वरण _____ होगा।

A. 10 m/s^2

B. 5 m/s

C. 5 m/s^2 ✓

D. 10 m/s

Q11 General Science

अनुदैर्ध्य तरंग में, कण की गति _____ होती है।

A. यादृच्छिक

B. तरंग गति के लंबवत

C. तरंग दिशा के समानांतर ✓

D. वृत्तीय

Q12 General Science

बेकिंग सोडा को गर्म करने पर कौन-सी गैस मुक्त होती है?

A. N_2

B. H_2

C. O_2

D. CO_2 ✓

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, योगज अभिक्रिया (addition reaction) का एक उदाहरण है?

A. ऐल्कोहॉल का निर्जलन

B. एथीन (ethene) का हाइड्रोजनन ✓

C. मेथेन (methane) का क्लोरीनन

D. ऐसीटिक अम्ल का जल अपघटन

Q14 General Science

एक रेस कार विरामावस्था से शुरू होकर एकसमान रूप से त्वरित होती है। यदि कार अपनी गति के 5वें सेकंड में 22.5 m की दूरी तय करती है, तो 10 सेकंड में तय की गई कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

A. 250 m ✓

B. 375 m

C. 450 m

D. 300 m

Q15 General Science

पौधे के विकासशील भागों को नम्य आधार (flexible support) _____ द्वारा प्रदान किया जाता है।

A. हरित ऊतक (Chlorenchyma)

B. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma) ✓

C. जाइलम (Xylem)

D. फ्लोएम (Phloem)

Q16 General Science

रिक्त स्थानों की पूर्ति अंगों के सही अनुक्रम से कीजिए।

मूत्र का निर्माण _____ में होता है → _____ से होकर गुजरता है → _____ में संग्रहित होता है → और अंत में _____ के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाता है।

A. वृक्क → मूत्रवाहिनी → मूत्राशय → मूत्रमार्ग ✓

B. मूत्राशय → वृक्क → मूत्रवाहिनी → मूत्रमार्ग

C. मूत्रमार्ग → मूत्राशय → मूत्रवाहिनी → वृक्क

D. मूत्रवाहिनी → वृक्क → मूत्रमार्ग → मूत्राशय

Q17 General Science

द्रव्य (matter) की किस अवस्था में कणों के बीच का स्थान अधिकतम होता है?

A. द्रव

B. सभी में समान स्थान होता है

C. गैस ✓

D. ठोस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

विज्ञान के अनुसार कार्य होने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त पूरी की जानी चाहिए?

- **A.** बल किसी वस्तु पर कार्यरत होना चाहिए, और वस्तु का विस्थापन होना चाहिए ✓
- **B.** केवल बल आरोपित किया जाना चाहिए, भले ही वस्तु गतिमान न हो
- **C.** केवल वस्तु गतिमान होनी चाहिए, भले ही कोई बल आरोपित न हो
- **D.** वस्तु विराम में होनी चाहिए, और बल आरोपित किया जाना चाहिए

Q19 General Science

कल्पना कीजिए कि कोई देश वैश्विक समझौते के बावजूद CFC का उपयोग जारी रखता है। उस देश और विश्व के लिए इसके क्या परिणाम हो सकते हैं?

- **A.** वर्षा में वृद्धि
- **B.** पर्यावरणीय क्षति और वैश्विक आलोचना ✓
- **C.** कोई प्रभाव नहीं, क्योंकि अन्य देशों ने CFC का उपयोग बंद कर दिया है
- **D.** तीव्र औद्योगिक विकास

Q20 General Science

मानव मादा जनन तंत्र (human female reproductive system) में भ्रूण के विकास के दौरान प्लैसेन्टा की क्या भूमिका होती है?

- **A.** यह माता और भ्रूण के बीच पोषक तत्वों और अपशिष्ट विनिमय की सुविधा प्रदान करता है। ✓
- **B.** यह दोनों अंडवाहिनियों को गर्भाशय में जोड़ता है।
- **C.** यह वह स्थान है जहाँ अंडे और शुक्राणुओं का निषेचन होता है।
- **D.** यह निषेचन के लिए आवश्यक अंडों का निर्माण करता है।

Q21 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी परिघटना वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण **नहीं** होती है?

- **A.** सूर्योदय / सूर्यास्त के समय सूर्य का रक्ताभ रंग ✓
- **B.** सूर्य का आकाश में अपनी वास्तविक ज्यामितीय स्थिति से अधिक ऊँचा दिखाई देना
- **C.** तारों का टिमटिमाना
- **D.** अग्रिम सूर्योदय और विलंबित सूर्यास्त

Q22 General Science

पादपों में जल और खनिजों के ऊर्ध्वाधर परिवहन के लिए जाइलम की कौन-सी कोशिकाएं मुख्यत: जिम्मेदार होती हैं?

- **A.** चालनी नलिकाएं (Sieve tubes)
- **B.** सहचर कोशिकाएं (Companion cells)
- **C.** वाहिनिकाएं और वाहिकाएं (Tracheids and vessels) ✓
- **D.** जाइलम फाइबर (Xylem fibres)

Q23 General Science

शाकनाशी (Herbicides), _____ फसलों की रक्षा करते हैं।

- **A.** खरपतवारों को मारकर ✓
- **B.** बैक्टीरिया को मारकर
- **C.** कीटों को मारकर
- **D.** कवकों को मारकर

Q24 General Science

स्पाइरोगाइरा में सफल खंडन जनन के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्त क्या है?

- **A.** प्रत्येक खंड में जनन अंगों की उपस्थिति
- **B.** पूर्णतः विकसित वाहिका तंत्र की उपलब्धता
- **C.** प्रत्येक खंड में मूलभूत जीवन कार्यों को करने की क्षमता होना ✓
- **D.** खंडों की बीज बनाने की क्षमता

Q25 General Science

एक वस्तु को ऊर्ध्वाधर रूप से ऊपर की ओर फेंका जाता है और वह 20 m की ऊंचाई तक जाती है। वस्तु को किस वेग से फेंका गया था? (g = 10 m/s^2 लीजिए)।

- **A.** 30 m/s
- **B.** 20 m/s ✓
- **C.** 10 m/s
- **D.** 40 m/s

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

राइजोपस में कौन-सी संरचना, बीजाणु निर्माण के माध्यम से प्रजनन की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होती है?

A. कवकजाल (Mycelium)
B. हाइपी (Hyphae)
C. मूलाभास (Rhizoids)
D. बीजाणुधानी (Sporangia) ✓

Q2 General Science

एक सीलबंद सिरिंज जिसमें वायु भरी हुई है, के एक सिरे पर दाब आरोपित किया जाता है जबकि दूसरे सिरे को बंद रखा जाता है। सिरिंज के अंदर वायु की स्थिति के संदर्भ में इस क्रिया का सबसे संभावित परिणाम क्या होगा?

A. वायु का आयतन बढ़ जाता है और दाब कम हो जाता है।
B. वायु का आयतन कम हो जाता है और उसका दाब बढ़ जाता है। ✓
C. उल्लेखनीय रूप से अंदर की वायु के तापमान का पतन हो जाता है।
D. सिरिंज से वायु पूरी तरह से निकल जाती है।

Q3 General Science

एक वैज्ञानिक ने एक बहुकोशिकीय जीव में प्रजनन प्रक्रिया का अवलोकन किया। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि पौधे द्वारा उपयोग **नहीं** की जाएगी?

A. खंडन (Fragmentation)
B. कायिक प्रवर्धन (Vegetative Propagation)
C. मुकुलन (Budding)
D. द्वि-खंडन (Binary Fission) ✓

Q4 General Science

कौन-सा गुणधर्म कार्बन को दीर्घ शृंखलाएं बनाने में सक्षम बनाता है?

A. बहुलकीकरण (Polymerisation)
B. श्रृंखलन (Catenation) ✓
C. चतुः संयोजकता (Tetravalency)
D. समावयवता (Isomerism)

Q5 General Science

परमाण्विक प्रतीकों के नियमों के अनुसार, निम्नलिखित में से किस प्रतीक को तत्व फॉस्फोरस के लिए प्रयुक्त किया जाता है?

A. Ps
B. Ph
C. Pr
D. P ✓

Q6 General Science

पादपों में, पत्तियों में बना भोजन _____ नामक जटिल ऊतक द्वारा अन्य भागों में पहुँचाया जाता है।

A. ज़ाइलम (Xylem)
B. फ्लोएम (Phloem) ✓
C. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
D. कॉलेन्काइमा (Collenchyma)

Q7 General Science

एक विद्यार्थी, अवतल लेंस द्वारा पर्दे पर निर्मित किए गए एक छोटे वास्तविक प्रतिबिंब को दर्शाता है। इसमें क्या गलती है?

A. अवतल लेंस वास्तविक प्रतिबिंब नहीं बना सकता है। ✓
B. अवतल लेंस प्रकाश को अपवर्तित नहीं करता है।
C. अवतल लेंस सदैव प्रकाश को अभिसरित करता है।
D. अवतल लेंस आवर्धित प्रतिबिंब नहीं बना सकता है।

Q8 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, घ्राण सूचक **नहीं** है?

A. लिटमस (Litmus) ✓
B. प्याज (Onion)
C. वैनिला (Vanilla)
D. लवंग तेल (Clove oil)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

पादपों में भोजन का परिवहन करने वाले जटिल ऊतक को _____ कहा जाता है, और इसमें चालनी नलिकाएँ (sieve tubes) और _____ जैसी जीवित कोशिकाएँ होती हैं।

A. स्थूलकोण ऊतक, दृढ़ोतक

B. फ्लोएम, सहचर कोशिकाएँ ✓

C. ज़ाइलेम, ज़ाइलेम तंतु

D. ज़ाइलम, वाहिनिकाएँ

Q10 General Science

भार और द्रव्यमान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. चंद्रमा पर केवल भार में परिवर्तन होता है। ✓

B. चंद्रमा पर न तो द्रव्यमान और न ही भार में परिवर्तन होता है।

C. चंद्रमा पर केवल द्रव्यमान में परिवर्तन होता है।

D. चंद्रमा पर द्रव्यमान और भार दोनों में परिवर्तन होता है।

Q11 General Science

SI पद्धति में औसत चाल का सही मात्रक निम्नलिखित में से क्या है?

A. km/h^2

B. s/m^2

C. m/s^2

D. m/s ✓

Q12 General Science

तंत्रिका आवेग संचरण के दौरान, न्यूरोट्रांसमीटर एक तंत्रिकोशिका से निकलते हैं और दूसरी तंत्रिकोशिका द्वारा ग्रहण किए जाते हैं। तंत्रिकोशिका का कौन-सा भाग मुख्यतः इस रासायनिक संचार में शामिल होता है?

A. तंत्रिकाक्ष → तंत्रिका की माइलिन आच्छद

B. द्रुमाकृति → समान तंत्रिकोशिका का तंत्रिकाक्ष टर्मिनल

C. कोशिका काय→ समान तंत्रिकोशिका का तंत्रिकाक्ष

D. तंत्रिकाक्ष टर्मिनल → अन्य तंत्रिकोशिका की द्रुमाकृति ✓

Q13 General Science

जब बिंब को अवतल दर्पण से 40 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो बिंब का वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब, दर्पण से 30 cm की दूरी पर बनता है। दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन कितना होगा?

A. - 4/3

B. - 3/4 ✓

C. + 3/4

D. + 4/3

Q14 General Science

निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

अभिकथन (A): तैलीय खाद्य पदार्थों को वायुरोधी बर्तनों में रखने से उनका खराब होना रुक जाता है।
कारण (R): वायुरोधी बर्तन वसा और तेलों के ऑक्सीकरण को धीमा कर देते हैं।

A. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

C. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है। ✓

D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

Q15 General Science

कौन-सा संयोजी ऊतक, आंतरिक अंगों को सपोर्ट प्रदान करता है?

A. कंडरा

B. शल्की उपकला

C. एरियोली ऊतक ✓

D. स्नायु

Q16 General Science

अम्ल और क्षार के बीच अभिक्रिया का सामान्य नाम क्या है?

A. अपघटन

B. ऑक्सीकरण

C. उदासीनीकरण ✓

D. दहन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

ठोस से गैस अवस्था में परिवर्तन पर कणों के बीच का स्थान किस प्रकार बदलता है?

A. ठोस से गैस अवस्था में परिवर्तन होने पर स्थान कम होता जाता है

B. ठोस से गैस अवस्था में परिवर्तन होने पर स्थान बढ़ता जाता है ✓

C. ठोस और गैस के कणों के बीच सदैव बराबर स्थान होता है

D. पदार्थ की अवस्था परिवर्तन के दौरान स्थान अपरिवर्तित रहता है

Q18 General Science

4 kg द्रव्यमान की किसी वस्तु पर 2 s की अवधि के लिए एक नियत बल कार्य करता है, जिससे उसका वेग 2 m/s से बढ़कर 8 m/s हो जाता है। यदि यही बल 4 s की अवधि के लिए प्रयुक्त किया जाए, तो वस्तु का अंतिम वेग कितना होगा?

A. 14 m/s ✓

B. 10 m/s

C. 20 m/s

D. 12 m/s

Q19 General Science

एक ध्वनि तरंग की चाल 320 m/s है। यदि तरंग की तरंगदैर्ध्य 0.4 m है, तो इस तरंग की आवृत्ति कितनी है?

A. 800 Hz ✓

B. 1280 Hz

C. 128 Hz

D. 80 Hz

Q20 General Science

पौधों में रोग-जनक रोगाणु _____ के माध्यम से संचारित हो सकते हैं।

A. न तो मृदा और न ही वायु

B. वायु

C. मृदा

D. मृदा और वायु दोनों ✓

Q21 General Science

अभिक्रियता श्रेणी के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सी धातु अल्पतम अभिक्रियाशील है?

A. Fe (लोहा)

B. K (पोटैशियम)

C. Ca (कैल्सियम)

D. Au (सोना) ✓

Q22 General Science

विजेच्या बल्बचा फिलामेंट टंगस्टनपासून बनलेला असतो, कारण तो _____ असतो.

A. उच्च रोध आणि उच्च द्रवणांक ✓

B. कमी रोध आणि कमी द्रवणांक

C. कमी रोध आणि उच्च द्रवणांक

D. उच्च रोध आणि कमी द्रवणांक

Q23 General Science

टोस्टर में, तापन तार (heating wire) लाल दीप्त होता है क्योंकि _____।

A. इसका प्रतिरोध शून्य होता है

B. यह धारा का प्रतिरोध करता है और गर्म हो जाता है ✓

C. इसमें धारा अति उच्च होती है

D. इसका गलनांक निम्न होता है

Q24 General Science

एक लड़का बल लगाकर किसी वस्तु को अपने सिर के ऊपर उठाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य ऋणात्मक है?

A. लड़के द्वारा किया गया कार्य

B. लगाए गए बल द्वारा किया गया कार्य

C. वस्तु द्वारा किया गया कार्य

D. गुरुत्वीय बल द्वारा किया गया कार्य ✓

Q25 General Science

जन्म के समय, बालिका के अंडाशय में _____ होते हैं।

A. कोई अंडे नहीं

B. परिपक्व और अपरिपक्व दोनों अंडे

C. केवल परिपक्व अंडे

D. केवल अपरिपक्व अंडे ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

किस प्रकार की रक्त वाहिका की भित्तियां मोटी और लचीली होती हैं ताकि वह उच्च दाब को सहन कर सके?

A. केशिका
B. शिरिका
C. शिरा
D. धमनी ✓

Q2 General Science

पादपों में भोजन-संवाहक जटिल ऊतक का कौन-सा भाग, नलिकाकार होता है तथा इसकी भित्तियां सछिद्र होती हैं?

A. चालनी पट्टिका (Sieve plate)
B. सहचर कोशिका (Companion cell)
C. फ्लोएम मृदूतक (Phloem parenchyma)
D. चालनी नलिका (Sieve tube) ✓

Q3 General Science

लैंगिक जनन करने वाले प्राणियों में दो अलग-अलग व्यष्टियों (individuals) के DNA के संयोजन का क्या लाभ है?

A. यह जनन प्रक्रिया को तीव्र करता है।
B. यह समष्टि के भीतर आनुवंशिक विभेद को बढ़ाता है। ✓
C. यह DNA प्रतिलीपीयन में त्रुटियों को समाप्त करता है।
D. यह विशेषीकृत जननांगों की आवश्यकता को कम करता है।

Q4 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा एक सूक्ष्मपोषक तत्व है?

A. मैग्नीशियम (Magnesium)
B. नाइट्रोजन (Nitrogen)
C. मैंगनीज (Manganese) ✓
D. फॉस्फोरस (Phosphorous)

Q5 General Science

निम्नलिखित में से किस किरण का उपयोग गोलीय दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब का स्थान निर्धारित करने के लिए **नहीं** किया जाता है?

A. वक्रता केंद्र से होकर गुजरने वाली एक किरण जो उसी पथ के अनुदिश वापस परावर्तित होती है।
B. मुख्य अक्ष के समांतर एक किरण जो फोकस से होकर परावर्तित होती है।
C. मुख्य अक्ष के लंबवत एक किरण जो फोकस से होकर परावर्तित होती है। ✓
D. फोकस से होकर गुजरने वाली एक किरण जो मुख्य अक्ष के समांतर परावर्तित होती है।

Q6 General Science

कौन-सा गुण समांगी मिश्रण को विषमांगी मिश्रण से विभेदित करता है?

A. उच्च घनत्व
B. रासायनिक अभिक्रिया
C. स्थिर क्वथनांक
D. एकसमान संघटन ✓

Q7 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा बहुकोशिकीय जीव, अलैंगिक जनन की एक सामान्य विधि के रूप में खंडन को दर्शाता है?

A. चमेली (Jasmine)
B. ब्रायोफिलम (Bryophyllum)
C. संतरा (Orange)
D. स्पाइरोगाइरा (Spirogyra) ✓

Q8 General Science

जब चलती कार में ब्रेक लगाए जाते हैं, तो कार धीमी हो जाती है, लेकिन भीतर बैठे यात्री आगे बढ़ने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि _____।

A. कार के भीतर की वायु यात्रियों को आगे की ओर धकेलती है
B. यात्रियों को गुरुत्वाकर्षण द्वारा आगे की ओर खींचा जाता है
C. ब्रेक यात्रियों पर आगे की ओर बल प्रयुक्त करते हैं
D. यात्रियों में जड़त्व होता है और वे अपनी गतिमान अवस्था में बने रहते हैं ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

एक प्रबल अम्ल और एक प्रबल क्षार के बीच उदासीनीकरण अभिक्रिया के दौरान निम्नलिखित में से सदैव कौन-से पदार्थ बनते हैं?

- A. लवण और जल ✓
- B. केवल जल
- C. लवण और हाइड्रोजन गैस
- D. लवण, जल और कार्बन डाइऑक्साइड

Q10 General Science

सार्वत्रिक गुरुत्वीय स्थिरांक G का SI मात्रक क्या है?

- A. N/m2
- B. N-Kg2/m2
- C. kg/m3
- D. N·m2/kg2 ✓

Q11 General Science

सोडियम क्लोराइड क्रिस्टल में सोडियम और क्लोराइड आयन 1 : 1 के अनुपात में हैं। सोडियम क्लोराइड के सूत्र इकाई द्रव्यमान (formula unit mass) की गणना करने के लिए, आप किस प्रक्रिया का उपयोग करेंगे?

- A. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान को क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान से विभाजित करके
- B. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान में से क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान को घटाकर
- C. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान और क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान को गुणा करके
- D. सोडियम के परमाण्विक द्रव्यमान और क्लोरीन के परमाण्विक द्रव्यमान को जोड़कर ✓

Q12 General Science

एकसमान वेग से गतिमान पिंड का त्वरण _____।

- A. घट रहा है
- B. शून्य है ✓
- C. नियत है
- D. बढ़ रहा है

Q13 General Science

उच्च ऊर्जा आवश्यकताओं और नियत शरीर तापमान वाले जंतुओं, जैसे कि पक्षियों और स्तनधारियों, में _____ कोष्ठीय हृदय होता है।

- A. दो
- B. एक
- C. चार ✓
- D. तीन

Q14 General Science

प्रोटॉन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- A. एक प्रोटॉन धनात्मक रूप से आवेशित होता है और इसके द्रव्यमान को एक इकाई के रूप में माना जाता है। ✓
- B. एक प्रोटॉन आवेश में उदासीन होता है और इसका द्रव्यमान एक इलेक्ट्रॉन के बराबर होता है।
- C. एक प्रोटॉन ऋणात्मक रूप से आवेशित होता है और इसका द्रव्यमान बहुत कम होता है।
- D. एक प्रोटॉन धनात्मक रूप से आवेशित होता है और इसका द्रव्यमान हाइड्रोजन परमाणु के द्रव्यमान का 1/2000 होता है।

Q15 General Science

लंबाई 'L', अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल 'A' और प्रतिरोधकता 'ρ' वाले एक तार का प्रतिरोध 'R' है। यदि इस तार का अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल तीन गुना कर दिया जाए, तो इसका नया प्रतिरोध (अन्य सभी प्राचलों को समान रखते हुए) कितना होगा?

- A. R/3 ✓
- B. 3R
- C. R
- D. R/9

Q16 General Science

मेगाफोन, हॉर्न और स्टेथोस्कोप वे उपकरण हैं, जिनका उपयोग _____ के लिए किया जाता है।

- A. तारत्व बदलने
- B. ध्वनि के आयाम को नियंत्रित करने
- C. ध्वनि का उत्पादन, संचरण और प्रवर्धन करने ✓
- D. ध्वनि को अवरुद्ध करने

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

परिक्षेपित बीज के सफलतापूर्वक अंकुरण और नवोद्भिद् के रूप में विकसित होने के लिए कौन-सी स्थिति आवश्यक है?

A. केवल बीज को परिबद्ध करने वाले फल का पूर्ण क्षय

B. उपयुक्त पर्यावरणीय स्थितियों की उपस्थिति ✓

C. केवल सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आना

D. जनक पुष्प से भौतिक पृथक्करण

Q18 General Science

नियत प्रतिरोध वाले एक प्रतिरोधक के लिए, उत्पन्न ऊष्मा का परिमाण निम्नलिखित में से किसके अनुक्रमानुपाती होता है?

A. प्रतिरोधक की लंबाई

B. प्रतिरोधक के माध्यम से प्रवाहित धारा के वर्ग ✓

C. पदार्थ के घनत्व

D. प्रतिरोधक के माध्यम से प्रवाहित धारा

Q19 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अणु, ओजोन के निर्माण के लिए उच्च ऊर्जा पराबैंगनी द्वारा विभक्त होता है?

A. सोडियम

B. लोहा

C. ऑक्सीजन ✓

D. जिंक

Q20 General Science

प्रश्नों को हल करने के लिए दर्पण सूत्र में दूरियों (u, v, f) के संख्यात्मक मानों को प्रतिस्थापित करते समय, किस आवश्यक शर्त (prerequisite) का कठोरता से पालन किया जाना चाहिए?

A. फोकस दूरी (f) को सदैव धनात्मक लिया जाना चाहिए।

B. नई कार्तीय चिह्न परिपाटी का उपयोग किया जाना चाहिए। ✓

C. सभी माप वक्रता केंद्र से लिए जाने चाहिए।

D. सभी मानों को मीटर में परिवर्तित किया जाना चाहिए।

Q21 General Science

किसी धातु को निष्कर्षित करने के बाद उसे परिष्कृत करने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. निष्कर्षित धातु से अशुद्धियाँ दूर करना ✓

B. धातु के गलनांक को बढ़ाना

C. धातु की अभिक्रियाशीलता को कम करना

D. धातु को मिश्र धातु में परिवर्तित करना

Q22 General Science

जलीय विलयन में क्षार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. ये धातुओं के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करते हैं।

B. ये जल में OH^- आयन उत्पन्न करते हैं। ✓

C. ये नीले लिटमस को लाल कर देते हैं।

D. इनका स्वाद खट्टा होता है।

Q23 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा भार का SI मात्रक है?

A. न्यूटन ✓

B. किलोग्राम

C. जूल

D. पास्कल

Q24 General Science

कोई कुली 25 kg द्रव्यमान के सामान को भूमि से 2.0 m की ऊंचाई तक उठाता है। सामान पर उसके द्वारा किया गया कार्य कितना है? $(g = 10\ m/s^2$ लीजिए)

A. 100 J

B. 50 J

C. 250 J

D. 500 J ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

नीचे दी गई अभिक्रिया में उत्पाद की पहचान कीजिए।

$$CH_3 - CH_2OH \xrightarrow[\text{or acidified } K_2Cr_2O_7 + \text{Heat}]{\text{Alkaline } KMnO_4 + \text{Heat}} \text{Product}$$

संदर्भ:

Alkaline: क्षारीय

or acidified: या अम्लीकृत

Heat: ऊष्मा

Product: उत्पाद

A. प्रोपेनोन (Propanone)

B. एथैनल (Ethanal)

C. एथेनॉइक अम्ल (Ethanoic acid) ✓

D. प्रोपेनैल (Propanal)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

एक बच्चा माता से एक X गुणसूत्र और पिता से एक Y गुणसूत्र लेकर जन्म लेता है। कौन-सा कथन इस गुणसूत्र संयोजन के परिणाम का सटीक वर्णन करता है?

A. दो Y गुणसूत्रों के बिना बच्चे में पुरुष लक्षण विकसित नहीं होंगे।

B. Y गुणसूत्र की उपस्थिति के कारण बच्चा लड़का होगा। ✓

C. बच्चा लड़की होगा क्योंकि X गुणसूत्र हमेशा Y गुणसूत्र पर प्रभावी होता है।

D. बच्चे का लिंग माता द्वारा निर्धारित होता है, क्योंकि वह X गुणसूत्र प्रदान करती है।

Q2 General Science

कोशिका के कोशिकाद्रव्य के संबंध में उस कथन का चयन करें, जो **गलत** है।

A. कोशिकाद्रव्य में अनेक कोशिका अंगक होते हैं।

B. कोशिकाद्रव्य, प्लाज़्मा झिल्ली के अंदर तरल पदार्थ से भरा क्षेत्र होता है।

C. कोशिकाद्रव्य सुकेंद्रकी और प्राक्केंद्रकी दोनों कोशिकाओं में मौजूद होता है।

D. पादप कोशिका में कोशिकाद्रव्य कोशिका भित्ति और प्लाज़्मा झिल्ली के बीच पाया जाता है। ✓

Q3 General Science

बोर के परमाणु मॉडल के अनुसार, किस कक्षा में इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर परिक्रमण कर सकते हैं?

A. कोई भी स्वैच्छिक वृत्तीय पथ

B. परिवर्ती ऊर्जा की दीर्घवृत्तीय कक्षाओं

C. कुछ निश्चित वृत्तीय पथ जिन्हें विविक्त कक्षा कहा जाता है ✓

D. सतत ऊर्जा ह्रास करने वाले सर्पिल पथ

Q4 General Science

पुष्प में होने वाला कौन-सा परिवर्तन निषेचन के होने का संकेत देता है?

A. नए पुंकेसरों का निर्माण

B. बीजांड का परिपक्व होकर बीज में बदलना और अंडाशय का फल में बदलना ✓

C. पंखुड़ियों का बड़ा और चमकदार हो जाना

D. परागनलिका का विकास

Q5 General Science

अभिकथन-कारण कथन के संबंध में कृपया सही विकल्प का चयन कीजिए।
अभिकथन: कॉन्फ्रेंस हॉल की छतें वक्रित बनाई जाती हैं।
कारण: वक्रित छतें हॉल में ध्वनि को समान रूप से प्रसारित करने में सहायता करती हैं।

A. अभिकथन और कारण दोनों असत्य हैं।

B. अभिकथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।

C. अभिकथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है। ✓

D. अभिकथन असत्य है और कारण सत्य है।

Q6 General Science

मानव पाचन तंत्र में क्रमाकुंचक गतियों (peristaltic movements) की क्या भूमिका है?

A. पाचक एंजाइमों का उत्पादन करना

B. भोजन को पाचन पथ में आगे की ओर धकेलना ✓

C. रक्त में पोषक तत्वों को अवशोषित करना

D. अमाशय में प्रोटीन का पाचन करना

Q7 General Science

'I' धारा वहन करने वाली एक परिनालिका के कारण उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र 'B' है। यदि परिनालिका से प्रवाहित होने वाली धारा को आधा कर दिया जाए, तो इस परिनालिका के कारण उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र (अन्य सभी प्राचलों को समान रखते हुए) कितना होगा?

A. B/4

B. B

C. B/2 ✓

D. 2B

Q8 General Science

'चेक डैम (check dams)' का क्या अर्थ है?

A. खेती के लिए अर्द्धचंद्राकार पहाड़ियाँ

B. नदियों के पास छोटी-छोटी झोपड़ियां

C. केवल औद्योगिक जल आपूर्ति के लिए निर्मित बांध

D. बाढ़ग्रस्त अवनालिकाओं में मृदा या कंक्रीट की संरचनाएँ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 General Science

लेंस के निम्नलिखित में से किस भाग से गुजरने वाली किरण अविचलित निकलती है?

A. वक्रता केंद्र

B. प्रकाशिक केंद्र ✓

C. फोकस और केंद्र के बीच

D. मुख्य फोकस

Q10 General Science

जब हाइड्रोकार्बन को जलाया जाता है तो नीली, अप्रकाशित लौ क्या दर्शाती है?

A. उच्च तापमान के साथ पूर्ण दहन ✓

B. ऑक्सीजन की कमी

C. अपूर्ण दहन और कालिख निर्माण

D. बिना जले कार्बन की उपस्थिति

Q11 General Science

कार्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

A. कार्य सभी बलों के लिए पथ-स्वतंत्र राशि है। ✓

B. कार्य धनात्मक, ऋणात्मक या शून्य हो सकता है।

C. कार्य पारगमन में ऊर्जा है।

D. कार्य का मात्रक (units) ऊर्जा के मात्रक के समान होता है।

Q12 General Science

दो ग्रहों की त्रिज्या समान है। ग्रह A का द्रव्यमान, ग्रह B के द्रव्यमान का दोगुना है। ग्रह A पर गुरुत्वीय त्वरण और ग्रह B पर गुरुत्वीय त्वरण का अनुपात क्या है?

A. 2 : 1 ✓

B. 1 : 2

C. 1 : 1

D. 4 : 1

Q13 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, द्रव्यमान और जड़त्व के बीच संबंध का सही तरीके से वर्णन करता है?

A. द्रव्यमान, जड़त्व से स्वतंत्र होता है।

B. द्रव्यमान, जड़त्व के वर्ग के अनुक्रमानुपाती होता है।

C. द्रव्यमान, जड़त्व के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

D. द्रव्यमान, जड़त्व के अनुक्रमानुपाती होता है। ✓

Q14 General Science

'पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A) पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन एक भौतिक परिवर्तन है।
B) पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन एक अनुत्क्रमणीय परिवर्तन है।

A. न तो A और न ही B

B. A और B दोनों

C. केवल A ✓

D. केवल B

Q15 General Science

किसी आरेख में चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं को एक-दूसरे के निकट खींचे जाने का क्या तात्पर्य है?

A. चुंबकीय क्षेत्र की दिशा बदल गई है।

B. यहाँ कोई चुंबकीय क्षेत्र मौजूद नहीं है।

C. उस क्षेत्र में चुंबकीय क्षेत्र दुर्बल है।

D. उस क्षेत्र में चुंबकीय क्षेत्र प्रबल है। ✓

Q16 General Science

असंतृप्त हाइड्रोकार्बन सामान्यत: कैसी ज्वाला उत्पन्न करते हैं?

A. कोई ज्वाला नहीं

B. काले धूम के साथ पीली ज्वाला ✓

C. स्वच्छ नीली ज्वाला

D. चमक के साथ श्वेत ज्वाला

Q17 General Science

नीचे दिए गए दो कथनों को देखिए और सही विकल्प चुनिए।

कथन A: ब्लीचिंग पाउडर सूखे बुझे चूने पर क्लोरीन की क्रिया द्वारा निर्मित होता है।
कथन B: इसका रासायनिक सूत्र $CaOCl_2$ है।

A. कथन A गलत है लेकिन B सही है।

B. कथन A और B दोनों गलत हैं।

C. कथन A सही है लेकिन B गलत है।

D. कथन A और B दोनों सही हैं। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 General Science

कार्बन के किस गुणधर्म के कारण वह स्वयं और अन्य तत्वों के साथ आबंध बनाकर बड़ी संख्या में यौगिक बनाता है?

A. समावयवता
B. चतुःसंयोजकता
C. दहन
D. शृंखलन ✓

Q19 General Science

एक कार का वेग-समय ग्राफ, 40 km/h पर x-अक्ष के समांतर एक सरल रेखा है। t = 0 से t = 3 घंटे तक ग्राफ और समय अक्ष के बीच परिबद्ध क्षेत्रफल क्या निरूपित करेगा?

A. 3 घंटे में कार का विस्थापन ✓
B. कार का त्वरण
C. कार की औसत चाल
D. कार का अंतिम वेग

Q20 General Science

कौन-सा प्रक्रम सर्वोत्तम रूप से इसकी व्याख्या करता है कि गर्म दिन के दौरान ठंडे गिलास के बाह्य पृष्ठ पर पानी की बूंदें कैसे बनती हैं?

A. संघनन ✓
B. वाष्पन
C. ऊर्ध्वपातन
D. हिमीकरण

Q21 General Science

अभिक्रियाशीलता श्रेणी (reactivity series) में कौन-सी धातु शीर्ष पर है?

A. सोडियम ✓
B. चांदी
C. तांबा
D. सोना

Q22 General Science

पौधों में लैंगिक प्रजनन का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ है?

A. यह निषेचन को होने से रोकता है।
B. यह आनुवंशिक विविधता वाले बीज पैदा करने में मदद करता है। ✓
C. इसके लिए हमेशा अलग-अलग प्रजातियों के दो पौधों की आवश्यकता होती है।
D. यह केवल जड़ प्रणाली में ही होता है।

Q23 General Science

1974 में गढ़वाल हिमालय में हुआ चिपको आंदोलन _____ का एक उदाहरण है।

A. सरकार के नेतृत्व में पुनर्वनीकरण
B. समुदाय के नेतृत्व में वृक्षों के संरक्षण ✓
C. खनन आधारित वन दोहन
D. शहरी बुनियादी ढांचे के विकास

Q24 General Science

अवतल दर्पण का मुख्य फोकस वह बिंदु है जहाँ _____।

A. वक्रता केंद्र से गुजरने वाली किरणें अभिसरित होती हैं
B. मुख्य अक्ष के समानांतर किरणें परावर्तन के बाद अपसारित होती प्रतीत होती हैं
C. दर्पण पृष्ठ, मुख्य अक्ष को प्रतिच्छेद करता है
D. मुख्य अक्ष के समानांतर किरणें परावर्तन के बाद अभिसरित होती हैं ✓

Q25 General Science

जब कोई व्यक्ति किसी गर्म वस्तु को छूता है, तो पेशियों की अनुक्रिया में देरी होती है। तंत्रिका ऊतक का कौन-सा भाग सीधे तौर पर तंत्रिका आवेग को पेशियों तक पहुँचाने और त्वरित गति उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार होता है?

A. केंद्रक (Nucleus)
B. द्रुमाश्म (Dendrite)
C. संयोजी ऊतक (Connective tissue)
D. तंत्रिकाक्ष (Axon) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

General Science

25 Questions • Answer Key

Q1 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिका संरचना, अमीबा को उसकी खाद्य सामग्री प्राप्त करने में सहायता करता है?

- A. प्लाज्मा झिल्ली ✓
- B. कशाभिका
- C. पक्ष्माभिका
- D. केंद्रकीय झिल्ली

Q2 General Science

जब लोहे के बुरादे को सल्फर पाउडर के साथ मिलाया जाता है और मिश्रण को गर्म किया जाता है, तो आयरन सल्फाइड नामक एक काला पदार्थ बनता है। परिवर्तनों का सबसे सटीक वर्णन इनमें से किस कथन में मिलता है?

- A. रासायनिक परिवर्तन के परिणामस्वरूप एक नया पदार्थ बनता है। ✓
- B. एक उत्क्रमणीय भौतिक परिवर्तन होता है।
- C. लोहा सल्फर में घुल जाता है और एक विलयन बनाता है।
- D. पदार्थों को मिश्रित करने मात्र से ही भौतिक परिवर्तन होता है।

Q3 General Science

यदि प्रकाश की तरंगदैर्ध्य 600 nm है और उसकी चाल 3×10^8 m/s है, तो आवृत्ति लगभग _____ होगी।

- A. 5×10^{14} Hz ✓
- B. 3×10^8 Hz
- C. 2×10^{12} Hz
- D. 6×10^{10} Hz

Q4 General Science

जैविक आवर्धन द्वारा पीड़कनाशियों की अधिकतम सांद्रता किस पोषण स्तर में पाई जाती है?

- A. उत्पादक (Producer)
- B. द्वितीयक उपभोक्ता (Secondary Consumer)
- C. तृतीयक उपभोक्ता (Tertiary Consumer) ✓
- D. प्राथमिक उपभोक्ता (Primary Consumer)

Q5 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन मानव पुरुषों में लैंगिक परिपक्वता का भाग माना जा सकता है?

- A. कूल्हों में वसा का जमाव (Deposition of fat in hips)
- B. वजन में वृद्धि (Increase in weight)
- C. ऊंचाई में वृद्धि (Increase in height)
- D. आवाज का भारीपन (Cracking of voice) ✓

Q6 General Science

यदि किसी चालक के सिरों पर विभवांतर 1 वोल्ट है और उसमें से 1 ऐम्पियर की धारा प्रवाहित होती है, तो उसका प्रतिरोध क्या होगा?

- A. 10 ओम
- B. 0.5 ओम
- C. 2 ओम
- D. 1 ओम ✓

Q7 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण, आर्किमिडीज के सिद्धांत पर कार्य करता है?

- A. तुंगतामापी (Altimeter)
- B. रक्तदाबमापी (Sphygmomanometer)
- C. निर्द्रव वायुदाबमापी (Aneroid barometer)
- D. उत्प्लव-घनत्वमापी (Hydrometer) ✓

Q8 General Science

यदि मुख्य अक्ष के समांतर प्रकाश की कई किरणें एक उत्तल लेंस पर पड़ रही हैं, तो अपवर्तित किरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

- A. वे मुख्य फोकस से आती हुई प्रतीत होती हुई अपसरित होती हैं।
- B. वे अनंत पर मिलती हैं।
- C. वे लेंस के विपरीत पक्ष में एक बिंदु पर अभिसरित होती हैं। ✓
- D. वे बिना किसी विचलन के गुजर जाती हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q9 General Science

यशदलेपन (Galvanisation), लोहे पर _____ की पतली परत चढ़ाकर उसको जंग से सुरक्षित करता है।

A. केवल सिल्वर धातु

B. केवल जिंक धातु ✓

C. केवल कॉपर धातु

D. केवल निकल धातु

Q10 General Science

महिलाओं में निषेचन सामान्यतः प्रजनन तंत्र के किस हिस्से में होता है?

A. गर्भाशय

B. अंडाशय

C. योनि

D. डिंबवाहिनी नली ✓

Q11 General Science

एक वस्तु को 40 cm फोकस दूरी वाले एक उत्तल लेंस के बाईं ओर 80 cm की दूरी पर रखा गया है। लेंस के दाईं ओर स्क्रीन को कहाँ रखा जाना चाहिए. ताकि बनने वाला प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा और समान आकार का हो?

A. स्क्रीन को लेंस से 40 cm की दूरी पर रखा जाना चाहिए।

B. स्क्रीन को लेंस से 20 cm और 40 cm के बीच कहीं भी रखा जाना चाहिए।

C. स्क्रीन को लेंस से 80 cm की दूरी पर रखा जाना चाहिए। ✓

D. स्क्रीन को लेंस से 40 cm और 80 cm के बीच कहीं भी रखा जाना चाहिए।

Q12 General Science

प्रतिस्थापन अभिक्रिया में _____ शामिल होता हैं।

A. एक परमाणु या परमाणुओं के समूह को दूसरे से प्रतिस्थापित किया जाना ✓

B. दोहरे आबंध वाले अणुओं में परमाणुओं का जुड़ना

C. कार्बन परमाणु का हाइड्रोजन परमाणु से प्रतिस्थापन

D. सरल अणुओं के निर्माण के लिए परमाणुओं को हटाना

Q13 General Science

कश्मीर क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन-सी मत्स्य उत्पादन विधियाँ अपनाई जाती हैं?

A. जलकृषि (Aqua Culture) ✓

B. मोती कृषि (Pearl Culture)

C. समुद्री मत्स्यकी (Marine Fisheries)

D. खारा जल मत्स्यकी (Brackish Water Fisheries)

Q14 General Science

निम्नलिखित पौधों को उनके बीज परिक्षेपण की सही तरीकों से सुमेलित कीजिए।

कॉलम A	कॉलम B
1. डंडेलियन्स	a. जल
2. कमल	b. विस्फोट
3. आम	c. पवन
4. कैस्टर	d. जंतु

A. 1 – a, 2 – d, 3 – b, 4 – c

B. 1 – c, 2 – d, 3 – a, 4 – b

C. 1 – c, 2 – a, 3 – d, 4 – b ✓

D. 1 – b, 2 – a, 3 – d, 4 – c

Q15 General Science

किसी यौगिक का आणविक द्रव्यमान 63 u है। यदि इसमें एक हाइड्रोजन परमाणु और तीन ऑक्सीजन परमाणु हैं, तो शेष तत्व का परमाणु द्रव्यमान _____ है।

A. 16 u

B. 12 u

C. 32 u

D. 14 u ✓

Q16 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा हरितलवक और माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria) के बीच समानता को निरूपित करता है?

A. दोनों श्वसन करते हैं।

B. दोनों में अपना स्वयं का DNA और 70S राइबोसोम होता है। ✓

C. दोनों प्रकाश संश्लेषण करते हैं।

D. दोनों में क्लोरोफिल होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 General Science

कॉपर सल्फेट विलयन में लोहे की कील डुबोने पर उसका नीला रंग फीका क्यों पड़ जाता है?

A. कॉपर सल्फेट विघटित हो जाता है

B. कॉपर सल्फेट, आयरन सल्फेट में परिवर्तित हो जाता है ✓

C. तांबा जल में विलीन हो जाता है

D. आयरन सल्फेट रंगहीन होता है

Q18 General Science

एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में रखे धारावाही चालक पर लगने वाले बल का परिमाण किस स्थानिक स्थिति में सर्वाधिक पाया जाता है?

A. जब धारा में तात्कालिक परिवर्तन हो।

B. जब धारा और क्षेत्र समानांतर हों।

C. जब धारा चुम्बक के दक्षिणी ध्रुव की ओर प्रवाहित हो।

D. जब धारा और क्षेत्र एक दूसरे के लंबवत हों। ✓

Q19 General Science

वेग v से गतिमान m द्रव्यमान की किसी वस्तु की गतिज ऊर्जा 25 J है। जब इसका वेग बढ़ाकर तीन गुना (3v) कर दिया जाए तो इसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?

A. 125 J

B. 225 J ✓

C. 75 J

D. 150 J

Q20 General Science

जब कोई व्यक्ति भूमि पर स्थिर खड़ा होता है, तो पृथ्वी द्वारा व्यक्ति पर लगाया गया गुरुत्व बल (क्रिया) और भूमि द्वारा व्यक्ति पर लगाया गया अभिलंब बल (प्रतिक्रिया) बराबर और विपरीत होते हैं। क्या न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार यह क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है?

A. हां, क्योंकि ये एक-दूसरे को संतुलित करते हैं, गति को रोकते हैं।

B. नहीं, क्योंकि दोनों बल समान वस्तु पर कार्य करते हैं। ✓

C. हां, क्योंकि दोनों बल परिमाण में बराबर और विपरीत हैं।

D. नहीं, क्योंकि दोनों बल अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं।

Q21 General Science

अम्ल-क्षारक अभिक्रियाओं में निम्नलिखित में से क्या घ्राण सूचक (olfactory indicator) के रूप में कार्य करता है?

A. हल्दी क्षारकों में नीली हो जाती है

B. मेथिल ऑरेंज क्षारकों में गंध उत्पन्न करता है

C. फ़ीनॉलफ्थेलिन अम्लों में गुलाबी हो जाता है

D. प्याज का अर्क (extract) क्षारकों में गंध बदल देता है ✓

Q22 General Science

विद्युत अपघटन द्वारा धातुओं के शोधन के दौरान प्रयुक्त विद्युत अपघट्य का आवश्यक गुण क्या है?

A. यह किसी उपयुक्त धातु लवण का जलीय या पिघला हुआ घोल होना चाहिए ✓

B. इसे विद्युत रासायनिक प्रक्रिया के दौरान कुशलतापूर्वक ऊष्मा का चालन करना चाहिए

C. पूरी प्रक्रिया के दौरान इसे पूरी तरह से गैर-प्रतिक्रियाशील रहना चाहिए

D. इसमें जल और उदासीन तेल की एक परत दोनों शामिल होनी चाहिए

Q23 General Science

पत्तियों में किस कोशिका अंगक में प्रकाश संश्लेषण के लिए आवश्यक पर्णहरित होता है?

A. केंद्रक

B. हरितलवक ✓

C. रसधानी

D. माइटोकॉन्ड्रिया

Q24 General Science

एकसमान त्वरण के लिए v–t ग्राफ में, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही **नहीं** है?

A. v–t ग्राफ सदैव वक्रित होता है। ✓

B. धनात्मक प्रवणता त्वरण को इंगित करती है।

C. v–t ग्राफ के नीचे का क्षेत्रफल विस्थापन देता है।

D. v–t ग्राफ की प्रवणता नियत होती है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, मुख्य रूप से परमाणु के आमाप को निर्धारित करता है?

A. प्रोटॉनों की संख्या

B. इलेक्ट्रॉनों की संख्या ✓

C. न्यूट्रॉनों की संख्या

D. नाभिक का द्रव्यमान

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in